Mahendra's™

मई 2016
₹ 40



मास्टर इन

# करेन्ट अफेयर्स

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु ...



## बजट 2016-17





## रेल बजट 2016-17

- सुकन्या समृद्धि खाता
- आर्थिक सर्वेक्षण 2015-16
- ऑस्कर पुरस्कार 2016




Mahendra Publication Pvt. Ltd.

# माह की शीर्ष चर्चित खबरें



1. न्यायमूर्ति बलबीर सिंह चौहान 21वें विधि आयोग के अध्यक्ष नियुक्त।



2. भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एच.एल. दत्तू राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष बने।



3. भारत के पूर्व नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक विनोद राय बैंक बोर्ड ब्यूरो के अध्यक्ष नियुक्त।



4. प्रसिद्ध अभिनेता व निर्देशक मनोज कुमार 2015 के 47वें दादा साहब फाल्के पुरस्कार के विजेता बने।



5. पूर्वोत्तर के राजनीतिज्ञ व पूर्व लोकसभा अध्यक्ष पूर्णो अगिटोक संगमा का निधन।



6. कालिखो पुल को अरूणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गयी।



7. क्रिस्टीन लेगार्ड दूसरे कार्यकाल के लिए आईएमएफ की प्रमुख नियुक्त।



8. ललिता बाबर वर्ष की खिलाड़ी नामित।



9. गिआनी इन्फैनटिनो फीफा के नये अध्यक्ष बने।



10. म्यांमार की संसद ने सू की के विश्वास पात्र हेतिन काव को देश का राष्ट्रपति चुना।

Mahendra Publication
Pvt. Ltd.

Mahendra Publication Pvt. Ltd.




भाग - 6
अंक - 5

**सम्पादक**
एन.के. जैन
**सह-सम्पादक**
नीरज गौड़
**सलाहकार**
नीरज छाबड़ा
के.सी. गुप्ता
**पंजीकृत कार्यालय**
महेन्द्रा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,
103, प्रगतिदीप बिल्डिंग, प्लॉट न. 08, लक्ष्मीनगर, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, नई दिल्ली - 110092
TIN- 07136921593
डब्ल्यू.ई.एफ. 10-04-2014
**शाखा कार्यालय**
महेन्द्रा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,
ई-42, 43, 44, सेक्टर-7, नोएडा, (यू.पी.)

प्रसार, वितरण एवं विज्ञापन सम्बन्धी सभी जानकारियों के लिए सम्पर्क करें:-
mahendrapublication.org
Ph.: 0522-3247030

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक
एन.के. जैन
103, प्रगतिदीप बिल्डिंग, प्लॉट न. 08, लक्ष्मीनगर, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, नई दिल्ली - 110092 से प्रकाशित।

**कॉपीराइट**
- प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना इस पत्रिका में प्रकाशित किसी भी सामग्री को उद्धत या उसका अनुवाद नहीं किया जा सकता है।
- किसी भी प्रकार के विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा।

कृपया अपने सुझाव एवं शिकायत हमें निम्न पते पर भेजें:- महेन्द्रा पब्लिकेशन, प्राइवेट लिमिटेड, सी.पी.-9 विजयन्त खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ -226010
mahendrapublication.org

# अनुक्रमाणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| साक्षात्कार | 5 | ऑस्कर अवॉर्ड 2016 | 87 |
| कम्पटीशन बूस्टर | 6-11 | सुकन्या समृद्धि खाता | 88 |
| एक नजर में | 12 | प्रश्न खजाना (भाग-ए) | 90-94 |
| न्यूज मेकर्स | 13-18 | प्रश्न खजाना (भाग-बी) | 95-98 |
| न्यूज डायरी | 20-77 | प्रश्न खजाना (भाग-सी) | 99-113 |
| रेल बजट 2016-17 के मुख्य बिंदु | 79-80 | राष्ट्रीय | 99-103 |
| | | अन्तर्राष्ट्रीय | 104-105 |
| आर्थिक सर्वेक्षण 2015-16 | 81 | अर्थव्यवस्था | 106-111 |
| आम बजट 2016-17 | 82-86 | विविध | 112-113 |


रेल बजट 2016-17




आर्थिक सर्वेक्षण 2015-16



आम बजट 2016-17




ऑस्कर अवार्ड 2016




सुकन्या समृद्धि खाता





# संपादकीय

**"आप वह परिवर्तन बनिये जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।"**

महात्मा गाँधी

वित्त मंत्री अरुण जेटली ने एक ऐसे समय में अपना तीसरा बजट पेश किया जब घरेलू अर्थव्यवस्था प्रतिकूल वैश्विक वातावरण, कृषि क्षेत्र में लगातार दो वर्षों से सूखा और एक लड़खड़ाते हुये विनिर्माण क्षेत्र का सामना कर रही है। ऐसे में एक सार्वभौमिक धारणा यह बन रही थी कि अर्थव्यवस्था एक कमजोर अवस्था में है और एक मामूली झटका भी इसके लिये एक बड़ी गिरावट का कारण बन सकता है। अर्थव्यवस्था में आसन्न संकट में विश्वास करने वाले लोगों ने महसूस किया कि कुल मांग को प्रोत्साहित करने के लिए एक विस्तारवादी बजट डिजाइन करना ही एकमात्र रास्ता है। इस विचारधारा के विपरीत राजकोषीय संरक्षणवादियों का विचार उतना ही सशक्त था कि बजट में राजकोषीय घाटे को अवश्य ही नियंत्रण में रखा जाना चाहिए। वित्त मंत्री को इन्हीं में से पहला या दूसरा विकल्प चुनना था। हालांकि, जेटली ने असंभव को हासिल करने का प्रयास किया है। उन्होंने निश्चित रूप से राजकोषीय विवेक का तरीका अपनाया है।

बुनियादी ढांचे के साथ ही साथ, कृषि और ग्रामीण विकास के लिए आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की गयी है। जहां तक कि बजटीय आवंटनों का संबंध है, तो निश्चित रूप से कृषि और सामान्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र के लिए आवंटन में भारी वृद्धि की गयी है। एक प्रमुख नीतिगत साधन सिंचाई में निवेश में भारी वृद्धि है जिसके द्वारा बहुत जल्द ही कई परियोजनाओं को पूरा करने पर जोर दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री के हाल के वायदों को दोहराते हुए जेटली ने भी पांच साल के भीतर कृषि आय को दोगुना करने के लक्ष्य की घोषणा की है। परंतु यह एक कोरे सपने से ज्यादा कुछ नहीं हो सकता है, लेकिन यदि संपूर्णता में देखा जाय तो, यह बजट बेशक सुलझा हुआ है और अमीरों के बजाय गरीबों का समर्थक है।यह मुद्दा बहस करने योग्य है कि बजट भाषण के दौरान किये गये मात्रात्मक लक्ष्यों के दावों को हासिल करना संभव है अथवा नहीं। आलोचक यह दावा कर सकते हैं कि व्यापार सुधारों पर जोर देने के बजाय काफी हद तक कृषि को प्रोत्साहित करने की पुराने जमाने की रणनीति जैसा बदलाव बिहार और दिल्ली विधानसभा चुनावों में पराजय के कारण किया गया है।लेकिन अच्छी राजनीति का बुरा अर्थशास्त्र होना जरूरी नहीं है। यह बजट इस बात का एक अच्छा उदाहरण है।

आपका शुभेच्छु

महेन्द्रा पब्लिकेशन प्रा. लि.




## व्यक्तिगत विवरण



नाम : कपिल मुनि मिश्रा
पिता का नाम : श्री अरुण कुमार मिश्रा
माता का नाम : श्रीमती इंदु मिश्रा
शिक्षा : एमएससी (गणित)
रूचियाँ : किताबें पढ़ना
अंतिम चयन : आर्यावर्त ग्रामीण बैंक
उत्तीर्ण परीक्षा का अनुक्रमांक : **3430715724**
महेंद्रा संस्थान का अनुक्रमांक : **AMG0240238393**

माइका : सर्वप्रथम आपको ''आर्यावर्त ग्रामीण बैंक'' में क्लर्क पद पर चयनित होने पर हार्दिक बधाई।

कपिल : धन्यवाद।

माइका : आप अपनी सफलता का श्रेय किसे देना चाहेंगे?

कपिल : मैं अपने चयन का श्रेय अपने परिवार और अपने दोस्तों को देना चाहता हूँ जिन्होंने मुझे प्रेरित किया और हर संभव तरीके से मेरी सहायता की।

माइका : आपको, कितने प्रयासों के बाद बैंक परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई?

कपिल : क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में यह मेरा दूसरा प्रयास था।

माइका : क्या आपने परीक्षा की तैयारी के लिए किसी संस्थान की सहायता ली, यदि हां तो आपकी सफलता में संस्थान का क्या योगदान है?

कपिल : हाँ मैंने महेंद्रा संस्थान की मदद ली थी। इसने मुझे अध्ययन के लिए उचित मार्गदर्शन, उपयुक्त वातावरण प्रदान किया और इसके स्पीड टेस्ट और पीएसएस ने मेरी बहुत मदद की।

माइका : आपने लिखित परीक्षा की तैयारी कैसे की?

कपिल : मैंने महेंद्रा की अध्ययन सामग्री, स्पीड टेस्ट, महेंद्रागुरू वेबसाइट, प्रॉब्लम सॉल्विंग सेशन जैसी सुविधाओं के द्वारा तैयारी की।

**संख्यात्मक अभियोग्यता:**
अध्ययन सामग्री, महेंद्रा गुरु प्रश्नोत्तरी, क्लास नोट्स से दैनिक अभ्यास और स्पीड टेस्ट दिये।

**तार्किक अभियोग्यता:**
दैनिक स्पीड टेस्ट दिया, महेंद्रा गुरु का क्विज सॉल्व किया, और लाइव पीएसएस में संदेह दूर किया।

**अंग्रेजी:**
दैनिक समाचार पत्र पढ़े, महेंद्रा गुरु पर क्विज का अभ्यास किया और नियमित आधार पर डिजी पेज और डिजी नोट्स के माध्यम से।

**सामान्य सचेतता:**
मासिक माइका पढा, महेंद्रा ई-समाचार पोर्टल, डिजीपेज पढ़ा और महेंद्रा गुरु वेबसाइट पर डिजी नोट की सहायता ली।

**कम्प्यूटर एवं विपणन:**
स्पीड टेस्ट दिया, क्लास नोट्स को दुहराया, डिजी पेज और डिजी नोट्स पढ़ा और लाइव पीएसएस में शंकाओं का निराकरण किया।

माइका : ज्ञान पर आधारित एक स्रोत के रूप में सामान्य सचेतता के लिए ''मास्टर इन करेन्ट अफेयर्स'' पत्रिका, बैंकर्स गुरू तथा इंटरव्यू गुरू वेबसाइटों के बारे में आपका क्या अनुभव है?

कपिल : ये दोनों ही ज्ञान के विशाल स्रोत हैं, हम एक ही स्थान पर परीक्षा से संबंधित हर प्रासंगिक पहलू के बारे में सीख सकते हैं।

माइका : आपके अनुसार, आपके कोचिंग संस्थान की सबसे अच्छी बात क्या है?

कपिल : मेरे संस्थान के बारे में सबसे अच्छी बात इसका स्पीड टेस्ट, लाइव प्रॉब्लम सॉल्विंग सेशन की सुविधा और इसकी अध्ययन सामग्री है।

माइका : किसी की सफलता में ''समय प्रबंधन'' का क्या योगदान है?

कपिल : ''समय प्रबंधन'' सफलता के लिये प्रमुख एवं अनिवार्य स्तंभ है। बिना समुचित समय प्रबंधन के लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करना अत्यंत मुश्किल कार्य है।

माइका : आपने साक्षात्कार के लिए तैयारी किस प्रकार की?

कपिल : मैंने नियमित आधार पर महेंद्रा की पीडीएच की कक्षाएं लीं, अपनी प्रस्तुति, आत्मविश्वास और अपना ज्ञान बढ़ाने के लिये मैने नियमित रूप से छद्म साक्षात्कार दिये।

माइका : साक्षात्कार बोर्ड के बारे में आपकी धारणा क्या है और आपसे साक्षात्कार में किस तरह के प्रश्न पूछे गए?

कपिल : साक्षात्कार बोर्ड पैनल बहुत सौहार्द्रपूर्ण और उत्साहजनक था।

पूछे गये प्रश्न :-

(I) अपने बारे में कुछ बताइए।
(II) आपकी शिक्षा गणित से एमएससी है फिर आपने बैंक क्यों चुना?
(III) अपने परिवार के बारे में कुछ बताइए?
(IV) आप बैंक में क्यों आना चाहते हैं?
(V) कुछ करेंट अफेयर्स के प्रश्न जैसे आईएसआईएस क्या है?

माइका : आपको अपने चयन की जानकारी कैसे प्राप्त हुई और आपकी प्रतिक्रिया क्या थी?

कपिल : मैंने महेंद्रागुरु वेबसाइट पर परिणाम का लिंक देखा और अपना परिणाम देखने के लिए इस पर क्लिक किया। मैं अपना परिणाम देख कर अभिभूत हो गया।

माइका : आप अन्य अभ्यर्थियों के लिए क्या संदेश देना चाहते हैं?

कपिल : स्वयं पर विश्वास रखें, अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें और आपना कार्य पूरी ईमानदारी से करें।

माइका : एक बार फिर से आपको सफलता के लिए बधाई व आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएँ।

कपिल : धन्यवाद!

कालिखो पुल को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई है।

# कम्पटीशन बूस्टर

| | |
|---|---|
| ✎ ऑस्ट्रेलिया ने भारत में अपने अगले उच्चायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया है? | हरिंदर सिद्धू |
| ✎ रेलवे के उपनगरीय खंड में से किस रेलवे जोन के लिये केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने कागज रहित अनारक्षित टिकट प्रणाली का शुभारंभ किया है? | दक्षिण मध्य रेलवे |
| ✎ प्रख्यात --------- अरबिंदो मुखर्जी का निधन हो गया। | फिल्म निर्देशक |
| ✎ पेरिस स्थित 'अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य आयोग चैम्बर' के उपाध्यक्ष के रूप में किसे नामित किया गया है? | देवेंद्र सिंह |
| ✎ हावड़ा में पंचला में ----- की एक एकीकृत उपभोक्ता वस्तु विनिर्माण इकाई की आधारशिला रखी गयी है। | आईटीसी |
| ✎ किस देश ने विदेशी व्यापार तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में सहयोग पर उत्तर कोरिया के साथ दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं? | क्यूबा |
| ✎ दिव्यांग व्यक्तियों का प्रमुख आयुक्त किसे नियुक्त किया गया है। | डॉ कमलेश कुमार पांडेय |
| ✎ किस संघ शासित प्रदेश ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मित्रा मोबाइल आवेदन की शुभारम्भ किया है? | पुडुचेरी |
| ✎ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुमार संगकारा के **139** विकेट के सर्वाधिक स्टम्पिंग का रिकॉर्ड किसने तोड़ा है? | महेंद्र सिंह धोनी |
| ✎ वरिष्ठ पत्रकार टी. एन. गोपाकुमार का हाल ही में निधन हो गया। वह किस राज्य से संबंधित थे- | केरल |
| ✎ ------------ की खिलाड़ी एंजेलिक केर्बर ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन **2016** में अपना पहला महिला एकल खिताब जीता है। | जर्मनी |
| ✎ 'सामाजिक न्याय के लिए के. वीरामणि पुरस्कार **2015**' के लिए किसे चुना गया है? | नीतीश कुमार को |
| ✎ मेक्सिको में भारत के राजदूत के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? | मुक्तेश कुमार परदेशी |
| ✎ किस देश की नई संसद ने यू विन मिन्त को अपना स्पीकर निर्वाचित किया है? | म्यांमार |
| ✎ भारत में किस स्थान को नासा के पहले 'स्पेशवार्ड बाउंड कार्यक्रम **2016**' के लिए चयनित किया गया है? | लद्दाख |
| ✎ ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष एकल **2016** का खिताब किसने जीता है? | नोवाक जोकोविच |
| ✎ सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप किसने जीती है। | किदम्बी श्रीकांत ने |
| ✎ 'ओथेलो' के लिए प्रसिद्ध ऑस्कर नामित -------------- अभिनेता फ्रैंक फिनले, का निधन हो गया। | ब्रिटिश |
| ✎ किस भारतीय बल्लेबाज ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टी-**20** बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है? | विराट कोहली |
| ✎ भारत ने तीसरे चरण में अफगानिस्तान में कितनी लघु विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है? | **92** |
| ✎ नेपाल के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच में अंडर -**19** विश्व कप के पचास सबसे तेज रन किसने बनाए हैं? | ऋषभ पंत |
| ✎ सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की पहली महिला प्रमुख कौन हैं? | अर्चना रामसुन्दरम |
| ✎ जनजातीय मामलों के मंत्रालय में सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? | श्याम एस. अग्रवाल |

स्वास्थ्य/आयुष मंत्रियों का सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

- चीनी प्राधिकारियों ने 2015 की किस नोबेल विजेता वैज्ञानिक के नाम पर एक क्षुद्रग्रह का नामकरण किया है। — तू यूयू
- बोरहोल भूभौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (BGRL) की स्थापना किस राज्य में की जा रही है? — महाराष्ट्र
- भारत के किस पड़ोसी देश ने नागरिकता कानून 2016 में अपने प्रवासी नागरिकों के लिए दोहरी नागरिकता के दायरे के विस्तार को स्वीकृति दे दी है? — बांग्लादेश
- ब्रूनेई की राजधानी क्या है? — बांदर सेरी बेगावान
- अनूठी मैजिक (मॉड्यूलर, चंचल, तेज और सतत) प्रोसेस लैब का उद्घाटन कहाँ किया गया है? — एनसीएल, पुणे
- आतंकवाद विरोधी सम्मेलन-2016 का आयोजन कहाँ किया गया है? — जयपुर
- ---------- वयोवृद्ध उर्दू लघु कहानी लेखक, कवि और पत्रकार इंतिजार हुसैन का निधन हो गया। — पाकिस्तानी
- पूर्व ------------- बलराम जाखड़ का हाल ही में निधन हो गया। — लोकसभा अध्यक्ष
- रूस की सरकारी हथियार व्यापार कंपनी रोसोबोरनेक्सपोर्ट ने भारत को ------------ हेलीकाप्टरों की अंतिम खेप सौंप दी है। — एमआई-17वी-5
- भारतीय वायु सेना में किस अवधि के लिए एयर मार्शल के एक अतिरिक्त पद का सृजन किया गया है? — 17 माह
- भारत-जर्मनी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (आईजीएसटीसी) की विस्तारित अवधि क्या है? — 2017-2022
- किस पड़ोसी देश के सेना प्रमुख को भारत के राष्ट्रपति द्वारा भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक से सम्मानित किया गया है? — नेपाल
- इजरायली और सीरियाई बलों के बीच संघर्ष विराम बनाए रखने के लिए गोलान में तैनात संयुक्त राष्ट्र मुक्ति पर्यवेक्षक सेना (यूएनडीओएफ) का मिशन प्रमुख एवं सेना कमांडर किसे नियुक्त किया गया है? — जय शंकर मेनन
- किस अभिनेत्री को यश चोपड़ा मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया है? — रेखा
- भारत ने हाल ही में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपना नंबर 1 स्थान कितने वर्षों बाद पुनः प्राप्त कर लिया है? — पांच
- प्रसिद्ध ------------- अभिनेता एबे विगोडा का हाल ही में निधन हो गया। — अमेरिकी
- किस राज्य सरकार ने निःशुल्क जांच, उपचार, परीक्षण और दवाएं उपलब्ध कराने के लिए महिलाओं के लिए विशेष साप्ताहिक मुफ्त क्लीनिक की शुरूआत की है? — मध्य प्रदेश
- किस देश को, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में पहला स्थान दिया गया है? — डेनमार्क
- एमनेस्टी इंटरनेशनल मानवाधिकार पुरस्कार 2016 प्राप्त करने वाला पहला भारतीय कौन हैं? — हेनरी तीफाग्ने
- पुरुषों की श्रेणी में वर्ष 2015 के कोच के रूप में किसके नाम की घोषणा की गयी है? — क्रेग फुल्टन
- लोकप्रिय --------------- फिल्म अभिनेत्री कल्पना का हाल ही में निधन हो गया। — मलयालम
- किस शहर ने, दृष्टिहीनों के पहले टी-20 एशिया कप क्रिकेट की मेजबानी की। — कोच्चि
- पी. वी. सिंधु किस खेल से संबंधित हैं? — बैडमिंटन
- पुर्तगाल का राष्ट्रपति किसे निर्वाचित किया गया है? — मार्सेलो रेबेलो डी सूजा
- पेन/एलन फाउंडेशन साहित्यिक सेवा पुरस्कार 2016 का विजेता किसे घोषित किया गया है? — जे. के. रॉलिंग
- भारत, किस देश में उपग्रह ट्रैकिंग एवं इमेजिंग सेंटर की स्थापना करेगा जो चीन और दक्षिण चीन सागर को कवर करते हुये भारतीय पृथ्वी अवलोकन उपग्रह के चित्रों की पहुँच प्रदान करेगा? — वियतनाम
- प्रख्यात -------------- वादक पंडित शंकर घोष का निधन हो गया। — तबला

भारत और नेपाल ने हाल ही में, नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

- किस तेलुगू स्टार को स्टार स्पोर्ट्स प्रो कबड्डी ने तीसरे सत्र के लिए अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में हस्ताक्षरित किया है? — राणा दग्गुबाती
- ग्रीनपीस इंडिया का कार्यकारी निदेशक किसे नियुक्त किया गया है? — रवि चेल्लम
- रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने कहाँ से सबसे ऊंचे पोल से देश का सबसे बड़ा झंडा फहराया था? — पहाड़ी मंदिर, रांची
- कोच्चि मेट्रो रेल परियोजना के पहले परीक्षण संचालन को हरी झंडी किसने दिखाई है? — ओमन चांडी
- भारतीय मूल के किस व्यक्ति ने 'ग्राउंडब्रेकिंग डिजाइन' की श्रेणी में रिचर्ड चुआंग के साथ ऑस्कर पुरस्कार जीता है? — राहुल ठक्कर
- -------------- के शिवनारायण चंद्रपाल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। — वेस्ट इंडीज
- भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने किस खेल फर्म को अगले दो वर्ष के लिए अपने विपणन अधिकार भागीदार के रूप में हस्ताक्षरित किया है? — आईओएस स्पोर्ट्स एंड एंटरटनमेंट
- किस अंडर-15 बैडमिंटन खिलाड़ी को लाइफ इंश्योरेंस कंपनी पीएनबी मेटलाइफ इंडिया का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है? — वैष्णवी रेड्डी
- हाल ही में टेनिस से संन्यास की घोषणा करने वाले लेटन हेविट किस देश के निवासी हैं? — ऑस्ट्रेलिया
- किसे मोल्दोवा के प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है? — पावेल फिलिप
- भारतीय फिल्म संगीत के प्रति बहुमूल्य योगदान के सम्मान में किसे प्रतिष्ठित 'निशागांधी पुरष्कारम' से सम्मानित किया है? — इलैय्याराजा को
- उत्तर प्रदेश ने किस टीम को हराकर, पहली बार सैय्दय मुश्ताक अली ट्राफी जीती है? — बड़ौदा
- एमआरएफ टायर्स ----------- के दौरान सभी वैश्विक क्रिकेट आयोजनों के लिए आईसीसी का वैश्विक भागीदार होगा। — 2016-20
- किस देश की सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जैव फार्मिंग प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण और स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के आदान-प्रदान के लिए भारत से पेशकश की है? — मॉरीशस
- राष्ट्रीय समुद्रीय वायुमंडलीय प्रशासन और नासा ने 2015 को रिकॉर्ड रखे जोने के 136 वर्षों के इतिहास में अब तक का सबसे गर्म वर्ष होने की घोषणा की है। इसका तापमान 20 वीं सदी के औसत से ---------- ऊपर था। — $1.62^0$ सेल्सियस
- इसरो ने पीएसएलवी सी-31 द्वारा संचालित भारत के ------ नेवीगेशन सेटेलाइट आईआरएनएसएस-1ई का प्रक्षेपण किया है। — पांचवें
- पहले भारतीय भूचुम्बकत्व संस्थान (आईआईजी) का उद्घाटन किस स्थान पर किया गया है? — शिलॉन्ग
- भारतीय के किस पड़ोसी देश ने, 350 किलोमीटर दूरी तक मारक क्षमता वाली स्वदेश विकसित परमाणु सक्षम क्रूज मिसाइल राड का एक सफल उड़ान परीक्षण किया है? — पाकिस्तान
- जल आपूर्ति एवं स्वच्छता सहयोगात्मक परिषद (डब्ल्यूएसएससीसी) की अगली अध्यक्ष के रूप में कार्य करने वाली अमीना जे. मोहम्मद, किस देश की पर्यावरण मंत्री हैं? — नाइजीरिया
- वर्ष का हिल्टन एशियाई टूर गोल्फर पुरस्कार किसने जीता है? — अनिर्बान लाहिड़ी
- ऑस्ट्रेलिया द्वारा भारत के उच्चायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? — हरिंदर सिद्धू
- भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने कितने समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं? — नौ
- --------------- ने 12 वें दक्षिण एशियाई खेलों में जीत दर्ज करने के बाद रियो ओलंपिक में महिलाओं की मैराथन के लिए क्वालीफाई किया है। — कविता राउत

भारत और आर्मेनिया ने कृषि के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

- किस व्यक्तित्व की **125** वीं जयंती के उपलक्ष्य में, लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स ने उनके अभिलेखीय दस्तावेज जारी किये हैं? — डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
- कौन सा देश जीआईपीसी द्वारा जारी अमेरिकी वाणिज्य चैम्बर अंतर्राष्ट्रीय आईपी सूचकांक "इनफाइनाइट पॉसिबिलिटीज" में शीर्ष पर है? — अमेरिका
- किस भारतीय व्यवसायी को अमेरिका के प्रतिष्ठित नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा निर्वाचित किया गया है? — मुकेश अंबानी
- जस्टिस धीरेंद्र हीरालाल वाघेला को ------ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। — छत्तीसगढ़
- कौन सा स्टेडियम **2017** में महिला क्रिकेट विश्व कप के फाइनल की मेजबानी करेगा? — द लॉर्ड्स
- पिथौरागढ़ में आयोजित भारत-नेपाल संयुक्त सैन्य अभ्यास का नाम क्या है? — सूर्य किरण **IX**
- भारत और चीन ने अपना पहला संयुक्त सामरिक अभ्यास का आयोजन कहाँ किया? — लद्दाख
- पर्यटन एवं संस्कृति तथा नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा कितनी भाषाओं में एक **24x7** टोल फ्री पर्यटक इंफोलाइन की शुरूआत की गयी है? — **12**
- परियोजना सनराइज आठ पूर्वोत्तर राज्यों में निम्नलिखित में से किस बीमारी की रोकथाम से संबंधित है? — एड्स
- एक अंतर-मंत्रालयी हृदय राष्ट्रीय अधिकार प्राप्त समिति ने ------------- में एक हेरिटेज पार्क के विकास को स्वीकृति दी है। — अमरावती
- किस भारतीय अभिनेता को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत में मधुमेह के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वीडियो अभियान के लिए चयनित किया गया है? — अक्षय कुमार
- ब्यूनस एयर्स स्थित संयुक्त राष्ट्र सूचना केंद्र (**UNIC**) की नयी निदेशक तमर हान किस देश से संबंधित हैं: — इजराइल
- दुनिया के सबसे वृद्ध व्यक्ति का नाम क्या है जिनका हाल ही में जापान के नागोया शहर में **112** वर्ष की आयु में निधन हो गया? — यासुतारो कोइदे
- कौन से देश ने माली फुटबॉल टीम को **3-0** से हराने के बाद अफ्रीकी राष्ट्र चैम्पियनशिप (चान) **2016** जीता है? — कांगो
- उत्तर कोरिया ने उत्तर कोरिया के ----------लांच स्टेशन से लंबी दूरी के रॉकेट का प्रक्षेपण किया है। — तॉन्गसांगरी
- नासा के अंतरिक्ष यात्री एडगर मिशेल, जो **1971** में अपोलो **14** मिशन के चंद्र मॉड्यूल के पायलट थे चंद्रमा पर चहलकदमी करने वाले --------------- व्यक्ति थे। — छठे
- अफगानिस्तान में नाटो बलों के कमांडर के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? — जॉन निकोल्सन
- जिमी मोरालेस को किस देश के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई है? — ग्वाटेमाला
- एशिया एवं प्रशांत में अव्यवसायी श्रेणी में **2015** का यूरोपीय आयोग का प्रतिष्ठित लोरेंजो नताली मीडिया पुरस्कार किसने जीता है? — अंकिता आनंद
- विज्ञान का प्रतिष्ठित नेशनल मेडल जीतने वाले भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक का नाम क्या है? — राकेश के. जैन
- किस यूरोपीय देश के लिए चीन ने उसका पहला संचार उपग्रह, बेलिंटरसैट-**1** भेजा है? — बेलारूस
- बृहस्पति के लिए नासा के उस मिशन का नाम क्या है जिसने सूर्य से लगभग **793** मिलियन किलोमीटर की दूरी पर पहुँचकर, मानवता का अब तक सबसे दूर जाने वाला सौर ऊर्जा संचालित यान बन कर पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है? — जूनो
- वर्ष **2016** का प्रित्जकर वास्तुकला पुरस्कार किसने जीता है? — ऐलेजैंड्रो अरावेना, चिली

इतालवी लेखक अम्बर्टो इको, जिन्हें उनकी **1980** की कृति 'द नेम ऑफ द रोज' के लिए सर्वश्रेष्ठ जाना जाता था का निधन हो गया है।

- एशिया एवं प्रशांत में अव्यवसायी श्रेणी में 2015 का यूरोपीय आयोग का प्रतिष्ठित लोरेंजो नताली मीडिया पुरस्कार किसने जीता है? — अंकिता आनंद
- वरिष्ठ भाजपा नेता और ---------- के पूर्व राज्यपाल वी. रामा राव का लंबी बीमारी के बाद हैदराबाद में निधन हो गया। — सिक्किम
- किस पुस्तक के लिए भारतीय लेखिका अनुराधा रॉय ने दक्षिण एशियाई साहित्य के लिए प्रतिष्ठित डीएससी पुरस्कार जीता है? — स्लीपिंग ऑन जूपिटर
- निम्नलिखित में से किस राज्य में प्रधानमंत्री ने, कार्बनिक महोत्सव-2016 का उद्घाटन किया है? — सिक्किम
- केंद्र सरकार ने -------- में एक संस्कृत विश्वविद्यालय स्थापित किये जाने की स्वीकृति दी है। — झारखंड

## कम्पटीशन बूस्टर (बैंकिंग एवं वित्तीय सचेतता)

- तेजी से बढ़ रहे देश की संभ्रांत वर्ग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, कौन सा बैंक धन प्रबंधन सेवा शुरू करने वाला देश का पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बन गया है? — भारतीय स्टेट बैंक
- भारतीय स्टेट बैंक ने किस देश के निर्यात-आयात बैंक के साथ 500 मिलियन डॉलर के लाइन ऑफ क्रेडिट के लिये समझौता निष्पादित किया है? — कोरिया
- विश्व बैंक की सहायता से कार्यान्वित की जाने वाली नीरांचल परियोजना का कुल बजट परिव्यय क्या है? — 2142 करोड़ रुपये
- किस संगठन ने वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2016 जारी की है? — विश्व आर्थिक मंच
- कोचीन पोर्ट ट्रस्ट ने इरूगुर आईसीडी, कोयम्बटूर से आईसीटीटी वल्लारपदम कोच्चि बंदरगाह के बीच साप्ताहिक कंटेनर ट्रेन सेवा के संचालन के लिए किसके साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। — कॉनकोर
- विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) द्वारा जारी विश्व पर्यटन बैरोमीटर के अनुसार, 2015 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन में कितनी वृद्धि दर्ज की गयी है? — 4.4 प्रतिशत
- भारत के प्रमुख पत्तनों को स्वच्छ और हरियालीयुक्त बनाने के लिए जहाजरानी मंत्रालय द्वारा कौन सी परियोजना शुरू की गयी है? — 'हरित पत्तन परियोजना'
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खाद्यान्न एवं तिलहन फसलों के लिए प्रीमियम का अधिकतम प्रतिशत क्या है? — 2 प्रतिशत
- वित्त मंत्री ने किस स्थान पर, भारत निवेश सम्मेलन 2016 का उद्घाटन किया है? — नई दिल्ली
- भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पेशेवर पूर्वानुमान सर्वेक्षण के अनुसार, सकल मूल्य योजन (जीवीए) के आधार पर 2015-16 में भारत की आर्थिक विकास की दर क्या रहेगी? — 7.4 प्रतिशत
- किस रिफाइनरी के अत्याधुनिक संयंत्र को ओडिशा में राष्ट्र को समर्पित किये जाने के बाद, वह रिफाइनरी फिर से देश की शीर्ष रिफाइनरी बन गयी है? — पारादीप
- किस संस्थान ने नेट तटस्थता को बढ़ावा देने के लिये डाटा सेवाओं के लिए विभेदी मूल्य निर्धारण के खिलाफ फैसला दिया है? — ट्राई
- हिमालय के चार तीर्थस्थलों केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के चार मंदिरों के लिये कितनी लंबाई के मार्ग का निर्माण प्रस्तावित किया गया है? — 900 किमी.
- क्रिसिल रिसर्च के अनुसार 2016-17 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर कितनी अनुमानित है? — 7.9 प्रतिशत
- एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) का उपाध्यक्ष, मुख्य निवेश अधिकारी किसे नियुक्त किया गया है? — डॉ. डी. जे. पांडियन
- प्रत्येक वर्ष, भारत जनवरी में किसके शुभारंभ के अवसर को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के रूप में मनाता है — पल्स पोलियो कार्यक्रम

प्रसिद्ध पुस्तक "टू किल अ मॉकिंग बर्ड" की लेखिका हार्पर ली का निधन हो गया है।

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में कैनबैंक वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड ने --------- में इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कोष (ईडीएफ) का शुभारंभ किया है। — मुंबई
- विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में जारी पीडब्ल्यूसी के वार्षिक वैश्विक सीईओ सर्वेक्षण के अनुसार, समग्र विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण माने जाने वाले शीर्ष बाजारों में भारत की रैंक क्या है? — पांचवीं
- किस कंपनी ने नेपाल के प्रभु मनी ग्रुप के साथ साझेदारी में भारत-नेपाल प्रेषण सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है? — गिफ्टली
- सौर परियोजनाओं के लिए कैबिनेट द्वारा कितने व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है? — 5,050 करोड़ रुपये
- एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) का उपाध्यक्ष, मुख्य निवेश अधिकारी किसे नियुक्त किया गया है? — डॉ. डी. जे. पांडियन
- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना को अतिरिक्त 61 जिलों में (11 राज्यों को कवर करते हुये) विस्तारित किया है। यह योजना शुरू की गयी थीः - — पानीपत से
- सरकार ने वर्ष 2014-15 के आर्थिक विकास अनुमान में संशोधन करते हुये कितनी कमी की है? — 0-1%
- आई.आर.ई.पी.एस. का पूर्ण रूप क्या है? — इंडियन रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम
- कौन सी कंपनी बाजार पूंजीकरण के मामले में दुनिया में सबसे मूल्यवान कंपनी है? — अल्फाबेट
- विश्व बैंक में वरिष्ठ निदेशक (टकराव एवं हिंसा समूह) के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? — सरोज कुमार झा
- भारत किस देश को पीछे छोड़ते हुये, 2015 में दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक बन गया है? — थाईलैंड
- 'स्मार्ट सिटी मिशन' के तहत राजधानी शहरों की कुल संख्या कितनी है? — 24
- एडीबी ने किन दो राज्यों के राजधानी शहरों में बुनियादी ढांचा सुधार जारी रखने में मदद करने के लिए केंद्र के साथ 80 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं? — मिजोरम और त्रिपुरा
- व्यय प्रबंधन आयोग का अध्यक्ष कौन है। — बिमल जालान
- भारत में बीमा क्षेत्र में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त की जानी वाली पहली महिला कौन हैं? — ऐलिस वैद्यन
- विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के अवसर पर जारी विश्व के सर्वश्रेष्ठ देशों की पहली सूची में भारत का स्थान क्या है? — 22 वाँ
- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? — अतुलेश जिंदल
- प्रधानमंत्री ने हाल ही में 'महामना एक्सप्रेस' को हरी झण्डी दिखाई- — वाराणसी से
- ---------- स्थित उम्मेद भवन पैलेस को विश्व की सबसे बड़ी यात्रा साइट ट्रिपएडवाइजर ने ट्रैवलर्स च्वाइस पुरस्कार में विश्व का सर्वश्रेष्ठ होटल घोषित किया है। — जोधपुर
- किस संस्थान के साथ भारत ने बिहार कोसी बेसिन विकास परियोजना के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के एक वित्तपोषण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं? — विश्व बैंक
- नेशनल सिक्युरिटीज क्लियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड को, क्रिसिल से 'सीसीआर एएए' की उच्चतम कॉर्पोरेट क्रेडिट रेटिंग प्राप्त हुई है। एनएससीसीएल किसके पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है- — एनएसई
- अंकटाड की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 के दौरान वैश्विक एफडीआई प्रवाह में होने वाली वृद्धि है- — 36 प्रतिशत
- आईएलओ के एक अध्ययन के अनुसार, 2014 व 2015 के दौरान भारत की बेरोजगारी दर क्या थी? — 3.5 प्रतिशत
- किस संगठन ने 2016 के लिए अपने वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर अनुमान को घटाकर 3.4 प्रतिशत कर दिया है? — अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
- चीन द्वारा प्रयोजित किस बैंक में निदेशक मंडल में भारत को निर्वाचित किया गया है? — एशियाई संस्थागत निवेश बैंक
- अंतर्राष्ट्रीय वूलमार्क पुरस्कार 2015-2016 किसने जीता है? — सुकेत धीर

न्यूजीलैंड के कप्तान ब्रेंडन मैकुलम ने 56 गेंदों में सबसे तेज शतक बनाने का एक नया रिकॉर्ड बनाया।

# एक नज़र में

## संक्षिप्तीकरण

| | |
|---|---|
| बीबीबी | बैंक बोर्ड ब्यूरो |
| एनपीए | नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स |
| एनपीएस | नेशनल पेंशन सिस्टम |
| आरईआरए | रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी |
| एनएचएसआरसीएल | नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड |
| एसपीवी | स्पेशल पर्पज व्हीकल |

## महत्वपूर्ण तिथि और दिवस

| | |
|---|---|
| 03 मार्च | विश्व वन्य जीव दिवस |
| 08 मार्च | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस |
| 15 मार्च | विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस |
| 20 मार्च | विश्व गौरैया दिवस |
| 21 मार्च | विश्व वानिकी दिवस |
| 22 मार्च | विश्व जल दिवस |
| 23 मार्च | विश्व मौसम विज्ञान दिवस |
| 24 मार्च | विश्व क्षय रोग दिवस |

## आर्थिक शब्दावली

गार (जीएएआर)

गार एक अवधारणा है जो आम तौर पर किसी देश के राजस्व अधिकारियों को उन लेनदेनों या व्यवस्थाओं पर कर लाभ अस्वीकार करने की शक्ति प्रदान करता है जिनका कर लाभ प्राप्त करने के अलावा कोई ''वाणिज्यिक महत्व'' या प्रतिफल नहीं होता है। गार, नियमों का एक समूह है जो दुनिया भर में कर परिहार के तरीकों को विनियमित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। भारत सरकार ने कर संग्रह बढ़ाने के उद्देश्य से गार अथवा जनरल एंटी अवॉयडेंस रूल्स लागू करने की पहल की है।

प्रत्यक्ष कर संहिता 2010, अप्रैल 2012 के प्रभाव से पारित की गयी थी, लेकिन इसके नकारात्मक प्रचार के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था, और उसके बाद समय-समय पर इसे स्थगित किया जाता रहा है।

तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गार मानदंडों की समीक्षा के लिये श्री पार्थसारथी सोम की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था। सोम समिति ने गार को 3 साल के लिये स्थगित करने का प्रस्ताव रखा था।

बजट 2016-17 के अनुसार, गार प्रावधानों को अप्रैल 2017 के प्रभाव से लागू किया जाना प्रस्तावित है और प्रारंभ में ये केवल 3 करोड़ रूपये से अधिक कर लाभ वाली व्यापार व्यवस्थाओं के लिए लागू होंगें।

## पुस्तक और लेखक

द हाई माउंटेन्स ऑफ पुर्तगाल




- यान मार्टल



मदरिंग संडे




- ग्राहम स्विफ्ट



स्लेड हाउस




- डेविड मिशेल



द शैडो लाइन्स




- अमिताव घोष



बियॉन्ड पार्टीशन




- दीप्ति मिसरी



एम एंड द बिग हूम




-जेरी पिंटो



काजोल को प्रसार भारती बोर्ड का अंशकालिक सदस्य नियुक्त किया गया है।




# नियुक्ति

## बी. एस. चौहान



केंद्र सरकार ने 10 मार्च 2016 को सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बलबीर सिंह चौहान को 21वें विधि आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया। यह पद सितंबर 2015 से आयोग के निर्माण के समय से ही रिक्त था। फिलहाल न्यायाधीश चौहान कावेरी नदी जल विवाद न्यायाधिकरण की अध्यक्षता कर रहे हैं।

बी. एस. चौहान मई 2009 से जुलाई 2014 तक सुप्रीम कोर्ट के न्यायाध ाीश रहे। वे जुलाई 2008 से मई 2009 तक ओड़िसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भी रहे।

21वां विधि आयोग केंद्र सरकार के आदेश पर 1 सितंबर 2015 से प्रभावी रूप से गठित किया गया। इसका कार्यकाल तीन वर्ष है जो 31 अगस्त 2018 को समाप्त हो रहा है। वर्तमान में आयोग में तीन सदस्य मौजूद हैं जिसमें केंद्र सरकार का सदस्य सचिव एवं भारत के विधि आयोग के दो पदेन सदस्य सचिव सम्मिलित हैं।

### वर्तमान सदस्य

- गुजरात उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रवि आर त्रिपाठी को आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। वे मई 2015 को बतौर न्यायाधीश सेवानिवृत हुए।
- सदस्य सचिव और केंद्र सरकार के सचिव पीके मल्होत्रा।
- पी के मल्होत्रा, विधि सचिव सदस्य (पदेन)।
- डॉ जी नारायण राजू, सचिव (विधायिका) सदस्य (पदेन)।
- डॉ पवन शर्मा, भारत के विधि आयोग के सचिव।

### 21वें विधि आयोग के प्रमुख बिंदु हैं:

- समीक्षा करें/जो कानून आर्थिक उदारीकरण के वातावरण में अप्रसंकिग हैं उनकी समीक्षा/रद्द किया जा सकता है।
- निर्धनों को प्रभावित करने वाले कानूनों की जांच की जाए तथा गरीबों की सहायता के लिए सामाजिक-आर्थिक विधेयकों एवं कानूनी प्रक्रिया में बदलाव लाकर उन्हें लाभ पहुंचाया जाए।
- अंतर्गत न्यायिक प्रशासन की प्रणाली की समीक्षा करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह समय की मांग के अनुसार उत्तरदायी भूमिका निभा रहा है।
- राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के प्रकाश में मौजूदा कानूनों की जांच करना एवं सुधार के तरीके सुझाना ताकि संविधान की प्रस्तावना में मौजूद उद्देश्यों को लागू किया जा सके।
- लिंग समानता को बढ़ावा देने और इस सन्दर्भ में मौजूदा कानूनों की जांच करना।
- सामान्य महत्व के केंद्रीय अधिनियमों में संशोधन कर उन्हें सरल करना तथा उनकी विसंगतियों, अस्पष्टता और विषमताओं को दूर करने का प्रयास करना।
- अपनी उपयोगिता खो चुके कानूनों को निरस्त करने एवं नए कानून बनाने के लिए सरकार को सलाह देना।
- सरकार को कानून और न्यायिक प्रशासन से संबंधित किसी भी विषय पर अपने विचार प्रदान करना।
- खाद्य सुरक्षा, बेरोजगारी पर वैश्वीकरण के प्रभावों की जांच करना एवं हाशिए पर मौजूद लोगों के हितों के संरक्षण के लिए उपायों की सिफारिश करना।

## एच. एल. दत्तू

उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एच.एल.दत्तू को राष्ट्रीय मानवधिकार अधिकार आयोग (एनएचआरसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व न्यायाधीश केजी बालाकृष्णन की सेवानिवृत्ति के बाद पिछले आठ महीने से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का पद खाली पड़ा था। पूर्व मुख्य न्यायाधीश दत्तू एनएचआरसी के सातवें अध्यक्ष होंगे। राष्ट्रीय मानवधिकार आयोग के अध्यक्ष पद संभालने के बाद उनका कार्यकाल पांच वर्ष का होगा।

लम्बी कूद के खिलाड़ी मयूखा जॉनी ने भारत को एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण दिलवाया।



कर्नाटक के चिकमंगलूर जिले में 3 दिसंबर, 1950 को जन्मे न्यायमूर्ति दत्तू, कडुर, तरिकेर और बिरुर में अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद, अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बेंगलुरू चले गये। उन्होंने बेंगलुरू से अपनी एलएलबी पूरी की और एक वकील के रूप में 23 अक्टूबर 1975 को कर्नाटक बार काउंसिल में दाखिला लिया और दीवानी, आपराधिक, संवैधानिक और कराधान मामलों में वकालत की। न्यायाधीश दत्तू 28 सितंबर 2014 से 2 दिसंबर 2015 तक सर्वोच्च न्यायालय के 42वें मुख्य न्यायाधीश बनाए गए थे। दत्तू केरल और छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके हैं।

इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने एनएचआरसी के अध्यक्ष पद पर एचएल दत्तू के नाम को मंजूरी दे दी थी। पूर्व न्यायाधीश केजी बालाकृष्णन की सेवानिवृत्ति के बाद पिछले आठ महीने से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का पद खाली पड़ा था।

## के. एन. व्यास



प्रसिद्ध वैज्ञानिक केएन व्यास को भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) का निदेशक नियुक्त किया गया है। उन्होंने डॉ. शेखर बासु के स्थान पर यह पद ग्रहण किया है। बासु अभी केंद्रीय परमाणु उर्जा विभाग में सचिव पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वे रिएक्टर परियोजनाओं में सहायक निदेशक पद पर कार्यरत थे। उन्होंने बार्क प्रशिक्षण स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के बाद भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के रिएक्टर इंजीनियरिंग डिवीजन के ईंधन डिजाइन और विकास विभाग में कार्य करना आरंभ किया। उनके पास परमाणु रिएक्टर क्षेत्र में 36 वर्षों का वृहद अनुभव प्राप्त है।

उन्होंने थर्मल हाइड्रोलिक्स एवं रिएक्टर के विशेष अनुभागों पर वृहद प्रयोग किये हैं। वे फ्रांस में टेस्ट ब्लैंकेट मोड्यूल के डिज़ाइन एवं शोध में भी भूमिका निभा चुके हैं। उन्हें भारतीय परमाणु सोसायटी उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार (2011), होमी भाभा विज्ञान और प्रौद्योगिकी पुरस्कार (2006), परमाणु ऊर्जा विभाग पुरस्कार (2007), 2008,2012 एवं 2013 से सम्मानित किया जा चुका है। वे इंडियन नेशनल एकेडमी ऑफ इंजीनियर्स के फेलो भी हैं।

## अतनु चक्रवर्ती



गुजरात कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी अतनु चक्रवर्ती को हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। यह पेट्रोलियम मंत्रालय की उत्खनन एवं उत्पादन की तकनीकी सलाहकार इकाई है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार 55 वर्षीय चक्रवर्ती को अतिरिक्त सचिव की रैंक में चार वर्ष के लिए डीजीएच प्रमुख नियुक्त किया गया है। 1985 बैच के आईएएस अधिकारी चक्रवर्ती फिलहाल गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने पूर्व में डीजीएच पद को निजी क्षेत्र से उम्मीदवारों के लिए खोलने के लिए प्रस्ताव किया था। हालांकि, इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया गया था, क्योंकि इस निर्णय को अन्य विभागों के विरोध का सामना करना पड़ा। चक्रवर्ती एक इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग स्नातक हैं। उन्होंने व्यापार वित्त में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और ब्रिटेन से एमबीए किया है। गुजरात में चक्रवर्ती वित्त, बंदरगाह, गृह और श्रम सहित कई विभागों में सेवा कर चुके हैं। पारंपरिक रूप से डीजीएच की अध्यक्षता एक टेक्नोक्रेट नेतृत्व के हाथों में दी जाती है। हालांकि, तमिलनाडु कैडर के 1981 बैच के आईएएस अधिकारी राजीव नयन चौबे, को निवर्तमान पेट्रोलियम मंत्री एस. जयपाल रेड्डी ने 2012 में इसके प्रमुख के रूप में नियुक्त किया था।

## राजेंद्र सिंह



केंद्र सरकार ने तटरक्षक बल के अधिकारी राजेंद्र सिंह को बल का महानिदेशक नियुक्त किया है। राजेंद्र सिंह ऐसे पहले महानिदेशक हैं, जो बल के अधिकारी पद से उठकर प्रमुख बने हैं।

इससे पहले तक सिर्फ नौसेना के अधिकारी ही तटरक्षक बल के महानिदेशक नियुक्त किए जाते रहे हैं। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने राजेंद्र सिंह को बल का महानिदेशक नियुक्त किया। उन्हें 15 अगस्त, 1990 को उनकी विशिष्ट सेवा को सम्मानित करने के लिये तटरक्षक पदक (टीएम) से राष्ट्रपति द्व

आईएमएफ ने क्रिस्टीन लेगार्डे को प्रबंध निदेशक के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए नियुक्त किया है।

ारा सम्मानित किया गया था। उन्हें **15** अगस्त **2002** को राष्ट्रपति तटरक्षक पदक (पीटीएम) से सम्मानित किया गया था। तटीय और गहरे जल दोनों क्षेत्रों विभिन्न पदों पर कार्य करने के साथ ही, सिंह का संचालन, प्रशासन, मानव संसाधन (एचआर) और नीति तथा आयोजना के क्षेत्र में एक निर्दोष ट्रैक रिकॉर्ड है।

## विनोद राय



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाओं के विभाग के अंतर्गत बैंक्स बोर्ड ब्यूरो में पूर्व कैग प्रमुख विनोद राय को अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दी है। अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति अंशकालिक आधार पर की जायेगी। ये अधिकारी अपनी आधिकारिक सदस्यों की जिम्मेदारियों के अतिरिक्त यह पद संभालेंगे। इनकी कार्यावधि अधिसूचना जारी होने की तिथि से या आगे जब तक कोई आदेश जारी नहीं हो जाता, (जो भी पहले लागू हो) उस तिथि से दो वर्षों की अवधि के लिए होगी। बैंक बोर्ड ब्यूरो में अध्यक्ष के अतिरिक्त तीन पदेन सदस्य और तीन विशेषज्ञ सदस्य होगें। बैंक बोर्ड ब्यूरो जो **1** अप्रैल **2016** से कार्य करना प्रारम्भ करेगा का गठन निम्नानुसार होगाः

| क्र.स. | नाम | पद |
|---|---|---|
| **1.** | श्री विनोद रॉय, भारत के पूर्व कैग | अध्यक्ष |
| **2.** | सचिव, वित्तीय सेवा विभाग | पदेन सदस्य |
| **3.** | सचिव, सार्वजनिक उद्यम विभाग | पदेन सदस्य |
| **4.** | उप गवर्नर भारतीय रिज़र्व बैंक | पदेन सदस्य |
| **5.** | श्री अनिल के. खंडेलवाल, पूर्व प्रबंधन निदेशक, बैंक ऑफ बडौदा | सदस्य |
| **6.** | श्री एच एन सिनौर, आईसीआईसीआई बैंक के पूर्व संयुक्त प्रबंध निदेशक | सदस्य |
| **7.** | सुश्री रूपा कुदवा, क्रिसिल की पूर्व सीएमडी व सीईओ | सदस्य |



वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आर्थिक मामलों के विभाग के अतिरिक्त सचिव दिनेश शर्मा अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) की संचालन परिषद के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इससे पहले पिछले दो वर्षों से रोम सर्वसम्मति से आईएफएडी की संचालन परिषद का अध्यक्ष रहा।

इटली में **17** और **18** फरवरी **2016** को इसके **39**वें सत्र के अवसर पर इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मट्टरेल्ला ने कहा कि गरीबी और भुखमरी बेहद घातक होने के साथ ही विद्रोह और अस्थिरता पैदा करने वाली कई कड़ियों में से एक है। इसे समाप्त करने के लिए हमें आपात स्थितियों और मानवीय संकटों से लड़ना होगा।

आईएफएडी संयुक्त राष्ट्र की **13**वीं विशेष शाखा है, जो **1977** में गठित की गई। इसका कार्य विश्व के ग्रामीण इलाकों से गरीबी और भूख को समाप्त करना है। भारत आईएफएडी का संस्थापक सदस्य होने के साथ अन्य सदस्य देशों की तुलना में आईएफएडी को महत्वपूर्ण योगदान देने वाला देश है।

आईएफएडी के दो मुख्य प्रबंध निकाय हैं:- एक है संचालन परिषद और दूसरा है कार्यकारी बोर्ड। संचालन परिषद सदस्यों देशों के **176** सदस्यों वाली सर्वोच्च निर्णायक समिति है।

## सुशीला कर्की



दुनिया के किसी भी देश में नारी सशक्तीकरण का यह संभवतः सबसे अनोखा उदाहरण है।

राष्ट्रपति और स्पीकर के पदों पर महिलाओं को चुनने के बाद नेपाल में अब एक महिला को सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाया जा रहा है।

न्यायिक परिषद की बैठक में सुशीला कर्की को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश करने का फैसला किया गया।

प्रधानमंत्री केपी ओली की अध्यक्षता वाली संवैधानिक परिषद के पास यह सिफारिश भेजी जाएगी। आखिर में राष्ट्रपति विद्या भंडारी की स्वीकृति से उन्हें चीफ जस्टिस नियुक्त कर दिया जाएगा।

वह वर्तमान चीफ जस्टिस कल्याण श्रेष्ठ के बाद नेपाली सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठतम जज हैं।

श्रेष्ठ के सेवानिवृत होने के बाद **13** अप्रैल को उन्हें मुख्य न्यायाधीश की जिम्मेदारी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि कर्की को भ्रष्टाचार के प्रति कठोर रुख के लिए जाना जाता है।

राष्ट्रीय रूर्बन मिशन राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ के कुरूभात से शुरू किया गया है।

# पुरस्कार/सम्मान

## व्यास सम्मान 2015



जानी-मानी हिन्दी विद्वान और लेखक सुनीता जैन की कविता संग्रह ''क्षमा'' को वर्ष **2015** के प्रतिष्ठित व्यास सम्मान के लिये चयनित किया गया है। बिड़ला फाउंडेशन द्वारा संस्थापित इस पुरस्कार की राशि **2.50** लाख रुपए है और यह एक भारतीय नागरिक द्वारा हिन्दी लेखन में उत्कृष्ट साहित्यिक कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है।

फाउंडेशन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि, ''क्षमा'' एक प्रसिद्ध हिन्दी विद्वान और लेखिका सुनीता जैन, का कविता संग्रह है जिसे, **25** वें व्यास सम्मान **2015** के लिये चयनित किया गया है। यह पुस्तक **2008** में प्रकाशित की गयी थी। पुस्तक का चयन प्रख्यात साहित्यकार विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा किया गया है। फाउंडेशन ने अन्य पुरस्कार भी स्थापित किये हैं जिसमें सरस्वती सम्मान भी सम्मिलित है जो कि किसी भी भारतीय भाषा में उत्कृष्ट साहित्यिक कार्य के लिये प्रत्येक वर्ष दिया जाता है।

## दीनानाथ मंगेश्कर पुरस्कार 2016



फिल्मकार संजय लीला भंसाली, अभिनेता रणवीर सिंह और लोकप्रिय मराठी अभिनेता-हास्य कलाकार प्रशांत दामले को वर्ष **2016** के प्रतिष्ठित पंडित दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार के लिए चुना गया है। प्रशांत दामले को थिएटर, फिल्म और संगीत के क्षेत्र में उनके कार्य के लिए मास्टर दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार मराठी और हिंदी रंगमंच, संगीत और फिल्म से संबंधित हस्तियों को दिया जाता है। पुरस्कार, पंडित दीनानाथ मंगेशकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में **24** अप्रैल को पुणे में आयोजित एक समारोह में लता मंगेशकर द्वारा प्रदान किया जायेगा। दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार, लता मंगेशकर के पिता की स्मृति में **1999** में स्थापित किया गया था। तब से इस पुरस्कार से संगीत और फिल्मों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाता है।

पुरस्कारस्वरूप **101,001** रुपये की धनराशि, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है। **2015** में यह पुरस्कार बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर को दिया गया था। **2014** में, यह पुरस्कार महान बॉलीवुड अभिनेता ऋषि कपूर और प्रख्यात संगीतकार जाकिर हुसैन को दिया गया था। **2015** में यह पुरस्कार बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और दिग्गज मराठी अभिनेता दिलीप प्रभावलकर को दिया गया था।

## 25वां 'बिहारी' पुरस्कार



वर्ष **2015** का 25वां 'बिहारी' पुरस्कार जाने माने साहित्यकार डॉक्टर भगवतीलाल व्यास को दिया जायेगा। उनको यह पुरस्कार वर्ष **2010** में प्रकाशित उनके राजस्थानी काव्य संग्रह 'कठा सूं आवे है सबद' के लिए दिया जायेगा। के.के. बिड़ला फाउंडेशन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि **10** जुलाई **1941** को जन्में व्यास का चयन नंद भारद्वाज की अध्यक्षता वाली एक निर्णायक समिति ने किया।

इस पुरस्कार के अंतर्गत व्यास को एक प्रशस्ति पत्र, एक प्रतीक चिन्ह और एक लाख रूपये की नकद राशि दी जायेगी। पुरस्कार की घोषणा से दस वर्ष के भीतर प्रकाशित राजस्थान के किसी लेखक की उत्कृष्ट हिंदी-राजस्थानी कृति को हर वर्ष बिहारी सम्मान दिया जाता है। यह पुरस्कार महाकवि बिहारी के नाम पर दिया जाता है। पेशे से शिक्षक रहे व्यास की प्रकाशित कृतियों में 'सूरज लीलती घाटियां', 'शताब्दी निरूत्तर', 'फुटपाथ पर चिड़िया नाचती है', 'शिखर की पीड़ा', 'अणहद नाद' और 'अगनी मंतर' आदि प्रमुख हैं। पुरस्कृत कृति 'कठा सूं आवे है सबद' काव्य संग्रह में उनकी व्यापक मानवीय दृष्टि और सहज काव्याभिव्यक्ति की झलक देखने को मिलती है।

वर्ष **1988** में 'अणहद नाद' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित व्यास को राष्ट्रीय स्तर और प्रांतीय स्तर पर कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष **1991** से अब तक यशवंत व्यास, अलका सरावगी, ओम थानवी जैसे लेखकों को यह सम्मान मिल चुका है।

## दादा साहेब फाल्के पुरस्कार 2015



देशप्रेम की भावना से भरी फिल्में बनाने वाले बॉलीवुड के वरिष्ठ अभिनेता-निर्माता-निर्देशक मनोज कुमार को **47**वें दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सिनेमा के लिए दिया जाने वाला देश का यह सबसे बड़ा पुरस्कार उन्हें वर्ष **2015** के लिए दिया जाएगा।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारतीय फिल्मों के पिता कहे जाने वाले दादा साहब फाल्के के मनोरंजन जगत में योगदान का स्मरण करने के लिए दिया जाता है। केंद्र सरकार भारतीय सिनेमा के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को यह पुरस्कार प्रदान करती है। इस पुरस्कार के अंतर्गत स्वर्ण-कमल, एक शॉल और **10** लाख रुपये नकद दिए जाते हैं।

भारतीय डाक, भुगतान बैंक की स्थापना के लिए **800** करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

मनोज कुमार की पिछली फिल्म **1995** में 'मैदाने जंग' आई थी। उन्होंने 'क्रांति', 'वो कौन थी', 'पूरब और पश्चिम', 'रोटी कपड़ा और मकान' जैसी फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों के मन पर छाप छोड़ी। मनोज कुमार का जन्म एबटाबाद (अब पाकिस्तान में) में **24** जुलाई, **1937** को हुआ था। उनका असली नाम हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी है। जब वह **10** वर्ष के थे, तभी उनका परिवार बंटवारे के दौरान दिल्ली आ गया।

मनोज कुमार ने अपनी स्नातक की शिक्षा दिल्ली के मशहूर हिंदू कॉलेज से पूरी की। वह फिल्म निर्माता शशि गोस्वामी के साथ शादी के बंधन में बंधे।

मनोज कुमार ने **1967** में बनी फिल्म 'उपकार' से देशप्रेम पर बनी फिल्मों की सफल शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने देशभक्ति पर आध ाारित कई फिल्मों में काम किया। 'उपकार' के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। मनोज कुमार को 'हरियाली और रास्ता', 'वो कौन थी?', 'हिमालय की गोद में', 'दो बदन', 'उपकार', 'पत्थर के सनम', 'नीलकमल' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

मनोज कुमार की **1970** के मध्य में एक के बाद एक तीन हिट फिल्में आईं। जीनत अमान के साथ सामाजिक मुद्दों पर बनी 'रोटी कपड़ा और मकान' (**1974**) के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का दूसरा फिल्मफेयर अवॉर्ड दिया गया। इसी दौरान हेमा मालिनी के साथ 'संन्यासी' (**1975**) और 'दस नंबरी' (**1976**) फिल्में रिलीज हुईं, जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं। **1992** में मनोज कुमार को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

# निधन

## जॉर्ज केनेडी



ऑस्कर विजेता अभिनेता जॉर्ज केनेडी का बोइसे इडाहो में निधन हो गया है। वह **91** वर्ष के थे। केनेडी के निधन की खबर की पुष्टि उनके पौत्र कोरी शेंकल ने अपने फेसबुक पेज पर की है। केनेडी को **1960** के दशक की फिल्म 'कूल हैंड ल्यूक' में शानदार अभिनय के लिए ऑस्कर मिला था।

कैनेडी, जो लगभग **6**) फुट लंबे थे, द्वितीय विश्व युद्ध के सेनानी थे जिन्होंने सैन्य नाटकों और टीवी के माध्यम से पाश्चात्य अभिनय में कदम रखा। वर्ष **1967** में वह द्वितीय विश्व युद्ध की ऑस्कर विजेता फिल्म ''डर्टी डजेन'' में दिखाई दिये थे।

उसी वर्ष, वह एक जेल ड्रामा में- ड्रैगलाइन के रूप में पॉल न्यूमैन के साथ ''कूल हांक ल्यूक'' में अभिनय किया जो उनके कैरियर की सबसे प्रसिद्ध भूमिका थी। इस फिल्म के लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का अकादमी पुरस्कार जीता। **1988** में शुरूआत करते हुये, कैनेडी ने तमाशा पुलिस त्रयी ''द नेकेड गन'' में लेस्ली नीलसन के साथ अभिनय किया।

## ली रेहेर्मन



अभिनेता और एथलीट ली रेहेर्मन का **49** वर्ष की आयु में निधन हो गया। टीवी प्रतियोगिता श्रृंखला 'अमेरिकन ग्लैडिएटर्स' में हॉक की भूमिका निभाने वाले रेहेर्मन ने कैलेफोर्निया के मैनहट्टन में अंतिम सांस ली। रेहेर्मन ने पेशेवर फुटबॉल के क्षेत्र में जाने का विचार किया था, लेकिन तभी वह अभिनय में अपने करियर की शुरुआत करने के लिए कैलिफोर्निया पहुंचे। उन्होंने टीवी शो 'कोलम्बो' में एक संक्षिप्त भूमिका निभाई थी और अर्नोल्ड श्वार्जनेगर के 'लास्ट एक्शन हीरो' में भी अभिनय किया था। **1993** में वह रियलिटी शो 'अमेरीकन ग्लैडिएटर्स' में हॉक के रूप में सम्मिलित हुए, जिसमें साधारण नागरिकों को एथलीट्स के खिलाफ खड़ा किया गया था। रेहेर्मन शो के पांचवें संस्करण में सम्मिलित हुए थे और **1996** में इसके समाप्त होने तक इससे जुड़े रहे।

## पी. ए. संगमा



पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और सांसद पीए संगमा का निधन हो गया है। उनका निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ और वह **68** वर्ष के थे। वह देश के नामचीन राजनेताओं में शुमार होते थे। लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने लोकसभा की बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

संगमा नौ बार लोकसभा के सदस्य रहे और वह **11**वीं लोकसभा के अध्यक्ष थे। उनके पास केंद्र सरकार में भी महत्वपूर्ण पद रहे। वह **1988** से **1990** तक मेघालय के मुख्यमंत्री और **1990** से **1991** तक विधानसभा में नेता विपक्ष भी रहे। मेघालय में वेस्ट गारो हिल्स के चापाहती गांव में जन्मे संगमा छोटे से आदिवासी गांव में पले बढ़े और जीवन में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया। सेंट एंथनी कॉलेज से स्नातक पूरी करने के बाद वह अंतर्राष्ट्रीय संबंध विषय में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने असम के डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय गए। कांग्रेस से नाता टूटने के बाद संगमा ने राकांपा के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वर्ष **2012** में राकांपा से भी उनका तब नाता टूट गया जब उन्होंने राष्ट्रपति पद के चुनाव से नाम वापस लेने के पार्टी के फैसले को मानने से इनकार कर दिया। जनवरी **2013** में उन्होंने नेशनल पीपुल्स पार्टी का गठन किया।

के. सनथ कुमार नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के नए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं।

## पी. के. नायर



नेशनल फिल्म आर्काइव ऑफ इंडिया (एनएफएआई) के पूर्व निदेशक और संस्थापक भारत के पी.के नायर का निधन हो गया। उनकी आयु **82** वर्ष थी। उन्होंने अपनी वृत्तचित्र 'सेल्युलॉइड मैन' से विशेष ख्याति प्राप्त की। फिल्म निर्माता और फिल्म आर्काइविस्ट शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर ने **2012** की वृत्तचित्र 'सेल्युलॉइड मैन' में नायर के साथ काम किया था।

केरल के तिरुवनंतपुरम में **1933** को जन्मे नायर ने **1940** के दशक में पौराणिक धारावाहिकों के साथ अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने 'अनंतसयनम' और 'भक्त प्रहलाद' जैसे तमिल धारावाहिकों में काम किया। एनएफएल के साथ नायर का कार्यकाल **1965** से सहायक क्यूरेटर के रूप में शुरू हुआ और **17** वर्ष बाद **1982** में वह निर्देशक बने। नायर **1991** में सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने **12,000** से अधिक फिल्मों पर काम किया, जिसमें **8,000** भारतीय फिल्में थीं। उन्होंने सत्यजित रे, ऋत्विक घटक, मृणाल सेन, वी. शांताराम, राज कपूर और गुरुदत्त जैसे फिल्म निर्देशकों के साथ काम किया। शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर ने नायर के निधन को 'एक महान अध्याय का अंत' करार दिया।

## रे. टॉमलिनसन



ईमेल सिस्टम के जनक रे टॉमलिनसन का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। वह **74** वर्ष के थे। **1971** में बॉस्टन की टेक कंपनी **BBN** के लिए काम करते वक्त टॉमलिनसन ने एक ऐसा सिस्टम तैयार किया था, जिससे अलग नेटवर्क पर मौजूद कंप्यूटरों के बीच इलेक्ट्रॉनिक मेसेज भेजे जा सकते थे। इससे पहले के मेसेजिंग सिस्टम एक ही कंप्यूटर पर मौजूद अन्य यूजर्स के साथ मेसेज शेयर कर सकते थे। माना जाता है कि यह टॉमलिनसन ही थे, जिन्होंने ईमेल में इस्तेमाल होने वाले / प्रतीक को सबसे पहले इस काम में इस्तेमाल किया था।

टॉमलिनसन को उनके काम के लिए काफी पहचान मिली और उन्हें **2014** में इंटरनेट हॉल ऑफ फेम में भी जगह दी गई। **2011** में उन्हें मैसाच्यूसट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी अटेंड करने वाले **150** महत्वपूर्ण आविष्कारकों की लिस्ट में चौथा रैंक मिला था।


Mahendra's TM

YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS

Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations

**WEBSITES**

www.mahendras.org
stportal.mahendras.org
myshop.mahendras.org
www.mahendraguru.com
www.mahendraskills.org

**TOLL FREE**

**1800-103-5225**


नक्सल क्षेत्रों में सार्वजनिक उपयोगिता परियोजनाओं के लिए डिफॉल्ट स्वीकृति दिसंबर **2018** तक बढ़ा दी गयी है।


Mahendra's
YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS
Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations
SMART LAB
FOR ONLINE EXAMS
Largest
Smart
Lab
In
INDIA
Online
वाह... अब
Mahendra's
में ही
IBPS/RBI/SBI/
SSC/RAILWAY
Online
स्पीड टेस्ट देंगे।
Seats
Limited
Toll Free No.
1800-103-5225
Website
www.mahendras.org
stportal.mahendras.org
myshop.mahendras.org
www.mahendraguru.com
www.mahendraskills.org

# न्यूज़ डायरी

**राष्ट्रीय** | **राज्य** | **अंतर्राष्ट्रीय**



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ से रुर्बन मिशन का शुभारम्भ किया।**



**केरल ने मुज़िरिस विरासत परियोजना का शुभारम्भ किया।**



**विश्व बैंक ने जीका प्रभावित देशों को 150 मिलियन डॉलर देने की घोषणा की।**




## कैपिटल गुड्स सेक्टर के लिए केंद्र सरकार ने पहली बार राष्ट्रीय नीति जारी की 16 फरवरी



केंद्र सरकार ने कैपिटल गुड्स सेक्टर के लिए पहली बार राष्ट्रीय नीति जारी की। केंद्र सरकार की ओर से भारी उद्योग मंत्री अनंत गीते ने मुंबई में आयोजित 'मेक इन इंडिया' समारोह में इसकी घोषणा की। कैपिटल गुड्स सेक्टर के लिए जारी राष्ट्रीय नीति में वर्ष **2025** तक दो करोड़ दस लाख अतिरिक्त रोजगार सृजन की परिकल्पना की गई है।

इस दौरान कुल मैन्यूफैक्चरिंग गतिविधि में कैपिटल गुड्स की भागदारी बढ़ाकर **20** प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में अभी यह **12** प्रतिशत है। कैपिटल गुड्स नीति का उद्देश्य ऐसी व्यवस्था को तैयार करना है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी हो। इसके जरिये वर्ष **2025** तक **7.5** लाख करोड़ रुपये से अधिक के उत्पादन को प्राप्त करने का लक्ष्य है। वर्तमान में यह **2.3** लाख करोड़ रुपये है।

## फ्रेट कॉरिडोर पर वाराणसी, लुधियाना समेत पांच शहरों में लाजिस्टिक पार्क बनाने का निर्णय किया गया 17 फरवरी



पूर्वी व पश्चिमी डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के साथ उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र समेत पांच राज्यों में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क बनेंगे। उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक पार्क वाराणसी में, जबकि पंजाब का लुधियाना में स्थापित होगा। इन पर कुल **5000** करोड़ रूपए की लागत आने का अनुमान है। डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन (डीएफसीसीसी) के एमडी आदेश शर्मा के अनुसार वाराणसी का मल्टी मॉडल लॉजिस्टक हब गंगा नदी के किनारे बनेगा और इसका इस्तेमाल रेल के साथ रोड तथा जल परिवहन तीनों तरह की परिवहन प्रणालियों के लिए होगा। इससे सामान की बाधामुक्त आवाजाही हो सकेगी। यहां से ग्राहकों के घर तक सामान की डिलीवरी हो सकेगी। इसमें सामानों के भंडारण से लेकर पैकेजिंग, लेबेलिंग आदि सभी प्रकार की सुविधा होने से परिवहन लागत में भारी कमी आने की संभावना है। प्रोजेक्ट के लिए अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आइडब्लूएआइ) तथा डीएफसीसी के बीच सहमति-पत्र पर पिछले वर्ष ही हस्ताक्षर हो चुके हैं। मल्टी मॉडल लॉजिस्टक पार्को की स्थापना के लिए पीपीपी तथा राज्यों के साथ भागीदारी जैसे विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। प्रत्येक पार्क के लिए औसतन **300-500** एकड़ जमीन की आवश्यकता होगी और इस पर **1000** करोड़ रुपये की लागत आएगी।

## उत्तरी-मध्य रेलवे ने आधुनिक कंप्यूटर आधारित सिगनल प्रणाली का शुभारम्भ 17 फरवरी

उत्तर मध्य रेलवे ने कंस्ट्रक्शन एंड ओपन लाइन यूनिट्स के सहयोग से खुर्जा जंक्शन पर अत्यंत आधुनिक कंप्यूटर आधारित सिगनल प्रणाली का शुभारम्भ किया है। इस अत्यंत आधुनिक कंप्यूटर आधारित सिगनल प्रणाली से खुर्जा रेलवे यार्ड इलाहाबाद रेलवे डिवीजन का **256** बार रेलगाड़ियों की तेजी से निकासी के लिए अग्रणी स्टेशन बन गया।

**आधुनिक सिगनल प्रणाली की विशेषताएं-**

- यह आधुनिक प्रणाली अधिक विश्वसनीय, शंटिंग आपरेशन के लिए सुरक्षित, लंबी मालगाड़ी की बेहतर हैंडलिंग, और लाइन क्षमता बढाने के लिए पूर्ण रूपेण कम्प्यूटरीकरण पर आधारित है।

डॉ महेश शर्मा ने 'स्वच्छ पर्यटन मोबाइल ऐप्प' का शुभारंभ किया है।

**अर्थव्यवस्था** | **खेल** | **विज्ञान** | **विविध**



**कैबिनेट ने 8000 करोड़ रुपये की ग्रामीण एलपीजी योजना को हरी झण्डी दी।**



**भारत ने छठी बार एशिया कप का खिताब जीता।**



**चीन के यान ने सबसे लम्बे समय तक चांद पर रहने का रिकार्ड बनाया।**



**विश्व के सर्वाधिक महंगे शहरों की सूची में लंदन प्रथम स्थान पर और मुम्बई 17वें स्थान पर रहा।**

- नव स्थापित कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से गाजियाबाद कानपुर रेलवे ट्रैक पर यातायात संचालन में सुधार हेतु अति आधुनिक केंद्रीकृत यातायात सेंटर प्रणाली विस्तार को प्रोत्साहन मिलेगा।
- इस परियोजना के अंतर्गत गाजियाबाद- कानपुर रेल खंड में दूरसंचार प्रणाली के आधुनिकीकरण पर **440** करोड़ रुपये की लागत आई।
- परियोजना को पूरा करने के लिए जर्मन विकास बैंक ने बड़े पैमाने पर आर्थिक सहायता दी।

## परिसीमन अधिनियम 2002 और जन प्रतिनिधित्वि अधिनियम 1950 में संशोधन को स्वीकृति

18 फरवरी

नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने परिसीमन अधिनियम **2002** की धारा **11** और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम **1950** की धारा **9** में संशोधन करने को स्वीकृति प्रदान की। इससे चुनाव आयोग को निर्धारित क्षेत्र में परिसीमन के लिए अधिकार प्राप्त हो जायेगा एवं पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का अधिकार प्राप्त होगा। यह **51** बांग्लादेशी परिक्षेत्रों और **111** भारतीय परिक्षेत्रों के आदान-प्रदान पर **31** जुलाई **2015** से निर्धारित नियमों के लिए प्रभावी होगा।



यह संविधान (**100**वां संशोधन) अधिनियम **2015** के अनुरूप है और इसके साथ ही संसद में निर्वाचन कानून (संशोधन) विधेयक **2016** के नाम से एक विधेयक पेश करने का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

### पृष्ठभूमि

- भारत और बांग्लादेश के बीच एक ऐतिहासिक संधि में **51** बांग्लादेशी परिक्षेत्रों तथा भारतीय क्षेत्र में **111** भारतीय परिक्षेत्रों पर **31** जुलाई **2015** से प्रभावी विमर्श किया गया।
- इससे पश्चिम बंगाल में स्थित कूच बिहार जिले के भूगोल और जनसांख्यिकी पर बदलाव दिखेगा।
- भौगोलिक और जनसांख्यिकीय बदलाव को ध्यान में रखते हुए परिसीमन अधिनियम, **2002** की धारा **11** और अधिनियम, **1950** की धारा **9** के अंतर्गत चुनाव आयोग ने संशोधन किये जाने की सिफारिश की। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले परिसीमन कर दिया जायेगा।

## आर्थिक मामलों पर कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने अतिरिक्त रेल लाइनों के निर्माण को स्वीकृति दी

18 फरवरी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों पर कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने अतिरिक्त रेल लाइनों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की। इसके अंतर्गत देश के विभिन्न हिस्सों में यात्री एवं माल ढुलाई दोनों की ही बढ़ती आवश्यकताों को पूरा करने के लिए छह रेल लाइनों और एक रेल पुल के निर्माण को स्वीकृति दी गई। उपरोक्त प्रस्ताव पर **10,700** करोड़ रुपये से भी अधिक की लागत आएगी और कुल खर्च के अधिकांश भाग को अतिरिक्त बजटीय संसाधनों के माध्यम से पूरा किया जाएगा।

### स्वीकृत परियोजनाएं:

(1) हुबली-चीकाजुर रेल लाइन का दोहरीकरण, (2) वर्धा (सेवाग्राम)-बल्लारशाह तीसरी रेल लाइन का निर्माण, (3) रमना-सिंगरौली रेल लाइन का दोहरीकरण, (4) अनूपपुर और कटनी के बीच तीसरी रेल लाइन का निर्माण, (5) कटनी-सिंगरौली रेल लाइन का दोहरीकरण और (6) अतिरिक्त पुल का निर्माण और रामपुर डुमरा-ताल-राजेन्द्रपुल की दोहरीकरण परियोजना।

**20 शहरों का पहला बैच 25 जून तक संबंधित स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का शुभारंभ करेगा।**

## आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन के बीच पारम्परिक औषधि हेतु समझौते को स्वीकृति

**18 फरवरी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), जिनेवा के बीच पारंपरिक औषधि के क्षेत्र में सहयोगात्मक गतिविधियां बढ़ाने हेतु समझौते को स्वीकृति प्रदान की।

### समझौते से होने वाले लाभ

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ लंबी अवधि के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता बढ़ाने और आयुष प्रणाली को ब्रांड बनाने में सहायता मिलेगी।
- आयुष और डब्ल्यूएचओ के बीच शिक्षा, कौशल विकास, कार्यशालाओं, प्रकाशनों और कार्यक्रमों के आदान-प्रदान के जरिए सदस्य देशों के बीच औषधि की आयुष प्रणाली के बारे में जागरूकता बढ़ाने की सुविधा होगी।
- डब्ल्यूएचओ पारम्परिक औषधि नीति 2014 से 2023 के कार्यान्वयन में सक्रियता बढ़ाने के लिए विशेष रूप से आयुष प्रणाली के संदर्भ में तीसरी पार्टियों के साथ सहयोग किया जाएगा।
- आयुष मंत्रालय की मौजूदा योजनाओं के अंतर्गत आवंटित बजट में से सहयोगात्मक गतिविधियों के लिए व्यय किया जाएगा।

लंबी अवधि के सहयोग के पहले कदम में भारत, डब्ल्यूएचओ को निम्नलिखित तकनीकी आलेख/प्रकाशन तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपेगा, जिससे भारतीय प्रणाली को बेहतर अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता दिलाने में सहायता मिलेगी

1) योग में प्रशिक्षण के लिए मानदंड, 2) आयुर्वेद चिकित्सा के लिए मानदंड, 3) यूनानी औषधि के लिए मानदंड, 4) पंचकर्म चिकित्सा के लिए मानदंड।

## विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अभिनव के क्षेत्र में सहयोग पर ब्रिक्स समझौते ज्ञापनपत्र पर हस्ताक्षर

**18 फरवरी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अभिनव के क्षेत्र में सहयोग पर ब्रिक्स समझौते ज्ञापनपत्र पर हस्ताक्षर की जानकारी दी। भारत ने तीसरी ब्रिक्स एसटीआई मंत्रिस्तरीय बैठक के अवसर पर ब्राजील के ब्राजीलिया में मार्च, 2015 में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अभिनव के क्षेत्र में सहयोग पर ब्रिक्स समझौते ज्ञापनपत्र पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते ज्ञापन पत्र का उद्देश्य ब्रिक्स देशों के बीच एसटीआई में साझा अनुभवों का उपयोग करते हुए समान वैश्विक और क्षेत्रीय समाजिक-आर्थिक चुनौतियों के समाधान के लिए एसटीआई में सहयोग के रणनीतिक प्रारूप को स्थापित करना है। भारत की ओर से विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय और अन्य ब्रिक्स देशों के समान मंत्रालय, नोडल मंत्रालयों/विभागों के रूप में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग पर ब्रिक्स समझौते ज्ञापन पत्र के उद्देश्यों को यर्थात रूप देने के लिए निर्धारित क्षेत्रों में सहयोग, प्रारूपों और तंत्रों को आपसी सहमति से तय करेंगे और ब्रिक्स देशों के बीच संबंधित राष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप संयुक्त निधीयन का निर्धारण किया जाएगा।

## भारत-म्यांमार समन्वित गश्त (आईएमसीओआर) और मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर हस्ताक्षर

**19 फरवरी**



भारत और म्यांमार के बीच जारी रक्षा संबंधों के अंतर्गत दोनों देशों की नौसेनाएं वर्ष 2013 से सामुद्रिक सीमा के साथ समन्वित गश्त लगाती आ रही हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए भारत-म्यांमार समन्वित गश्त (आईएमसीओआर) का चौथा संस्करण 13 फरवरी से 16 फरवरी 2016 तक अंडमान सागर में अंतर्राष्ट्रीय सामुद्रिक सीमा रेखा (आईएमबीएल) के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। चौथे आईएमसीओआर में भारतीय नौसेना के पोत सरयू और बितरा ने म्यांमार की नौसेना के पोत आंग जेया और एफएसी 563 के साथ भाग लिया। पोर्ट ब्लेयर में तीनों सेना के मुख्यालय की ओर से नौसेना अंग के कमांडर (नेवल कॉम्पोनेन्ट कमांडर) कमांडर गिरिश गर्ग ने भाग लिया। वे आईएनएस सरयू पर सवार थे।

चौथे आईएमसीओआर के समापन समारोह के दौरान भारत और म्यांमार के बीच आईएमसीओआर के लिए मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर भी हस्ताक्षर किए गए। इस दस्तावेज पर म्यांमार में भारत के राजदूत गौतम मुखोपाध्याय की मौजूदगी में भारतीय नौसेना की ओर से कमांडर अतुल आनंद वीएसएम और म्यांमार की नौसेना की ओर से कमांडर ऑंग जॉ हलाइंग ने हस्ताक्षर किए। म्यांमार वह तीसरा देश है जिसके साथ भारत ने सामुद्रिक समन्वित गश्त के लिए औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और यह भारत तथा म्यांमार के बीच बढ़ते नौसैनिक संपर्कों को भी परिलक्षित करता है।

एसओपी पर हस्ताक्षर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे लंबी सामुद्रिक सीमा साझा करने वाले दोनों मित्र देशों के बीच सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी में समन्वित गश्त को सुचारू ढंग से संपन्न करने में सहायता मिलेगी।

विनीत सरन को उड़ीसा उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है।

## केंद्र सरकार ने 6,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति दी
**20 फरवरी**



केंद्र सरकार ने छह राज्यों पंजाब, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और ओड़िशा के लिये 6,000 करोड़ रुपये की आठ राजमार्ग परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी। इन परियोजनाओं की स्वीकृति के साथ सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा इस महीने 34,000 करोड़ रुपये के निवेश वाली 37 परियोजनाओं को अब तक स्वीकृति दी जा चुकी है। मंत्रालय ने 350 किलोमीटर लंबाई की आठ परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। इस पर कुल 6,000 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

इनमें से छह का क्रियान्वयन ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) तरीके से तथा दो को हाइब्रिड एन्यूटी तरीके से किया जाएगा। हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण तथा बनाओ चलाओ और सौंप दो का मिला-जुला रूख है। इसमें सरकार तथा निजी कंपनी दोनों की परियोजना में भागीदारी होती हैं।

## वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों में जन उपयोगी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए आम स्वीकृति को विस्तार
**21 फरवरी**



वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में विकास जन्य गतिविधियों के महत्व को समझते हुए पर्यावरण और वन मंत्रालय ने अपने 13 मई 2011 में उल्लेखित आम अनुमोदन को 31 दिसंबर 2018 तक बढ़ा दिया है।

योजना आयोग द्वारा एकीकृत कार्य योजना कार्यान्वयन के लिए पहचान किए गए वामपंथी आतंकवाद से प्रभावित 60 जिलों में जन उपयोगी बुनियादी ढांचे के निर्माण को गति प्रदान करने के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय ने अपने 13 मई 2011 के पत्र द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 की धारा 2 के अंतर्गत सरकारी विभागों द्वारा महत्वपूर्ण जन उपयोगी बुनियादी ढांचे के सृजन के लिए आम स्वीकृति दी थी। लेकिन इसमें पांच एकड़ से अधिक वन भूमि को सम्मिलित न करने के लिए कहा गया था। इस प्रावधान को 117 वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों में आगे बढ़ाया गया था। यह अनुमोदन 31 दिसंबर 2015 तक वैध था।

स्कूलों, डिस्पेंसरियों/अस्पतालों, बिजली और दूरसंचार लाइनों, पेय जल परियोजनाओं, जल/वर्षाजल के संचयन, लघु सिंचाई, नहरों, ऊर्जा के गैर परंपरागत स्रोतों, कौशल उन्नयन, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों, पावर सब स्टेशनों, ग्रामीण सड़कों, और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस स्टेशनों/पुलिस चौकियों/सीमा चौकियों जैसे जन उपयोगी बुनियादी ढांचे के निर्माण के महत्व को ध्यान में रखते हुए यह आम स्वीकृति दी गई थी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय रर्बन मिशन का शुभारंभ
**21 फरवरी**



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव जिले के कुरुभात नामक स्थान से श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय रर्बन मिशन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि रर्बन मिशन 'ग्रामीण आत्मा और शहरी सुविधाओं' से युक्त कलस्टर आधारित विकास करने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि यह योजना स्मार्ट गांवों का निर्माण करके स्मार्ट शहरों की पहल की पूरक बनेगी। उन्होंने रर्बन कलस्टरों को आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बताया जो विकास को प्रोत्साहित करेंगे और आसपास के गांव में जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसका एक उदाहरण यह है कि यह महत्वपूर्ण रर्बन मिशन नई दिल्ली से आरंभ न होकर छत्तीसढ़ के राजनंदगांव जिले में कुरूभात से आरंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार को अब गांव और आदिवासी समुदायों के दरवाजे पर लाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने खुले में शौच मुक्त स्थिति प्राप्त करने के लिए आस-पास के इलाके के गांवों और समुदायों को बधाई दी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने इसी स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी का दौरा किया जिसमें विकास योजनाओं और हस्तशिल्प के कार्यान्वयन को प्रदर्शित किया गया है।

भारत-यूएई आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए सीआईआई ने दुबई-एक्सपोर्ट्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

## स्वच्छ पर्यटन मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया

22 फरवरी



केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति (स्वतंत्र प्रभार) तथा नागर विमानन राज्य मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने स्वच्छ पर्यटन मोबाइल ऐप लॉन्च किया।

यह परियोजना भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा डीईजीएस तथा एनआईसी के माध्यम से लागू की जा रही है।

यह मोबाइल ऐप स्वच्छ पर्यटन के रूप में गूगल सर्च इंजन पर उपलब्ध है।

शुरु में यह एनड्रॉयड फोन पर उपलब्ध है और शीघ्र ही यह एप्पल तथा माइक्रोसाफ्ट पर भी उपलब्ध होगा।

इस ऐप की मॉनिटरिंग पर्यटन मंत्रालय में स्वच्छ भारत मिशन की परियोजना निगरानी इकाई द्वारा की जाएगी।

इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि वैसे स्मारकों को स्वच्छ बनाए रखने में साधारण जन और पर्यटकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

लेकिन पर्यटन मंत्रालय ने जन साधारण को सहायता देने का निर्णय लिया ताकि लोग पर्यटन क्षेत्रों के आस दृपास के क्षेत्रों में गंदगी की शिकायत कर सकें।

इसीलिए पर्यटन मंत्रालय यह मोबाइल ऐप लांच कर रहा है।

उन्होंने कहा कि जब तक स्वच्छता के काम में सभी हितधारक योगदान नहीं करते तब तक ऐसी परियोजना सफल नहीं होगी।

इस मोबाइल ऐप पर नागरिक गंदे स्थानों के फोटो लेकर अपनी टिप्पणियों के साथ अपलोड कर सकते हैं।

इसके बाद यह एप्पीलिकेशन एएसआई के नोडल अधिकारी को एक एसएमएस भेजता है और बताए गए स्थान से गंदगी हटाई जाती है।

## भारत में 2015 में वायु प्रदूषण में चीन को पीछे छोड़ाः ग्रीनपीस

22 फरवरी




वर्ष **2015** में वायु प्रदूषण के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर कुछ चौंकाने वाले नतीजे सामने आए हैं।

पहली बार भारत में वायु प्रदूषण का स्तर चीन से अधिक रहा।

ग्रीनपीस द्वारा जारी किये गये नासा उपग्रह डेटा विश्लेषण के अनुसार, इस शताब्दी में पहली बार भारत को चीन की तुलना में अधिक वायु प्रदूषण झेलना पड़ा है।

चीन ने अपने यहां बुरी तरह प्रदूषित हो चुकी हवा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में बीते कुछ वर्षों में कई उपाय किए थे।

इन उपायों की वजह से वहां की हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, जबकि इस दौरान भारत का प्रदूषण स्तर पिछले दशक में लगातार बढ़ता गया है। अब यह स्तर बढ़कर चीन से आगे निकल गया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विश्व के **20** सबसे प्रदूषित शहरों में से **13** भारतीय हैं। अपनी राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक रैंकिंग रिपोर्ट में ग्रीनपीस ने बताया था कि राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक वाले **17** शहरों में **15** शहरों का प्रदूषण स्तर भारतीय मानकों से बहुत अधिक है। यह रिपोर्ट बताती है कि देश भर के **32** स्टेशनों में **23** स्टेशन में वायु प्रदूषण का स्तर राष्ट्रीय मानक से **70** प्रतिशत अधिक दर्ज किया गया।

वायु प्रदूषण से लड़ने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि सार्वजनिक क्षेत्र में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए एक मजबूत प्रणाली लायी जाए जो लोगों को उनके स्वास्थ्य संबंधी खतरों से बचने के लिये सुरक्षात्मक कदम उठाने के बारे में जानकारी दे।

इसके अलावा सरकार खराब वायु प्रदूषण वाले दिनों में रेड अलर्ट जारी करे और लंबी अवधि के लिये नीतिगत निर्णय लिए जाय।

## भारत फिर से विश्व में हथियारों का सबसे बड़ा आयातक

23 फरवरी



स्टॉकहोम स्थित एक थिंक टैंक-स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट-सिपरी के अनुसार, भारत एक बार फिर से विश्व में हथियारों का सबसे बड़ा आयातक देश बन गया है।

दूसरी ओर इस मामले में रुस विश्व का सबसे बड़ा निर्यातक देश बन गया है।

भारत का **70** प्रतिशत बाजार रुस के भाग में है। सिपरी के अनुसार, विश्व भर में आयात किए जा रहे हथियारों का **14** प्रतिशत भारत आयात करता है।

यह प्रतिशत भारत और चीन से तीन गुना अधिक है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि **2011-15** के बीच शीर्ष **10** हथियार आयातक

निकोल किडमैन ने लंदन के व्हाट्स ऑन स्टेज पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है।

देशों में से 6 एशियाई और ओसियान देश है। वैश्विक आयात के 14 प्रतिशत के साथ भारत पहले नंबर पर, 4.7 प्रतिशत आयात के साथ चीन दूसरे नंबर पर, 3.6 प्रतिशत के साथ ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर और 3.3 प्रतिशत के साथ पाकिस्तान चौथे स्थान पर है।

चीन के हथियारों का सबसे बड़ा बाजार पाकिस्तान है।

चीन के कुल हथियारों के निर्यात का 35 प्रतिशत हिस्सा पाकिस्तान खरीदता है।

चीन के हथियारों के निर्यात का 20 प्रतिशत बांग्लादेश और 16 प्रतिशत म्यांमार खरीदता है। गौर करने वाली बात यह है कि ये तीनों ही देश भारत के पड़ोसी हैं।

2011-15 के बीच चीन ने पाकिस्तान को 2,988 मिलियन डॉलर के हथियार बेचे हैं।

बांग्लादेश ने 1,650 मिलियन डॉलर और म्यांमार ने 1,338 मिलियन डॉलर की राशि के हथियार चीन से खरीदे हैं।

भारत के पड़ोसी देशों को हथियारों की आपूर्ति के पीछे चीन की गहरी चाल है।

चीन बेहद आसान कर्ज और कम कीमतों पर भारत के पड़ोसी देशों को हथियार उपलब्ध कराता है।

थिंक टैंक ने भारत द्वारा इतने बड़े पैमाने पर हथियार खरीदने का कारण भी बताया है। कारण यह है कि भारतीय हथियार उद्योग अभी तक स्वदेशी डिजाइन वाले प्रतियोगी हथियार बनाने में असफल रहे हैं।

इस क्षेत्र में हालिया विकास के रुप में अमेरिका का भारत को हथियार के आपूर्तिकर्ता के रुप में विकसित होना है।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अंतर्राष्ट्रीय हथियार हस्तांतरण में रूझान नामक अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2006-10 के मुकाबले 2011-15 में हथियारों के आयात में 90 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

वर्ष 2013, 2014, 2015 में भारत विश्व का सबसे बड़ा हथियार आयातक रहा है।

## रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) पर 3 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**23 फरवरी**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी.नड्डा ने नई दिल्ली में रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) का मुकाबला करने के बारे में आयोजित 3 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

यह देखते हुए कि एएमआर आज विश्व के सामने एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती पैदा कर रहा है, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एएमआर की समस्या से निपटने के लिए पहली आवश्यकता यह है कि एंटीबायोटिक दवाओं की आवश्यकता से बचा जाए। स्वच्छता भारत कार्यक्रम के माध्यम से सरकार ने स्वच्छता और सफाई में सुधार के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इंद्रधनुष मिशन के अंतर्गत भारत ने अगले कुछ वर्षों के दौरान 90 प्रतिशत नियमित प्रतिरोधीकरण करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध उपयोग के कारण विश्व के सभी देशों में गंभीर आर्थिक परिणामों की ओर भी इशारा किया। एंटीबायोटिक के बढ़ते हुए दुरुपयोग का मुकाबला करने के लिए उन्होंने ऐसी दवाइयों की उचित पर्ची, दवाई की पर्चियों की लेखा परीक्षा, मरीजों की चिकित्सा इतिहास का डिजिटल भंडार जैसे उठाए जाने वाले प्रमुख उपायों पर जोर दिया। उन्होंने इस समस्या से निपटने के लिए अन्य देशों के साथ काम करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता और संकल्प को भी दोहराया।

## भारत, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील के मध्य आईबीएसएएमएआर अभ्यास गोवा में आरम्भ

**26 फरवरी**

ब्राजील, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आईबीएसएएमएआर अभ्यास का पांचवां संस्करण गोवा में आरम्भ हुआ। पहली बार आईबीएसएएमएआर अभ्यास भारतीय समुद्री क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले सभी पिछले संस्करण दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किए गए। अभ्यास का प्राथमिक उद्देश्य तीन देशों भारत, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील की नौसेनाओं के बीच परस्पर कार्यक्षमता में वृद्धि करने व समुद्री सुरक्षा संचालन के क्षेत्र में आम समझ और प्रक्रियाओं को विकसित करना है।

### पांचवें आईबीएसएएमएआर के प्रमुख तथ्य-

- आईबीएसएएमएआर अभ्यास के पांचवें चरण में हार्बर फेज और सागर फेज के दौरान समुद्र में परिचालन गतिविधियों की एक विविध रेंज विकसित करना है।
- 2016 में समुद्री अभ्यास का मुख्य विषय पनडुब्बी रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू), भूतल गोलीबारी, हवाई सुरक्षा, विजित बोर्ड सर्च एंड सीजर (वीबीएसएस), फ्लाइंग संचालन, खोज व सुरक्षा और सामरिक प्रक्रियाएं होगा।
- आईएनएस त्रिशूल और आईएनएस शल्की, रडार से बच निकलने वाला फ्रिगेट, शिशुमर श्रेणी की पनडुब्बी, स्वदेश निर्मित और डिजाइन मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस मुंबई भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व करेगा।
- ब्राजील की नौसेना के विशेष बल के साथ ब्राजील के नौसेना जहाज अमेशनेस, कमांडर अलेसंदर फीलिप इमामुरा कार्नेइरो के नेतृत्व में ब्राजील का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- दक्षिण अफ्रीकी नौसेना दक्षिण अफ्रीका के नेवल शिप एसएएस स्पिओकोप, विशिष्ट हेलीकाप्टर और विशेष बलों के साथ कप्तान एमए बाउचर की कमान में प्रतिनिधित्व करेगी।

### आईबीएसएएमएआर बारे में-

- यह भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका की नौसेनाओं के बीच नौसैनिक अभ्यास की एक श्रृंखला है।
- नाम आईबीएसएएमएआर भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका समुद्री का एक संक्षिप्त नाम है।
- यह अभ्यास 2006 में आरंभ किया गया था।
- आईबीएसएएमएआर चतुर्थ अक्टूबर 2014 में दक्षिण अफ्रीका के तट पर किया गया था।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 शहर भारत के हैं।

## गोवर्धन मेहता को जर्मनी के 'द क्रॉस ऑफ ऑर्डर ऑफ द मेरिट' से सम्मानित — 26 फरवरी



रसायन विज्ञान के प्रसिद्ध शोधकर्ता गोवर्धन मेहता को जर्मनी के 'द क्रॉस ऑफ ऑर्डर ऑफ द मेरिट' से सम्मानित किया गया।

इसे जर्मनी के संघीय गणराज्य के राष्ट्रपति थियोडोर हियूज़ द्वारा वर्ष **1951** में स्थापित किया गया था। यह पुरस्कार राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक तथा स्वयं सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए जर्मनी के संघीय गणराज्य के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है।

ऑर्डर ऑफ मेरिट जर्मन नागरिकों के अतिरिक्त विदेशियों को भी दिया जा सकता है। इसके साथ कोई आर्थिक पुरस्कार नहीं दिया जाता।

## आईओसीआर, बीआईएसएजी और टेली मेडिसिन परियोजना का उद्घाटन — 27 फरवरी



केन्द्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) मुख्यालय का दौरा किया और समेकित ऑपरेशन नियंत्रण कक्ष (आईओसीआर) का उद्घाटन किया।

इस नए सिस्टम में घटनास्थल से ऑनलाइन प्राप्त होने वाले आंकड़ों को उपग्रह के चित्रपट के साथ समेकित किया जाता है। इसके बाद बेहतर संयोजन के लिए त्रिआयामी दीवार पर डाला जाता है। इस संशोधित सिस्टम से नियंत्रण कक्ष को प्रतिक्रिया करने में सक्षम बनाएगा।

इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने भस्काराचार्य इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लीकेशन एंड जियो इंफोरमेटिक्स (बीआईएसएजी) परियोजना का भी उद्घाटन किया। यह खासतौर से गुजरात में काम करने वाला उपग्रह संचार प्लेटफार्म है।

सीमा सुरक्षा बल इस सुविधा का प्रयोग सीमा के आउटपोस्ट (बीओपीज) के लिए समर्पित संचार लिंक के रूप में कल्याणकारी, प्रशासनिक और स्वास्थ्य से संबंधित प्रसारणों के लिए करता है।

इसी दौरान सिंह ने बीएसएफ के एक अन्य विकसित परियोजना टेली - मेडिसिन का भी उद्घाटन किया।

इस परियोजना के जरिये ऐसे जवानों को अब दिल्ली से सुपर स्पेशलिस्टों की सलाह मिल पाएगी।

केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने बीएसएफ मुख्यालय में 'ए सोल्जरस डायरी' नामक डाक्यूमेंट्री का भी विमोचन किया।

इस डाक्यूमेंट्री में सीमा के जवानों द्वारा की जा रही आत्महत्या पर चर्चा की गई है।

इस मुद्दे पर काफी शोध के बाद सीमा पर जवानों द्वार की जा रही आत्महत्या के संभावित कारणों और इसके निदान के लिए एनएफडीसी की सहायता से इस डाक्यूमेंट्री को तैयार किया गया है।

## रेसुल पुकुट्टी को गोल्डन रील अवॉर्ड — 29 फरवरी

ऑस्कर विजेता रेसुल पुकुट्टी को हाल ही में चर्चित डॉक्यूमेंट्री 'इंडियाज डॉटर' के लिए गोल्डन रील अवार्ड से नवाजा गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन लॉस एंजेलिस में किया गया था।

रेसुल ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा, ''हमने गोल्डन रील अवाड्र्स में 'इंडियाज डॉटर' के लिए पुरस्कार जीता है। एशिया में पहली बार भारत को गोल्डन रील अवार्ड मिला है।'' पुकुट्टी ने यह अवार्ड दुष्कर्म पीड़िता 'निर्भया' को समर्पित किया है।

पुकुट्टी को मोशन पिक्चर्स एडिटर्स **63**वें वार्षिक गोल्डन रील अवाड्र्स में दो श्रेणियों में नामांकन मिला था। उन्हें ये नामांकन 'अनफ्रीडम' और 'इंडियाज डॉटर' फिल्मों के लिए मिले थे। इन दोनों फिल्मों पर भारत में रोक लगी हुई हैं। पुकुट्टी को सर्वश्रेष्ठ ध्वनि एवं संगीत संपादन टीवी वृत्तचित्र लघु प्रारूप का पुरस्कार मिला है।

## नई दिल्ली में पहला रायसेना डायलॉग सम्पन्न — 01 मार्च

विदेश मंत्री सुषमा स्वराज नई दिल्ली में पहले रायसीना डायलॉग का उद्घाटन करेंगी। रायसीना डायलॉग को एशिया के देशों को जोड़ने के अवसरों और संभावनाओं की खोज के लिए तैयार किया गया है। इस सम्मेलन में एशिया के भौतिक, आर्थिक, मानवीय और डिजिटल संपर्कों पर ध्यान दिया जायेगा। तीन दिन के इस सम्मेलन में लगभग **40** देशों के साढ़े चार सौ से ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इनमें श्रीलंका की पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिका भंडारनायके और अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई भी सम्मिलित हैं।

''भारतीय सिक्के और मुद्रा'' पर एक प्रदर्शनी का नई दिल्ली में ग्रेट हॉल में उद्घाटन किया गया।

## विज्ञान पत्रकार बागला को राष्ट्रीय पुरस्कार

02 मार्च



प्रख्यात विज्ञान पत्रकार पल्लव बागला को टेलीविजन पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार में अपने प्रयासों के लिए एक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन ने 'इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य' के लिए बागला को राष्ट्रीय पुरस्कार के तहत एक प्रशस्ति पत्र, स्मारक चिन्ह और नकद राशि प्रदान की ।

राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं संचार परिषद द्वारा आयोजित एक समारोह में बोलते हुए मंत्री ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में छात्रों के रूचि के लिये उनका मंत्रालय देश के नामी गिरामी वैज्ञानिकों की जिंदगी पर आधारिक एक किताब लाने की प्रक्रिया में है। हर्षवर्धन ने कहा कि विशेषज्ञों की एक टीम मेघनाद साह से लेकर श्रीनिवास रामानुजन जैसे भारत के महान वैज्ञानिकों की जिंदगी का अध्ययन कर रही है।

उन्होंने कहा कि महान भारतीय वैज्ञानिकों के बारे में पढ़कर छात्र विज्ञान के क्षेत्र में पेशेवर करियर बनाने के लिए प्रेरित होंगे।

## सेतु भारतम परियोजना को प्रधानमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

04 मार्च




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेतु भारतम परियोजना की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने की बात कही। इस दौरान प्रधानमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और उसके लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अगर देश को विकास के पथ पर दौड़ाना है तो उसके लिए सड़कों का विकास बहुत महत्वपूर्ण हैं।

मोदी ने सड़क के अतिरिक्त रेल, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। मोदी ने रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के बारे में भी चर्चा की। सेतु भारतम परियोजना को अगले चार वर्ष (2019) तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## नैसकॉम ने भारतीय सार्वजनिक पुस्तकालय आंदोलन शुरू किया

07 मार्च



नैसकॉम ने भारतीय सार्वजनिक पुस्तकालय आंदोलन (आईपीएलएम) शुरू किया। देश के सार्वजनिक पुस्तकालय डिजिटल प्रौद्योगिकी का फायदा उठाते हुए लाखों भारतीय जा सकते हैं, जिनके पास कम्प्यूटर और इंटरनेट की सुविधा नहीं है। अभियान के तहत शुरू में **300** जिला-स्तरीय पुस्तकालयों के **10** लाख पाठकों तक पहुंच बनाई जाएगी और उन्हें कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसी सेवा देकर डिजिटल रूप से कुशल बनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा विभाग में विशेष सेवा अधिकारी सांत्वना तिवारी ने कहा, "बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने राज्य के सात सरकारी पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण वाली एक पायलट परियोजना में सहायता की है। इसका विस्तार किया जाएगा, जिसमें **16** अन्य सरकारी पुस्तकालयों को सम्मिलित किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने आईपीएलएम के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।"

## कोच्चि, भुवनेश्वर और कोयंबटूर को स्मार्ट सिटी बनाने में सहायता करेगा जर्मनी

08 मार्च

जर्मनी भुवनेश्वर, कोयंबटूर और कोच्चि को स्मार्ट सिटी बनाने में सहायता करेगा। इस आशय की घोषणा की गई। जर्मनी के पर्यावरण, प्रकृति संरक्षण, निर्माण और परमाणु सुरक्षा सचिव गुंथर एडलर ने यहां कहा, "जर्मनी के भारत के महत्वाकांक्षी स्मार्ट सिटी कार्यक्रम में सहायता करना चाहता है। इसलिए उनका मंत्रालय जर्मनी के उन कंपनियों की पूरी सहायता करेगा जो भारत के शहरों में अपने भारतीय साझीदारों के साथ इस योजना को लागू करने में सहायता करेंगे।"

उन्होंने कहा कि भारत की सरकार ने पिछले वर्ष जर्मनी को स्मार्ट सिटी कार्यक्रम में सहभागी बनने का आमंत्रण दिया था। उन्होंने कहा, "हम भुवनेश्वर कोयंबटूर और कोच्चि को स्मार्ट सिटी बनाने में सहायता करने की घोषणा करते हैं। ये **100** स्मार्ट सिटी के पहले चरण में चुने गए शहरों में सम्मिलित हैं।"

एडलर दो दिनों की यात्रा पर भारत आएं थे। उन्होंने शहरी विकास मंत्रालय के सचिव मधुसूदन प्रसाद और आवास व शहरी गरीबी हटाओ मंत्रालय की सचिव नंदिता चटर्जी के साथ मुलाकात की। उन्होंने इसके अतिरिक्त भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

भारत में जर्मनी की उच्चाधिकारी मार्टिन ने कहा भारत के स्मार्ट सिटी परियोजना को साकार करने के लिए जर्मनी एक आर्दश सहयोगी है।

अमर सिंह, मलेशिया में सर्वोच्च स्थान पर नियुक्त किये जाने वाले सिख पुलिस अधिकारी बन गये हैं।

## भारत-इंडोनेशिया संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास गरूड़ शक्ति-4

09 मार्च



भारत और इंडोनेशिया के बीच सैन्य कूटनीति के एक हिस्से के तौर पर बारी-बारी से संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास गरूड़ शक्ति का आयोजन किया जाता है। यह अभ्यास पारस्परिक आधार पर आयोजित होता है। पहली बार वर्ष 2012 में भारत में इसका आयोजन किया गया था। इसके दूसरे संस्करण का आयोजन वर्ष 2013 में इंडोनेशिया और तीसरे संस्करण का आयोजन वर्ष 2014 में भारत में किया गया। इस संयुक्त सैन्य अभ्यास का उद्देश्य भारत और इंडोनेशिया की सेनाओं के बीच सकारात्मक संबंधों का निर्माण करना और उन्हें बढ़ावा देना है।

दोनों देशों के बीच 13 दिन तक चलने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास के इस चौथे संस्करण का आयोजन इंडोनेशिया के मेगेलांग में 10 से 23 मार्च, 2016 के बीच किया जाएगा। इसमें भारतीय सेना का एक मजबूत दस्ता इंडोनेशिया की एयरबोर्न बटालियन के साथ मिलकर अभ्यास करेगा। इस अभ्यास के लिए चुने गए भारतीय सेना का दस्ते को उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्रों में विभिन्न उग्रवाद रोधी और आतंकवाद निरोधक अभियानों का अनुभव हासिल है। भारतीय दस्ते को इस संयुक्त अभ्यास में सम्मिलित होने से पूर्व कड़ी प्रशिक्षण प्रक्रिया से गुजरना पड़ा है। इसमें लड़ाई के हालात, गोलीबारी, सामरिक ऑपरेशन, सामरिक कौशल और विशेष हैलीबोर्न ऑपरेशन का प्रशिक्षण सम्मिलित है।

प्रशिक्षण एवं अभ्यास के तौर तरीकों के समन्वय के लिए इंडोनेशिया के योगकार्ता में 22-23 सितंबर, 2015 को एक अभ्यास योजना सम्मेलन का आयोजन भी किया गया था। इस सम्मेलन के दौरान दोनों देशों की सेनाओं ने संयुक्त प्रशिक्षण के तौर तकरीकों को अंतिम रूप दिया और एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अभ्यास का ऑपरेशनल हिस्सा दोनों सेनाओं द्वारा व्यक्तिगत तौर पर अपने-अपने देशों में अपनी सेना का प्रशिक्षण करना था ताकि इंडोनेशिया में संयुक्त अभ्यास के दौरान इस विशेषज्ञता को एक दूसरे के साथ साझा किया जा सके। इस संयुक्त अभ्यास का उद्घाटन समारोह 11 मार्च 2016 को होगा। भारतीय सैन्य दस्ता संयुक्त अभ्यास स्थल इंडोनेशिया के मेगेलांग में अपने हथियारों, उपकरणों, सामरिक ड्रिल के साथ पहुंचेगा और खुद को वहां के हालात के अनुरूप ढालेगा।

## राष्ट्रपति ने 'नारी शक्ति पुरस्कार-2015' प्रदान किए

09 मार्च

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने नारी शक्ति पुरस्कार-2015 प्रदान किए। ये पुरस्कार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय प्रतिवर्ष महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में शानदार योगदान करने वाले संस्थानों और व्यक्तियों को देता है।



इस अवसर राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने कहा कि आज के युग में भी महिलाओं को बर्बर आचरण और हिंसा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हम सबको, सरकार को और सिविल सोसायटी को यह शपथ लेनी चाहिए कि हम अपनी माताओं और बहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानूनी, प्रशासनिक और अन्य उपायों का मिलकर विकास करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं के विकास में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जमीनी स्तर पर शानदार काम हुआ है और इसे भारत सरकार की योजनाओं में अपनाया जाना चाहिए। महिलाओं के आमूल अधिकारिता के लिए काम करना बहुत जरूरी है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती मेनका संजय गांधी ने कहा कि नारी शक्ति पुरस्कार राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किए जाने वाला अत्यंत प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार है, जो उन लोगों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने महिलाओं की दशा में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए शानदार काम किया हो। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी नीतियों और योजनाओं में महिलाओं के अधिकार तथा लैंगिक समानता को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम से लड़कियों के प्रति लोगों का नजरिया बदल गया है।

संस्थानों को प्रदान किए जाने वाले नारी शक्ति पुरस्कार के छह वर्ग हैं, जिनके नाम रानी रुद्रम्मा देवी, माता जीजाबाई, कन्नागी देवी, रानी गायदिनलियू जेलियांग, देवी अहिल्याबाई होल्कर और रानी लक्ष्मीबाई हैं।

इसी तरह व्यक्तिगत पुरस्कारों के दो वर्ग हैं, जिनके अंतर्गत साहस एवं बहादुरी, महिलाओं के प्रयास/सामुदायिक कार्यध्महिला सशक्तिकरण के लिए पुरस्कार दिए जाते हैं।

नारी शक्ति पुरस्कार के अंतर्गत संस्थानों को दो लाख रुपए नकद और प्रमाण पत्र तथा व्यक्तिगत वर्ग में एक लाख रुपए नकद और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं।

## सरकार ने शिकारी पक्षियों के संरक्षण संबंधी सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

10 मार्च

सरकार ने अफ्रीका तथा यूरेशिया की शिकारी पक्षियों के संरक्षण के लिए शिकारी पक्षी सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। शिकारी पक्षियों में 76 प्रकार के पक्षी आते हैं। इनमें गिद्ध, बाज, चील, उल्लू और आक्रमक बाज सहित 46 प्रजातियां भारत में पाई जाती है। सहमति ज्ञापन पर 7 मार्च, 2016 को आबूधाबी में संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत श्री टी.पी. सीतारमण ने हस्ताक्षर किया। भारत शिकारी पक्षी सहमति

पाकिस्तान की संसद, पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर चलने वाली दुनिया की पहली संसद बन गयी है।

ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाला 56वां देश है। शिकारी पक्षी सहमति ज्ञापन 22 अक्टूबर, 2008 को पूरा हुआ था और यह 1 नवंबर, 2008 से प्रभावी हुआ। शिकारी पक्षी सहमति ज्ञापन प्रवासी प्रजाति कार्यालय समझौता का हिस्सा है और कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 30 दिसंबर, 2015 को अफ्रीका तथा यूरेशिया के शिकारी पक्षियों के संरक्षण के लिए शिकारी पक्षी सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के पर्यावरण, वन तथ जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रस्ताव को स्वीकार किया था।

## भारत और अमेरिका ने फुलब्राइट-कलाम जलवायु फैलोशिप की शुरआत की

**12 मार्च**



भारत और अमेरिका ने जलवायु परिवर्तन पर द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से एक नई पहल करते हुए फुलब्राइट-कलाम जलवायु फैलोशिप की शुरआत की है। यह फैलोशिप जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में भारतीय शोधार्थियों को अमेरिकी संस्थानों में काम करने का अवसर मुहैया कराएगी ।

एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, संयुक्त रूप से दोनों देशों की सरकारों द्वारा दिये जाने वाले इस फैलोशिप के लिए आवेदकों के आवेदन पहली बार मांगे गए। इसके अंतर्गत 6 भारतीय पीएचडी छात्रों और पोस्ट-डॉक्टरल शोधकर्ताओं को 6 से 12 महीनों की अवधि के लिए अमेरिकी संस्थानों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा ।

फैलोशिप का नाम दिवंगत भारतीय राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया है और यह अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दोनों देशों में जलवायु परिवर्तन से संबंधत मुद्दों का समाधान करने के लिए दीर्घकालिक क्षमता निर्माण के लिए की गई प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है।

प्रतिष्ठित फुलब्राइट कार्यक्रम के अंतर्गत यूएस-इंडिया एजुकेशनल फाउंडेशन ःयूएसआईईएफः इस फैलोशिप का संचालन करेगी।

एक वैज्ञानिक और राजनेता रहे कलाम ने भारत और अमेरिका के लोगों के बीच संबंधों को बढ़ाने का जोरदार समर्थन किया था।

## इसरो के छठे नेवीगेशन सैटेलाइट का श्रीहरिकोटा से सफल प्रक्षेपण

**11 मार्च**

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के छठे नेविगेशन उपग्रह आईआरएनएसएस-1एफ का सफल प्रक्षेपण पीएसएलवी सी32 के द्वारा हुआ। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के छठे नेविगेशन उपग्रह आईआरएनएसएस-1एफ का सफल प्रक्षेपण पीएसएलवी सी32 के द्वारा किया। अंतरिक्षीय कचरे की वजह से यह एक मिनट की देरी से लॉन्च हुआ। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान रूपीएसएलवीरू सी-32 ने श्रीहरिकोटा



के स्पेसपोर्ट में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से आईआरएनएसएस-1एफ को लेकर उड़ान भरी, जिसका उद्देश्य अमेरिकी ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के अनुरूप सही नेविगेशन सुविधा देना है।

इसरो भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (आईआरएनएसएस) के अंतर्गत पांच उपग्रहों का प्रक्षेपण कर चुका है। इसरो के एक अधिकारी ने कहा कि आईआरएनएसएस प्रणाली का परिचालन शुरू करने के लिए चार उपग्रह पर्याप्त होंगे, वहीं बाकी तीन इसे और अधिक सटीक और सक्षम बनाएंगे। अधिकारी ने बताया, चार उपग्रहों के प्रक्षेपण के साथ हम 18 घंटे तक नेविगेशन प्रदान करने में सक्षम थे। लेकिन पांचवें प्रक्षेपण के बाद हमारी क्षमता 20 मीटर तक सटीकता के साथ 24 घंटे की हो गई। छठा उपग्रह आईआरएनएसएस-1एफ और सातवां उपग्रह (आईआरएनएस-1जी) इस मामले में और सटीक तथा सक्षम होंगे। इसरो के वैज्ञानिकों ने सभी सात नेविगेशन उपग्रहों को मार्च 2016 तक कक्षा में स्थापित करने की योजना बनाई है। इस लिहाज से सीरीज का अंतिम उपग्रह इस महीने के अंत में भेजा जा सकता है।

## कोर बैंकिंग सुविधा बीस हजार डाकघरों में शुरू

**15 मार्च**

देशभर में 20,106 डाकघरों को कोर बैंकिंग सुविधा (सीबीएस) से आपस में कनैक्ट कर दिया गया है। इससे डाकघरों के खाताधारक किसी भी डाकघर से अपने खाते में लेनदेन कर सकते हैं। मई 2014 में सिर्फ 230 डाकघर इससे जुड़े थे। डाक विभाग के आइटी आधुनिकीकरण के प्रोजेक्ट के अंतर्गत कोर बैंकिंग सुविधा विकसित की जा रही है। डाकघरों में आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करके इसकी तमाम सेवाओं को आइटी इनेबल्ड बनाया जा रहा है।

डाक विभाग ने अपने सभी कार्यालयों को सीबीएस से जोड़ने के अतिरिक्त एटीएम लगाने और इंटरनेट बैंकिंग सेवा शुरू करने का कार्यक्रम चला रखा है। डाक विभाग को भारतीय रिजर्व बैंक से पेमेंट बैंक स्थापित करने के लिए भी 7 सितंबर 2015 को सैद्धांतिक अनुमति मिल गई है। डाक विभाग को 18 महीने में पेमेंट बैंक शुरू करना है। विभाग को पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड (पीआइबी) से फंड के लिए स्वीकृति मिल गई है। इसकी प्रक्रिया पर काम हो रहा है। इसके बाद आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी इस पर स्वीकृति देगी। डाक विभाग अपने 25,406 डाकघरों में कोर इंश्योरेंस सुविधा भी दे रहा है। उसने अपने 576 डाकघरों में एटीएम भी लगाए हैं।

भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा आयातक है।




## झारखंड राज्य के प्रथम मेगा फूड पार्क का रांची में शुभारंभ

16 फरवरी




झारखंड राज्य के प्रथम मेगा फूड पार्क का रांची में शुभारंभ हुआ। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने रांची जिले के गेटलसूद गांव में इस पार्क का उद्घाटन किया। झारखंड में खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के विकास को गति देने के लिए मेसर्स झारखंड मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड की ओर से राज्य के पहले मेगा फूड पार्क का शुभारंभ हुआ।यह मेगा फूड पार्क **51.50** एकड़ क्षेत्र में बना है और इस पर निर्माण परियोजना लागत **114.73** करोड़ रुपए आई है। इस परियोजना से किसानों को अपने उत्पादों की बेहतर कीमत तो मिलेगी ही, उनके उत्पाद कम-से-कम खराब होंगे। इसके अतिरिक्त, कृषिगत उत्पादों और उद्यमशीलता के व्यापक अवसर पैदा होने से राज्य के युवाओं को रोजगार मिलेगा। इससे झारखंड के लगभग **30** हजार किसानों को लाभ मिलेगा।

## योगेश कुमार त्यागी दिल्ली यूनिवर्सिटी के कुलपति नियुक्त

16 फरवरी



साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नए कुलपति नियुक्त किए गए हैं। राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने उनके पास भेजे गए चार व्यक्तियों के पैनल से उनके नाम पर मुहर लगायी थी। पिछले हफ्ते मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने राष्ट्रपति के पास चार नाम अंतिम चयन के लिए भेजे थे जो केन्द्रीय यूनिवर्सिटी के विजिटर के रूप में अंतिम चयन करते हैं। साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के विधि संकाय के डीन त्यागी के अतिरिक्त पैनल में जेएनयू के प्रोफेसर रामेश्वर नाथ कौल बामेजई, पूर्व आईआईटी प्रोफेसर एवं यूपीएससी सदस्य हेमचंद गुप्ता और डीयू के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर विद्युत चक्रवर्ती के नाम थे। त्यागी इस पद के लिए दौड़ में सबसे आगे थे क्योंकि वह मानव संसाधन विकास मंत्रालय की पसंद थे। पहले, ऐसी खबर आयी थी कि जेएनयू के कुलपति की नियुक्ति के समय राष्ट्रपति ने मंत्रालय की वरीयता को नजरअंदाज किया था और आईआईटी प्रोफेसर एम जगदेश कुमार को इस पद पर नियुक्त किया। त्यागी दिनेश सिंह का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम पर विवाद के साये में रहा।

## हरियाणा सरकार एवं दक्षिण कोरियन राज्य चुंगचेओंगबक के मध्य तकनीकी विकास हेतु समझौता

17 फरवरी

दक्षिण कोरियन राज्य चुंगचेओंगबक एवं हरियाणा के मध्य राज्य स्तर पर द्विपक्षीय संबंध दृढ़ बनाने हेतु समझौता किया गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दक्षिण कोरिया के प्रतिनिधिमंडल का प्रस्ताव स्वीकार करते हुए दोनों राज्यों के बीच समझौते को स्वीकृति प्रदान की। दक्षिण कोरियन राज्य चुंगचेओंगबक के सेक्शन प्रमुख ली इकसू ने प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई की।

इसके अतिरिक्त खट्टर ने दक्षिण कोरिया के व्यापारियों एवं निवेशकों को **7** से **8** मार्च **2016** तक चलने वाले हेपेनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-**2016** के लिए भी आमंत्रित किया।

## आईआईपीई और आंध्र विश्विद्यालय ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए

19 फरवरी



भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) ने विशाखापत्तनम में भारतीय पेट्रोलियम और ऊर्जा संस्थान (आईआईपीई) की स्थापना की है, जिसका उल्लेख आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम (**2014**) में किया गया है और जिसे पेट्रोलियम एवं ऊर्जा के सभी क्षेत्रों से जुड़ी शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण में राष्ट्र को आगे ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शैक्षणिक वर्ष **2016-17** के दौरान आईआईपीई सत्र आरंभ करने के लिए आईआईपीई और आंध्र विश्विद्यालय ने **4** फरवरी, **2016** को एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। यह एमओयू तीन वर्ष से लेकर उस समय तक के लिए किया गया है जब तक कि आईआईपीई अपने परिसर में बुनियादी ढांचा स्थापित न कर ले।

वर्ष **2016-17** के सत्र के दौरान एयू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (ए) के संसाधनों का इस्तेमाल करना आरंभ हो जाएगा, जिनमें एयू का व्याख्यान कक्ष, शिक्षण प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, कार्यशालाएं, कार्यालय क्षेत्र, तकनीकी सुविधाएं इत्यादि सम्मिलित हैं।

आंध्र विश्विद्यालय ने आईआईपीई के परिचालन के लिए ज्ञान एवं संसाधनों के मामले में हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने इस एमओयू में अपनी ओर से सहायता प्रदान की है।

हारवर्ड विश्वविद्यालय ने अभिनेत्री लूसी लियू को विश्वविद्यालय के वर्ष के कलाकार के रूप में सम्मानित किया है।

## कलिखो पुल ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली

**20 फरवरी**



कलिखो पुल ने अरुणाचल प्रदेश के नौवें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। राज्यपाल जे पी राजखोवा ने राजभवन में पुल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पुल को 18 बागी कांग्रेस विधायकों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 11 विधायकों और दो निर्दलीय विधायकों का बाहर से समर्थन प्राप्त है।

पुल हेयूलियांग विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। अरुणाचल प्रदेश में कांग्रेस के 14 विधायकों को विधान सभा स्पीकर नबाम रेबिया ने जून 2015 में निलंबित कर दिया था। इसी के बाद वहां राजनीतिक संकट पैदा हुआ। दिसंबर 2015 में डिप्टी स्पीकर टीएन थोंगडॉक ने मुख्यमंत्री नबाम तुकी के साथ व्यक्तिगत संबंध के कारण स्पीकर के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। 26 जनवरी 2016 राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने अरुणाचल प्रदेश पर राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश को स्वीकृति दे दी।

## विनीत शरण बने ओडिशा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

**21 फरवरी**



कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश विनीत शरण ने ओडिशा हाईकोर्ट के 29वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण किया। राज्यपाल एससी जमीर ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

जस्टिस शरण का जन्म 11 मई 1957 को उत्तर प्रदेश में हुआ था। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 1976 में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। 1979-80 में कानून की डिग्री प्राप्त कर उसी वर्ष उत्तर प्रदेश बार काउंसिल में वकील के रुप में कार्य आरंभ किया। वह दीवानी, फौजदारी व संवैधानिक मामलों के जानकार हैं। राज्य एवं केंद्र सरकार के कई अहम मामलों का सफलता के साथ निष्पादन कर चुके हैं। काफी समय तक वे उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त एजी (एडवोकेट जनरल) के रुप में कार्य कर चुके हैं जबकि 14 फरवरी 2002 को उन्हें स्थाई न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति मिली। 16 फरवरी 2015 को न्यायाधीश के रुप में उनका तबादला कर्नाटक हाईकोर्ट में हुआ। इधर, हाल ही में ओडिशा हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस धीरेंद्र हीरालाल वाघेला का बाम्बे हाईकोर्ट तबादला होने के बाद ओडिशा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का पद रिक्त पड़ा हुआ था।

## मेघालय हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने माहेश्वरी

**24 फरवरी**



इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी ने मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल वी. शनमुगनाथन ने राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मेघालय के मुख्यमंत्री मुकुल संगमा, राज्य सरकार के अन्य मंत्री, न्यायाधीश और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। मेघालय उच्च न्यायालय के बतौर मुख्य नयायाधीश न्यामयूर्ति माहेश्वरी (57) ने न्यायूर्ति उमानाथ सिंह का स्थान लिया है, जो इस पद से 14 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए। तब से न्यायमूर्ति सुदीप रंजन सिंह राज्य उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में सेवा दे रहे थे।

## गुवाहाटी में 2021 में चलेगी मेट्रो रेल

**24 फरवरी**



असम सरकार ने गुवाहाटी के लिए मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (एमआरटीएस) और गुवाहाटी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (जीएमआरसीएल) को स्वीकृति दे दी है। गोगोई की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल ने एमआरटीएस के लिए विस्तृत परियोजना रपट (डीपीआर) और परियोजना पर काम करने के लिए जीएमआरसीएल के गठन को स्वीकृति दी थी। 203 किलोमीटर लंबे मेट्रो गलियारे का निर्माण तीन चरणों में होगा। प्रत्येक मेट्रो रेलगाड़ी में 975 यात्रियों को ढोने की क्षमता होगी।

परियोजना में भूमि अधिग्रहण पर होने वाले खर्च सहित 18,020 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जीएमआरसीएल असम सरकार की संपूर्ण सहायक कंपनी होगी और परियोजना का संचालन और रखरखाव का काम करेंगी। बाद में कंपनी राज्य सरकार और केंद्र सरकार की बराबर भागदारी वाली संयुक्त उपक्रम बन जाएगी।

ललिता बाबर को इंडिया स्पोर्ट्स पुरस्कार 2015 में वर्ष के खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है।

## मलयालम फिल्मकार राजेश पिल्लई का निधन 27 फरवरी



मलयालम फिल्मकार राजेश पिल्लई का निधन हो गया। वह **41** वर्ष के थे। उन्होंने यहां एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली।

वह लीवर सिरोसिस से पीड़ित थे और उन्हें लीवर प्रत्यारोपण कराना था, जिसे उन्होंने अपनी नई फिल्म 'वेत्ताह' के कारण टाल रखा था। फिल्म 'वेत्ताह' के निर्माण के दौरान वह निमोनिया से भी पीड़ित हो गए, जिसके बाद उनकी स्थिति बिगड़ती चली गई।

राजेश ने अपने करियर में पांच फिल्मों में काम किया है। समीक्षकों द्वारा सराही फिल्म 'मिली' और 'ट्रैफिक' बाद में तमिल और हिन्दी में भी बनाई गई।

## केरल में मुजिरिस विरासत परियोजना का शुभारंभ 27 फरवरी



राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने केरल में कोच्चि से **50** किलोमीटर दूर सबसे पुराने बंदरगाह शहर कोडुंगल्लूर में देश की सबसे बड़ी संरक्षण परियोजना और केरल की पहली हरित परियोजना 'मुजिरिस विरासत परियोजना' का शुभारंभ किया। केकेटीएम कॉलेज में आयोजित इस समारोह में राज्यपाल पी सतशिवम, मुख्यमंत्री ओमान चांडी और पर्यटन मंत्री ए पी अनिल कुमार भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने मुजिरिस में **104** करोड़ की लागत से दो दर्जन विरासत संग्रहालय, प्रार्थना स्थलों और संरक्षित रखे जानेवाले अन्य जगहों का भी उद्घाटन किया।

## तमिल अभिनेता कुमारीमुथु का निधन 29 फरवरी



दक्षिण भारतीय अभिनेता-कॉमेडियन कुमारीमुथू का एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह **77** वर्ष के थे।

अपनी हास्य भूमिकाओं के लिए मशहूर कुमारीमुथू ने अपने तीन दशकों से लंबे करियर में लगभग **50** फिल्मों में काम किया। उनकी सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में 'इधु नम्मा अलू', 'सहादेवन महादेवन', 'ओरू ओरला ओरू राजाकुमारी' और 'मरुमागन' सम्मिलित हैं। फिल्मों के अतिरिक्त कुमारीमुथू ने राजनीति में भी हाथ आजमाया। वह द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) पार्टी के सदस्य थे।

## बंगाल की लड़की को मिली नासा की शीर्ष स्कॉलरशिप 01 मार्च



**12**वीं कक्षा में पढ़ने वाली **18** वर्ष की सतपर्णा मुखर्जी को नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने शीर्ष स्कॉलरशिप दी है। वह विश्व की उन पांच स्कॉलर्स में से एक है, जिसे इस प्रोग्राम के लिए चुना गया है।

कोलकाता से **30** किमी दूर स्थित गांव में रहने वाली सतपर्णा को गोडार्ड इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस स्टडीज के तहत दी जाने वाली नासा के प्रतिष्ठित गोडार्ड इंटर्नशिप प्रोग्राम (जीआईपी) के लिए चुना गया है।

नासा की जीआईपी हर वर्ष विश्वभर से पांच अद्वितीय छात्र-छात्राओं का चयन करती है और स्कूल के बाद उनकी आगे की शिक्षा का पूरा खर्च उठाती है।

सतपर्णा इस वर्ष मध्यग्राम के सेंट जुडेस स्कूल से **12**वीं की परीक्षा देगी। इसके बाद वह ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन और पीएचडी करेगी।

## केरल में हुई एयर एंबुलेंस की शुरुआत 03 मार्च

केरल के मुख्यमंत्री ओमान चांडी ने राज्य में पहली बार एयर एंबुलेंस की शुरुआत की। इसका प्रयोग केवल अंग प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) के लिए किया जाएगा।

इस छह सीटों वाले बिल्कुल नए एयरक्रॉफ्ट को राज्य सरकार की स्वामित्व वाली राजीव गांधी एकेडमी फॉर एविएशन टेक्नॉलजी ने खरीदा है। यह एकेडमी कमर्शियल पायलटों को ट्रेनिंग भी प्रदान करती है।

एक कार्यक्रम में एविएशन एकेडमी और केरल नेटवर्क फॉर आर्गेन शेयरिंग के बीच इस संबंध में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। मानवीय सहायता कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नोबल ग्रेसिअस ने कहा कि इस सेवा की शुरुआत कर दी गई है।

ग्रेसिअस ने कहा कि इस कार्यक्रम से सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को जोड़ा गया है और ब्रेन डेड के शिकार मरीजों को अंग प्रत्यारोपण के लिए इस एयरक्राफ्ट से ले जाया जाएगा।

चांडी ने पिछले वर्ष घोषणा की थी कि राज्य सरकार एयर एंबुलेंस सेवा शुरू करेगी। राज्य सरकार ने इस मद में **5** करोड़ रुपए की राशि आवंटित की है।

ओत्तल को 66 वें बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म चुना गया है।

## डीईआरसी के चेयरमैन बने कृष्णा सैनी

05 मार्च



दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के नए चेयरमैन कृष्णा सैनी नियुक्त किए गए हैं। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने इन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई है। पीडी सुधारक जो इससे पूर्व डीईआरसी के चेयरमैन थे, वे गत **28** जनवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। तभी से यह पद खाली था।

गत **24** फरवरी को हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार को चेयरमैन नियुक्त करने के संबंध में आदेश दिया था। उक्त दिन सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार के अधिवक्ता ने बताया था कि चेयरमैन पद के लिए कुछ लोगों के नाम शार्ट लिस्ट किए गए हैं। अब कृष्णा सैनी के नाम पर मुहर लगी है।

कृष्णा सैनी वर्ष **1981** बैच के आइआरएस (इंडियन रेवेन्यू डिपार्टमेंट) अधिकारी हैं। भारत सरकार के अलग-अलग विभागों में कुल **35** वर्षो तक इन्होंने सेवा दी है। हाल ही में आयकर विभाग में चीफ कमिश्नर पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

दिल्ली में बिजली की दरें तय करने का काम डीईआरसी का है। वह दिल्ली में बिजली वितरण करने वाली कंपनियों की मांग और उनके आय व्यय का आकलन करने के बाद दरें निर्धारित करता है।

## अभिनेता कलाभवन मणि का निधन

07 मार्च



दक्षिण के विख्यात अभिनेता और मशहूर लोक गायक कलाभवन मणि का निधन हो गया। मणि ने मलयालम, तमिल और तेलुगु भाषाओं की **200** से अधिक फिल्मों में काम किया था। उन्हें **1999** में आई फिल्म 'वसन्तीयम लक्ष्मीयम पिन्नै नजानुम' के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और केरल राज्य फिल्म पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। उन्होंने इस फिल्म में रामू की भूमिका निभाई थी।

## गुजरात में लिंगानुपात की स्थिति और खराब, भारत में 22वां नंबर

07 मार्च



गुजरात में लिंगानुपात की स्थिति और खराब हुई है। राज्य में **2001** में प्रति **1000** पुरूषों के मुकाबले **920** महिलाएं थीं जबकि **2011** में यह संख्या कम होकर **919** रह गई है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर लिंगानुपात औसत में इस अवधि के दौरान **10** अंकों का सुधार हुआ है।

राज्य विधानसभा में **2015-16** के लिए हाल में पेश की गई सामाजिक-आर्थिक समीक्षा में यह बात सामने आई है।

समीक्षा में कहा गया है कि **943** के राष्ट्रीय आंकड़े की तुलना में गुजरात में **2011** में लिंगापुनात **919** था। **2011** की जनगणना के अनुसार इस लिंगानुपात के साथ गुजरात **28** राज्यों में **22**वें स्थान पर है। हालांकि लिंगानुपात में सुधार के मामले में शहरी इलाकों के मुकाबले ग्रामीण इलाकों ने बेहतर प्रदर्शन किया।

समीक्षा में जनगणना का हवाला देते हुए कहा गया है, राज्य के ग्रामीण इलाकों में **2001** में प्रति **1000** पुरुषों के मुकाबले **945** महिलाओं की तुलना में **2011** में यह संख्या **949** हो गई यानी चार अंक का सुधार हुआ है, जबकि शहरी इलाकों में यह दोनों वर्षो में **880** रही।

इसमें कहा गया है कि तापी का आदिवासी जिला **1007** के लिंगानुपात के साथ पहले स्थान पर जबकि अन्य आदिवासी जिले डांग (**1006**) और दाहोद (**990**) क्रमशरू दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे जबकि सूरत **787** के लिंगानुपात के साथ अंतिम स्थान पर रहा।

अहमदाबाद में भी **904** के लिंगानुपात के साथ बेहद खराब स्थिति है। समीक्षा में कहा गया है कि सूरत एवं अहमदाबाद में लिंगानुपात की स्थिति बिगड़ने का एक अहम कारण राज्य के भीतर और बाहर ग्रामीण इलाकों से लोगों का शहरी इलाकों में बसना है।

इसमें कहा गया है, राज्य में बड़ी संख्या में शहरी आबादी रहती है जिसका असर पूरे भारत के लिंगानुपात की तुलना में गुजरात में कम लिंगानुपात में देखने को मिलता है।

वयस्कों के लिंगानुपात की स्थिति बिगड़ने के विपरीत गुजरात में पहली बार बाल लिंगानुपात में सुधार हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर बाल लिंगानुपात में आठ अंक की गिरावट आई है, जबकि गुजरात में सात अंक का सुधार आया है।

कुमारावेल प्रेम कुमार ने 7वीं एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लंबी कूद में रजत पदक जीता है।




## भारत-सेशेल्स का सातवां संयुक्त सैन्य अभ्यास लामिती-2016 सेशेल्स में आरंभ
16 फरवरी



भारत और सेशेल्स के मध्य आयोजित किया जाने वाला सातवां संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास, लामिती-2016, सेशेल्स में भारतीय सेना एवं सेशेल्स पीपल्स डिफेंस फोर्सेज के मध्य आरंभ किया गया। दो सप्ताह तक चलने वाला यह युद्धाभ्यास 28 फरवरी तक चलेगा, इसका आयोजन सेशेल्स में सेशेल्स डिफेंस एकैडमी (एसडीए), विक्टोरिया में आयोजित किया गया।

लामिती का स्थानीय भाषा में अर्थ है मित्रता, इसके द्वारा दोनों देशों की सेनाओं के मध्य बेहतर पारस्परिक संबंध स्थापित किये जायेंगे। लामिती-2016 सातवां संयुक्त अभ्यास है, पहला अभ्यास 2001 में आरंभ किया गया था।

## अमेरिका और क्यूबा के बीच 50 वर्षों में पहली बार नागरिक उड़ानें पुनः आरंभ करने के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए
17 फरवरी



अमेरिका और क्यूबा के बीच 50 वर्षों में पहली बार नागरिक उड़ानें फिर से आरंभ करने के लिए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। वर्तमान समय में दोनों देशों के मध्य चार्टर उड़ानें जारी हैं। इस समझौते के बाद दोनों देशों के मध्य 110 उड़ानें हो जाएंगी। अमेरिका ने वामपंथी विचारधारा वाले क्यूबा देश से 1960 में वाणिज्यिक रिश्ते समाप्त कर लिए थे। अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा और क्यूबा के राष्ट्रपति राउल कास्त्रो ने वर्ष 2014 के अंत में घोषणा की थी कि वे दोनों मुल्कों के बीच बेहतर रिश्तों की शुरुआत करेंगे।

## चीन से ईरान के बीच चलने वाली पहली मालगाड़ी तेहरान पहुंची
17 फरवरी



चीन से ईरान के लिए आरंभ की गई पहली मालगाड़ी 15 फरवरी 2016 को तेहरान पहुंची। यह मालगाड़ी इन दोनों देशों के बीच 'सिल्क रोड' को फिर से आरंभ करने का एक संकेत है। इस ट्रेन को सिल्क रोड ट्रेन भी कहा जा रहा है, जो कजाकस्तान और तुर्कमेनिस्तान से होते हुए 10,399 किलोमीटर का रास्ता तय करके ईरान पहुंचेगी।

इस ट्रेन को 28 जनवरी को चीन के झेंजियांग प्रांत के यिवु शहर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। प्राचीन सिल्क रोड व्यापार मार्ग ने पूर्व-पश्चिम व्यापार में एक सेतु का काम किया था और चीनी तथा फारसी सभ्यताओं को साथ लाया। 21वीं सदी के समुद्री रेशम मार्ग के साथ सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट को बेल्ट एंड रोड परियोजना के नाम से जाना जाता है।

## विश्व बैंक ने जीका वायरस से प्रभावित देशों को 15 करोड़ डॉलर दिए
19 फरवरी




विश्व बैंक ने लैटिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों में जीका वायरस से निपटने में मुस्तैदी दिखाते हुए 15 करोड़ डॉलर देने की पेशकश की है। विश्व बैंक के अनुसार, जीका की वजह से 2016 में क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को लगभग 3.5 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिए 5.6 करोड़ डॉलर के कोष का आह्वान किया था। लेकिन विश्व बैंक ने इससे लगभग तिगुनी राशि की पेशकश की है, जिसका व्यापक पैमाने पर स्वागत हुआ है।

इस धनराशि का इस्तेमाल प्रौद्योगिकीय अनुसंधान, जीका से निपटने के लिए टीका तैयार करने और इस बीमारी का जल्द पता लगाने वाली तकनीक के ईजाद में किया जाएगा। विश्व बैंक के अनुसार, इस धनराशि का इस्तेमाल मच्छरों को नियंत्रित करने, इसकी चपेट में आने वाले लोगों की पहचान करने, विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को इससे बचाने, गर्भावस्था और जन्म के बाद शिशुओं की देखभाल करने में किया जाएगा।

रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

## नेपाल में बिजली संकट को लेकर ऊर्जा आपातकाल घोषित

**20 फरवरी**




नेपाल की सरकार ने देश में जारी बिजली संकट को अगले दो वर्षों में हल करने के लिए ऊर्जा आपातकाल की घोषणा की है। पिछले **8** वर्षों में यह तीसरी बार है जब सरकार ने ऊर्जा आपातकाल घोषित किया है। पिछली बार आपातकाल से निराशा ही हाथ लगी थी। नेपाल में वर्तमान में **13** घंटे प्रतिदिन बिजली कटौती की जा रही है। नेपाली कैबिनेट ने **18** फरवरी **2016** को द नेशनल एनर्जी क्राइसिस रिडक्सन एंड इलेक्ट्रिसिटी डेवलपमेंट प्लान को स्वीकृति दे दी। इसके अंतर्गत अगले दो वर्षों में **1,850** मेगावॉट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

सरकार को उम्मीद है कि वह बिजली कटौती की समस्या को इन दो वर्षों में पूरी तरह दूर कर देगी। देश में चल रही जल विद्युत परियोजनाओं से व्यस्त घंटों में **780** मेगावाट का उत्पादन होता है और सूखे के मौसम में यह गिरकर **300** मेगावॉट हो जाता है जबकि पीक आवर में **1,550** मेगावॉट बिजली की आवश्यकता है। नेपाल भारत से **280** मेगावॉट बिजली खरीदता है।ऊर्जा आपातकाल योजना के मुताबिक नेपाल ने अपने दक्षिणी पड़ोसी से पहले वर्ष में **580** मेगावॉट बिजली आयात करने का लक्ष्य रखा है।

## क्रिस्टिन लगार्ड दूसरी बार आईएमएफ की प्रमुख नियुक्त

**20 फरवरी**



अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड ने क्रिस्टिन लगार्ड को पाँच वर्ष के लिए दुबारा प्रबंध निदेशक चुन लिया है। लगार्ड का दूसरा कार्यकाल **05** जुलाई **2016** से आरंभ होगा। वह इस पद के लिए नामित एक मात्र उम्मीदवार थीं। कार्यकारी बोर्ड ने कई दौर की चर्चा के बाद आम सहमति से उनका चयन किया है।

बोर्ड के डीन अलेक्सी मोजिन ने लगार्ड के चयन की घोषणा करते हुये कहा "वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल के समय (अपने पहले कार्यकाल में) लगार्ड ने नीतिगत सलाहों, क्षमतावर्धन तथा वित्त पोषण के जरिये सदस्य देशों के साथ खड़े रहने की आईएमएफ की क्षमता को मजबूती दी।" उन्होंने कहा कि लगार्ड ने उभरते बाजार तथा विकासशील देशों समेत सभी सदस्यों के साथ आईएमएफ के संबंधों में नई जान फूँकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लगार्ड का पहला कार्यकाल **05** जुलाई **2011** को आरंभ हुआ था। आईएमएफ से जुड़ने से पहले वह फ्रांस के वित्त और विदेशी व्यापार की मंत्री रह चुकी हैं। वह पेशे से एक वकील भी रही हैं।

## ब्रिटेन की महान पायलट एरिक 'विंकल' ब्राउन का निधन

**21 फरवरी**



रॉयल नौसेना के सबसे महान पायलट कैप्टन एरिक "विंकल" ब्राउन, का **97** वर्ष की आयु में निधन हो गया। कप्तान एरिक "विंकल" ब्राउन के पास, **487** विभिन्न प्रकार के विमानों में उड़ान भरने, समुद्र में **2,407** डेक पर उतरने और **2,721** उड़ानें भरने का विश्व रिकॉर्ड जिसके कभी तोड़े जाने की संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आती। **1945** में डी हैविलैंड सी वैम्पायर को निर्देशित करते हुये रॉयल नौसेना के जहाज ओशन पर सफलतापूर्वक जेट विमान उतारने वाले व उड़ान भरने वाले पहले व्यक्ति बन गये। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, कैप्टन ब्राउन जो **1919** में लिएथ में पैदा हुये थे, लड़ाकू विमान की उड़ान भरी और बर्गन बेल्सेन यातना शिविर को मुक्त कराया।

## अमर सिंह कुआलालंपुर के पुलिस आयुक्त नियुक्त

**23 फरवरी**



भारतीय मूल के अधिकारी अमर सिंह को मलेशिया की राजधानी कुआलालम्पुर के पुलिस आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है।

यह मलेशिया में किसी भारतीय मूल के सिख व्यक्ति को पुलिस विभाग में मिला सर्वोच्च पद है। उस समय संतोख सिंह सेलांगोर राज्य के पुलिस प्रमुख के रूप में नियुक्त किए गए थे।

अमर सिंह को ताजुद्दीन मुहम्मद के स्थान पर नियुक्त किया गया, जो **14** मार्च से संघीय मुख्यालय में वाणिज्यिक सीआईडी के उप निदेशक के रूप में सेवा देंगे।

इससे पहले किसी सिख को मलेशिया पुलिस सेवा में दिया गया सर्वोच्च पद वरिष्ठ सहायक आयुक्त-**I** था। अमर सिंह के पिता इशार सिंह पंजाब से मलेशिया आने के एक वर्ष बाद **1939** में संघीय मलय स्टेट पुलिस से जुड़े थे। उनके नाना बचन सिंह एक हवलदार थे, जो **1900** के दशक की शुरुआत में भारत में पुलिस सेवा से जुड़े थे।

सेरेना विलियम्स को डब्ल्यूटीए रैंकिंग के अनुसार नंबर **1** स्थान दिया गया है।

## पाकिस्तान की संसद सौर ऊर्जा से चलने वाली विश्व की पहली संसद बनी 23 फरवरी



सौर ऊर्जा से चलने वाली विश्व की पहली संसद का पाकिस्तान में शुभारंभ किये जाने के साथ ही पाकिस्तान के नाम एक विशेष उपलब्धि जुड़ गयी है। इस काम में चीन ने पाकिस्तान की सहायता की है। इस काम के लिए चीन ने पाकिस्तान को 55 मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने इस्लामाबाद में एक साधारण समारोह में इस संसद का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर नवाज शरीफ ने कहा कि आजादी के बाद से पहली बार ऐसा हुआ है कि संसद बिना बिजली के सौर ऊर्जा के द्वारा चलेगी। इसके साथ उन्होंने ये भी कहा कि संसद की तरह दूसरी जगहों पर भी इस तरह की ऊर्जा हो।

नेशनल असेंबली के स्पीकर, अयाज सादिक के अनुसार, संसद के सौर पैनल 80 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करेगें। उन्होंने कहा कि 62 मेगावॉट संसद के लिए पर्याप्त होगा, जबकि 18 मेगावॉट राष्ट्रीय ग्रिड के लिए दिया जाएगा।

पाकिस्तान की संसद विश्व में पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर चलने वाली पहली संसद बन गयी है। अधिकारियों ने कहा कि इजरायल की नेसेट जैसी कुछ संसद ऐसी भी हैं जो आंशिक रूप से सौर ऊर्जा पर संचालित हो रही हैं।

## पाकिस्तानी अभिनेता हबीब -उर-रहमान का निधन 25 फरवरी

पाकिस्तान के मशहूर फिल्म अभिनेता हबीब-उर-रहमान का लंबी बीमारी के बाद लाहौर के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। पाकिस्तानी अखबार 'एक्सप्रेस



ट्रिब्यून' की एक रिपोर्ट के अनुसार, रहमान अपने समय में पाकिस्तानी सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक थे। आमरुप में उन्हें 'फिल्म स्टार रहमान' के नाम से जाना जाता था। रहमान की सफलता ने पाकिस्तान के शहरी युवाओं को पेशेवर रुप में फिल्मी कैरियर अपनाने के लिए प्रेरित किया।

1956 में 'लख्त-ए-जिगर' से अपनी फिल्मी कैरियर की आरंभआत करने वाले रहमान ने लगभग छह सौ फिल्मों में अभिनय किया जिसमें आदमी, सूर्या, दिल के टुकड़े, टैक्सी ड्राइवर, रंगू जट्ट, मलंगा, दिल दा जानी और कई अन्य फिल्में सम्मिलित है। उन्होंने फिल्म निर्माण में कदम रखकर कई लोकप्रिय फिल्मों का भी निर्माण किया।

उनमें अभिनय का इतना जुनून था कि ब्रेन हैमरेज का शिकार होने के दो दिन पहले तक वह टीवी धारावाहिक 'लंबी जुदायी' के लिए काम कर रहे थे।

## हैती के अंतरिम राष्ट्रपति ने देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया 26 फरवरी



हैती के अंतरिम राष्ट्रपति ने जाने-माने अर्थशास्त्री फ्रीट्ज जीन को देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। राष्ट्रपति पैलेस में एक वरिष्ठ अधिकारी ने एंटोनी बार्बीर ने बताया कि राष्ट्रपति ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करके सेन्ट्रल बैंक के पूर्व अधिकारी श्री जीन को प्रधानमंत्री के पद पर नियुक्त किया है। जीन का कार्य हैती के झगड़ालू प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों द्वारा समर्थित एक संतुलित चुनाव परिषद का सृजन करना है जो कि, अप्रैल 2016 में होने वाले चुनावों में पकड़ बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## ब्रिटेन और यूएई की अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच समझौता

26 फरवरी




संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ब्रिटेन की अंतरिक्ष एजेंसी के साथ सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इसका मकसद दोनों देशों के बीच अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक सहयोग को सरल बनाना है।

लंदन में इस एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, जब एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन के दौरे पर पहुंचा था।

इसमें यूएई अंतरिक्ष एजेंसी के अध्यक्ष खलीफा अल रोमैथी और एजेंसी के महानिदेशक मुहम्मद नासेर अल अहबाबी भी थे। इसके दायरे में अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़े विभिन्न पहलुओं जिसमें अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुप्रयोग, नीति, कानून, नियंत्रण और अंतरिक्ष से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग सम्मिलित है। यह एमओयू इसके अतिरिक्त जिन क्षेत्रों में सहयोग के लिए दोनों एजेंसियों ने सहमति जताई है, उनके संयुक्त कार्यक्रमों की जांच और प्रस्तावों को परिभाषित करने के लिए संयुक्त कार्यदल बनाने को प्रोत्साहित करता है। खासकर वैसे अंतरिक्ष कार्यक्रम जिनका दोनों देश समर्थन करते हैं। इस सहमति पत्र में अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और इन दोनों एजेंसियों के कार्यक्रमों के अंतर्गत विकसित उत्पादों एवं सेवाओं को प्रोत्साहन देना भी सम्मिलित है।

फिक्की ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2015-16 के दौरान 7.4 फीसदी की दर से बढ़ेगी।

## अमेरिका ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया

**26 फरवरी**



अमेरिका की सेना ने अपनी वायु सेना के केन्द्र से अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। अमेरिका ने मिसाइल का परीक्षण अपने परमाणु अस्त्रों की विश्वसनीयता को परखने के लिए ऐसे समय में किया है जब रूस तथा उत्तर कोरिया के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ रहा है।

अमेरिका ने अपनी मिसाइल का परीक्षण कैलीफोर्निया के अपने बेन्डनबर्ग एयर बेस से किया। अमेरिका का **2011** के बाद से यह **15**वाँ परीक्षण है। अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल को आकाश की ओर दागा गया और इसने लगभग **30** मिनट में **4,200** मील की यात्रा करने के बाद, दक्षिण प्रशांत महासागर में मार्शल द्वीप पर क्वाजालीन एटॉल के पास समुद्र में लक्ष्य से टकरायी।

माइन्यूटमैन **III** मिसाइल, जो **1970** के दशक में बनी थी, की पहुँच **6000** मील है और प्रति घंटे लगभग **15,000** मील की गति से जा सकती है। एक और हथियार रहित माइन्यूटमैन **III** मिसाइल सप्ताहांत में वन्देंबेर्ग एयर फोर्स बेस से प्रक्षेपित की गयी थी। हर वर्ष प्रायः चार मिसाइल परीक्षण आयोजित किये जातें हैं और परीक्षणों की घोषणा सार्वजनिक रूप से की जाती है और अन्य देशों द्वारा इस पर बारीकी से नजर रखी जाती है।

## जर्मन पासपोर्ट विश्व में सबसे शक्तिशाली, भारत 48वें पायदान पर

**27 फरवरी**




अफगान पासपोर्ट को विश्व में सबसे कमजोर पासपोर्ट माना गया है, जबकि जर्मन पासपोर्ट लगातार तीसरी बार सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट करार दिया गया है। भारतीय पासपोर्ट को **50** सबसे शक्तिशाली यात्रा दस्तावेजों में **48**वें पायदान पर रखा गया है।

जर्मनी स्थित गो यूरो वेबसाइट ने वीजा-मुक्त प्रवेश, आवेदन का खर्च और पासपोर्ट प्राप्त करने में लगने वाले समय के आधार पर शीर्ष **50** देशों की सूची तैयार की है।

सूची में निचले पायदान पर आने वाला भारत **52** देशों के नागरिकों को वीजा-मुक्त प्रवेश की पेशकश करता है और भारतीय पासपोर्ट प्राप्त करने में **24** डॉलर का खर्च आता है। इसे प्राप्त करने में कम से कम **87** घंटे का समय लगता है।

जर्मन पासपोर्ट को **2016** में लगातार तीसरी बार सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट होने का खिताब प्राप्त हुआ है। शक्तिशाली पासपोर्ट की सूची मे कई यूरोपीय देशों के साथ अमेरिका, जापान और कनाडा को सम्मिलित किया गया है। वहीं दक्षिणी सूडान और फिलस्तीन का स्थान इस सूची में अफगानिस्तान से भी नीचे है। दक्षिण सूडान विश्व का सबसे नया संप्रभु राष्ट्र है और फिलस्तीन को भी पश्चिमी देशों में कूटनीतिक पहचान नहीं मिली है। स्वीडन **174** वीजा-मुक्त देशों के साथ शीर्ष पायदान पर है और वहां पासपोर्ट प्राप्त करने में **43** डालर लगते हैं और महज एक घंटे का समय लगता है। इस सूची में फिनलैंड दूसरे, जर्मनी तीसरे, ब्रिटेन चौथे और अमेरिका पांचवे पायदान पर है।

## हाशिम थाची कोसोवो के राष्ट्रपति निर्वाचित

**29 फरवरी**



विदेश मंत्री हाशिम थाची को संसद सदस्यों द्वारा कोसोवो का राष्ट्रपति चयनित किया गया। उन्होंने अतफेत जहाजगा का स्थान लिया।वे एक गुरिल्ला दल के मुखिया थे जिसके विरोधाभास एवं संघर्ष के कारण ही सर्बिया से पृथक कोसोवो का निर्माण हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री पद पर भी कर किया एवं सर्बिया ने अपने अधिकार प्राप्त करने में उन्होंने प्रमुख रूप से मध्यस्थता की।

कोसोवो की स्थापना वर्ष **2008** में सर्बिया से पृथक होने पर हुई। इसे अमेरिका एवं यूरोपियन यूनियन के विभिन्न देशों ने मान्यता प्रदान की। कोसोवो द्वारा स्वयं को स्वतंत्र देश घोषित करने पर इसे सर्बिया ने मान्यता प्रदान नहीं की। अप्रैल **2013** में सर्बिया एवं कोसोवो के बीच हुए समझौते के बाद दोनों देशों के संबंध सामान्य हुए। नाटो शांति सेना वर्ष **1999** तक कोसोवो में तैनात रही।

## इजरायल-अरब ऑर्केस्ट्रा को संयुक्त राष्ट्र ने दी मान्यता

**01 मार्च**

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव बान की-मून ने 'वेस्टर्न-ईस्टर्न डिवान ऑर्केस्ट्रा' को 'युनाइटेड नेशन्स वैश्विक एडवोकेट फॉर कल्चरल अंडरस्टैंडिग' के रूप में मान्यता दी है। अर्जेटीनिया और इजरायल के प्यानो वादक और कंडक्टर डेनियल को अपने समय के सबसे महान शास्त्रीय संगीतकारों में से एक माना जाता है और वह वेस्टर्न-ईस्टर्न डिवान ऑर्केस्ट्रा के सह-संस्थापक भी हैं। उन्होंने इस ऑर्केस्ट्रा का निर्माण दिवंगत फिलिस्तीनी विद्वान एडवर्ड सईद के साथ **1999** में की थी। यह ऑर्केस्ट्रा शांति और धार्मिक समझ के प्रचार के लिए इजरायल, फीलिस्तीन और अन्य अरब देशों के संगीतकारों को एक मंच पर साथ लाया है। बान ने कहा, "ऑर्केस्ट्रा का संगीत प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि संगीत में इतनी शक्ति है कि इसके माध्यम से समुदायों के बीच बाधाओं को पाटा और सांस्कृतिक समझ का प्रचार किया जा सकता है।"

दुजारिक ने कहा कि 'संयुक्त राष्ट्र के शांति संदेशवाहक' डेनियल और ऑर्केस्ट्रा मई में तुर्की में होने वाले विश्व मानवीय शिखर सम्मेलन में प्रस्तुति देंगे।

भारतीय रिजर्व बैंक ने 2 अरब अमरीकी डालर तक के लिए सार्क देशों को मुद्रा विनिमय व्यवस्था को विस्तारित किया है।

## नेपाल ने कोलकाता में नया महावाणिज्यदूत नियुक्त किया

02 मार्च



नेपाल ने कोलकाता में अपने नये महावाणिज्यदूत के रूप में एक नारायण आर्यल को नियुक्त किया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि इस बारे में निर्णय प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।

गोबिंद बहादुर कार्की को ल्हासा का नया महावाणिज्यदूत और कमल भट्टराई को हांककांग का नया महावाणिज्यदूत नियुक्त किया गया है।

## अल्फाबेट के एरिक श्मिट बनेंगे पेंटागन नवाचार बोर्ड के अध्यक्ष

03 मार्च



प्रख्यात सर्च इंजन गूगल की होल्डिंग कंपनी अल्फाबेट के कार्यकारी अध्यक्ष एरिक श्मिट को पेंटागन ने रक्षा नवाचार पर एक नए परार्शदाता बोर्ड की अध्यक्षता करने के लिए चुना है।

पेंटागन के मीडिया सचिव पीटर कुक ने वाशिंगटन डीसी में यह घोषणा की कि रक्षा मंत्री एश्टन कार्टर ने सैन फ्रांसिस्को में वर्षाना आरएसए सुरक्षा सम्मेलन के दौरान श्मिट से मुलाकात की थी।

श्मिट रक्षा नवाचार परामर्शदाता बोर्ड विभाग के अध्यक्ष होंगे और कार्टर के साथ मिलकर बोर्ड के अधिक से अधिक **12** सदस्यों का चुनाव करेंगे।

कुक ने कहा कि पेंटागन नए बोर्ड से रैपिड प्रोटोटाइपिंग, इंटरेक्टिव प्रोडक्ट डेवलपमेंट, कारोबारी फैसले में कंप्लेक्स डाटा एनालिसिस, मोबाइल और क्लाउड एप्लीकेशन और ऑर्गनाइजेशनल इंफोर्मेशन शेयरिंग जैसे क्षेत्रों में परामर्श की उम्मीद करता है। ये क्षेत्र सिलिकॉन वैली के लिए नए नहीं हैं।

## नामीबिया में चीन निर्मित सड़क का उद्घाटन

03 मार्च



नामीबिया के राष्ट्रपति हेज जिनजोब ने उत्तरी मुख्य सड़क एमआर **129** का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया, जिसका निर्माण चीन की एक कंपनी ने किया है। कुल **98** किलोमीटर लंबी यह सड़क ओहांगवेना क्षेत्र के ओमाफो को ओमूसती क्षेत्र के ओउतापी से जोड़ता है।

सड़क का निर्माण आठ करोड़ डॉलर की लागत से हुआ है और इसके निर्माण की शुरुआत **15** मई, **2013** में हुई थी। इसका निर्माण चाइना गेंझोउबा ग्रुप कॉरपोरेशन ने किया है। एमआर **129** एक आर्थिक गलियारा है, जो उत्तरी क्षेत्रों जैसे कुनेने, ओमुसाती, ओहांगवेना, कावांगो वेस्ट, कावांगो ईस्ट व जाम्बेजी को जोड़ता है।

## सबसे लंबी दूरी तय करने वाला वाणिज्यिक विमान ऑकलैंड में उतरा

03 मार्च



अमीरात एयरबस का एक ए**380** विमान न्यूजीलैंड में उतरा, जो विश्व का संभवतः पहला वाणिज्यिक विमान है जिसने बिना रूके लगभग **14,200** किलोमीटर की दूरी तय की। विमान उद्योग से जुड़े एक वेबसाइट एयरवेजन्यूज.कॉम के अनुसार यह सेवा दुबई से ऑकलैंड के बीच शुरू की गयी है। इसके पहले वर्ष **2014** में सिडनी से डलास के बीच **13,800** किलोमीटर लंबी हवाई सेवा की शुरुआत हुई थी।

इसमें कहा गया है कि उड़ान में समय भी सबसे अधिक लगा। ऑकलैंड से दुबई लौटते हुए यात्रियों ने विमान में सवा **17** घंटे व्यतीत किये। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि यह रिकॉर्ड ज्यादा दिन तक नहीं रहेगा क्योंकि जल्द ही अमीरात दुबई से पनामा शहर के बीच एक नयी सेवा की शुरुआत करने वाला है जिसका उड़ान समय **17** घंटे **35** मिनट का होगा। इस महीने ही इस नयी सेवा के शुरू होने की संभावना है।

एच. एल. दत्तू को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अगले अध्यक्ष के रूप में चुना गया है।

## जमैका के नए प्रधानमंत्री एंड्रयू हॉलनेस ने ली शपथ

**04 मार्च**



जमैका के नए प्रधानमंत्री एंड्रयू हॉलनेस ने आम चुनावों में जीत हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। कांटे के टक्कर के चुनावों में हॉलनेस की जमैकन लेबर पार्टी ने 63 संसदीय सीटों में से 32 में जीत कर पीपुल्स नेशनल पार्टी को सत्ता से बेदखल कर दिया। कई सीटों पर जीत और हार का अंतर महज कुछ वोटों का ही था। 27 लाख की आबादी वाले इस देश में हुए चुनावों में देश की बदहाल आर्थिक स्थिति और बेरोजगारी सबसे बड़े मुद्दे थे। देश के 13 प्रतिशत लोग बेरोजगार है जिसमें से 38 प्रतिशत युवाओं की संख्या है। हॉलनेस ने चुनाव से पहले वादा किया था कि सत्ता में आने पर वह ढाई लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराएंगे। हालांकि इस बात को लेकर हॉलनेस की आलोचना भी हुई है कि देश की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के बावजूद भी उन्होंने कर की दरों में कटौती का वादा किया है। शपथ ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और सार्थक रोजगार के अवसर पैदा करने की है। हमारी सरकार आप पर कर का बोझ कम कर रही है, लेकिन आपको समझदारी से निवेश और खर्च करना चाहिए।

## शेर बहादुर देउबा नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए

**08 मार्च**



तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रहे और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शेर बहादुर देउबा को देश के सबसे बड़े लोकतांत्रिक दल नेपाली कांग्रेस का नया अध्यक्ष चुना गया। देउबा को नेपाली कांग्रेस के 13वें राष्ट्रीय आम अधिवेशन में निर्णायक मत के जरिए अध्यक्ष चुना गया। देउबा ने पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष रामचंद्र पौडेल को 526 वोटों से हराया।

देउबा को 1,822 वोट मिले, जबकि पौडेल को 1,296 वोट मिले थे। उन्होंने विजेता के रूप में उभरने के लिए 58 प्रतिशत वोट हासिल किए। देउबा नेपाल के डडेलधुरा जिले के रहने वाले हैं और वहां से संसद के लिए चुने गए हैं। 12वें आम अधिवेशन में सुशील कोइराला को पार्टी का शीर्ष नेता चुना गया था।

## ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण

**08 मार्च**



एक सैन्य अभ्यास के तहत ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स ने बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। परीक्षण करने का मुख्य मकसद ईरान का अपनी शक्ति क्षमता का प्रर्दशन करना था। इसके साथ ही आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के खिलाफ किसी भी धमकी और खतरे से निपटने के लिए देश की संप्रभुता की रक्षा करना है।ईरान के रक्षा मंत्री हुसैन देहकान ने 10 फरवरी को नई पीढ़ी की लंबी दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइल इमाद का विनिर्माण करने की घोषणा की थी। देहकान ने कहा कि नई पीढ़ी की लंबी दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइल की सटीकता की क्षमता उन्नत की जाएगी। ईरान ने बड़े पैमाने पर इमाद का उत्पादन करने का निर्णय लिया है।

पिछले अक्टूबर को ईरान ने सफलतापूर्वक स्वयं विकसित इमाद लंबी दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइल लॉच किया था। पिछले दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र ने कहा था कि ईरान का यह व्यवहार सुरक्षा परिषद के संबंधित प्रस्तावों का उल्लंघन है।

## नेपाल एशिया सहयोग वार्ता का सदस्य बना

**10 मार्च**

ASIA COOPERATION DIALOGUE

नेपाल आधिकारिक तौर पर एशिया सहयोग वार्ता (एसीडी) का सदस्य बन गया है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि थाईलैंड में एशिया सहयोग वार्ता के 14वें मंत्री स्तरीय बैठक में एसीडी के 34वें सदस्य के रूप में नेपाल का समर्थन किया गया।

नेपाल के उप प्रधानमंत्री कमल थापा ने नेपाल को एक नए सदस्य के रूप में स्वीकार करने के लिए एसीडी का शुक्रिया अदा किया।

बैठक में एक भाषण के दौरान, थापा ने एसीडी के सिद्धांतों, मूल्यों व उद्देश्यों के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने कहा कि नेपाल एसीडी की गतिविधियों व कार्यक्रमों में गंभीरता व समर्पण के साथ संलग्न रहेगा।

एसीडी की स्थापना जून 2002 में हुई थी, जो एशिया में महादेश स्तर पर आधिकारिक वार्ता व सहयोग का एकमात्र मंच है।

के. एन. व्यास ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के निदेशक (बीएआरसी) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है।

मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि नेपाल की सरकार ने उम्मीद जताई है कि एसीडी के साथ जुड़ने से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नेपाल के संबंधों का विस्तार होगा।

प्रवक्ता ने कहा कि एसीडी के साथ जुड़ने से नेपाल को एसीडी के सदस्यों के साथ विभिन्न क्षेत्रों जैसे अर्थव्यवस्था, पर्यटन, वाणिज्य, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश व विदेशी रोजगार में सहयोग करने में मदद मिलेगी।

## मिस्र के पूर्व विदेश मंत्री अरब लीग के प्रमुख नियुक्त

11 मार्च

मिस्र के पूर्व विदेश मंत्री अहमद अबुल-गेइत अरब लीग के नए प्रमुख नियुक्त किए गए हैं। उनकी नियुक्ति महासचिव के पद पर हुई है। इसके लिए मिस्र की राजधानी काहिरा में अरब लीग परिषद की एक आपात बैठक हुई, जिसमें अबुल-गेइत को अरब लीग के प्रमुख के रूप में नियुक्त करने पर आम सहमति बनी।

वह अरब लीग के निवर्तमान महासचिव नाबिल अल-अराबी (80) का स्थान लेंगे, जिन्होंने पांच वर्ष के दूसरा कार्यकाल की सेवा देने से इनकार कर दिया। अरब लीग पैक्ट के अनुच्छेद 12 के अनुसार, अरब लीग के महासचिव की नियुक्ति सदस्य देशों के दो-तिहाई मतों से होती है।



फिलहाल इसके सदस्यों की संख्या 21 है। सीरिया को उसके आंतरिक संकट के कारण लीग की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया है।

अबुल-गेइत ने वर्ष 2004 से 2011 के बीच राष्ट्रपति होस्नी मुबारक की सरकार में मिस्र के विदेश मंत्री के रूप में सेवा दी। मुबारक की सरकार को फरवरी 2011 में जनविरोध के कारण सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। अरब लीग की स्थापना 1945 में हुई थी। यह अरब देशों का एक क्षेत्रीय संगठन है, जिसका उद्देश्य अरब देशों के बीच घनिष्ठ संबंध और क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर आपसी समन्वय को बढ़ावा देना है।

## सियोल, अमेरिका ने सबसे बड़ा सैन्याभ्यास किया

12 मार्च



दक्षिण कोरिया व अमेरिका ने पोहांग में समुद्र के किनारे अब तक का सबसे बड़ा सैन्याभ्यास किया। इस सैन्याभ्यास में 17,200 सैनिक सम्मिलित हैं, जिनमें से 12,200 अमेरिकी मरीन तथा नौसेना के जवान हैं।

सैन्याभ्यास में यूएसएस बोनहोम रिचर्ड व यूएसएस आशलैंड सहित अमेरिका के कई जहाजों ने हिस्सा लिया और दुश्मनों के महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठानों को नष्ट करने का अभ्यास किया।

ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड ने भी इस अभ्यास में हिस्सा लिया।

दोनों देश उन 17 देशों में सम्मिलित हैं, जो संयुक्त राष्ट्र के कमान के अंतर्गत सैन्य बलों की वर्तमान में तैनाती में लगे हैं, जिन्होंने 1950-53 के दौरान कोरिया युद्ध में दक्षिण कोरिया का समर्थन किया था। इस युद्ध का विराम तो हो गया, लेकिन इसके बाद कोई स्थायी शांति संधि नहीं हुई।

ऐसा पहली बार है कि न्यूजीलैंड ने पोहांग के लिए अपने सैनिकों को रवाना किया है और ऑस्ट्रेलिया की अब तक की यह सबसे बड़ी सैन्य तैनाती है।

यह सैन्य अभ्यास की रिजॉल्व एंड फोल ईगल सैन्य अभ्यास का हिस्सा है, जिसका आयोजन वाशिंगटन व सियोल कर रहा है।

## सतत विकास के लिए ब्रॉडबैंड आयोग की 13वीं बैठक दुबई में आयोजित

14 मार्च

सतत विकास के लिए ब्रॉडबैंड आयोग की 13वीं बैठक दुबई में आयोजित की गयी। इसका उद्देश्य 2030 के लिए ब्रॉडबैंड नेटवर्क और सेवाओं की शक्ति को बढ़ावा देने के लिए एजेंडा तैयार करना था।

इसमें सार्वजनिक, निजी एवं सामाजिक क्षेत्रों के शीर्ष नेताओं को सम्मिलित किया गया ताकि शिक्षा, समानता एवं रोज़गार के विषयों पर समाधान तलाशा जाए। आयोग ने यह भी चर्चा की कि तकनीक की सहायता से किस प्रकार शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सकता है।

न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी को मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई गई है।

आयोग की बैठक में नए ब्रॉडबैंड लक्ष्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी ताकि सतत विकास लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। इसमें आयोग की अगली बैठक, सितंबर **2016** (न्यूयॉर्क), तक प्राप्त किये जाने वाले लक्ष्यों को निर्धारित किया गया। आयोग की दुबई बैठक ब्रॉडबैंड आयुक्त सनी वर्की के निमंत्रण पर आयोजित की गई थी। वे यूनेस्को में ग्लोबल शिक्षा और कौशल फोरम के गुडविल एम्बेसडर हैं।



ब्रॉडबैंड आयोग यह सुनिश्चित करता है कि सभी को इंटरनेट प्राप्त हो एवं उनका विकास हो। वर्ष **2015** में किये गये सर्वेक्षण के अनुसार विश्व की **44** प्रतिशत जनसंख्या ऑफलाइन रहती है जबकि **36** प्रतिशत जनसंख्या एलडीसी है एवं लड़कों व पुरुषों की तुलना में **200** मिलियन कम महिलाएं ऑनलाइन रहती हैं।

## फिलीस्तीन की शिक्षक हनान अल हरूब ने ग्लोबल टीचर अवॉर्ड 2016 जीता

**14 मार्च**




फिलीस्तीन की शिक्षक हनान अल हरूब ने दुबई में आयोजित समारोह में शिक्षण का ऑस्कर कहा जानेवाला ग्लोबल टीचर अवॉर्ड जीता।

हनान अल हरूब ने एक भारतीय समेत नौ फाइनलिस्ट को हराकर **10** लाख डॉलर (करीब **6.69** करोड़ रुपये) का यह पुरस्कार जीता।

हरूब स्कूल में बच्चों को पड़ाने के लिए एक विशेष प्रकार की पद्धति का उपयोग करती हैं जिसका विस्तृत ब्यौरा उन्होंने अपनी पुस्तक 'वी प्ले एंड लर्न' में दिया। एक मिलियन डॉलर वाली इनामी राशि वाले इस पुरस्कार को शिक्षण क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले अध्यापक को दिया जाता है।

पुरस्कार शिक्षकों के महत्व और विश्व भर में उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों को रेखांकित करने के लिए दिया जाता है। यह न केवल अध्यापन में योगदान देने वाले अपितु अपने आसपास के समुदाय पर प्रभावशाली छाप छोड़ने वाले अध्यापकों को दिया जाता है।

इसकी स्थापना केरल में जन्मे उद्यमी और समाजसेवी सनी वार्के ने की। वार्के फाउंडेशन द्वारा शुरू पुरस्कार का यह दूसरा वर्ष है। वर्ष **2015** में अमेरिका की नैंसी अट्वेल ने यह पुरस्कार जीता।

## क्यूबा-अमेरिका के बीच दूरसंचार समझौता

**15 मार्च**

क्यूबा और अमेरिका की दूरसंचार कंपनियों ने सीधी अंतर्राष्ट्रीय बातचीत के लिए एक समझौता किया है। यह समझौता मुख्य रूप से इनकमिग और आउटगोइंग कॉल में किया गया है।




क्यूबा की सरकारी दूरसंचार कंपनी 'एटेक्सा' ने न्यूयॉर्क की 'वेरिजॉन पार्टनर सॉल्युशंस' के साथ इंटरकनेक्शन समझौता किया है।

इस समझौते से दोनों देशों के बीच सीधी टेलीफोन वार्ता का मार्ग प्रशस्त होगा लेकिन एटेक्सा ने जारी बयान में कहा कि संचालक कंपनियों की तकनीकी जांच की अवधि पूरी न होने तक यह सेवा उपलब्ध नहीं होगी। इसलिए फिलहाल कोई निश्चित तारीख उपलब्ध नहीं कराई गई है।

कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, वेरिजॉन सितंबर **2015** में क्यूबा में पर्यटकों को रोमिंग फ्री सेवा उपलब्ध कराने वाली पहली अमेरिकी कंपनी बन गई है।

असम कैबिनेट ने अपने राजधानी शहर के लिए मेट्रो रेल निगम की स्थापना को मंजूरी दी है।




## पीएनबी ने यूनाइटेड ब्रेवरीज को 'इरादतन चूककर्ता' घोषित किया 16 फरवरी

पंजाब नेशनल बैंक ने विजय माल्या की अगुवाई वाली यूनाइटेड ब्रेवरीज होल्डिंग्स (यूबीएचएल) को जानबूझकर चूक करने वाला यानी 'इरादन चूककर्ता' घोषित किया है। यूबीएचएल ने बंबई शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि पीएनबी ने 11 फरवरी को भेजे पत्र के जरिये उसे 'इरादन चूककर्ता' घोषित किया है। इससे पहले नवंबर में भारतीय स्टेट बैंक ने माल्या, किंगफिशर एयरलाइंस और उसकी होल्डिंग कंपनी यूनाइटेड ब्रेवरीज को जानबूझकर चूक करने वाला घोषित किया था। एसबीआई की अगुवाई में बैंकों के गठजोड़ ने मुंबई में किंगफिशर हाउस की 17 मार्च को नीलामी करने का निर्णय किया है।

ठप किंगफिशर एयरलाइंस से 6,963 करोड़ रुपये के ऋण के बकाये की कुछ भाग की वसूली के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। ठप एयरलाइंस पर पीएनबी का 800 करोड़ रुपये का बकाया है।

शराब कारोबारी माल्या की कंपनी किंगफिशर ने 2010 की शुरुआत में एयरलाइन के लिए दूसरे ऋण पुनर्गठन के अंतर्गत एसबीआई की अगुवाई में 17 बैंकों के गठजोड़ से 6,900 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। बैंकों का दावा है कि यूनाइटेड ब्रेवरीज तथा विजय माल्या ने इस कर्ज के लिए गारंटी दी थी। एसबीआई ने एयरलाइन से लगभग 1,600 करोड़ रुपये की वसूली करनी है।

इसमें से बैंक यूबी समूह की कंपनियों के गिरवी रखे शेयरों की बिक्री से लगभग 1,100 करोड़ रुपये की वसूली कर पाए हैं। अन्य बैंकों में आईडीबीआई बैंक को एयरलाइन से 800 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ इंडिया को 650 करोड़ रुपये, बैंक आफ बड़ौदा को 550 करोड़ रुपये तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को 410 करोड़ रुपये वसूलने है।

## टाटा टेलीसर्विसेज की सहायक कंपनी एमरुपी द्वारा आईआरसीटीसी से साथ समझौता 16 फरवरी

टाटा टेलीसर्विसेज की सहायक कंपनी एमरुपी (mRUPEE) ने भारतीय रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आईआरसीटीसी) के साथ अतिरिक्त पेमेंट गेटवे तैयार करने के लिए समझौता किया। भारतीय रेलवे प्रतिदिन 23 मिलियन यात्रियों को सेवा प्रदान करती है। इस सुविधा में वृद्धि करते हुए एमरुपी द्वारा यात्री रेल टिकट बुक करा सकेंगे।




एमरुपी

एमरुपी, टाटा टेलीसर्विसेज की सहायक कंपनी है। यह उपभोक्ताओं को विभिन्न सेवाओं के लिए मोबाइल से भुगतान सुविधा उपलब्ध कराती है। इससे उपयोगकर्ता अपने परिवारजनों अथवा बैंक अकाउंट, शॉपिंग एवं बिलों का भुगतान आदि भी मोबाइल से कर सकते हैं।

## बीएई ने होवित्जर तोप के एसेंबली, इंटिग्रेशन और टेस्टिंग फैसिलिटी के लिए महिंद्रा कंपनी को अपना पार्टनर नियुक्त किया 17 फरवरी



बीएई ने होवित्जर तोप के एसेंबली, इंटिग्रेशन और टेस्टिंग फैसिलिटी के लिए महिंद्रा कंपनी को अपना पार्टनर नियुक्त किया है। महिंद्रा के साथ बीईए ने टाटा, एल एंड टी और वेम टेक्नोलॉजी के नाम पर भी विचार किया था।

हाल ही में अमेरिका ने भारत को 145 M777 अल्ट्रा लाइट होवित्जर तोपें बेचने के प्रस्ताव को अंतिम रूप दे दिया है। हल्की आर्टिलरी गन श्रेणी की ये तोपें भारतीय सेना के लिए बोफोर्स तोपों का विकल्प होंगी। भारत और अमेरिका के बीच 700 मिलियन डॉलर की डिफेंस डील होना लगभग तय माना जा रहा है। इस डील के अनुसार अमरीका भारत को 145 अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर तोपें बेचेगा।

आईसीसी विश्व टी -20 मैचों के लिए पर्यवेक्षी समिति के प्रधान सलाहकार सी. के. खन्ना है।

## भारत और स्वीडन ने रेल सेक्टर में तकनीकी सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए 18 फरवरी



भारतीय रेल मंत्रालय और स्वीडन के उद्यम व राज्य अभिनव मंत्रालय ने रेल क्षेत्र में तकनीकी सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। समझौते का उद्देश्य रेलवे में विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों दक्षता और स्थिरता को बढ़ावा देना, द्विपक्षीय व्यापार, निवेश, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के संबंध में ठोस परिणाम प्राप्त करना है। समझौता ज्ञापन पर रेल मंत्रालय की ओर से इन्फ्रास्ट्रक्चर/सलाहकार गिरीश पिल्लई और स्वीडिश सरकार की ओर से राज्य सचिव ऑस्कर स्टेन स्टॉर्म ने हस्ताक्षर किये।

दोनों देशों के बीच ज्ञान व तकनीकी का आदान प्रदान, तकनीकी विशेषज्ञता, नवाचार, प्रौद्योगिकी, स्थायी समाधान और अनुसंधान का विनिमय। सहभागियों के बीच अन्य परियोजनाओं में चलते में ट्रेनध्कोच को हिलने से रोकना, गाड़ियों की क्षमता आवंटन यानि कि गाड़ियों का समयानुकूल संचालन, रखरखाव का अनुकूलन, फ्रेटध संयोजन यातायात को बेहतर बनाना सम्मिलित है। समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए जाने की तारीख से 5 वर्ष के लिए लागू रहेगा।

## एप्पल इंक भारत के हैदराबाद में तकनीकी विकास केंद्र स्थापित करेगी 18 फरवरी

एप्पल इंक ने हैदराबाद में तकनीक विकास केंद्र (टीडीसी) स्थापित करने की घोषणा की। एप्पल द्वारा यह अमेरिका के बाहर आरंभ किया जाने



वाला पहला केंद्र होगा। इस घोषणा के साथ ही एप्पल भी माइक्रोसॉफ्ट, गूगल एवं फेसबुक जैसी कम्पनियों की सूची में सम्मिलित हो गयी है जिन्होंने हैदराबाद में केंद्र स्थापित करने में रुचि जाहिर की।

यह केंद्र 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से तैयार होगा एवं इसे तिश्मन स्पेयेर वेवरॉक में 250000 स्क्वायर फीट में स्थापित किया जायेगा। एप्पल के लिए इस टीडीसी का विशेष महत्व होगा। एप्पल इंक विश्व की सबसे बड़ी मोबाइल तकनीक कंपनी है तथा भारत में स्मार्ट फोन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।

## भेल ने पंजाब में 270 मेगावाट जीवीके पावर प्लांट आरंभ किया 19 फरवरी




सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उपकरण बनाने वाली कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिक लिमिटेड (भेल) ने पंजाब के तरन तारन जिले में जीवीके पावर एंड इन्फ्रा की गोइंडवाल साहिब ताप बिजली परियोजना की 270 मेगावाट की कोयला आधारित बिजली उत्पादन इकाई को आरंभ किया।

इससे पहले कंपनी 210/250 मेगावाट के सेट सप्लाई कर रही थी जिसे अब बढ़ाकर 270 मेगावाट किया गया। पंजाब में सप्लाई किये गये 210-270 मेगावाट के सभी सेट भेल द्वारा दिए गये थे। इनमे 210 मेगावाट की 6 यूनिट रोपड़, 210 और 250 मेगावाट की 2-2 यूनिट भटिंडा में भेजी गयीं। भेल ने इससे पहले उत्तराखंड में अलकनंदा हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट में 82.5 मेगावाट के चार हाइड्रो सेट दिए थे।

## विश्व व्यापार में भागीदारी बढाने हेतु केंद्रीय मंत्रिमंडल ने व्यापार सुविधा समझौते को स्वीकृति दी 19 फरवरी



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 17 फरवरी 2016 को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के व्यापार सुविधा समझौते (टीएफए) को स्वीकृति दे दी। इस समझौते को प्रतिबद्धताओं के साथ स्वीकार किया गया है।

वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए व्यापार सुविधा समझौते को स्वीकृति देने वाला भारत विश्व में 71 वां देश है।

27 नवंबर 2014 को जिनेवा, स्विट्जरलैंड में व्यापार सुविधा समझौते के अनुसार विश्व व्यापार संगठन के दो-तिहाई सदस्य देशों के साथ व्यापार सुविधा समझौता को 107 देशों ने स्वीकार कर लिया।

टीएफए में वस्तुओं की निकासी व निर्गमन में तेजी लाने के साथ उसके पारगमन की सुविधा का प्रावधान हैं। सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा के मुद्दों पर यह सीमा शुल्क अनुपालन में अन्य उपयुक्त अधिकारियों के बीच प्रभावी सहयोग के साधनों का भी निर्धारण करता है।

### व्यापार सुविधा हेतु राष्ट्रीय समिति (एनसीटीएफ)-

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भी व्यापार सुविधा हेतु राष्ट्रीय समिति (एनसीटीएफ) के गठन को स्वीकृति दे दी। एनसीटीएफ घरेलू समन्वय और समझौते के प्रावधानों के कार्यान्वयन दोनों की सुविधा देगी। इसे संयुक्त सचिव, सचिव, वाणिज्य विभाग और राजस्व विभाग के अंतर्गत स्थापित किया जाएगा।

मर्सर के जीवन गुणवत्ता सर्वेक्षण 2016 के अनुसार, ऑस्ट्रिया दुनिया के सबसे रहने योग्य देश है।

## 'मेक इन इंडिया' सप्ताह में झारखंड को 62,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले 19 फरवरी




झारखंड सरकार ने घोषणा कर बताया कि उसे अदाणी तथा वेदांता जैसी बड़ी कंपनियों से **62,000** करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इन कंपनियों ने बिजली, उर्वरक, इस्पात और रसायन जैसे क्षेत्रों में रूचि दिखायी है। झारखंड सरकार ने तापीय बिजली संयंत्र तथा उर्वरक विनिर्माण इकाई लगाने के लिये अदाणी समूह के साथ **50,000** करोड़ रपये के निवेश के लिये सहमति पत्र पर दस्तखत किये हैं।

झारखंड सरकार को वेदांता से **2,000** करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव मिला है और इसके लिये उन्होंने एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके अतिरिक्त रसायन, आईटी, कपड़ा तथा निर्माण जैसे क्षेत्रों में कंपनियों से **10,000** करोड़ रपये के निवेश के **11** आशय पत्र प्राप्त हुए हैं।

झारखंड सरकार ने गौतम अदाणी की अगुवाई वाले समूह के साथ **15,000** करोड़ रपये का एक समझौता तापीय बिजली सयंत्र लगाने के लिये किया है। इसकी क्षमता **1,600** मेगावाट होगी। इस इकाई से उत्पादित बिजली बांग्लादेश ग्रिड को दी जाएगी। शेष **35,000** करोड़ रुपये निवेश कोयला आधारित मिथेन उर्वरक उत्पादन के लिये इकाई लगाने में किया जाएगा।

## अमेजन ने छोटे व्यवसायों के लिए तत्काल पहल आरम्भ की 19 फरवरी

ई-कॉमर्स कम्पनी अमेजन ने छोटे और मध्यम व्यापारों को (एसएमबीएस) (**SMBs**) ऑनलाइन करने व उत्पादों को ऑनलाइन बेचने हेतु अमेजन तत्काल पहल का शुभारंभ किया। इस योजना को सफल बनाने हेतु अमेजन तत्काल पंजीकरण, इमेजिंग और सूचीबद्ध सेवाओं के साथ ही बुनियादी विक्रेता को **60** मिनट का प्रशिक्षण भी प्रदान करता है।

कंपनी इस ऑनलाइन व्यापार अमेजन तत्काल का नई दिल्ली से शुभारंभ करके धीरे-धीरे देश भर में इसका प्रसार करेगी। हजारों उद्यमियों, शिल्पकारों, निर्माताओं और विक्रेताओं को आकर्षित करके उन्हें अवसर पर ही ऑनलाइन बेचने में सहायता करेगी।

अमेजन तत्काल के बारे में-

- विशेष रूप से डिजाइन किए गए स्टूडियो-ऑन-व्हील्स अमेजन तत्काल पंजीकरण सहित विभिन्न सेवाओं के समूह, इमेजिंग और सूचीबद्ध सेवाओं के साथ ही बुनियादी विक्रेता प्रशिक्षण प्रदान करता है।
- यह योजना कारोबार करने के इच्छुक हजारों विक्रेताओं को कम समय में अमेजन पर ऑनलाइन कारोबार करने में सक्षम बनाएगी।
- अमेजन तत्काल देश में विक्रेताओं द्वारा की गयी बिक्री और स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

## डाक विभाग के 800 करोड़ रुपये के भुगतान बैंक प्रस्ताव को हरी झंडी 21 फरवरी



सार्वजनिक निवेश बोर्ड ने भारतीय डाक द्वारा **800** करोड़ रुपये के भुगतान बैंक की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है और इसे अंतिम स्वीकृति के लिए एक महीने के भीतर मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। वित्त मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक निवेश बोर्ड सरकारी संस्थाओं द्वारा निवेश प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान करता है।

भुगतान बैंक की पायलट परियोजना जनवरी **2017** से और पूर्ण परिचालन मार्च से आरंभ होना निर्धारित है। विश्व बैंक और बार्कलेज सहित **40** अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय कंपनियों ने डाक विभाग द्वारा बैंक की स्थापना में साझीदारी करने में रूचि दर्शाई है।

रिजर्व बैंक ने विभाग को भुगतान बैंक की स्थापना की अनुमति दे दी है जो पहले से ही वित्तीय सेवाएं उपलब्ध करा रहा है और जिसकी देश भर में लगभग **1.55** लाख बैंक शाखाएं हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, भुगतान बैंक मांग जमा और प्रेषण जैसी सीमित सेवाओं की पेशकश कर सकते हैं।

उन्हें उधार देने की गतिविधियां आरंभ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और प्रारम्भ में उन्हें अधिकतम **1** लाख रुपए प्रति ग्राहक तक शेष रखने तक सीमित किया जाएगा। उन्हें अन्य प्रीपेड भुगतान लिखत एटीएम या डेबिट कार्ड जारी करने की अनुमति दी जाएगी परंतु क्रेडिट कार्ड जारी करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

हुरून वैश्विक रिच लिस्ट **2016** के अनुसार अरबपतियों की संख्या के मामले में भारत तीसरे नंबर पर हैं।

## आरकॉम एमटीएस सौदे को प्रतिस्पर्धा आयोग की स्वीकृति

**21 फरवरी**



रिलायंस कम्यूनिकेशंस (आरकॉम) ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा आयोग ने उसे रूस के दूरसंचार कंपनी समूह सिस्तेमा की भारतीय इकाई, सिस्तेमा श्याम टेलीसर्विसेज लिमिटेड (एसएसटीएल) के अधिग्रहण की स्वीकृति मिल गई है। नवंबर में भारत की प्रमुख दूरसंचार परिचालक आरकॉम ने सिस्तेमा की भारतीय दूरसंचार इकाई के अधिग्रहण की घोषणा की थी। संयुक्त कंपनी की के 11.8 करोड़ ग्राहक होंगे। सौदा शेयरों के हस्तांतरण के आधार पर हुआ है। सौदे के अनुसार, एसएसटीएल के पास आरकॉम में 10 प्रतिशत भागदारी होगी और सौदा पूरा होने से पहले वह अपने मौजूदा ऋण का भुगतान करेगी। रूस की प्रमुख कंपनी व्लादिमीर एव्तुशेन्कोव नियंत्रित एएफके सिस्तेमा के पास फिलहाल एसएसटीएल में 56.68 प्रतिशत भागदारी है। एसएसटीएल नौ दूरसंचार सर्कल में एमटीएस ब्रांड मोबाइल फोन सेवा प्रदान करती है।

## बांग्लादेश के साथ भारत ने की पॉवर डील, चीन को झटका

**22 फरवरी**



भारतीय सरकारी फर्म ने बांग्लादेश में 1.6 बिलियन डॉलर के कंट्रैक्ट की सहमति दे दी है, इसके साथ ही चीन को भारत की ओर से मात भी मिली है।

भारत मानता है कि बांग्लादेश भारतीय उपमहाद्वीप का हिस्सा है और इस उपमहाद्वीप में चीन का दबदबा लगातार बढ़ रहा है। चीन का फैलाव पाकिस्तान में ग्वादर पोर्ट से लेकर अफ्रीकी तट जिबूती तक हो रहा है। चीन यहां नेवी बेस बना रहा है। वर्षों की बातचीत के बाद भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) दक्षिणी बांग्लादेश के खुलना में 1,320 मेगावॉट थर्मल पावर स्टेशन स्थापित करने के लिए 28 फरवरी को समझौते पर हस्ताक्षर करेगा।

चीन के हार्बिन इलेक्ट्रिक इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड का ईरान, तुर्की और इंडोनेशिया समेत कई देशों में पावर प्रोजेक्ट है। बांग्लादेश के अधिकारियों ने कहा कि चीन को टेक्निकल आधार पर यहां पावर प्रोजेक्ट लगाने का मौका नहीं मिला।

भारतीय पावर फर्म का विदेश में यह सबसे बड़ा प्रोजेक्ट होगा। इससे पहले भारत रवांडा में एक पावर प्लांट बना चुका है और श्रीलंका में बनाने की तैयारी में है। बांग्लादेश में प्रोजेक्ट को प्राप्त करने में लगी चीनी कंपनी ने अभी तक इसपर कुछ कहा नहीं है।

लेकिन हार्बिन के आफ्टर सेल सर्विस डिपार्टमेंट ने कहा, 'कंपनी इस तरह के कई टेंडर्स में लगी हुई है। यह बहुत सामान्य सी बात है।' इससे पहले जापान ने पिछले वर्ष बांग्लादेश के पोर्ट सेक्टर से चीन को बेदखल किया था। जापान ने बांग्लादेश में समुद्र तट पर बंदरगाह बनाने के लिए 80 प्रतिशत वित्तीय सहायता की। इस प्रोजेक्ट को लेकर भी चीन बांग्लादेश से बातचीत कर रहा था। भारत के प्रस्तावित पावर प्लांट की बांग्लादेश में 600 मेगावाट की दो यूनिट होगी।

## सीआईआई ने दुबई एक्सपोर्ट्स के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**22 फरवरी**



भारत-संयुक्त अरब अमीरात आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), ने व्यापार को बढ़ावा देने और व्यापार के अवसरों का पता लगाने के लिये दुबई निर्यात साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सीआईआई, एक गैर-सरकारी संगठन है जिसने, दुबई एक्सपोर्ट्स के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं जो कि दुबई में निर्यात प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए अन्य सरकारी विभागों के साथ कार्य करने वाली कंपनी है। यह कारोबार के विस्तार और पूर्व एवं पश्चिम के बीच एक प्राकृतिक व्यापार प्रवेश द्वार के रूप में दुबई की अनूठी स्थिति द्वारा प्रदत्त अवसरों को बढ़ाने के लिए लंबी अवधि की रणनीति विकसित करती है।

इस समझौता ज्ञापन में गैर-गोपनीय, आर्थिक और व्यापारिक जानकारी के आपसी आदान प्रदान के लिए एक दूसरे के साथ लगातार और नियमित रूप से संपर्क बनाए रखने का अनुरोध किया गया है और आर्थिक और व्यापारिक सहयोग के लिए भागीदारों को सलाह दी गयी है तथा दोनों पक्षों के सदस्यों के बीच व्यापार के लिए अवसरों का पता लगाने का वचन दिया गया है।

यह व्यापार सहयोग के लिए यात्राओं के आदान-प्रदान को आयोजित करने और, सम्मेलनों के आयोजन के लिये व्यापार प्रतिनिधिमंडलों और अन्य गतिविधियों के बढ़ते संदर्भ में एक दूसरे को आवश्यक समर्थन प्रदान करेगा।

उनकी क्षमता की सीमाओं के भीतर सीआईआई और दुबई एक्सपोर्ट कराधान, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं, वीजा आदि जैसी नियामक तंत्र के कारण उत्पन्न बाधाओं को कम करने के लिये समन्वित प्रयास किये जाने की अपेक्षा है।

## 20 शहर इस 25 जून तक स्मार्ट सिटी परियोजनाएं लॉन्च करेगें

**22 फरवरी**

शहरी विकास मंत्री श्री एम. वेंकैया नायडू ने प्रतिस्पर्धा के पहले चरण में चयनित 20 शहरों के प्रथम बैच से इस वर्ष 25 जून तक अपनी-अपनी स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को लॉन्च करने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री द्वारा इस मिशन का शुभारंभ किये जाने का एक वर्ष इसी तारीख को पूरा हो रहा है। श्री नायडू 'भारत स्मार्ट सिटी मिशनः अगले कदम' पर

**2016 के रेल बजट में सभी आरक्षित श्रेणियों के तहत महिलाओं के लिए 33% उप-कोटा आवंटित किया गया है।**



आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

श्री नायडू ने विशेष जोर देते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी प्रतिस्पर्धा शहरों के लिहाज से पूरी तरह तटस्थ है और इसके अंतर्गत किसी भी प्रतिभागी शहर से कोई भेदभाव नहीं किया गया है। इस बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि मूल्यांकन संबंधी पैमाने न तो किसी शहर के पक्ष में हैं अथवा न ही उसके खिलाफ हैं। क्रियान्वयन की रूपरेखा, परिणाम उन्मुखता, नागरिकों की भागीदारी, सोल्यूशन्स की स्मार्टनेस, शहर का विजन एवं रणनीति, अपनाई गई प्रक्रियाएं इत्यादि इन पैमानों में सम्मिलित हैं।

शीर्ष रैंकिंग वाले **20** शहरों का उल्लेख करते हुए श्री नायडू ने कहा, 'कर्नाटक के कम जाने-पहचाने शहर दावणगेरे और महाराष्ट्र के सोलापुर ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के मुकाबले कहीं अधिक अंक प्राप्त किये हैं। इसी तरह आंध्र प्रदेश के कम जाने-पहचाने शहर काकीनाडा ने रैंकिंग के मामले में साधन-सम्पन्न चेन्नई से कहीं अधिक बेहतर प्रदर्शन किया है।

श्री नायडू ने फास्ट ट्रैक प्रतिस्पर्धा में भाग ले रहे **23** शहरों जैसे कि वारंगल, चंडीगढ़, लखनऊ, भागलपुर, देहरादून इत्यादि से **20** शहरों के प्रथम बैच के अनुभवों से सीख लेते हुए अपने-अपने प्रस्तावों को बेहतर बनाने का अनुरोध किया और शीर्ष **20** शहरों से अपने विशेष उद्देश्य वाहनों को कार्यरत करके इस दिशा में आगे बढ़ने और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को लॉन्च करने को कहा।

## ''भारत के सिक्कों और मुद्रा'' पर प्रदर्शनी का आयोजन

**22 फरवरी**



वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली ने नार्थ ब्लॉक के ग्रेट हॉल में "भारत के सिक्कों और मुद्रा" पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी का आयोजन वित्त मंत्रालय के अंतर्गत व्यय विभाग ने किया है। नार्थ ब्लॉक के ऐतिहासिक हॉल में इस प्रकार की प्रदर्शनी का यह पहला आयोजन है। प्रदर्शनी में समय के साथ-साथ रुपये के स्वरूप में बदलाव और इसके वस्तु-विनिमय से सिक्कों और वर्तमान में बैंक नोट और ई-मनी में परिवर्तन को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में रूपए के कई नामों को प्रदर्शित किया गया है जिसमें से कुछ आज प्रयोग में नही हैं और कुछ का प्रयोग आज भी हो रहा है। प्रदर्शनी में ग्रेट हॉल के इतिहास को भी प्रदर्शित किया गया है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली ने कहा कि प्रदर्शनी से देश में मुद्रा के विकास के इतिहास को जानने में सहायता मिलेगी। उन्होंने विभाग की इस अनोखी आरंभआत करने के लिए सराहना की और आशा व्यक्त की ग्रेट हॉल का प्रयोग भविष्य में भी कई प्रयोगों के लिए होगा जिससे इसकी भव्यता को फिर से स्थापित किया जा सकेगा। वित्त सचिव श्री रतन पी. वाटल के अनुसार, इस प्रदर्शनी का आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के भाग के रूप में किया गया है और इससे कार्यालय का वातावरण स्वच्छ करने में भी सहायता मिलेगी।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने सार्क स्वैप व्यवस्था में विस्तार की घोषणा की

**23 फरवरी**




सार्क क्षेत्र के साथ वित्तीय स्थिरता और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दृष्टि से भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत सरकार की समहति से सार्क करेंसी स्वैप व्यवस्था को **14** नवंबर **2017** तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

यह स्मरण होगा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने **15** नवंबर **2012** को सार्क राष्ट्रों को सार्क स्वैप व्यवस्था उपलब्ध कराई थी। इस व्यवस्था के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक **2** बिलियन अमेरिकी डॉलर तक की और कुल राशि के लिए विदेशी मुद्रा और भारतीय रुपया में स्वैप व्यवस्था उपलब्ध कराएगा। यह सुविधा सभी सार्क सदस्य देशों, नामतः अफगानिस्तान, बंगलादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका को उपलब्ध होगी। विभिन्न सदस्य केंद्रीय बैंकों को उपलब्ध स्वैप की राशि का परिकलन मोटे रुप में दो माह के आयात कवर के आधार पर किया गया है, जो कि प्रत्येक देश के लिए **100** मिलियन अमेरिकी डॉलर की न्यूनतम सीमा और **400** मिलियमन अमेरिकी डॉलर की उच्चतम सीमा के अधीन है।

## कार्ड और ऑनलाइन भुगतान अब सेवा कर से मुक्त

**25 फरवरी**

कार्ड और डिजिटल भुगतान पर अब कोई अधिभार, सेवा कर और सुविधा शुल्क नहीं लगेगा। कैबिनेट ने नकदीरहित लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए इस बात की स्वीकृति दी है। इसके जरिए कार्ड और डिजिटल माध्यम से लेनदेन को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही सरकारी विभागों में इसके लिए सही अवसंरचना भी तैयार होगी। अधिभार और सेवा प्रभार समाप्त करने से एक हजार के रेल टिकट पर **18** रुपए और **1000** रुपए के ऑनलाइन बिल पर **25** रुपए की बचत होगी। इसके अंतर्गत कई शॉर्ट टर्म (एक वर्ष के भीतर लागू किए जाने वाले) और मिड टर्म (दो वर्ष) उपायों को स्वीकृति दी गई है, जो मंत्रालयों, सरकारी विभागों में लागू किए जाएंगे।

एक्जिम बैंक, ईरान में चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए **150** अरब डॉलर की क्रेडिट प्रदान करेगा।



कार्ड और डिजिटल माध्यमों से भुगतान को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। इन भुगतानों पर अधिभार, सर्विस प्रभार, सुविधा शुल्क को वापस लिया जाएगा। कार्ड लेनदेनों पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को तर्कसंगत बनाया जाएगा। एक सीमा से अधिक भुगतान पर कार्डधडिजिटल मोड को आवश्यक बनाया जाएगा।

## ईरान के चाबाहर बंदरगाह के विकास के लिए भारत देगा 15 करोड़ डॉलर की सहायता 25 फरवरी



सरकार ने ईरान के साथ समुद्री व्यापार को बढ़ावा देने के लिए उसके चाबाहर बंदरगाह के विकास के लिये **15** करोड़ डॉलर की सहायता स्वीकृति दी है।

जहाजरानी मंत्रालय की ओर से पेश किए गए इस प्रस्ताव को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में अनुमोदित किया गया। ईरान सरकार को यह राशि आयात निर्यात बैंक के जरिए दी जाएगी।

चाबाहर बंदरगाह फारस की खाड़ी के लगभग ईरान में स्थित है। भारत इस बंदरगाह को सिर्फ ईरान ही नहीं बल्कि उस क्षेत्र में स्थित अन्य देशों खासकर अफगानिस्तान में निवेश और व्यापार को बढ़ाने के लिए एक बड़े केन्द्र के रुप में इस्तेमाल करने का इच्छुक है।

भारत और ईरान के बीच **6** मई **2015** को चाबार बंदरगाह के सबंध में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

## ईपीएफओ ने भविष्य निधि निकासी के नियम सख्त किए 26 फरवरी



कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने भविष्य निधि (पीएफ) की निकासी तथा इस राशि के वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना में निवेश के नियमों को सख्त कर दिया है। ईपीएफओ के **5** करोड़ अंशधारक हैं।

श्अब अंशधारक **54** वर्ष की आयु पूरी होने के बाद अपने पीएफ की निकासी के लिए दावा नहीं कर सकेंगे। अब उन्हें इसके लिए **57** वर्ष की आयु होने तक इंतजार करना होगा।श

पूर्व के नियमों के अनुसार ईपीएफओ के अंशधारक **54** वर्ष की आयु पूरी होने के बाद अपने पीएफ खाते की **90** प्रतिशत राशि निकाल सकते थे। उनके दावों का निपटान सेवानिवृत्ति से एक वर्ष पहले हो जाता था।

अधिकारी ने कहा कि पहले का नियम तर्कसंगत था, क्योंकि कई संस्थानों में सेवानिवृत्ति की आयु **55** या **56** वर्ष होती थी। आज के परिदृश्य में सेवानिवृत्ति की आयु **58** वर्ष है और अब इस योजना का यह प्रावधान तार्किक नहीं रह गया है।

एक अन्य बदलाव के अंतर्गत ईपीएफओ ने अब पीएफ से निकाली गई राशि को वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना में निवेश करने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को स्थानांतरित करने के लिए आयु सीमा अनिवार्य रूप से **57** वर्ष कर दी है। पहले इस योजना में निवेश **55** वर्ष की आयु में किया जा सकता था।

## प्रमुख दूरसंचार कंपनियों ने 5जी के लिए हाथ मिलाया 26 फरवरी

चाइना मोबाइल, वोडाफोन, भारती एयरटेल व सॉफ्टबैंक सहित अनेक प्रमुख वैश्विक दूरसंचार कंपनियों ने मौजूदा 4जी प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने तथा 5जी प्रौद्योगिकी के औद्योगिकीकरण के लिए हाथ मिलाया है। ये कंपनियां इस उद्देश्य के लिए पंचवर्षीय कार्यक्रम जीटीआई **2.0** पर काम करेंगी।

भारती एयरटेल ने एक बयान में कहा, श्दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के पांच चेयरमैन रू सीईओ के समर्थन व मार्गनिर्देशन में जीटीआई **2.0** आधिकारिक रूप से आरंभ हो गया है। बयान में जिन पांच चेयरमैन और सीईओ का नाम लिया गया है उनमें भारती इंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल, चाइना मोबाइल के चेयरमैन शांग बिंग, सॉफ्टबैंक समूह के चेयरमैन मासायोशी सोन, केटी के चेयरमैन चांग-ग्यू हवांग तथा वोडाफोन समूह के सीईओ वितोरियो कोलाओ सम्मिलित है। जीटीआई **2.0** एक पंचवर्षीय रणनीतिक योजना व मिशन है जिसका उद्देश्य मौजूदा 4जी प्रौद्योगिकी के वैश्विक विकास को प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही इसके जरिए आगामी पीढ़ी यानी 5जी प्रणाली के विकास व मौजूदा प्रौद्योगिकी के साथ उसके एकीकरण के लिए काम करना है। फरवरी **2011** में स्थापित जीटीआई के साथ **122** कंपनियां व **103** औद्योगिक भागीदार हैं।

मालदीव कैबिनेट ने हवाई परिवहन से आय पर, भारत के साथ दोहरे कराधान से बचाव समझौते को मंजूरी दी है।

## आरबीआई ने एसडीआर के नियम बदले, लोन की वसूली होगी आसान 26 फरवरी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कर्ज वसूली के लिए स्ट्रैटेजिक डेट रीस्ट्रक्चरिंग (एसडीआर) के नियम आसान कर दिए हैं। अब एसडीआर के अंतर्गत बैंक कम भागदारी बेचकर भी प्रक्रिया आरंभ कर सकते हैं। नए नियमों के अनुसार, कंपनी के मैनेजमेंट में बदलाव जरूरी हो गया है और 18 महीनों में 15 प्रतिशत की प्रोविजनिंग करना जरूरी होगा। कंपनी बिकने की संभावना कम होने पर प्रोविजनिंग बढ़ा देनी होगी।

नए नियम के अनुसार, एसडीआर कर्ज में डूबी कंपनी का टेकओवर कर सकते हैं। बैंक को एसडीआर के लिए 51 प्रतिशत बेचने की शर्त से मुक्ति मिल गई है। अब 51 प्रतिशत की बजाय 26 प्रतिशत बेचना काफी रहेगा।

सामूहिक कर्ज वसूली के नियम आसान किए गए हैं। अब 75 प्रतिशत के बजाए 50 प्रतिशत कर्ज देने वाले बैंकों की रजामंदी जरूरी होगी। सामूहिक कर्ज वसूली के ज्वाइंट लेंडर फोरम (जेएलएफ) बनाया गया है। जेएलएफ और जेएलएफ का सदस्य बैंक असहमति पर अलग हो सकता है। तय समय पर खरीदार लाने पर जेएलएफ की राय माननी होगी।

## इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को 3 अंतर्राष्ट्रीय सम्मान 01 मार्च




इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को तीन अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिले हैं। इस हवाईअड्डे को एशिया प्रशांत क्षेत्र में अपनी श्रेणी का सर्वश्रेष्ठ हवाईअड्डा चुना गया है।

यह सम्मान एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) ने वर्ष 2015 के लिए दिए हैं। दिल्ली हवाई अड्डे का प्रबंधन डायल की ओर से किया जाता है। डायल के सीईओ प्रभाकर राव ने बताया कि डायल की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है कि यहां यात्रियों को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं उपलब्ध करायी जा सकें।

## पीपीएफ पर नहीं लगेगा टैक्स 01 मार्च

वेतनभोगी वर्ग की चिंता दूर करते हुए सरकार ने कहा कि पीपीएफ निकालने पर टैक्स नहीं लगेगा और बजट प्रस्तावों के अंतर्गत सिर्फ कर्मचारियों के एक अप्रैल के बाद कर्मचारी भविष्य निधि कोष (ईपीएफ) में किए गए योगदान पर जो ब्याज मिलेगा, वही कर के दायरे में होगा और जबकि मूल राशि पर छूट बरकरार रहेगी।

राजस्व सचिव हसमुख अधिया ने कहा कि ईपीएफ निकासी के समय उसके 60 प्रतिशत हिस्से को कर के दायरे में लाने के प्रस्ताव से केवल 20 प्रतिशत ऐसे कर्मचारी ही कर के दबाव में आएंगे जो उच्च वेतन पाते हैं।




उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2016 के बाद भविष्य निधि में किए गए योगदान पर जो ब्याज जमा होगा, उस पर ही कर लगाने का प्रस्ताव किया गया है।

अधिया ने कहा कि मूल राशि पर कर नहीं लगेगा और इसकी निकासी पर कर छूट बरकरार रहेगी। हमने यह कहा है कि एक अप्रैल के बाद योजना पर जो ब्याज अर्जित होगा उसके 40 प्रतिशत पर कर नहीं लगेगा, बाकी 60 प्रतिशत पर ही कर लगेगा।

उन्होंने कहा कि यदि इस 60 प्रतिशत का निवेश भी पेंशन एन्विटी योजनाओं में कर दिया गया तो इस पर कर छूट होगी।

सचिव ने कहा कि यह कोई राजस्व संग्रह का उपाय नहीं है। अधिया ने कहा, कि पीपीएफ के किसी हिस्से पर कर नहीं लगाया गया है और 1.5 लाख रुपए तक की मौजूदा निवेश योजना पर कर छूट बरकरार रहेगी। पीपीएफ की निकासी कर दायरे से बाहर होगी।

## आरबीआई ने जारी किए नए एसेट रीवैल्युएशन नॉर्म्स, बैंकों को मिलेंगे 35 हजार करोड 02 मार्च




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कैपिटल बढ़ाने के लिए बैंकों के एसेट रीवैल्युएशन नियमों में बदलाव किए हैं। आरबीआई के इस निर्णय से सरकारी बैंकों को लगभग 35,000 करोड़ रुपए की राहत मिलने की उम्मीद है। रियल एस्टेट एसेट, विदेशी मुद्रा भंडार और टैक्स लेनदारी के रीवैल्युएशन के नए नियम जारी कर दिए हैं।

इन नियमों से बैंक पुराने असेट्स का वैल्युएशन मौजूदा भाव पर कर पाएंगे, जिससे उनकी बैलेंस शीट में 30-35 हजार करोड़ का अतिरिक्त कैपिटल आएगा। पिछली मॉनिटरी पॉलिसी के वक्त आरबीआई गवर्नर ने इस बात के संकेत दिए थे।

- एसेट रीवैल्युशन के कारण जो पैसा आएगा उसे टियर-1 कैपिटल माना जाएगा।
- बैंकों के रियल एस्टेट का वैल्युएशन मौजूदा भाव 55 प्रतिशत के डिस्काउंट पर होगा, जबकि विदेशी मुद्रा भंडार का वैल्युएशन 25 प्रतिशत डिस्काउंट पर होगा।
- आरबीआई ने बैंकों की कैपिटल से जुड़े नियमों में बदलाव किए हैं और इनसे बेसल- 3 की शर्तों को पूरा करने में सहायता मिलेगी।
- कैपिटल रिकॉग्निशन नियम बदलने से पीएसयू बैंक 35 हजार करोड़ रुपए की संपत्ति का इस्तेमाल कर सकेंगे।

सीएसआर खर्च के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष कंपनी के रूप में उभरी है।

## आईएफसी ने भारत के लिए जापान में इनोवेटिव मसाला बॉण्ड पेश किया

02 मार्च



विश्व बैंक समूह की कंपनी आईएफसी ने अपना पहला इनोवेटिव मसाला बांड लांच किया है। इसके जरिए वह जापान के निवेशकों से 30 करोड़ रुपये (43 लाख डॉलर) जुटाएगी, जिसका निवेश भारत में निजी क्षेत्र में किया जाएगा।

आईएफसी ने टोक्यो में की गई घोषणा में कहा कि बांड की परिपक्व ता अवधि तीन वर्ष की है। यह आईएफसी के इनोवेटिव मसाला बांड पर आधारित है, जिसके माध्यम से भारत में निवेश करने के लिए वैश्विक निवेशकों से 1.7 अरब डॉलर जुटाए गए हैं।

इनोवेटिव बांड रुपया मूल्य वाले बांड का लोकप्रिय नाम है, जिसे सिर्फ विदेशी निवेशकों को ही बेचा जाता है। वहीं, उरिदाशी बांड जापान में घरेलू निवेशकों को बेचा जाता है।

आईएफसी के इनोवेटिव मसाला बांड से हासिल होने वाली आय का उपयोग भारत में निजी क्षेत्र में निवेश में किया जाएगा। जेपी मोर्गन इस बांड की एकमात्र व्यवस्थापक है, जबकि हिनोमारू सिक्योरिटीज कंपनी लिमिटेड वितरक एजेंसी है।

## ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच के मामले में भारत 90 वें स्थान पररू डब्ल्यूईएफ

02 मार्च




सुरक्षित, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा की आपूर्ति के आधार पर तैयार 126 देशों की विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की सूची में भारत को 90वां स्थान दिया गया है। इस सूची में स्विट्जरलैंड शीर्ष पर है।

ताजा वैश्विक एनर्जी आर्किटेक्चर परफार्मेंस इंडेक्स रिपोर्ट में 126 देशों के ऊर्जा ढांचे का आकलन किया गया है।

इसमें त्रिकोण यानी उचित मूल्य, पर्यावरण के हिसाब से टिकाऊसुरक्षा और पहुंच के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है। सूची में स्विट्जरलैंड के बाद नॉर्वे दूसरे और स्वीडन तीसरे स्थान पर है।

शीर्ष दस में सम्मिलित अन्य देशों में फ्रांस चौथे, डेनमार्क पांचवें, ऑस्ट्रिया छठे, स्पेन सातवें, कोलंबिया आठवें, न्यूजीलैंड नौवें और उरूग्वे दसवें स्थान पर हैं। ब्रिक देशों में ब्राजील का प्रदर्शन सबसे अच्छा है।

ब्राजील सूची में 25वें स्थान पर है। रूस 52वें, भारत 90वें और चीन 94वें स्थान पर है। भारत के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि उसे बिजली क्षेत्र में वृद्धि के लक्ष्य को पाने के लिए कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

## 7.3 प्रतिशत रहेगी भारत का विकास दरः आईएमएफ

03 मार्च




अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास दर के 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताते हुए कहा कि अगले वित्त वर्ष में यह बढ़कर 7.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। कई अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक एजेंसियों ने भारत के आर्थिक क्षेत्र में उठाए गए कदम की सराहना की है।
भारत की ओर से सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, सब्सिडी को तर्कसंगत बनाने के दिशा में उठाए गए कदम की सराहना की। साथ ही उत्पाद बढ़ाने को लेकर भारत सरकार के कदम को भी सार्थक बताया।

आईएमएफ के भारत में मिशन चीफ पाउल कशिन ने कहा कि भारत की वित्तीय स्थिति फिलहाल बेहतर स्थिति में है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का भारत को भरपूर फायदा मिल रहा है।

आईएमएफ ने कहा 2014 में जब अचानक अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में भारी गिरावट आई, लेकिन भारत के लिए ये गिरावट सकारात्मक रही।

## फोर्ब्स की अरबपतियों की सूची में पांच भारतीय महिलाए

03 मार्च

Forbes

फोर्ब्स पत्रिका ने विश्व की सबसे धनी हस्तियों की इस वर्ष की सूची में 190 महिला अरबपतियों को सम्मिलित किया है। इस वर्ष की सूची में कुल 1810 अरबपति हैं जिनमें से 190 महिला हैं।

यह संख्या 2015 में 197 थी। विश्व के सबसे धनी या अरबपतियों की कुल संख्या के लिहाज से महिलाओं का हिस्सा बहुत ही कम यानी 10 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है।

वैसे इस सूची में सम्मिलित महिलाओं में पांच भारतीय भी हैं। इनमें सावित्री जिंदल व परिवार को 453वें स्थान पर रखा गया है। मीडिया घराने बैनेट, कोलमेन एंड कंपनी की प्रमुख इंदु जैन को वैश्विक स्तर पर 549वां स्थान दिया गया है। उनकी संपत्ति 3.1 अरब डालर आंकी गई है।

सूची में पहली बार सम्मिलित स्मिता कृष्णा गोदरेज 810वें स्थान पर, लीना तिवारी 1067वें स्थान पर व विनोद गुप्ता को 1577वें स्थान पर रखा गया है। सूची में सबसे धनी महिला के रूप में लोरेल की लिलिएन बेटनकोर्ट हैं जिन्हें 11वां स्थान मिला है।

जापान की निसान मोटर्स ने रोहित शर्मा को अपना नया वैश्विक राजदूत नामित किया है।

## पेप्सीको इंडिया ने बीसीसीआई से किया करार

03 मार्च

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एवं पेप्सीको इंडिया ने भारत में क्रिकेट के खेल को बढ़ावा देने के लिए अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। पेप्सीको इंडिया अगले चार वर्षों के लिए बीसीसीआई का ऑफिशियल पार्टनर होगा। आईपीएल में स्पॉट फिक्सिंग और सट्टेबाजी को लेकर टूर्नामेंट के टाइटल प्रायोजन से हटने वाले पेप्सी ने एक बार फिर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) का दामन थाम लिया है और उसके साथ चार वर्ष का प्रायोजन करार किया है। पेप्सीको इंडिया के अध्यक्ष एवं सीईओ डी शिव कुमार और बीसीसीआई के सचिव अनुराग ठाकुर ने एक संवाददाता सम्मेलन में इस करार की घोषणा की।

## कौशल प्रशिक्षण के लिए टेक्नोवेशंस सर्विसेज ने किया करार

04 मार्च




सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण देने वाली कंपनी टेक्नोवेशंस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने स्किल इंडिया मुहिम के मद्देनजर ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ करार की घोषणा की। कंपनी ने जारी बयान में बताया कि इस करार के अंतर्गत पहले चरण में आईटी, टेलीकॉम, सॉफ्टवेयर एवं इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्यूनिकेशंस के छात्रों को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। उसने कहा कि इस मुहिम से देश के नये स्टार्टअप्स को भी योग्य कर्मचारी खोजने में सहायता मिलेगी।

## भारतीय-अमेरिकी निवेशक को आईएमएफ में अहम पद

04 मार्च



स्वतंत्र निवेशक सुनील सबरवाल अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में एक प्रमुख प्रशासनिक पद पर आसीन होने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी बन गए हैं। लंबे इंतजार के बाद सीनेट से स्वीकृति पाने वाले सबरवाल ने आईएमएफ के वैकल्पिक कार्यकारी निदेशक का पद संभाल लिया। आईएमएफ के कुल मतों में 16।81 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी अमेरिका की है। यह पद आईएमएफ के सबसे ताकतवर पदों में से एक है।

अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अप्रैल 2014 में इस पद के लिए सुनील को नामित किया था। इसके बाद उन्होंने मार्च 2015 में उन्हें दोबारा नामित किया। नयी दिल्ली में भारतीय पिता ओर हंगरी मूल की मां के परिवार में जन्मे सुनील के माता-पिता उस समय अलग हो गए थे, जब इनकी आयु नौ वर्ष थी। इसके बाद वह बुडापेस्ट आ गए। सबरवाल वर्ष 2011-13 में यूरोपीय ई-कॉमर्स भुगतान सेवा कंपनी ओगोन के बोर्ड के अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने ईजीकैश के अधिग्रहण के लिए वारबर्ग पिंकस को सलाह दी थी। इसके बाद वह 2006-2009 के लिए वहां बोर्ड सलाहाकार बन गए थे। विभिन्न बड़ी कंपनियों में काम कर चुके सुनील वर्ष 1992-96 में यूरोपीय बैंक फॉर रीकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट में प्रमुख बैंकर के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी से बीएस और लंदन बिजनेस स्कूल से एमएस किया है।

## सरकार मार्च 2017 तक ग्रामीण डाकघरों को डिजिटल संपर्क से जोड़ेगी

05 मार्च



सरकार ने कहा है कि वह मार्च 2017 तक सभी ग्रामीण डाकघरों को डिजिटल संपर्क से जोड़ेगी। संचार एवं आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद के अनुसार, सरकार देश भर के ग्रामीण इलाकों में 1,29,323 ग्रामीण डाक सेवक डाकघरों को डिजिटल संपर्क से जोड़ रही है। सरकार ने आधुनिकीकरण, डिजिटाइजेशन और लगभग 1,55,000 डाक कार्यालयों की नेटवर्किंग करने के ध्येय से 4,909 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ डाक विभाग के आईटी आधुनिकीकरण परियोजना को स्वीकृति दी है। प्रसाद ने कहा कि देश के सभी 25,297 विभागीय डाकघरों में 'कोर बैंकिंग' सेवा (सीबीएस) को लागू किया जा रहा है। डाक विभाग ग्राहकों की सुविधा के लिए सीबीएस के साथ एटीएम की भी स्थापना कर रही है तथा मार्च 2016 तक 1,000 एटीएम को स्थापित किए जाने की योजना है।

## एसबीआई को म्यांमार में कारोबार के लिए मिला लाइसेंस

05 मार्च

म्यांमार ने भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सहित चार एशियाई बैंकों को देश में कारोबार करने का लाइसेंस दिया है। म्यांमार की विदेशी लाइसेंसिंग समिति ने कहा है कि एसबीआई के अतिरिक्त जिन बैंकों को लाइसेंस दिये गये हैं उसमें वियतनाम का बैंक फॉर इनवेस्टमेंट एंड डेवलपमेंट, ताईवान का सन कमर्सियल बैंक और दक्षिण कोरिया का शिंहान बैंक सम्मिलित है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) उन चार नए विदेशी बैंकों में सम्मिलित है जिन्हें म्यामार में 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली शाखाएं खोलने की शुरुआती अनुमति दी गई है। म्यामार ने विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए यह कदम उठाया है। शुरुआती स्वीकृति 12 महीने तक वैध होगी जिस दौरान सफल आवेदक को उचित कदम उठाने होंगे। उल्लेखनीय है कि म्यामार ने पिछले वर्ष अक्टूबर में नौ विदेशी बैंकों को स्वीकृति दी थी। म्यामार के सैन्य प्रशासन ने 1962 में सत्ता संभालने के बाद सभी बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया था। वर्ष 2011 से देश में राजनीतिक व आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया चल रही है।

पाकिस्तान के वयोवृद्ध अभिनेता हबीब-उर-रहमान का लाहौर में निधन हो गया।

## पर्यावरण मंत्रालय ने उद्योगों का नया वर्गीकरण जारी किया

05 मार्च



सरकार ने प्रदूषण लोड पर आधारित उद्योगों का एक नया वर्गीकरण का जारी किया है। नया वर्गीकरण जारी करते हुए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि, ष्वेत

उद्योगों की नई श्रेणी जो व्यावहारिक रूप से गैर-प्रदूषणकारी है के लिये पर्यावरण स्वीकृति (ईसी) और सहमति की आवश्यकता नहीं है और ऋण संस्थाओं से वित्त प्राप्त करने में भी उन्हें सहायता मिलेगी।

पुनरू वर्गीकरण की प्रक्रिया का अभ्यास पिछले एक वर्ष से किया जा रहा था, जो कि उद्योगों की एक साफ तस्वीर देने के लिए एक मील का पत्थर निर्णय है।

औद्योगिक क्षेत्रों के वर्गीकरण के प्रयोजन के लिए 'प्रदूषण सूचकांक की सीमा' पर निम्नलिखित मानदंडों को अंतिम रूप दिया गया है।

- 60 और उससे अधिक प्रदूषण सूचकांक स्कोर वाले औद्योगिक क्षेत्र - लाल श्रेणी
- 41-59 के मध्य प्रदूषण सूचकांक स्कोर वाले औद्योगिक क्षेत्र - नारंगी श्रेणी
- 21-40 के मध्य प्रदूषण सूचकांक स्कोर वाले औद्योगिक क्षेत्र - हरित श्रेणी
- 20 सहित और 20 तक प्रदूषण सूचकांक स्कोर वाले औद्योगिक क्षेत्र - श्वेत श्रेणी

'पुनः वर्गीकरण' अभ्यास की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

वैज्ञानिक मापदंड के आधार पर औद्योगिक क्षेत्रों की सापेक्ष प्रदूषण संभावना को तर्कसंगत महत्व दिया गया है। इसके अतिरिक्त, जहाँ भी संभव हो, कच्चे माल के उपयोग, अपनायी जाने वाली निर्माण प्रक्रिया और उत्पन्न होने वाले संभावति प्रदूषकों के आधार पर औद्योगिक क्षेत्रों के विभाजन पर भी विचार किया जा सकता है।

- औद्योगिक क्षेत्रों की लाल श्रेणी 60 होगी।
- औद्योगिक क्षेत्रों की नारंगी श्रेणी 83 होगा।
- औद्योगिक क्षेत्रों की हरित श्रेणी 63 होगा।

नयी शुरू की गयी श्वेत श्रेणी में 36 औद्योगिक क्षेत्र सम्मिलित हैं जो व्यावहारिक रूप से गैर-प्रदूषणकारी हैं।

श्वेत श्रेणी के अंतर्गत काम करने के वाले उद्योगों को सहमति प्राप्त करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। संबंधित एसपीसीबी/पीसीसी को सूचित करना ही पर्याप्त होगा।

लाल श्रेणी के किसी भी उद्योग को सामान्य रूप से पारिस्थितिकीय रूप से नाजुक क्षेत्र / संरक्षित क्षेत्र में अनुमति नहीं दी जाएगी।

## चीन रक्षा बजट में करेगा 7.6 प्रतिशत की वृद्धि

05 मार्च



चीन अपने रक्षा तंत्र को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष सैन्य खर्च में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। चीन की सरकार ने घोषणा की है कि वह इस वर्ष सेना पर 146.67 बिलियन डॉलर यानी 9,82,526 करोड़ रुपए से अधिक खर्च करेगी। हालांकि पिछले छह वर्ष में यह उसके रक्षा बजट में सबसे कम वृद्धि है।

गत वर्ष चीन ने रक्षा बजट में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि की थी और उसका खर्च 135.95 बिलियन डॉलर था। चीन की संसद के प्रवक्ता ने बताया कि 2016 में रक्षा बजट में सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी।

चीन का रक्षा बजट भारत से चार गुना है। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने रक्षा क्षेत्र के लिए 36.5 बिलियन डॉलर यानी 2,44,509 करोड़ रुपए से अधिक राशि के आवंटन की घोषणा की थी। लेकिन 146.67 बिलियन डॉलर का चीन का बजट अमेरिका के रक्षा बजट का एक चौथाई है। चीन ने दक्षिण चीन सागर में अन्य देशों के साथ तनातनी के माहौल के बीच अपने रक्षा बजट में वृद्धि का ऐलान किया है।

## रॉ, आईबी के साथ आरबीआई साझा करेगी एफडीआई संबंधी सूचनाएं 08 मार्च




देश में कालाधन आने से रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) संबंधी सूचनाएं देश की खुफिया एजेसियों, आईबी और रॉ के साथ साझा करेगा। आर्थिक अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रेवेन्यू सेक्रेटरी हसमुख अधिया की अगुवाई वाली एक सरकारी समूह की बैठक में इस बारे में निर्णय लिया गया। कैबिनेट सचिवालय ने टैक्स हेवेन देशों की कंपनियों द्वारा देश में निवेश पर चिंता जताई थी।

रिसर्च एंड ऐनालिसिस विंग (रॉ) कैबिनेट सचिवालय के प्रशासनिक नियंत्रण में ही काम करती है। इस तरह की कंपनियों की फंडिंग के स्रोत पर निगाह रखने के लिए कैबिनेट सचिवालय ने सुझाव दिया था कि वित्त मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय आर्थिक खुफिया ब्यूरो (सीईआईबी) इस तरह की इकाइयों तथा निवेश का डेटाबेस रखे। बाद में इस सुझाव को खारिज कर दिया गया।

अधिकारी ने कहा कि महसूस किया गया कि वे इसका डेटाबेस तैयार करें और इसे आईबी और रॉ के साथ साझा करें। रिजर्व बैंक से यह भी कहा गया है कि वह इस सूचना को अपनी वेबसाइट पर डालने पर भी विचार करे।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं निवेश सम्मेलन की एक रिपोर्ट के अनुसार 2015 में भारत में एफडीआई का प्रवाह लगभग दोगुना होकर 59 अरब डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी निवेश भारत के लिए इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि उसे 2012-13 से 2016-17 के दौरान लगभग 1,000 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता है।

## महिला कारोबारियों के लिए ई-हाट प्लेटफार्म का शुभारम्भ 08 मार्च



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने ग्रामीण महिला कारोबारियों को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म 'महिला-ई-हाट' का लोकार्पण किया। मेनका ने ऑनलाइन प्लेटफार्म का लोर्कापण करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि इस प्लेटफार्म का उद्देश्य छोटे महिला कारोबारीयों और कामगारों को सशक्त बनाना है।

उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा इन महिलाओं की सहायता करना है, जिससे वे सामाजिक-आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने कहा कि इस प्लेटफार्म पर महिला कारोबारी और कलाकार कुछ भी बेच सकती हैं। इनमें खानपान और रहन-सहन से संबंधित उपकरण, घरेलू सामान, खिलौना और परिधान सम्मिलित हो सकते हैं। मेनका ने कहा कि यह प्लेटफार्म बेचने वाले और खरीदने वाले लोगों की सहायता करेगा। सामान की आपूर्ति के लिए ई-कॉमर्स कंपनी 'ईबे' का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग एवं वाणिज्य महासंघ (फिक्की) और भारतीय उद्योग एवं वाणिज्य मंडल (एसौचेम) जैसे बड़े उद्योग संगठनों को भी छोटे महिला कारोबारियों की सहायता करनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस प्लेटफार्म का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'मेक इन इंडिया' को डिजिटल तकनीक के माध्यम से बढावा देना है। इससे स्थानीय स्तर पर तैयार वस्तुओं को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि महिला ई हाट का प्रबंधन राष्ट्रीय महिला कोष के हाथों में होगा और वही इसकी निगरानी करेगा। फिलहाल यह प्लेटफार्म अंग्रेजी और हिन्दी में काम करेगा लेकिन जल्दी ही इसे अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## फिच ने 2016-17 के लिए भारत का विकास अनुमान घटाया 08 मार्च




फिच रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2016-17 के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाकर 7.7 प्रतिशत कर दिया है।

हालांकि चालू वित्त वर्ष के लिए 7.5 प्रतिशत की वृद्धि के अनुमान को बरकरार रखा है।

फिच ने दिसंबर में 2016-17 के लिए 8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान जताया था।

फिच ने अपने ताजा वैश्विक आर्थिक आउटलुक (जीईओ) में कहा कि विवेकाधीन खर्च आय में बढ़ोत्तरी, दो वर्ष के कमजोर मानसून के बाद सामान्य मानसून और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन में भारी बढ़ोत्तरी के दम पर 2016-17 में 2017-18 में रिकवरी देखने को मिलेगी।

इसमें कहा गया, 'वित्त वर्ष 16-17 में 7.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 17-18 में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

इससे दिसंबर जीईओ की तुलना में मामूली नकारात्मक संशोधन का पता चलता है, लेकिन इसके बावजूद वैश्विक वृद्धि के मामले में टॉप पर बना रहेगा।

फिच ने कहा कि वह मार्च 2016 में खत्म हो रहे वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि के अनुमान को 7.5 प्रतिशत के स्तर पर बरकरार रख रही है।

जीटीआई 2.0, 4जी प्रौद्योगिकी के उन्नीकरण और 5जी प्रौद्योगिकियों के औद्योगीकरण के लिएएक पांच वर्षीय कार्यक्रम है।

## बांग्लादेश को 2 अरब डॉलर का क्रेडिट देगा भारत

08 मार्च



भारत ने बांग्लादेश को 2 अरब डॉलर की ऋण सहायता देने के लिये ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारत द्वारा किसी भी देश को दी गयी अब तक की सबसे बड़ी ऋण सहायता है। पांच वर्ष पहले भारत ने पड़ोसी देश को एक अरब डॉलर की ऋण सहायता उपलब्ध कराई थी।भारतीय उच्चायोग के एक बयान में कहा गया है, ''किसी भी देश को दी गयी ऋण सहायता में 2 अरब डॉलर की ऋण सहायता सर्वाधिक है।'' एक्जिम बैंक के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक यदुवेन्द्र माथुर ने बांग्लादेश के आर्थिक संबंध विभाग के सचिव मोहम्मद मेसबाहुद्दीन ने हस्ताक्षर किये। यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून 2015 में बांग्लादेश की यात्रा के दौरान की गयी घोषणा के अनुरूप है। प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि ऋण सहायता का उपयोग सामाजिक क्षेत्र समेत विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा। वर्ष 2010 में दी गयी ऋण सहायता का उपयोग संचार संबंधी ढांचागत सुविधा में किया गया था।

## टाटा मोटर्स बनाएगी पहला स्वदेशी युद्धक वाहन

08 मार्च



वाहन कंपनी टाटा मोटर्स ने 50,000 करोड़ रपये की भावी बक्ख्तरबंद युद्धक वाहन (एफआईसीवी) परियोजना के लिए बोली लगाने के लिये भारत फोर्ज और अमेरिका स्थित जनरल डायनामिक्स लैंड सिस्टम्स (जीडीएलएस) के साथ गठबंधन करने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स, भारत फोर्ज को साझीदार के तौर पर लेकर इस कंसोर्टियम की अगुवाई करेगी, जबकि जनरल डायनामिक्स लैंड सिस्टम्ज युद्धक वाहन प्लेटफार्म में अपनी विशेषग्यता उपलब्ध कराएगी। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक (वाणिज्यिक वाहन) रवि पिशरोदी ने कहा, इस साझीदारी के जरिए हमें प्रथम पूर्ण देशज युद्धक वाहन के लिए मेक इन इंडिया के सपने को साकार करने में सहायता मिलेगी और साथ ही हम देश में उपलब्ध अवसरों का दोहन करने की स्थिति में होंगे।

भारत फोर्ज के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक बाबा एन. कल्याणी ने कहा, हमारी प्रस्तावित साझीदारी, देशज रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने विशेषकर एफआईसीवी के साथ जमीनी स्तर पर साजो सामान की प्रणाली मजबूत करने के भारत सरकार के उद्देश्यों को पूरा करने में सहायतागार होगी। जीडीएलएस के उपाध्यक्ष रूपहियों पर पट्टे लगे बख्तरबंद वाहनः डोनाल्ड कोचमैन ने कहा कि इस साझीदारी से रक्षा मंत्रालय के एफआईसीवी कार्यक्रम की आवश्यकतों पूरी करने में सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि 50,000 करोड़ रूपये की एफआईसीवी परियोजना 25 वर्ष की है जिसके लिए बोली लगाने की दौड़ में एलएंडटी और महिन्द्रा के अतिरिक्त भारत फोर्ज, पिपावाव डिफेन्स, पुंज लायड एवं आर्डिनेंस फैक्टरी बोर्ड सम्मिलित हैं।

## भारतीय रेलवे ने अर्नेस्ट एंड यंग को सलाहकार नियुक्त किया

09 मार्च



भारतीय रेलवे ने अर्नेस्ट एंड यंग को अपने व्यापक विज्ञापन अभियान में सम्मिलित किया है। यह वैश्विक कंपनी भारतीय रेलवे में योगदान से विभाग स्टेशनों और रेलगाड़ियों में व्यापक रूप से विज्ञापन क्षमता के अवसरों की पहचान और उसे पूरा करने के तौर-तरीकों पर सलाहकार के रूप में अपनी भूमिका निभायेगी। अर्नेस्ट एंड यंग बहुराष्ट्रीय पेशवर सेवाएं देने वाली कंपनी है और इसका मुख्यालय लंदन में है। यह बीमा, टैक्स, लेन-देन व्यापार और परामर्श सेवाएं प्रदान करने वाली अग्रणी वैश्विक कंपनी भी है। इसका कई देशों के साथ कारोबार है और यह अलग से कानूनी कार्यक्रम भी चलाती है। रेलवे जैसे सार्वजनिक उपक्रम के अंतर्गत राइट्स सलाहकार विभाग है और इसने अर्नेस्ट एंड यंग को बहुपार्टी नीलामी संबंधी सेवाएं दे रखी हैं। रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु हमेशा विज्ञापनों के जरिये नॉन फेयर बॉक्स रूट से राजस्व बढ़ाने पर जोर देते रहे हैं। शुरुआती पहल इस बात का संकेत है कि अगले कुछ वर्षों में भारतीय रेलवे अपने विज्ञापन पर 5000 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करेगा।अर्नेस्ट एंड यंग को भारतीय रेलवे ने अपनी क्षमताओं का विज्ञापन करने के मद में समूचे देश के करीब 7,000 रेलवे स्टेशनों के व्यापक नेटवर्क के अंतर्गत चलने वाली रेलगाड़ियों और उसकी पूंजी क्षमता को जांचने के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी है। अर्नेस्ट एंड यंग ने अपने विशिष्ट कार्यक्रमों के अंतर्गत मार्केटिंग एंड एडवरटाइजिंग रिस्क सर्विसेज (मार्स) को रेलवे की सेवाओं के लिए प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है। इससे समूचे भारत के रेलवे स्टेशनों की क्षमता की पहचान करने में मदद मिलेगी और विज्ञापनदाताओं को अपनी मूल्यगत रणनीति को विकसित करने में सहूलियत होगी। कंपनी ने अपना काम शुरू कर दिया है।

## आनंद महिंद्रा फ्रांस के 'नाइट ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित

09 मार्च

महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह के प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष आनंद जी महिंद्रा को फ्रांस के 'नाइट ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित किए गए। भारत में फ्रांस के राजदूत फ्रॉस्वा रिचीअर के नई दिल्ली निवास पर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों और महिंद्रा समूह के कुशल संचालन के लिए आनंद महिंद्रा को उच्चतम फ्रांसीसी नागरिक गौरव सम्मान से नवाज़ा गया।

बांग्लादेशी क्रिकेटर मशरफे बिन मुर्तजा यूएनडीपी द्वारा राष्ट्रीय युवा सद्भावना राजदूत नियुक्त किये गये हैं।



- द नेशनल आर्डर ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर (आर्डर नेशनल डी ला लीजन डीशोंनयूर) एक फ्रांसीसी सम्मान है, यह **19** मई **1802** को नेपोलियन बोनापार्ट द्वारा स्थापित किया गया था।
- फ्रांस में यह सम्मान सर्वोच्च उपाधि है और आरोही क्रम में पांच डिग्री में बांटा गया है। जिनमे शेवेलियर (नाइट), ऑफिसर (अधिकारी), कोम्मन्देउर (कमांडर), ग्रैंड ऑफिसर (ग्रैंड अधिकारी) और ग्रैंडश्क्रोइक्स (ग्रैंड क्रॉस) हैं।
- सम्मान का उद्देश्य 'ऑनर एंड फादरलैंड' है।
- फ्रांस मे प्रख्यात उपलब्धियों और सेवा हेतु सम्मानित करने के लिए फ्रांस का यह प्रमुख पुरस्कार है। यह फ्रांस के नागरिकों के अलावा विदेशी नागरिकों को भी दिया जाता है।
- अतीत में पंडित रवि शंकर, अमिताभ बच्चन, मनीष अरोड़ा और जेआरडी टाटा को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## केबिनेट ने 8,000 करोड़ रुपए की ग्रामीण एलपीजी योजना को दी स्वीकृति — 10 मार्च



मंत्रिमंडल ने गरीब परिवार की महिला सदस्यों को मुफ्त रसोई गैस (एलपीजी) कनेक्शन मुहैया कराने के लिए **8,000** करोड़ रुपए की योजना को स्वीकृति दी।

पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाले मंत्रिमंडल ने तीन वर्ष के लिए **8,000** के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को स्वीकृति दी। इस योजना का लक्ष्य है गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को युद्ध-स्तर पर एलपीजी कनेक्शन मुहैया कराना।

वित्त मंत्री अरुण जेटली ने **2016-17** के बजट में यह कहते हुए योजना की घोषणा की थी कि रसोई गैस गरीबों को नहीं मिलती है। उन्होंने बजट भाषण में कहा था, 'भारत की महिलाओं को खाना बनाते समय धुएं से जूझना पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक रसोई में खुली आग के धुएं में एक घंटे बैठने का मतलब है **400** सिगरेट का धुआं सूंघना। इस समस्या के समाधान का समय आ गया है।'

## आईसीआईसीआई बैंक देगा सब्सिडी पर होम लोन — 10 मार्च




निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई ने नेशनल हाउसिंग बैंक (एनएचबी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किया है। यह एमओयू प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर लेने वाले होम बायर्स को क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम के अंतर्गत होम लोन देने के लिए किया गया है।

एनएचबी हाउसिंग स्कीम के लिए नोडल एजेंसी है। इस स्कीम के अंतर्गत कम आय वर्ग को **6.5** प्रतिशत के इंटरेस्ट रेट पर होम लोन मिलेगा। इस स्कीम में लोन लेने की अधिकतम राशि **6** लाख रुपए होगी और ऋण की अवधि **15** वर्ष के लिए होगी।

आईसीआईसीआई बैंक के ईडी राजीव सभरवाल का कहना है कि बैंक सरकार के हाउसिंग फॉर ऑल स्कीम **2022** को सपोर्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी को पूरा करने के लिए बैंक ने क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम को लॉन्च किया है। इस स्कीम में होम लोन लेने वाले कम आय वर्ग को राहत मिलेगी क्योंकि उनके कम ईएमआई चुकाना होगा। इस स्कीम के अंतर्गत होम लोन कस्टमर के पात्रता को देखकर दिया जाएगा लेकिन अधिकतम सीमा से अधिक का लोन नहीं मिलेगा।

## आईएमएफ में भारत पहली बार शीर्ष 10 सदस्यों में सम्मिलित होगा — 12 मार्च

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत का कोटा बढ़ाने के लिए सरकार **69,575** करोड़ रुपए का योगदान करने जा रही है। इसके साथ ही भारत आईएमएफ के **10** शीर्ष सदस्यों में सम्मिलित हो जाएगा। भारत का आईएमएफ में वोटिंग का अधिकार भी बढ़ जाएगा। आईएमएफ में कोटा रिफॉर्म होने के कारण से ऐसा हो पा रहा है।

अमेरिका जैसे विकसित देशों के अड़ंगे के कारण से यह रिफॉर्म लंबे समय से लटका हुआ था। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने आईएमएफ में **69575** करोड़ रुपए का योगदान किए जाने की जानकारी दी। नए सुधारों की वजह से भारत, ब्राजील, चीन और रूस पहली बार आईएमएफ के सबसे बड़े

हैती ने अर्थशास्त्री ज्यां फ्रिट्ज को नए प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया है।




सदस्यों के रूप में सम्मिलित हो जाएंगे। इन देशों का कोटा और वोटिंग का अधिकार बढ़ जाएगा। भारत, ब्राजील, चीन और रूस के अलावा आईएमएफ के टॉप मेंबर्स में अमेरिका, इंग्लैंड, जापान, फ्रांस, जर्मनी और इटली सम्मिलित हैं। अभी आईएमएफ के **188** देशों में भारत की कोटा के मामले में हिस्सेदारी **2.44** प्रतिशत है और वोटिंग का अधिकार **2.34** प्रतिशत है। नए इन्वेस्टमेंट से इन दोनों में वृद्धि हो जाएगा।

आईएमएफ में कोटा रिफॉर्म लंबे समय से लटका हुआ था। सुधारों के लिए प्रस्ताव पास होने के बाद आईएमएफ के बोर्ड ऑफ गवर्नेंस ने दिसंबर **2010** में इसके लिए स्वीकृति दे दी थी। लेकिन अमेरिकी संसद की ओर से इसे स्वीकृति नहीं मिल पा रही थी। अमेरिका को आईएमएफ में सबसे ज्यादा वोटिंग का अधिकार है। हालांकि पिछले वर्ष अमेरिका की ओर से इसे स्वीकृति मिल गई थी, जिसके बाद रिफॉर्म किए जा रहे हैं। कोटा रिफॉर्म के अंतर्गत विकसित देशों का **6** प्रतिशत शेयर विकासशील देशों की ओर शिफ्ट हो जाएगा। वहीं विकसित देश बोर्ड में अपने दो सदस्य कम करने पर राजी हो गए हैं।

इन सुधारों से आईएमएफ की वित्तीय स्थिरता भी बढ़ जाएगी। आईएमएफ की स्थायी पूँजी बढ़कर **659** अरब डॉलर पहुंच जाएगी। यानी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आईएमएफ के पास पहले से ज्यादा क्षमता होगी।

## भारत एवं आईएमएफ बनाएँगे दक्षिण एशियाई सहायता केन्द्र — 12 मार्च



दिल्ली में दक्षिण एशिया क्षेत्रीय प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता केंद्र की स्थापना की जाएगी। केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की महानिदेशक सुश्री क्रिस्टीन लेगार्द ने राष्ट्रीय राजधानी में क्षमता विकास केंद्र की स्थापना करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर सुश्री क्रिस्टीन लेगार्द ने कहा "मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री जेटली और भारत सरकार को केंद्र की मेजबानी की पेशकश करने और उसके लिए पर्याप्त वित्तीय प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता को पूरी तरह एकीकृत करने वाला यह पहला केंद्र होने के साथ-साथ हमारे भविष्य के क्षमता विकास कार्य के लिए एक मॉडल भी होगा। मैं भारत और आईएमएफ के साथ सम्मिलित होने वाले अन्य सदस्य देशों और एक रोमांचक पहल बनाने में ऑस्ट्रेलिया और कोरिया गणराज्य जैसे भागीदारों की प्रशंसा करना चाहती हूं।"

दक्षिण एशिया क्षेत्रीय प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता केंद्र (एसएआरटीटीएसी) का इस क्षेत्र में व्यापक आर्थिक और वित्तीय प्रबंधन, मौद्रिक परिचालनों, वित्तीय क्षेत्र विनियमन और पर्यवेक्षण और व्यापक आर्थिक आंकड़े जैसे व्यापक क्षेत्रों में योजना, समन्वय और आईएमएफ की क्षमता विकास गतिविधियों को लागू करने के लिए एक केंद्रबिन्दु बनने की उम्मीद है। यह केंद्र मौजूदा प्रशिक्षण जरूरतों और भारत, बांग्लादेश मालदीव, भूटान, नेपाल, श्रीलंका में आईएमएफ प्रशिक्षण की मांग को पूरा करने के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों के अनुरूप इस क्षेत्र में भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा हाइड्रोकार्बन उत्खनन एवं लाइसेंसिंग नीति को स्वीकृति — 11 मार्च



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल (कैबिनेट) ने हाइड्रोकार्बन उत्खनन एवं लाइसेंसिंग नीति (हेल्प) को स्वीकृति प्रदान की। उपर्युक्त निर्णय से तेल एवं गैस का घरेलू उत्पादन बढ़ेगा। साथ ही इस क्षेत्र में व्यापक निवेश आएगा और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

एकसमान लाइसेंस से ठेकेदार के लिए एकल लाइसेंस के अंतर्गत परंपरागत एवं गैर परंपरागत तेल एवं गैस संसाधनों का भी उत्खनन करना संभव हो जाएगा, जिनमें सीबीएम, शेल गैसध्तेल, टाइट गैस और गैस हाइड्रेट्स भी सम्मिलित हैं।

खुली रकबा नीति की अवधारणा से ई एंड पी कंपनियों के लिए नामित क्षेत्र से ब्लॉकों का चयन करना संभव हो जाएगा। निवेश गुणज और लागत वसूली/उत्पादन

संयुक्त अरब अमीरात की अंतरिक्ष एजेंसी ने ब्रिटेन की अंतरिक्ष एजेंसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

संबंधी भुगतान पर आधारित उत्पादन हिस्सेदारी वाली मौजूदा राजकोषीय प्रणाली का स्थान राजस्व हिस्सेदारी वाला ऐसा मॉडल लेगा, जिसका संचालन करना आसान होगा। पूर्ववर्ती अनुबंध मुनाफे में हिस्सेदारी वाली अवधारणा पर आधारित थे, जिसके अंतर्गत लागत की वसूली के बाद सरकार और ठेकेदार के बीच मुनाफे की हिस्सेदारी तय की जाती है। नई व्यवस्था के अंतर्गत सरकार का इससे कोई वास्ता नहीं रहेगा। इतना ही नहीं, सरकार को तेल, गैस इत्यादि की बिक्री से प्राप्त सकल राजस्व का एक हिस्सा प्राप्त होगा।

अपतटीय क्षेत्रों में उत्खनन एवं उत्पादन में निहित बेहद जोखिम और लागत को ध्यान में रखते हुए एनईएलपी से जुड़ी रॉयल्टी दरों की तुलना में इन क्षेत्रों के लिए अपेक्षाकृत कम रॉयल्टी दरें तय की गई हैं ताकि उत्खनन एवं उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके।

रॉयल्टी दरों की एक वर्गीकृत प्रणाली शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत रॉयल्टी दरें उथले पानी में उत्खनन के लिए ज्यादा तय की गई हैं, जबकि गहरे पानी एवं अत्यंत गहरे पानी में उत्खनन के लिए अपेक्षकृत कम तय की गई हैं।

एनईएलपी की तर्ज पर ही नई नीति के अंतर्गत अनुबंध पर दिए जाने वाले ब्लॉकों पर उपकर और आयात शुल्क नहीं लगाए जाएंगे

## भारत और म्यामांर के बीच रेल डीजल इंजन समझौता

**11 मार्च**



भारत, म्यामांर रेलवे की यात्री और मालभाड़े की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए **18** मीटरगेज **1350** डीजल इलेक्ट्रिक इंजन प्रदान करेगा।

**4** मार्च, **2016** को नाएप्यीडॉ, म्यामांर में रेल मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम राईट्स लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) श्री एस.बी. मलिक और म्यामांर रेलवे के कार्यकारी निदेशक श्री यू. थ्युरिन ने इस संबंध में एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर म्यामांर के रेल परिवहन मंत्री श्री यू त्यान तुन आंग और म्यांमार में भारत के राजदूत गौतम मुखोपाध्याय भी उपस्थित थे। समझौते के अंतर्गत इन डीजल इंजनों का निर्माण वाराणसी स्थित लोकोमोटिव संयंत्र में किया जाएगा और ये इंजन कई आधुनिक सुविधाएं जैसे माइक्रो प्रोसेसर नियंत्रण, ईंधन दक्ष इंजन और और उत्तम डिजाइन आदि से युक्त होंगे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री राजीव मल्होत्रा ने कहा कि राइट्स रेल उत्पादन इकाइयों द्वारा निर्यात बढ़ाने के लिए सभी प्रयास कर रहा है और इस संबंध में पश्चिमी-पूर्वी एशिया बाजार में उत्साहवध्क प्रतिक्रिया रही है।

## बांग्लादेशी सेन्ट्रल बैंक के गर्वनर का इस्तीफा

**15 मार्च**



दुनिया की सबसे बड़ी साइबर चोरी का शिकार हुए बांग्लादेश के सेन्ट्रल बैंक के गवर्नर अतिउर रहमान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। रहमान ने बताया कि प्रधानमंत्री शेख हसीना ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। गौरतलब है कि अज्ञात हैकरों ने बंगलादेशी सेन्ट्रल बैंक के कम्प्यूटर तंत्र में सेंध लगाकर आठ करोड़ दस लाख डॉलर की भारी भरकम राशि पर हाथ साफ कर दिया।

हैकरों ने चार तथा पांच फरवरी के बीच बैंक के फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क के खाते से यह राशि निकाली और इसे फिलीपींस के कैसिनो में भेज दिया। यह अब तक की सबसे बड़ी साइबर चोरी का मामला है।

इस मामले की जांच के लिए सरकार ने तीन सदस्यीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित की है। प्रधानमंत्री के मीडिया सलाहकार एहसानुल करीम ने बताया कि रहमान ने शेख हसीना से मुलाकात कर उन्हें इस्तीफा सौंपा। वह पिछले सात वर्षो से बांग्लादेश बैंक के प्रमुख थे। पूर्व वित्त सचिव फज्ल कबीर को नया गवर्नर नियुक्त किया गया है।

मुथित ने बताया कि जांच समिति का अध्यक्ष बांग्लादेश बैंक के पूर्व गवर्नर फराश उदिन को बनाया गया है। इस जांच समिति को सुरक्षा चूक के लिए जवाबदेही तय करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

बांग्लादेश बैंक का फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क में खाता है। हैकरों ने चार फरवरी को इस खाते से **101** मिलियन डॉलर उड़ा लिए थे। चोरी की राशि में से **81** मिलियन फिलीपींस और **20** मिलियन का श्रीलंका में जुआ खेलने में इस्तेमाल हुआ था। इसमें चीन मूल के फिलीपींस नागरिक का हाथ होने की बात सामने आई है।



चीन के पांच सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक डिजिटल मोड के माध्यम से युआन स्थानान्तरण पर कोई फीस चार्ज नहीं करेगें।

| | |
|---|---|
| Agra | Plot 817/1 Kaveri House Adjacent Khandari Crossing Bypass,nh-02, Agra. Ph.: 9235253430/9236455136 |
| Ahmedabad | 304/305 3rd Floor Swapnil Fifth Building Opp-jain Upashray, Bus Stand Commerce 6 Road Navrangpura, Ahmedabad. Ph.: 9228202732 , 9227575027 |
| Ajmer | Asha Grand, Above Yes Bank, 2nd Floor, Near Bank of Baroda, Vaishali Nagar, Ajmer-305 001 Rajasthan. Ph.: 9261503888 |
| Aligarh | 2nd Floor- Manglam Complex, In Front Of Allahabad Bank Samad Road- Aligarh. Ph.: 9235253428 |
| Allahabad | 124c/c Ashirwad Bhawan Tej Bahadur Sapru Marg Marg, Near Lok Seva Ayog Gate No - 2 Civil Lines, Allahabad. Ph.: 9208205947, 9235253403 |
| Alwar | 15 & 16, Ganpati Complex, Scheme II, Lajpat Nagar, (Near Ambedkar Circle) Alwar 301 001, Ph.: 9521177944, 9521177937 |
| Ambala | 169/2 Rai Market Above Idbi Bank Ambala Cant, Ambala. Ph.: 7206424816, 9253058711 |
| Ambikapur | 2nd Floor, M. G Road, In Front of Government P.G College, Above Axis Bank, Ambikapur- 497 001, Chhattisgarh, Ph.: 7566221693 |
| Amritsar | I & III floor, 62, City Center, JT Road, JK Orchid, Amritsar, Punjab. Ph.: 9646606160, 9646523964 |
| Asansol | Shaw Bhawan, Holding No. 8(118), G.T Road (East) Murgasol, Asansol Distt- Bardhaman, Ph.: 7076880723 |
| Azamgarh | Goyal Bhawan, Infront Of Kali Ji Mandir, Pandey Bazar, Azamgarh. Ph.: 9208242842 |
| Badaun | 66 Civil Lines Badaun Tower Opposite Pandit Ji Petrol Pump, Badaun-243 601 U.P., Ph.: 9627671787 |
| Bahraich | RP Tower 120/3 Digiha Tiraha Gonda Road Above Vmart Bahraich. Ph.: 9208249852 |
| Bahrampur | Saraswati Plaza, 1st Floor, Shergodo Bangla Street, Pani Tank Road, Near Dena Bank ,Baharampur-760 001, Ph.: 9078907945 |
| Balasore | 388/2012, 3rd Floor, Police Line Square, O.T Road, Balasore- 756001, Ph.: 9583185223, 9583185233 |
| Ballia | Mahendra Educatiobal Privte Limited,1st Floor, above Vidya Kendra (book Stall),opposit Kutchery, Civil Line Ballia. Ph.: 9208243152 |
| Banda | 1st and 2nd Floor, Tulsi Swaroop Corporate Park, Bangalipura, Near Head Post Office Civil Lines, Banda 210 001, Uttar Pradesh, Ph.: 9554334847 |
| Bangalore | 178/5, Lakshmi Chambers, 8th "f" Main, 3rd Block, Jaynagar, Bengaluru. Ph.: 9538712808 |
| Bareilly | JJ Mall', Above Vishal MegaMart, Civil Lines, Near Ayub Khan Chauraha, Bareilly, 243001. Ph.: 9235253431/32 |
| Basti | In Front Of Gandhi Kala Bhawan, fuwara Chowk, basti. Ph.: 7706008031 |
| Bhagalpur | 2nd Floor Above Uco Bank , Central Jail Road, Tilkamanjhi, Bhagalpur. Ph.: 9204465247, 9204363221 |
| Bhilai | 35,36.37, Triveni Commercial complex above ICICI bank Nehru Nagar (East), Bhilai-Durg-490020. Ph.: 8878783345, 8878790089. |
| Bhopal-lalghati | IInd Floor, Prime Tower, 51/2, 52/2 Vijay Nagar, Lalghati, Bairagarh Road, Bhopal. Ph.: 7581800959, 9229174902 |
| Bhopal-mp Nagar | Narula Complex Plot No-131 Zone-2 MP Nagar Bhopal. Ph.: 7581800958, 9229174901/02 |
| Bhubaneswar | 1st & 2nd Floor, City Mart Complex, Plot No. 10 (P) & 12(P), Opposite- Fire station Square, Barmunda, Bhubaneshwar, Odisha. Ph.: 9237026745/ 9237081352 |
| Bijnor | Kothi Anta Ghar Compound, 2nd Floor, Above Kotak Mahindra Bank & Union Bank Of India, Shakti Judgi Road, Bijnor. Ph.: 7706008027 |
| Bilaspur | 2nd Floor, Office No. A-231, 232, 233, Narayan Plaza, Link Road, Bilaspur (Chhattisgarh), Ph.: 8878817515 |
| Bulandshahr | 1st Floor, Above "easy Day",opposite D.a.v. College, Shivpuri,bullandhahr. Ph.: 7706008030 |
| Chandigarh | SCO 26-27 , 2nd Floor, near Passport Office, sector 34-A , Chandigarh, Pin Code- 160022. Ph.: 9256002024 |
| Chennai | Sun Plaza, 3rd Floor, Room No. C,D,E, New No. 39, Old No. 19 G.N. Chetty Road, Chennai. Ph.: 9962995808, 9962995809, 8939777224 |
| Coimbatore | Aishwaria Commercial Centre, Flat No. 14 1st Floor, Door No. 196/4, Thiruvenkataswamy Road, West, R.S. Puram, Coimbatore. Ph.: 8110967668 |
| Cuttack | Rashmi Plaza, Iiird Floor,near Aruno Daya Market, Above Karnataka Bank, Link Road, Cuttack. Ph.: 7894013095 |
| Darbhanga | Vikram Chambers Top Floor Mirzapur, Main Road Near Malechh Mardani Temple, above Andhara Bank Darbhanga. Ph.: 9204303818 |
| Dehradun | 14B 1st Floor Opp Velocity Gym, East Cannal Road, Near Sarve Chowk, Dehradoon. Ph.: 9208175710, 9236510116 |

| | |
|---|---|
| Delhi (Janakpuri) | A-1/32 Near Vikaspuri Road Red Light Opp Metro Pilar No-625 Janakpuri. Ph.: 9213353334, 9212069515 |
| Delhi (Kingsway) | Near Gtb Metro Station Gate No.3, Shop No. 92/94, 2nd Floor Mall Road, Kingsway Camp Delhi. Ph.: 9268108497, 9268561517 |
| Delhi (Laxmi Nagar) | 209-212, Roots Tower, 2nd Floor District Centre Near Nirmar Vihar Metro Station, Laxminagar, Delhi. Ph.: 9268693952, 9268209355 |
| Delhi (Mukherjee Nagar-SSC) | 42-44 A, Manu Shri Building, 3rd Floor Commercial Complex, Near Batra Cinema, Mukherjee Nagar Ph: 9250057753 |
| Delhi (Munirka) | D-211, Laxman Plaza Building, Munirika, New Delhi-67. Ph.: 9210092245 |
| Delhi (Rohini) | C 9/63, Sector 8, Opp. Fire Station, Rohini, Delhi. Ph.: 9250239674 |
| Deoria | MEPL (Raghaw Nagar)near Renuka Hotel, Above IDBI Bank, Oppsite SBI Main Branch, Deoria. Ph.:9208248122 |
| Dhanbad | 2nd Floor, Sam Tower, Infront BOI, (Bank More) Chauhara, Dhanbad. Ph.: 9204979723 |
| Durgapur | 2nd Floor, Pinnacle Building, Beside The Citi Residency, Near Junction mall, Durgapur 713216, Burdwan, West Bengal. Mob No: 7076856390 |
| Ernakulam | Vetteel Chambers, Above Corporation Bank, Near Petrol Pump, M.G. Road, Ravipuram, Ernakulam. Ph.: 9645415987 |
| Etah | Ashu Guest House, Near Indrapuri Gate-1,railway Road, Etah. Ph.: 9208237386 |
| Faizabad | G.S. Tower, Diagonally In Front Of Jagat Hospital, Near Agrasen Chowk,naka, Raebareli Road,faizabad. Ph.: 9208175803, 9235253421 |
| Faridabad | 5 R/5, N.i.t., Above Aastha Eye & Lasik Laser Centre, Opposite Punjab National Bank Zonal Office, Near Neelam Petrol Pump, Faridabad. Ph.: 9643396140 |
| Farrukhabad | SB Complex, 1st Floor, Above Bajaj Allianz Office, Near Anand Petrol Pump, Lalbagh, Farrukhabad. Ph.: 7706008029 |
| Fatehpur | 1st Floor Rama Shyama, Civil Lines, Fatehpur 212601 Uttar Pradesh, Ph.: 8960148140 |
| Firozabad | 1st Floor, Ratan Bihar Building ,suhag Nagar Chauraha, above Pnb Bank, Firozabad. Ph.: 9219071844, 9208235736 |
| Gaya | 2 Floor Zion Complex Opposite Fire Station Swaraj Puri Road , Near Mahavir School Gaya. Ph.: 9234211469, 9204311416 |
| Ghaziabad | 1st, 2nd And 3rd Floor, Arundeep Tower, D-45, Rdc (raj Nagar Disstt. Centre), Near New Ghaziabad Railway Station Ghaziabad. Ph.: 9250055517, 9212229752/24 |

| | |
|---|---|
| Ghazipur | Second Floor, Shubhra Complex, Adjacent To SBI Life Office, Mahuabagh, Ghazipur. Ph.: 9208244539 |
| Gonda | 461/529 Malviya Nagar, Above Narain Suzuki Showroom, Lbs Chauraha , Gonda. Ph.: 9208051488, 9208250778 |
| Gorakhpur | Narayan Tower, 2nd Floor Gandhi Gali Gole Ghar, Gorakhpur. Ph.: 9208205892, 9235253400 |
| Gurgaon | 56/9, Saket Commericial Complex,2nd floor ,New Railway Road Near Bhatnagar Hospital, Bhim Nagar Chawk, Gurgaon-122001 Ph: 9643396139 |
| Guwahati | 1st Floor Adams Plaza Christian Basti GS Road Guwahati -781005 Contact:8134935078 |
| Gwalior | 03 Opposite G.D.A Office , Above Patrika Buliding, 2ndfloor, Khedapati Road, Gwalior. Ph.: 9200377275, 9229174910 |
| Haldwani | Second Floor- Shiv Niwas, Infront Of Bhoatia Padao Police Chowki, Near Shriram Hospital, Nainital Road, Haldwani. Ph.: 9208256021 |
| Hardoi | Opposite Income Tax Office, Nagheta Road, Hardoi. Ph.: 9208248208 |
| Haridwar | 2nd Floor, Above Aptech Computer, Goel Motor Building, Ranipur Modh, haridwar. Ph.: 7706008034 |
| Hisar | Red Square Market Scf-2 ,ground Floor Near Canara Bank, Hisar. Ph.: 9253860062, 9253678050 |
| Hoshangabad | 1st Floor, House No. 01, Above Indian Overseas Bank, Anandnagar, Hoshangabad, Madhya Pradesh, Ph.: 8358831338 |
| Hyderabad (Ameerpet) | Sai Surya Tata Tower 2nd Floor Above South Indian Bank Opposite Maitrivanam Building Ameerpet, Hyderabad. Ph.: 9247332729/9247749865 |
| Hyderabad (Dilsukh Nagar) | 16-11-741/1/a/a/2-3,above Raymond Showroom, Besides Vasan Eye Hospital,moosaram Bagh, Dilsukh Nagar, Hyderabad. Ph.: 7032410704 |
| Indore (Bhawar Kuan) | 1st Floor, Above I.C.I.C.I. Bank,opposite Yamaha Showroom, Anjani Plaza, Bhawarkuan Road, Indore. Ph.:7581800953, 7581800954 |
| Indore-(Sapna Sangeeta RD) | 91/47 2nd Floor Oasis Point, Sapna Sangeeta Road, Sneh Nagar Indore. Ph.: 7581800951, 7581800952 |
| Jabalpur | 1230 Bhawani Plaza, 3rd Floor Near 4 Th Brige Napier Town, Jabalpur. Ph.: 9200343764, 9229174904/05 |
| Jaipur | 2nd Floor , 202 Ganga Height Tonk Road, Lal Kothi Opp. Apex Mall, Jaipur. Ph.: 9261601713/9261518894 |
| Jammu | Canal Road, Near Irrigation Department Jammu. Ph.: 9419305561, 9796610845 |

| | |
|---|---|
| Jamshedpur | 3RD Floor, P M Mall, Tank Road, Opposite Sheetla Mandir Sakchi, Jamshedpur 831001 Ph.: 9570693932 |
| Jaunpur | 25-husainabad, Near Td College Road, Above Tejas Colour Lab, Jaunpur. Ph.: 9208244355 |
| Jhalandhar | 3RD Floor Sco -179, Green Park, Opp. Gate No - 6 Bus Stand, Main Road Jalandhar 144001, Punjab Ph.: 8557088164 |
| Jhansi | B.K.D Road Near Kunj Bihari Mandir, First Floor, Above State Bank Of India, Jhansi. Ph.: 9208175778, 9235253424 |
| Jodhpur | 1st Nap Plot 206-207, Manjika Hatha Paota, Jodhpur, Ph.: 9636512855 |
| Kanpur (Kakadev) | 117/n1, Bhadouria Building Raniganj, Kakadev, Kanpur. Ph.: 9208206019, 9235253484 |
| Kanpur (Kidwainagar) | 128/566 K-block Kidwai Nagar, Old Veeta Building, near Delhi Public School Kidwai Nagar, Kanpur. Ph.: 9208175776, 9235253482 |
| Kanpur (Mall Road) | 419/1 Agrawal Building, D Mall , Near Obc Bank Mall Road, Kanpur. (only For Females Candidate). Ph.: 9236757143, 9236720133 |
| Karnal | Shakti Colony, H.No 111, in front of Mahila Ashram, DAV College Road, Karnal-132 001, Haryana, Ph.: 8930175568 |
| Kolkata | 120 Lenin Sarani, Sunidhi Building ,fifth Floor, above Punjab National Bank, near Moulali Crossing Kolkata. Ph.: 9230141497, 9230482308 |
| Kurukshetra | Scf 38 Mainmarket,sector- 13 Near Bank Of Baroda, Kurukshetra. Ph.: 9253678053 |
| Lakhimpur | Hotel K Continental, Ground Floor, Near Bus Stand Lakhimpur. Ph.: 9208251562 |
| Lucknow (Alambagh Po) | Plot No-KBC-3, Sector-B, Kanpur Road Scheme, Opp Phinix Mall, Alambagh, Lucknow. Ph.: 9235253521 |
| Lucknow (Alambagh SSC) | IIIrd Floor, Above Bata Showroom, Near Allahabad Bank, Opp. Vishal Mega Mart, Ramnagar, Alambagh. Ph.: 9235253534, 9235253466 |
| Lucknow (Bhootnath) | Krishna Bazar 3rd Floor, Bhootnath Market, Indra Nagar. Ph.: 9208175813, 9235253528 |
| Lucknow (Gomti Nagar) | Laxmi Vardhan Complex, 3rd Floor,patrakarpuram Chauraha Gomtinagar, Lucknow. Ph.: 9208175804, 9235253548 |
| Lucknow (Mahanagar PO) | B- 54 Above Central Bank Of India, Bhatia Complex, Kapoorthala, Mahanagar, Lucknow. Ph.: 9208175746, 9235253443 |
| Lucknow (Mahanagar SSC) | B- 54 Above Central Bank Of India, Bhatia Complex, Kapoorthala, Mahanagar, Lucknow. Ph.: 9235253468, 9235253469 |
| Lucknow (Purania) | B-62,63 Sector H 1st Floor Twins Tower Infront Of United Bank, Purania. Ph.: 9235253517, 9235253538 |
| Lucknow (Rajajipuram) | S-268 E-block, Awasthi Complex Above Syndicate Bank, Rajajipuram, Lucknow Ph.: 9235253425 |
| Ludhiana | 2 K Tower, 2nd Floor, Link Road, Near Preet Palace, Ludhiana. Ph.: 9217298163, 9256002028, 9217298163 |
| Mainpuri | Opposite Punjabi Colony Gate, Station Road, Mainpuri. Ph.: 9258405374, 9208241450 |
| Mathura | 2054 Chowki Bagh Bahadur, State Bank Circle Mathura. Ph.: 9219039272, 9208235067 |
| Meerut | 3 Floor , Star Plaza, Near Bachcha Park, Meerut. Ph.: 9219684062, 9235253448 |
| Mirzapur | Infront Of Kb College, Musaffarganj, Mirzapur. Ph.: 9208243884 |
| Moradabad | Opposite Cross Road Mall, Near Lasa Mart,civil Lines, Moradabad. Ph.: 9208205948, 9235253442 |
| Mumbai | 1st & 3rd Floor, Pp Manglas Chambers, Opp. Ashok Cinema, Station Road,thane (west) Mumbai. Ph.: 9221944071 |
| Muzaffar-nagar | IInd Floor, Prakash Chowk, Civil Lines House, Muzaffarnagar. Ph.: 7706008032 |
| Muzaffarpur | Opposite City Life Mall ,near Jubba Sahini Park, club Road Mithanpura Muzaffarpur (bihar). Ph.: 9204873141, 9204303515, 9204355614 |
| Nagpur | Plot No-15 Hill Road Opposite Nit Complex, Near Maruti Suzuki Service Center, Gandhinagar, Near Ramnagar, Nagpur. Ph.: 9209863375, 9272273686 |
| Nagpur-2 | 1st FLOOR, Kheara No. 83/2, More Bhawan, Vidarabha Hindi Sahitya Sammelan, Jhansi Rani Square, Buldi, Nagpur-140012. Ph.: 9168558073 |
| Nasik | Basement and Ground Floor, Office No. 4, R Square Building, Thatte Nagar Road, Opp. BYK College, Off College Road, Nasik 422005, Ph.: 9168512624, 9168511626 |
| Noida | 101-102, K 4, Ocean Heights, Sector 18, Noida. Ph.: 9953948834 |
| Orai | Danik Aaj Karyalaya Building, Infront Of Jdc Bank, Rani Laxmi Bai Chauraha, Kermer Road, Orai. Ph.: 9208158768, 9208237457 |
| Patiala | SCO 136, Chotti Baradan, Patiala 147001, Ph.: 9780859720, 9780859721 |
| Patna (Boaring Road) | Krishna Shiv Enclave, Roop Bhawan Campus, East Boring Canal Road, Near Panchmukhi Hanuman Mandir, Patna. Ph.: 9204855316, 9204855301 |

| | |
|---|---|
| Patna (Frazer Road) | 1 to 5 & 19 to 23 3rd Floor Pandey Mall Above Vishal Mega Mart Near Times Of India Building Frazer Road Patna Ph.: 9204855305 |
| Pilibhit | 1st & 3rd Floor Shukla Complex, Gandhi Stadium Road, Near Sugandhi Thana, Above Syndicate Bank, Pilibhit, Uttar Pradesh, Ph.: 9837186684 |
| Pratapgarh | 2nd Floor Above Sbi Adb Bhagwa Chungi Pratapgarh. Ph.: 9208245660 |
| Pune | Plot No. 92/1, First Floor, Indrayani, Above Barista Coffee Shop, Law College Road, Erandawana, Pune. Ph.: 9209832722, 9225231629 |
| Rae Bareilly | Above State Bank Of India, Canal Road (Near Degree College Chauraha), Raibareilly. Ph.: 9208175788, 9235253412 |
| Raipur | Syam Squar IInd Floor Oppsite Lic Building Near Pandri Cloth Market Raipur Ph.: 9200321420, 9229174912 |
| Rajkot | Centre One Comp, SF 204, Feeder CD 31 Near Wocard Hospital, Village, Taluka & District - Rajkot. Ph.: 9979316870 |
| Rampur | Royal Complex, 1st & 2nd Floor, Near Allahabad Bank, Shaukat Ali Road, Civil Lines Rampur. Ph.: 9208255388 |
| Ranchi | 1st Floor Shriram Neotia Arcade H.b Road Lalpur Chowk, Ranchi. Ph.: 9204631321, 9204855313 |
| Rewa | 2nd Floor , Yadvendra Tower, Subash Chowk, Sirmor Road Opposite - Angoori Building Rewa ( MP ) Mobile No. 7415690846 |
| Rohtak | Ashoka Plaza Delhi Road Rohtak-1240 01 Haryana, Ph.: 8930403836 |
| Roorkee | 225, Nehru Nagar, 1st Floor Of The Building, Near Azad Nagar Chowk, Roorkee (haridwar). Ph.: 7706008033 |
| Sagar | 2nd Floor, Infront Of Central Bank Of India, Adjacent to SBI, Gopalganj, Sagar, Madhya Pradesh, Ph.: 7509219781 |
| Saharanpur | 2nd Floor, Above Dr.chawala Ultra Sound & United Bank , Ved Raj Complex, Ghanta Ghar, Saharanpur. Ph.: 9208205970, 9235253445 |
| Sambalpur | 2nd Floor Samson Mansion Building, In front of Odia Baptist Church, Above Bank Of Baroda(Regional Office) Christian Para, Sambalpur-768001, Ph.: 8594958962 |
| Shahjahan-pur | Opposite Durga Hotel, Near Bus Stand, Civil Lines, Shahjahanpur. Ph.: 9208256201 |
| Shimla | Ground Floor, Moon International Hotel, Circular Road, Near H.P. Secretariat, Chotta Shimla, Shimla Ph.: 8894100342 |
| Siliguri | 3rd Floor, 157 - Kelsons Complex, Sevoke Road, Beside City Garden, Siliguri. Ph.: 09775822139 |
| Sitapur | Above ICICI Bank, Near Sbi Main Branch, eye Hospital Road, Civil Lines Sitapur. Ph.: 9235253514, 7706008028 |
| Sultanpur | 1st Floor, Usha Commercial Complex, Raj Hotel Compound, Above Bank Of Baroda, Besides Roadways, Civil Lines, Sultanpur. Ph.: 9208252915 |
| Surat | 104, B-block-ICC, International Commerce Center, Opp Civil Hospital, Majura Gate, Ring Road, Surat- 395002 Ph.: 9979321268, 9537360459 |
| Thirupati | H.No:23-8-160, New Balaji Colony, MR Palli, Tirupati, Ph.: 9581933099 |
| Thiruvanan-thapuram | Deepa Arcade, 3rd Floor, Convent Road, Near General Hospital Junction, Locality - Vanchiyoor, Thiruvananthpuram (Trivendrum). Ph.: 9645415029 |
| Unnao | C- 919, Awas Vikas Colony, Unnao (u.p.). Ph.: 9208242493 |
| Vadodara | 3rd Floor, The Plaza Complex, Near Ginger Hotel, Fatehganj Main Road, Vadodara. Ph.: 9537589477 |
| Varanasi | 2nd Floor,b-27/70 Above Levis Show Room,adjacent Petrol Pump,barhar Kothi Durga Kund, Varanasi. Ph.: 9208205985, 9235253419 |
| Vijaywada | 40-1-21/3, Surya Towers M.G. Road Labbipet , Vijayawada-10 Andhra Pradesh, Ph.: 8886398072 |
| Vishakha-patnam | Door No: 47-14-3, 2nd Floor, Potluri Classic, Dwarkanagar, Visakhapatnam, Ph.: 9966593419/8121688138 |
| Warangal | T-01, T-02, T-03 & T-04 in Third floor of Block C in Kandakatla Gateway, KUC X Road, Hanamkonda, Warangal, Andhra Pradesh, Ph.: 7207492789 |

**TOLL FREE NO.**

# 1800-103-5225

WEBSITES

www.mahendras.org
stportal.mahendras.org
myshop.mahendras.org

www.mahendraguru.com
www.mahendraskills.org




## ऑस्ट्रियन खिलाड़ी डोमिनिक थीम ने एटीपी अर्जेंटीना खिताब जीता

**16 फरवरी**



विश्व के नंबर-19 खिलाड़ी डोमिनिक थीम ने स्पेन के निकोलस अल्माग्रो को हराकर अर्जेंटीना ओपन टेनिस खिताब जीता। उन्होंने निकोलस को 7-6 (2), 3-6, 7-6 (4) से हराकर यह खिताब अपने नाम किया। यह उनका 2016 का पहला और करियर का चौथा खिताब है। थीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में राफेल नडाल को हराकर फाइनल मुकाबले में प्रवेश प्राप्त किया था।

डोमिनिक थीम टेनिस खिलाड़ी हैं। उन्होंने 10 अगस्त 2015 को विश्व के 18वें नंबर पर जगह बनाई। वे टॉप 20 एवं टॉप 30 में विश्व के सबसे कम आयु के खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने करियर का पहला खिताब फरांस में अर्जेंटीना के लियोनार्दो मायेर को हराकर जीता।

## आईसीसी और बीसीसीआई ने संयुक्त रूप से टीम स्वच्छ क्लिनिक का शुभारंभ किया

**16 फरवरी**




अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बीसीसीआई के साथ मिलकर टीम स्वच्छ क्लिनिक का शुभारंभ किया। स्वच्छता क्लीनिक का शुभारंभ आईसीसी विश्व टी20 की मेजबानी करने वाले शहर से किया गया। इसका शुभारंभ एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला हिमाचल प्रदेश से आरंभ किया गया।

यह कदम भारत को स्वच्छ बनाने हेतु राष्ट्रव्यापी सामाजिक आंदोलन की पहल के रूप में उठाया गया। इसका उद्देश्य स्वच्छता अभियान और भारत में शौचालय का उपयोग करने व खुले में शौच मुक्त भारत के निर्माण को बढ़ावा देना है।

धर्मशाला के बाद जो भी शहर आईसीसी टी -20 विश्व कप की मेजबानी करेगा, अभियान को सफल बनाने के लिए वहां का दौरा किया जाएगा।

## 12वें दक्षिण एशियाई खेल संपन्न, भारत ने सर्वाधिक 308 पदक प्राप्त किए

**17 फरवरी**

गुवाहाटी में 12वें दक्षिण एशियाई खेलों का समापन हुआ। केंद्रीय खेलमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इंदिरा गांधी एथलेटिक्स स्टेडियम में 12 दिन तक चलने वाले इन खेलों की समाप्ति की घोषणा की। सोनोवाल ने सैग खेलों का झंडा दक्षिण एशियन ओलिंपिक कॉउंसिल के अध्यक्ष एन रामचंद्रन को दिया, जिन्होंने इसे 13वें सैग खेलों की आयोजक समिति के चेयरमैन और नेपाल ओलिंपिक समिति के प्रमुख जीवन राम को सौंपा।

भारत ने तीसरी बार इन खेलों की मेजबानी की थी। इससे पहले यह खेल कोलकाता (1987) और मद्रास (1995) में हुए थे। इस बार भारतीय एथलीटों ने कुल 308 पदक जीते एवं पदक तालिका में प्रथम स्थान अर्जित किया।

इनमें 188 स्वर्ण, 99 रजत और 30 कांस्य पदक सम्मिलित हैं। श्रीलंका 186 पदक लेकर दूसरे और पाकिस्तान 106 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

शिलांग और गुवाहाटी की संयुक्त मेजबानी में हुए इन खेलों में आठ दक्षेस देशों ने भाग लिया। अगले दक्षिण एशियाई खेल नेपाल में आयोजित होंगे। नेपाल ने 1985 में पहले सैग खेलों की मेजबानी की थी और उसने 1999 में भी इन खेलों का आयोजन किया था।

## सचिन तेंदुलकर की आत्मकथा 'लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में सम्मिलित

**19 फरवरी**




प्रसिद्द क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर की आत्मकथा 'प्लेइंग इट माई वे' ने 'लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड' में कीर्तिमान स्थापित किया है और यह कथा और गैर कथा आधारित वर्ग में सबसे अधिक बिकने वाली पेपरबैक किताब बन गई है। किताब का प्रकाशन हैचेट इंडिया ने किया है, जिसे छह नवंबर 2014 को जारी किया गया था।

इसने कथा आधारित और गैर कथा आधारित वर्ग के वयस्क वर्ग के पेपरबैक में सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं जिसकी 1,50,289 प्रतियां 'आर्डर सब्सक्रिप्शंस' से बिकी हैं।

इसने विश्व की शीर्ष वयस्क हार्डबैक डैन ब्राउन की इनफर्नो, वाल्टर इसाकसन की स्टीव जाब्स और जे के रॉलिंग की कैजुअल वैकेंसी को पीछे छोड़ दिया है।

बोरिया मजूमदार तेंदुलकर की इस आत्मकथा के सह लेखक थे। इसने खुदरा मूल्य के मामले में भी रिकार्ड बनाया है, इसकी कीमत 899 रूपये थी जिससे 13.51 करोड़ रुपए की कमाई हुई।

संयुक्त राष्ट्र की पहली वैश्विक परागणकर्ता आंकलन रिपोर्ट के लिए ओस्लो में जारी की गयी।

## भारत ने एशिया बैडमिंटन टीम चैम्पियनशिप में चीन को हराया 19 फरवरी



भारत ने गाचिबावली इंडोर स्टेडियम (हैदराबाद) में चल रही एशिया बैडमिंटन टीम चैम्पियनशिप में पुरूष वर्ग में चीन को 3-2 से पराजित किया। के. श्रीकांत, अजय जयराम और एचएस प्रणय ने अपने एकल मैचों में जीत दर्ज की, जिससे भारत ने चीन को पराजित किया। पांच मैच के मुकाबले में भारत ने तीन एकल जीते लेकिन दो युगल मैच गंवा दिये। भारतीय पुरूष और महिला टीमों ने पहले ही टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। पहले एकल में श्रीकांत ने चीन के होवेई टियान पर 21-11, 21-17 से हराकर भारत को अच्छी आरंभआत दिलायी। श्रीकांत नौंवे स्थान पर काबिज भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी हैं। दूसरे एकल में अजय जयराम ने चीन के झेंगमिंग वांग को 22-20, 15-21, 21-18 से हराया। हालांकि वांग रैंकिंग के हिसाब से जयराम से काफी आगे हैं लेकिन इस भारतीय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी चुनौती दी। वांग 11वीं जबकि जयराम 25वीं रैंकिंग पर काबिज हैं। भारत के एचएस प्रणय (27वीं रैंकिंग) को अपने से निचली रैंकिंग के प्रतिद्वंद्वी युकी शि को हराने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा, उन्होंने चीनी खिलाड़ी को 21-14, 21-10 से पराजित किया।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज जीती 20 फरवरी



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में श्रीलंका को 3-0 हराकर सीरिज जीत ली। रांची में खेले गए तीसरे और आखिरी एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को सात विकेट से हराया। श्रीलंकाई महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। भारत की ऑफ ब्रेक गेंदबाज दीप्ति शर्मा की घातक गेंदों के सामने श्रीलंका की पूरी टीम 38.2 ओवर में 112 रनों पर ही आउट हो गई। दीप्ति शर्मा ने मात्र 20 रन देकर श्रीलंका के 6 विकेट लिए। भारत की वेदा कृष्णामूर्ति ने आठ चौकों की सहायता से नाबाद 61 रन बनाए। भारतीय महिला टीम ने जीत के 113 रनों का लक्ष्य 29.3 ओवर में मात्र तीन विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। दीप्ति शर्मा को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। भारत ने पहले भी 17 फरवरी 2016 को तीन मैचों की सीरीज इसी स्थान पर श्रीलंका को छह विकेट से हरा कर जीती थी।

## पुरूष वर्ग में क्यूवासय और महिला वर्ग में शियावोन ने रियो ओपन जीता 21 फरवरी



उरुग्वे के पाब्लो क्यूवास ने रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष सिंगल्स का खिताब जीता। यह उनका पहला एटीपी वर्ल्ड टूर 500 खिताब है। वहीं, महिला सिंगल्स में इटली की फ्रांसिस्का शियावोन चौंपियन बनीं। यह उनका 2013 के बाद पहला खिताब है। पाब्लो ने अर्जेंटीना के गुइडो पेला को 6-4, 6-7, 6-4 से शिकस्त दी। पाब्लो ने सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर पांच रफेल नडाल को मात दी थी। इस मैच में पाब्लो ने शानदार प्रदर्शन किया और स्पेनिश स्टार को कोई मौका नहीं दिया था। इस मैच के बाद सभी ने पाब्लो की खूब तारीफ की। पाब्लो को अब टेनिस जगत एक बड़ा खिलाड़ी मान रहा है। 30 वर्षीय पाब्लो का यह ओवरऑल चौथा एटीपी वर्ल्ड टूर खिताब और एक वर्ष बाद पहला खिताब है। पाब्लो को इस जीत से तीन लाख तीन हजार 300 डॉलर की इनामी राशि और 500 एटीपी रैंकिंग अंक मिले। एटीपी वर्ल्ड टूर 500 टूर्नामेंट में खिताब जीतने वाले 45वीं रैंकिग के पाब्लो पहले सबसे निम्न रैंकिंग के खिलाड़ी भी बन गए हैं। आखिरी बार इस स्तर के टूर्नामेंट में वर्ष 2014 में हैमबर्ग में 46वीं रैंकिंग के लियोनार्डो मेयर ने खिताब जीता था। वहीं, पूर्व फ्रेंच ओपन चौंपियन शियावोन ने अमेरिका की शेल्बी रोजर्स को 2-6, 6-2, 6-2 से मात दी। 35 वर्षीय शियावोन का यह सातवां खिताब है। वे इस वर्ष डब्ल्यूटीए टूर जीतने वाली तीसरी इतालवी खिलाड़ी हैं।

## एफसी डीनिप्रो रिजर्व्स ने 2016 की सायत नागजी ट्रॉफी जीती 22 फरवरी



यूक्रेन की एफसी डीनिप्रो रिजर्व्स ने कोझिकोड (केरल) में ईएमएस निगम स्टेडियम में खेले गये 2016 के सायत नागजी इंटरनेशनल क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में ब्राजील एफसी एटलेटिको पैरानाइज को 3-0 गोल से हरा कर जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ, डिनिप्रो निप्रॉपेट्रोस भारत में आयोजित इस प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट को जीतने वाली पहली यूरोपीय टीम बन गई। एक ओर जहाँ डिनिप्रो ने पहला गोल 41 वें मिनट में किया, वहीं दूसरे और तीसरे गोल दूसरे हाफ के 61 वें और 85 वें मिनट में किए गये। तीन सप्ताह तक चले इस टूर्नामेंट में लैटिन अमेरिका, जर्मनी और यूरोप से कुल आठ क्लबों ने हिस्सा लिया। यह पहली बार है जब एक यूरोपीय टीम ने नागजी कप जीता है।

आर्थिक सर्वेक्षण 2015-16 के अनुसार, 2016-17 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था 7 फीसदी से अधिक दर से बढ़ेगी।

भाग लेने वाली टीमें

| टीम | देश |
|---|---|
| एफसी डिनिप्रो रिजर्व्स | यूक्रेन |
| 1860 मंचेन II | जर्मनी |
| अर्जेंटीना यू23 | अर्जेंटीना |
| एटलेटिको पैरानाइस रिजर्व्स | ब्राजील |
| वॉलिन लुत्स्क | यूक्रेन |
| रैपिड बुखारेस्टी | रोमानिया |
| शैमरॉक रोवर्स | आयरलैंड गणराज्य |
| वाल्टफोर्ड रिजर्व्स | इंग्लैंड |

## प्रेम कुमार ने एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता 22 फरवरी




भारत के कुमारावेल प्रेम कुमार ने कतर की राजधानी दोहा में आयोजित सातवें एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में लम्बी कूद स्पर्धा का रजत पदक जीता। उन्होंने 7.92 मीटर की दूरी तय करके यह पदक अर्जित किया।

चीन के जांग याओगुआंग ने 7.99 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक अर्जित किया। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अंकित शर्मा ने 7.66 मीटर की छलांग लगते समय चार फाउल किये जिससे वे पदक नहीं जीत सके।

ओम प्रकाश सिंह करहाना ने शॉट पुट के दौरान 18.77 मीटर की दूरी प्राप्त करके कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही दोहा में भारत ने अब तक 1 स्वर्ण, 3 रजत एवं 3 कांस्य पदक जीते।

भारत की महिला टीम छठे स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम आठवें स्थान पर रही। भारत ने लिए अब तक इकलौता स्वर्ण पदक लम्बी कूद के खिलाड़ी मयूका जॉनी ने जीता।

वर्ष 2017 में एशियन एथलेटिक्स (आउटडोर) चैम्पियनशिप का आयोजन भारत स्थित रांची में किया जायेगा।

## स्पोर्ट्स अवॉर्ड में ललिता बाबर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 23 फरवरी

लंबी दूरी की धाविका ललिता बाबर को इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2015 में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। खेल मंत्रालय के सहयोग से फिक्की द्वारा आयोजित ‘टर्फ 2015-16’ के समापन पर इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड दिए गए। ललिता ने हाल में 3000 मीटर स्टीपलचेज में रियो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया और वह मौजूदा भारतीय राष्ट्रीय रिकार्ड धारक भी है। ललिता के अतिरिक्त जिमनास्ट दीपा करमाकर को ‘ब्रेकथ्रू स्पोर्ट्स पर्सन आफ द ईयर’ जबकि भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय खेल महासंघ चुना गया।




खेलों को बढ़ावा देने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ कंपनी का पुरस्कार ओएनजीसी जबकि निजी कंपनी का पुरस्कार येस बैंक प्राइवेट लिमिटेड को मिला। सर्वश्रेष्ठ कोच या सहायक स्टाफ का पुरस्कार वुशु के कुलदीप हंडू जबकि सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार गुजरात को मिला। लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार बलबीर सिंह को दिया गया।

### विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्तकर्ता निम्नवत हैं:

स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ कंपनी
(पब्लिक सेक्टर)
तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी)

स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ कंपनी
(निजी क्षेत्र)
यस बैंक प्राइवेट लिमिटेड

सर्वश्रेष्ठ पेशेवर सेवा प्रदाता कंपनी
टेक्नोलॉजी फ्रंटियर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड

स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ एनजीओ
स्टेयर्स

सर्वश्रेष्ठ खेल स्टार्टअप
हॉटफुट स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड

सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय खेल महासंघ
भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ।

वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी
ललिता बाबर (एथलेटिक्स)

वर्ष का निर्णायक खिलाड़ी
दीपा करमाकर (जिमनास्टिक्स)

वर्ष का सर्वश्रेष्ठ कोच या सहायता स्टाफ
कुलदीप हांडू (वुशु)

सर्वश्रेष्ठ राज्य
गुजरात

‘मेक इन इंडिया सप्ताह’ का आयोजन मुंबई में किया गया।

## एटीपी रैंकिंग में जोकोविक, सेरेना शीर्ष पर 23 फरवरी





पेशेवर टेनिस संघ (एटीपी) की पुरुष रैंकिंग में सर्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविक शीर्ष पर कायम हैं। स्पेन के डेविड फेरर आठवें स्थान पर आ गए हैं। जापान के केई निशिकोरी एक स्थान की छलांग लगाकर छठवें स्थान पर आ गए हैं। अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) रैंकिंग में **9,245** अंकों के साथ पहला स्थान कायम रखा है। वहीं पौलेंड की एगनिस्का राडवांस्का को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जर्मनी की एंजेलिक केरबर, सिमोना हालेप को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गई हैं। सिमोना को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है।

शीर्ष **10** पुरुष खिलाड़ी :

1. नोवाक जोकोविक (सर्बिया)**16,790**
2. एंडी मरे (स्कॉटलैंड) **8,855**
3. रोजर फेडरर (स्विट्ज़रलैंड) **8,795**
4. स्टान वावरिंका (स्विट्ज़रलैंड) **5,870**
5. राफेल नडाल (स्पेन) **4,880**
6. केई निशिकोरी (जापान) **4,235**
7. थॉमस बर्डिच (चेक गणराज्य) **3,990**
8. डेविड फेरर (स्पेन) **3,915**
9. जो विल्फ्रेड सोंगा (फ्रांस) **2,950**
10. रिचार्ड गास्कवेट (फ्रांस) **2,760**

शीर्ष **10** महिला खिलाड़ी :

1. सेरेना विलियम्स (अमेरिका) **9,245**
2. एंजेलिक केरबर (जर्मनी) **5,700**
3. एगनिस्का राडवांस्का (पौलेंड) **5,210**
4. सिमोना हालेप (रोमानिया) **4,745**
5. जी. मुगुरुजा (स्पेन) **4,642**
6. मारिया शारापोवा (रूस) **3,672**
7. बेलिंडा बेंकिक (स्विट्ज़रलैंड) **3,505**
8. पेट्रा क्विटोवा (चेक गणराज्य) **3,478**
9. फ्लाविया पेनेटा (इटली) **3,422**
10. रोबर्टा विंसी (इटली) **3,325**

## विश्व कप मैचों की निगरानी समिति के प्रधान सलाहकार बने खन्ना 23 फरवरी




बीसीसीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के शीर्ष अधिकारी सीके खन्ना को यहां फिरोजशाह कोटला मैदान पर आईसीसी विश्व टी**20** के मैचों के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मुकुल मुदगल द्वारा गठित निगरानी समिति का प्रधान सलाहकार नियुक्त किया गया है।

डीडीसीए अधिकारियों की **12** सदस्यीय समिति की निगरानी पांच सदस्यीय समिति करेगी जिसमें न्यायमूर्ति मुदगल, अमृत माथुर (बोर्ड प्रतिनिधि), एमवी श्रीधर (टूर्नामेंट निदेशक), सुनील वाल्सन (पूर्व क्रिकेटर और जीएमआर प्रतिनिधि) और सुरेश चोपडा (अनुभवी डीडीसीए अधिकारी) सम्मिलित हैं। विश्व टी**20** के दौरान फिरोजशाह कोटला चार मैचों की मेजबानी करेगा जिसमें एक सेमीफाइनल भी सम्मिलित है।

## विराट कोहली, सानिया मिर्जा, साइना नेहवाल फोर्ब्स की एशिया सूची में सम्मिलित 25 फरवरी



टेनिस स्टार सानिया मिर्जा, बल्लेबाज विराट कोहली और शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल एशिया के **30** वर्ष से कम आयु के 'होनहार युवा नेताओं एवं उद्यमियों' की फोर्ब्स की पहली सूची में सम्मिलित **50** से अधिक भारतीयों में शीर्ष पर रहे। फोर्ब्स की '**30** अंडर **30** एशिया' सूची में भारत, इंडोनेशिया, चीन, हांगकांग, सिंगापुर, जापान, पाकिस्तान, वियतनाम और आस्ट्रेलिया जैसे देशों के उन **300** युवा उद्यमियों एवं नेतृत्वकर्ताओं को सम्मिलित किया गया है जो महत्त्वपूर्ण तरीके से अपने क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं। इस सूची में **56** भारतीयों को सम्मिलित किया गया है जिनमें कोहली, सानिया, सायना और अभिनेत्री श्रद्धा कपूर शीर्ष पर हैं। फोर्ब्स ने **25** वर्षीय सायना को 'आदर्श' और 'भारतीय बैडमिंटन मल्लिका' करार देते हुए कहा कि विश्व में शीर्ष महिला एकल खिलाड़ी विश्व के उन **24** शीर्ष खिलाड़ियों में सम्मिलित हैं जो इस अगस्त रियो खेलों के दौरान अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के एथलेटिक्स आयोग के चुनाव में खड़े हैं। फोर्ब्स **30** अंडर **30** एशिया की सूची में कुल **10** श्रेणियां हैं। इस सूची में उपभोक्ता तकनीक, उद्यम प्रौद्योगिकी, कला, स्वास्थ्य देखभाल एवं विज्ञान, मीडिया, सामाजिक उद्यमिता, वित्त, उद्योग और खुदरा समेत विभिन्न क्षेत्रों के प्रेरणादायी युवा नेताओं को सम्मिलित किया गया है। मनोरंजन और खेल श्रेणी में **27** वर्ष की अरुणिमा सिन्हा सम्मिलित हैं जिन्होंने पैर काटे जाने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और नकली पांव से माउंट एवरेस्ट फतेह करने वाली पहली महिला एवं पहली भारतीय होने का गौरव प्राप्त किया। इसमें 'कोर्ट' के लेखक एवं निर्देशक **28** वर्षीय चौतन्य तम्हाने सम्मिलित हैं।

सबसे कम उम्र में भारतीय विदेश सेवा में राजदूत नियुक्त किये जाने वाले बिराजा प्रसाद का निधन हो गया।

## टी-20 क्रिकेट में एक हजार रन बनाने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बने युवी 25 फरवरी



भारत ने एशिया कप में जीत के साथ शुरूआत करते हुये पहले मैच में बांग्लादेश को 45 रन से हराया जिसमें भारत के स्टार बल्लेबाज युवराज सिंह ने इस मैच में अपने 1000 रन पूरे कर लिये। टी-20 क्रिकेट में युवराज के नाम यह नया रिकॉर्ड है। टी-20 क्रिकेट में एक हजार रन पूरे करने वाले युवी चौथे भारतीय हैं। उनसे पहले विराट कोहली, रोहित शर्मा और सुरेश रैना ने यह मुकाम प्राप्त किया है।

टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम के नाम हैं, उन्होंने टी-20 क्रिकेट में 2140 रन बनाये हैं, उनके बाद गुप्टिल का नाम है, जिन्होंने 1666 रन बनाये हैं। भारत की ओर से इस लिस्ट में सबसे ऊपर विराट कोहली हैं, जिन्होंने 32 मैच खेलकर 1232 रन बनाये हैं। युवराज सिंह ने 47 मैच खेलकर 1008 रन बनाये हैं। टी-20 में उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 77 रन है।

## रोहित शर्मा बने निसान के ब्रांड एम्बेसडर 25 फरवरी

जापान की कार बनाने वाली कंपनी निसान ने आईसीसी के साथ अपने करार के अनुसार 8 मार्च से आयोजित हो रहे विश्व टी20 के लिए



भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा, वेस्टइंडीज के हरफनमौला आंद्रे रसेल और न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान सूजी बेट्स को अपना वैश्विक एंबेसडर नियुक्त किया है।

खेल के छोटे प्रारूप में बेहतरीन कीर्तिमान रचने वाले इन खिलाडित्रयों ने बड़े मंच पर निरंतरता के साथ खेल खेल है। आईसीसी विश्व टी20 के साथ विश्व भर के प्रशंसकों तक एक साथ मिलकर क्रिकेट का रोमांच पहुंचाने के लिए उत्सुक हैं। निसान ने आईसीसी के साथ आठ वर्ष का प्रायोजन समझौते किया है जिसमें 2016-2023 के दौरान होने वाले सभी टूर्नामेंट सम्मिलित हैं।

## डाइविंग विश्वकपः चीन का दबदबा, 6 स्वर्ण पदक जीते 26 फरवरी



चीन की टीम ने डाइविंग विश्वकप में आठ में से छह स्वर्ण पदक जीत कर अपना दबदबा कायम किया है। रियो डी जेनेरियो में इस इवेंट का समापन हुआ।

चीन की ओर से महिलाओं की युगल 10 मीटर डाइविंग प्रतियोगिता में चेन रोलिन और लियु हुइशिया की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीतकर खाता खोला।

इसके बाद महिलाओं की स्प्रिंगबोर्ड प्रतियोगिता में शी तिंगमाओ और वू मिनशिया की जोड़ी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं, पुरुषों की 10 मीटर प्लेटफार्म प्रतियोगिता में चेन एइसेन और लिन युए की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।

इसके बाद महिलाओं की 10 मीटर प्लेटफार्म प्रतियोगिता में रेन कियान ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं शी तिंगमाओ ने महिलाओं की तीन मीटर स्प्रिंगबोर्ड प्रतियोगिता में जीत प्राप्त की।

पुरुषों की 10 मीटर प्लेटफार्म प्रतियोगिता में चीन के कियु बो वोन ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। डाइविंग विश्व कप अगस्त में आरंभ हो रहे ओलंपिक खेलों की तैयारियों के लिए एक टेस्ट इवेंट था।

## मशरफे मुर्तजा युनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) एम्बेसेडर नियुक्त 26 फरवरी



बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान मशरफे मुर्तजा को युनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) का गुडविल एम्बेसेडर चुना गया है। मशरफे मुर्तजा अपनी पेशेवर प्रतिबद्धताओं के इतर युवाओं के विकास के लिए काम करेंगे।

यूएनडीपी बांग्लादेश के रेजीडेंट प्रतिनिधि रोबर्ट वॉटकिंस ने मुर्तजा को नियुक्ति के सम्बंध में आधिकारिक प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस नियुक्ति के साथ ही, मुर्तजा, बांग्लादेश में युवाओं के विकास के लिए एक सद्भावना राजदूत के रूप में नियुक्त किये जाने वाले पहले व्यक्ति बन गये।

अपनी नई भूमिका में, मुर्तजा, जिन्होंने वनडे और टी-20 दोनों प्रारूपों में राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व किया था, बांग्लादेश में युवाओं को रोजगार देने की वकालत करेंगें और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को आगे बढ़ाने में देश के प्रयासों में सहायता करेंगें।

यह नियुक्ति, कला, विज्ञान, मनोरंजन, खेल, आदि से संबंधित विश्व के प्रमुख व्यक्तियों को सद्भावना दूत के रूप में नियुक्त करने के द्वारा संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में सन्निहित आदर्शों को बढ़ावा देने और साकार करने के प्रयासों का एक हिस्सा है।

मध्य प्रदेश के पहला मेगा फूड पार्क का खरगोन जिले में उद्घाटन किया गया।

## स्विट्ज़रलैंड के इनफैनटिनो बने फीफा के नए अध्यक्ष

**27 फरवरी**




स्विट्ज़रलैंड के जियानी इनफैनटिनो फुटबॉल की विश्व नियामक संस्था (फीफा) के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। जियानी 79 वर्षीय सैप ब्लाटर की जगह लेंगे। दूसरे दौर की वोटिंग के बाद जियानी को 207 में से कुल 115 वोट मिले। जियानी के कड़े प्रतिद्वंदी बहरीन के शेख सलमान को 88 और जॉर्डन के प्रिंस अली को महज चार वोट मिले। पहले दौर में जियानी आश्चर्यजनक रूप से 88 मतों से आगे चल रहे थे। उस दौर में शेख सलमान को 85, प्रिंस अली 27 और कैंपपनेग को सात वोट मिले।

45 वर्षीय जियानी यूरोपियन गवर्निंग बॉडी (यूईएफए) के महासचिव भी हैं। वह फीफा अध्यक्ष बनने वाले स्विट्ज़रलैंड के लगातार दूसरे व्यक्ति हैं। पिछले वर्ष एक नाटकीय घटनाक्रम के अंतर्गत ब्लाटर के अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद यूईएफए अध्यक्ष और फ्रांसीसी दिग्गज प्लाटिनी को उनका संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा था, लेकिन प्रतिबंध लगने से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। सुधारों को मिली स्वीकृतिफीफा सदस्य संघ ने वैश्विक स्तर पर फुटबॉल में किए जाने वाले बड़े पैमाने के सुधारों को अपनी स्वीकृति दे दी।

## पैदल चाल में सात भारतीयों ने ओलंपिक क्वालीफिकेशन स्तर प्राप्त किया

**27 फरवरी**





उत्तराखंड के गुरमीत सिंह ने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में 20 किमी पैदल चाल का स्वर्ण पदक जीता जबकि रिकार्ड सात भारतीय रियो ओलंपिक का क्वालीफाइंग स्तर प्राप्त करने में सफल रहे।

रियो ओलंपिक का क्वालीफिकेशन समय एक घंटा और 24 मिनट है। गुरमीत ने एक घंटा 21 मिनट और 24.57 सेकेंड के समय के साथ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के पहले दिन स्वर्ण पदक जीता।

तमिलनाडु के के. गणपतिः एक घंटा 21 मिनट और 51.43 सेकेंडः दूसरे जबकि हरियाण के संदीप कुमारः एक घंटा 21 मिनट ओर 56.81 सेकेंडः तीसरे स्थान पर रहे। राष्ट्रीय रिकार्ड धारक केरल के केटी इरफानः एक घंटा 22 मिनट और 14.02 सेकेंडः उत्तराखंड के मनीष सिंहः एक घंटा 22 मिनट और 18.89 सेकेंड, हरियाणा के देवेंदर सिंहः एक घंटा 22 मिनट और 40.60 सेकेंड और हरियाणा के ही नीरजः एक घंटा 23 मिनट और 34.02 सेकेंड ने भी ओलंपिक क्वालीफिकेशन स्तर प्राप्त किया। गणपति, इरफान, देवेंदर और नीरज ने रियो ओलंपिक स्तर प्राप्त किया जबकि गुरमीत, संदीप और मनीष ने पिछले वर्ष ही यह स्तर प्राप्त कर लिया था।

## वावरिंका ने दुबई टेनिस चैम्पियनशिप खिताब जीता

**29 फरवरी**



स्विट्ज़रलैंड के टेनिस खिलाड़ी और विश्व के चौथे वरीयता प्राप्त स्टान वावरिंका ने दुबई टेनिस चैम्पियनशिप जीत ली है। वावरिंका ने टूर्नामेंट में हुए फाइनल मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी साइप्रस के मार्कस बघदातिस को 6-4, 7-6 (13) से मात देते हुए खिताबी जीत प्राप्त की। वावरिंका को इस जीत के साथ टूर्नामेंट की ट्रॉफी और 511,750 डॉलर की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गयी।

## रोजल प्रेजेल आईएएएफ एथलीट आयोग के अध्यक्ष निर्वाचित

**29 फरवरी**



स्लोवेनियाई हाई जम्पर रोजल प्रेजेल को मोनाको में अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स एसोशियन महासंघ (आईएएएफ) आयोग का अध्यक्ष चुना गया। प्रेजेल ने तत्काल प्रभाव से आयोग के अध्यक्ष का पदभार संभाला है। उन्होंने फ्रैंक फरेड्रिक्स का स्थान लिया है। दूसरी ओर ब्रिटेन की मैराथन विश्व रिकार्ड धारक पाउला रेडक्लिफ को आयोग का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

26 सितंबर 1979 को जन्मे प्रेजेल ने 2004, 2008 और 2012 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में स्लोवेनिया का प्रतिनिधित्व किया। 2008 में आयोजित ओलंपिक में उसका सबसे अच्छा परिणाम रहा। उन्होंने ऊंची कूद में 12 वां स्थान प्राप्त किया। वे 2001 में यूरोपीय अंडर 23 के चैंपियन रहे। 2014 में सेवानिवृत्ति से पूर्व 2012 में उन्होंने 2.32 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स एसोशियन महासंघ, एथलेटिक्स खेल के लिए अंतर्राष्ट्रीय शासी निकाय है। इसकी स्थापना 17 जुलाई 1912 को 17 देशों के राष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघों के संगठन के प्रतिनिधियों ने अंतर्राष्ट्रीय एमेच्योर एथलेटिक्स फेडरेशन के रूप में स्टॉकहोम, स्वीडन में की। अक्टूबर 1993 से इसका मुख्यालय मोनाको में है। 2001 के बाद इसका नाम बदल कर अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स एसोशियन महासंघ कर दिया गया।

ब्रैंडन मैकुलम शुरुआत से 100 से निरंतर टेस्ट खेलने वाले पहले क्रिकेटर बन गये हैं।

## अरमान इब्राहिम 'मोटर स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर' के पुरस्कार से सम्मानित 01 मार्च



फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया (एफएमएससीआई) की ओर से देश के शीर्ष ड्राइवर अरमान इब्राहिम सहित 100 राष्ट्रीय चैम्पियनों को विभिन्न वर्गों में मोटर स्पोर्ट्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

अरमान को 'मोटर स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि बीआई चंडोक को देश में मोटर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 99 अन्य ड्राइवरों को आठ विभिन्न चैम्पियनशिप के लिए पुरस्कृत किया गया।

अरमान को लंबोगिनी बलैंकपेन सुपर ट्रोफियो एशिया सीरीज में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक विक्रमपति सिंघानिया ने उन्हें 'रेमंड गौतम सिंघानिया रोलिंग ट्रॉफी और दो लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया। अरमान के ही साथी दिलांता ने भी एशिया सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था और उन्होंने फुजी मैन रेस जीतकर वर्ल्ड सीरीज के लिए क्वालीफाई किया था।

## राजस्थान को लागोरी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप-2016 की मेजबानी 01 मार्च

जनलोकप्रिय खेल लागोरी की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप-2016 की मेजबानी राजस्थान को मिली है। इस चैम्पियनशिप का आयोजन पुष्कर में मई में होना है।

भारतीय लागोरी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव संतोष प्रह्लाद गुरव ने बताया कि 30 देशों में अपने पैर पसार चुके लागोरी की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के छठे संस्करण का आयोजन अजमेर के लगभग पुष्कर में सात से नौ मई के बीच होगा।

लागोरी महासंघ इस वर्ष दिसम्बर में मुम्बई में विश्व कप का भी आयोजन करा रहा है। पहले इसका आयोजन जून में मुम्बई में होना था लेकिन कुछ कारणों से इसे दिसम्बर तक के लिए टाल दिया गया है।

भारतीय स्कूल गेम्स महासंघ से मान्यता प्राप्त इस खेल की इस वर्ष की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग की 24 टीमें हिस्सा लेंगी।

## डेयरडेविल्स के मेंटर बने राहुल द्रविड़ 02 मार्च



पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी टीम- दिल्ली डेयरडेविल्स के मेंटर नियुक्त किए गए हैं। वहीं पैडी एपटॉन को टीम ने अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। द्रविड़ टीम के सहयोगी स्टाफ जुविन बरुचा (तकनीकि निदेशक), श्रीधरन श्रीराम और प्रवीण आमरे (बल्लेबाजी सलाहकार), टी. ए. शेखर (गेंदबाजी सलाहकार) के साथ जुड़ेंगे।

द्रविड, एपटॉना और बरुचा की तिकड़ी इससे पहले आईपीएल की टीम राजस्थान रॉयल्स के साथ थी, जिसे दो सत्र के लिए आईपीएल से निलंबित कर दिया है। द्रविड 2014 में राजस्थान के कप्तान भी रह चुके हैं।

## न्यूजीलैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान मार्टिन क्रो का निधन 03 मार्च



न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मार्टिन क्रो का निधन हो गया है। 53 वर्ष के क्रो 2012 से ही कैंसर से पीड़ित थे। क्रो ने क्रिकेट से सन्यास लेने के बाद लेखक, प्रसारणकर्ता और मेंटर के रूप भी अपनी छाप छोड़ी। लिम्फोमा (खून का कैंसर) से पीड़ित क्रो ने अपने जीवन के अंतिम महीनों में खुद को सार्वजनिक जीवन से अलग कर लिया था।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ 1982 में 19 वर्ष की आयु में पदार्पण करने वाले क्रो को न्यूजीलैंड क्रिकेट इतिहास का सबसे अच्छा बल्लेबाज माना जाता है। क्रो ने अपने देश के लिए 77 टेस्ट मैचों में 17 शतकों की सहायता से 5444 रन बनाए।

उनका सर्वोच्च योग 299 रन रहा है, जो कई वर्षों तक कीवियों की ओर से खेली गई सबसे बड़ी पारी रही। बाद में ब्रेंडन मैक्लम ने इसे तोड़ा। 2015 में क्रो को आईसीसी हाल ऑफ फेम में सम्मिलित किया गया था।




अशोक चावला टेरी बोर्ड के नए अध्यक्ष हैं।

## कनाडा में सम्मानित हुए सिख हॉकी दिग्गज बलबीर सिंह

04 मार्च



भारतीय मूल के सिख हॉकी खिलाड़ी बलबीर सिंह को कनाडा के प्रांत ब्रिटिश कोलंबिया (बीसी) में सम्मानित किया गया। 'द वॉइस' की रिपोर्ट के अनुसार, बीसी विधानमंडल के सम्माननीय सहायक उप सभापति, विध ाायक राज चौहान ने 92 वर्षीय भारतीय हॉकी दिग्गज सिंह को सदन में सम्मानित किया।

चौहान ने कहा, मुझे एक ऐसे नायक और दिग्गज के बारे में बात करने पर काफी गर्व महसूस हो रहा है। सिंह ने हॉकी के क्षेत्र में तीन स्वर्ण पदक जीते।

उन्होंने 1948 में लंदन में पहला स्वर्ण पदक जीता। दूसरा स्वर्ण पदक उन्होंने हेलसिकी में और तीसरा 1956 में मेलबर्न में जीता।"

उन्होंने कहा कि सिंह एकमात्र ऐसे मुख्य कोच रहे हैं, जिनके नेतृत्व में भारत ने 1975 में कुआलालम्पुर में विश्व कप जीता था।

चौहान ने आगे कहा, "पैट्रिक ब्लैनरहैसेट ने सिंह पर एक किताब 'द फोरगॉटन लेजेंड' लिखी है। इस किताब का विमोचन पांच मार्च को किया जाएगा।"

## निशानेबाजी विश्व कप में जीतू ने विश्व कप में जीता स्वर्ण

04 मार्च



भारत के अग्रणी निशानेबाज जीतू राय ने निशानेबाजी विश्व कप में पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।

जीतू ने फाइनल राउंड में 191.3 अंक हासिल किए। पूर्व विश्व चैम्पियन चीन के पांग वेई ने 186.5 अंकों के साथ रजत जीता जबकि ओलम्पिक पदक विजेता चीन के वांग झीवेई ने 165.8 अंकों को साथ कांस्य जीता।

भारत के प्रकाश नानजप्पा ने क्वालीफाईंग दौर में 549 अंक जुटाए थे और वह 17वें स्थान पर रहे। जीतू ने 60 शॉट्स के क्वालीफाईंग सीरीज में तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी।

जीतू ने कुल 562 अंक हासिल किए थे। वेई क्वालीफाईंग में 564 अंकों के साथ पहले स्थान पर थे। वांग ने 563 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था।

पूर्व विश्व चैम्पियन जापान के तोमोयुकी मासुदा को भी फाइनल में खिताब का दावेदार माना जा रहा था। मासुदा ने एशियाई शूटिंग क्वालीफायर्स में शानदार प्रदर्शन किया था। मासुदा हालांकि पांचवें स्थान पर रहे। काफी समय तक वह तीसरे स्थान पर चल रहे थे।

## एशिया कप में भारत ने बांग्लादेश को हराया, छठी बार बना चैम्पियन

07 मार्च




भारत ने पहली बार टी-20 फॉरमेट में खेले गए एशिया कप में खिताबी जीत हासिल की है। भारत ने रिकार्ड छठी बार यह खिताब का खिताब अपने नाम किया है। धौनी की कप्तानी में भारत ने दूसरी बार यह खिताब जीता है।

मेजबान बांग्लादेश ने शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत के सामने 121 नों का लक्ष्य रखा, जिसे उसने शिखर धवन (60) और विराट कोहली (नाबाद 41) की शानदार पारियों की सहायता से 13.5 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

भारत ने पांच रन के कुल योग पर रोहित शर्मा (1) का विकेट गंवाया था। इसके बाद कोहली और धवन ने दूसरे विकेट के लिए 67 गेंदों पर 94 रन जोड़े।

दूसरी बार फाइनल में पहुंची बांग्लादेश टीम के लिए महमुदुल्लाह रियाज ने सबसे अधिक नाबाद 33 रन बनाए जबकि शब्बीर रहमान ने नाबाद 32 रनों का योगदान दिया।

तिसारा परेरा टी20 में हैट्रिक लेने वाले चौथे गेंदबाज हैं।

## साइकिलिंग विश्व चैम्पियनशिप कैनी ने जीता स्प्रिंट खिताब

07 मार्च



ओलंपिक चैम्पियन जेसन कैनी ने ट्रैक साइकिलिंग विश्व चैम्पियनशिप में पुरुष वर्ग में श्स्प्रिंटश खिताब हासिल किया। रियो डी जेनेरियो में होने वाले ओलंपिक खेलों में श्स्प्रिंटश प्रतियोगिता में टीम का और एकल वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले कैनी ने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू ग्लेटजर को ली वैली वेलो पार्क में मात देकर खिताबी जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता में मौजूदा विजेता बॉज छठे स्थान पर रहे। महिलाओं के श्वाइंट रेसश खिताब पर पोलैंड की कतारज्याना पोवलोवोस्का ने कब्जा जमाया। भारत की ओर से अश्विन, नेहरा, बुमराह और जडेजा एक-एक विकेट लिए।

## साइकिलिंग विश्व चैम्पियनशिप में झोंग ने जीता स्वर्ण पदक

07 मार्च



ट्रैक वर्ल्ड साइकिलिंग चैम्पियनशिप में महिला 'स्प्रिंट' प्रतियोगिता में अपनी साथी लिन जुनहोंग को हराकर झोंग तिआनशी एकल साइकिलिंग प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाली चीन की पहली विश्व चैम्पियन बन गई हैं। चैम्पियनशिप की मौजूदा विजेता रहीं जर्मनी की क्रिस्टिना वोगेल को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

झोंग ने कहा कि वह स्वयं को रियो ओलंपिक खेलों के लिए तैयार करेंगी और साइकिलिंग में चीन की पहली ओलंपिक चैम्पियन बनकर एक नया इतिहास रचने की कोशिश करेंगी।

## यू मुंबा को हरा पटना पाइरेट्स बनी प्रो कबड्डी चैम्पियन

07 मार्च



पटना पाइरेट्स ने निर्णायक क्षणों में गजब का धैर्य दिखाते हुए गत चैम्पियन यू मुंबा की कड़ी चुनौती पर **31-28** से काबू पाते हुये स्टार स्पोर्ट्स प्रो कबड्डी लीग के तीसरे संस्करण का खिताब जीत लिया। पटना पाइरेट्स को इस खिताबी जीत से एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिली जबकि यू मुंबा को उपविजेता रहने पर **50** लाख रुपए मिले।

पुणेरी पल्टन ने बंगाल वारियर्स को **31-27** से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। पुणे को **30** लाख रुपए और बंगाल को **20** लाख रुपए मिले। आईजी स्टेडियम में प्रो कबड्डी लीग का फाइनल देखने के लिए **17** हजार दर्शक मौजूद थे। पटना ने मैच के सातवें मिनट तक ही मुंबा को ऑलआउट कर **10-2** की बढ़त बना ली।

पहले हाफ तक पटना की टीम **19-11** से आगे थी। पटना ने दूसरे हाफ की शुरुआत तीन खिलाड़ियों के साथ की, लेकिन अपनी बढ़त को **23-14** पहुंचा दिया। इसी समय मुंबई के राकेश कुमार ने जबरदस्त रेड से दो अंक हासिल किए और स्कोर **16-23** कर दिया। मुंबई ने पटना को ऑलआउट करते हुए स्कोर **20-23** पहुंचा दिया। धीरे-धीरे मुंबई ने अंतर घटाना कम किया। लेकिन आखिरी क्षणों में पटना के खिलाड़ियों ने गजब का धैर्य दिखाते हुए एक के बाद एक तीन अंक लिए और **31-28** से खिताब जीत लिया। पटना की तरफ से रोहित ने रेड से आठ अंक, संदीप नरवाल ने सात अंक और विनोद कुमार ने तीन अंक हासिल किए। जबकि मुंबा की तरफ से कप्तान अनूप कुमार ने आठ अंक और मोहित छिल्लर ने छह अंक बनाए।

## स्कीइंग विश्व कप में अमेरिका की शिफरिन ने जीता स्वर्ण

08 मार्च



अमेरिकी की मिकेला शिफरिन ने उत्तरी स्लोवाकिया के जासना में जारी महिला अल्पाइन स्कीइंग विश्व कप की स्लालोम स्पर्धा में स्वर्म पदक हासिल किया है। शिफरिन ने स्विट्जरलैंड की वेंडी होल्डनर से **2.36** सेकेंड पहले रेस पूरी की। स्लोवाकिया की वेरोनिका जुजुलोवा तीसरे स्थान पर रहीं। वह शिफरिन से **2.77** सेकेंड पीछे रहीं।

स्लोवाकिया में **30** वर्ष के बाद पहली बार अल्पाइन स्कीइंग विश्व कप का आयोजन हो रहा है। अब तक इस आयोजन में **17** हजार लोग आ चुके हैं।

## गोल्फर एडम स्कॉट ने वर्ष 2016 की डब्ल्यूजीसी कैडिलैक चैम्पियनशिप जीती

08 मार्च

ऑस्ट्रेलियाई गोल्फर एडम स्कॉट ने अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित डोरल में आयोजित वर्ष **2016** की डब्ल्यूजीसी कैडिलैक चैम्पियनशिप जीती। स्कॉट ने पहले पांच होल्स के साथ छह बर्डिस सहित दो डबल बोगी में स्थान बनाया जिससे वे अमेरिका के खिलाड़ी बुबा वाटसन को हराने में कामयाब रहे।

यह स्कॉट की लगातार दूसरी पीजीए टूर जीत है, इससे पहले उन्होंने फरवरी **2016** में होंडा क्लासिक ट्रॉफी जीती।

संयुक्त अरब अमीरात ने प्रसन्नता और सहिष्णुता, तथा युवा मामलों के लिए नव निर्मित विभागों के लिए महिला मंत्रियों को नियुक्त किया है।

### एडम स्कॉट



- ऑस्ट्रेलिया के प्रोफेशनल गोल्फर एडम डेरेक स्कॉट अधिकतर पीजीए टूर ही खेलते हैं।
- वे मई से अगस्त **2014** तक विश्व के नंबर **1** खिलाड़ी भी रह चुके हैं।
- उन्होंने अब तक विश्व भर में **29** टूर्नामेंट जीते हैं।
- वर्ष **2013** में उन्होंने मास्टर्स टूर्नामेंट जीता जो उनकी सबसे बड़ी जीत थी, यह किसी ऑस्ट्रेलियन खिलाड़ी द्वारा **77** वर्षों में जीता गया खिताब था।

### डब्ल्यूजीसी कैडिलैक चैम्पियनशिप

- यह एक पेशेवर गोल्फ टूर्नामेंट है जो विश्व के चार गोल्फ चैम्पियनशिप में से एक है।
- इसे अन्तर्राष्ट्रीय फेडरेशन ऑफ पीजीए टूर द्वारा आयोजित किया जाता है। इसमें दी जानी वाली राशि पीजीए टूर एवं यूरोपियन टूर द्वारा दी जाती है।
- वर्ष **2016** का खेल फ्लोरिडा स्थित ट्रम्प में टीपीसी ब्लू मॉन्स्टर कोर्स पर आयोजित किया गया।
- यह **17**वीं डब्ल्यूजीसी कैडिलैक चैम्पियनशिप थी एवं वर्ष **2016** का पहला विश्व गोल्फ टूर्नामेंट था।

## फिनलैंड को 2018 यू-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी

**11 मार्च**

फिनलैंड के शहर टेम्पेरे को **2018** अंडर-**20** विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी मिली है। अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ ने अपने बयान में कहा कि इस आयोजन के लिए टेम्पेरे एकमात्र दावेदार था। फिनलैंड में इससे पहले राजधानी हेलसिंकी में दो बार विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा चुका है। टेम्पेरे फिनलैंड का तीसरा सबसे बड़ा शहर है।

अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ ने कहा है कि उसकी **203**वीं काउंसिल की बैठक में स्पेन के शहर वेलेंसिया को **2018** आईएएएफ विश्व हाफ मैराथन चैम्पियनशिप की मेजबानी देने का फैसला किया गया है।

इसके अलावा आईएएएफ ने वर्ल्ड इंडोर टूर को **2017** में पांच जगहों पर कराने का फैसला किया है। अब यह जर्मनी के डुसेलडोर में भी आयोजित होगा।

## संतोष ट्रॉफी में महाराष्ट्र को हराकर सेना बनी चैम्पियन

**14 मार्च**

सर्विसेज ने संतोष ट्रॉफी फुटबाल चैम्पियनशिप के **70**वें संस्करण के फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र को **2-1** से हरा दिया।

एसईसी रेलवे स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में एक समय सर्विसेज की टीम **0-1** से पीछे थी लेकिन **11** मिनट के अंतराल पर किए गए दो गोलों की मदद से उसे खिताबी जीत हासिल की।

सर्विसेज को पांचवां खिताब दिलाने की दिशा में अर्जुन टुडु ने दो गोल किए। टुडु ने यह गोल **26**वें और **37**वें मिनट में गोल किए जबकि महाराष्ट्र के लिए मोहम्मद शाहबाज ने एकमात्र गोल किया। यह गोल **15**वें मिनट हुआ था।

यह खिताब जीतने पर सर्विसेज को पांच लाख रुपये का पुरस्कार मिला जबकि महाराष्ट्र को तीन लाख के पुरस्कार से संतोष करना पड़ा।

## रोहित शर्मा को लगातार तीसरे वर्ष क्रिकइन्फो पुरस्कार

**14 मार्च**



सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने लगातार तीसरे वर्ष मारूति सुजुकी ईएसपीएन क्रिकइन्फो पुरस्कार जीता है जबकि क्रिकेट को अलविदा कह चुके न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैकुलम ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कप्तान का नया पुरस्कार जीता। ये पुरस्कार **2015** में तीनों प्रारूपों में उम्दा प्रदर्शन के लिए दिए गए।

रोहित ने **2013** और **2014** में वनडे क्रिकेट में दोहरे शतकों के लिए पुरस्कार जीता था। उसने इस बार वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टी**20** पारी के लिए पुरस्कार जीता। रोहित ने धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ **106** रन बनाये थे। उसे वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टी**20** पारी चुना गया। जूरी में इयान चौपल, कर्टनी वाल्श, जान राइट, महेला जयवर्धने सम्मिलित थे। इनके अलावा

अजित अगरकर, संजय मांजरेकर, रसेल अर्नोल्ड और मार्क निकोलस भी जूरी में थे।

सबसे तेज टेस्ट शतक का **30** बरस पुराना विवियन रिचर्ड्स का रिकार्ड तोड़ने वाले मैकुलम को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कप्तान का पुरस्कार मिला।



खाद्य कीमतों में तेजी से वृद्धि के चलते जनवरी में खुदरा मुद्रास्फीति **17** महीने के उच्च स्तर पर थी।

# विज्ञान



## मंत्रिमंडल ने लिगो-भारत वृहत विज्ञान प्रस्ताव को सैद्धांतिक स्वीकृति दी

**16 फरवरी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुत्वाकर्षण तरंगों पर अनुसंधान के लिए लिगो-भारत वृहत विज्ञान प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से स्वीकृति दे दी है। परमाणु ऊर्जा तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा लिगो-भारत परियोजना (लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रैविटेशनल-वेव अब्जरवेटरी इन इंडिया) के नाम से प्रसिद्ध प्रस्ताव को आरंभ किया गया है। यह स्वीकृति उस समय दी गई है, जब कुछ दिन पहले ही गुरुत्वाकर्षण तरंगों की ऐतिहासिक खोज की गई है, जिससे ब्रह्मांड के गूढ़ रहस्यों को सुलझाने की नई खिड़की खुली है।

देश में गुरुत्वाकर्षण तरंगों की वेधशाला, लिगो-भारत परियोजना अमरीका में लिगो प्रयोगशाला चलाने वाली केल्टेक और एमआईटी के सहयोग से स्थापित की जाएगी। इस परियोजना से वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को गुरुत्वाकर्षण तरंगों की गहराई में जाकर अध्ययन करने और नये खगोलीय क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा।

लिगो-भारत से भारतीय उद्योग के लिए आधुनिकतम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अवसर उत्पन्न होंगे, जिससे समतल भू-भाग में अल्ट्रा हाई वैक्यूम पर **8** किलोमीटर लम्बे बीम ट्यूब का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना से भारतीय छात्रों और युवा वैज्ञानिकों को ज्ञान के नये क्षेत्रों को तलाशने की प्रेरणा मिलेगी और देश में वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र को और प्रोत्साहन मिलेगा।

## जापान ने ब्लैक होल के अध्ययन के लिए सेटेलाइट लॉन्च किया

**20 फरवरी**



जापान ने संयुक्त रूप से विकसित एक अंतरिक्ष अवलोकन उपग्रह को प्रक्षेपित किया जो रहस्यमयी ब्लैक होलों का अध्ययन करेगा। एस्ट्रो-एच उपग्रह को एजेंसी, नासा और अन्य समूहों के सहयोग से विकसित किया गया है। इसे लगभग **580** किलोमीटर की उंचाई पर स्थित करना है। यह ब्लैक होल और आकाशगंगाओं से निकलने वाली एक्सरे का अवलोकन करेगा। दक्षिणी जापान के तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से इस उपग्रह को जापान का एच **11** ए रॉकेट अंतरिक्ष में लेकर गया है।

## सबसे लंबे सूर्यग्रहण की खोज

**21 फरवरी**



वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से एक हजार प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक युगल तारामंडल में एक ऐसे तारे की खोज की है जहाँ **69** वर्ष बाद साड़े तीन वर्ष के लिए, पूर्ण सूर्यग्रहण लगता है। एक नई शोध में विज्ञानियों ने टीवाइसी **2505-672-1** (खगोलीय नामावली का नंबर) युगल तारों में सबसे लंबे तथा सर्वाधिक अवधि के बाद लगने वाले ग्रहण का पता लगाया है।

दोनों तारों का अधिकृत नाम अभी रखा नहीं गया। टेनेसी के वांडरबिल्ट विर्श्वविद्यालय के विज्ञानी जोए रोड्रिग्स ने अपने शोध में बताया कि दो विशेष खगोलीय पिंडों से यह खोज करना संभव हो पाया। शोध एस्ट्रोनोमिकल जर्नल में प्रकाशित हुआ। अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ वेरिएबल स्टार आब्जर्वर्स और डिजिटल एक्सेस टू ए स्काई सेंचुरी हार्वर्ड के संयुक्त प्रयासों से उपलब्धि प्राप्त हुई।

इससे पहले सहयोगी तारे के कारण सबसे लंबे और अधिक अवधि के ग्रहण का रिकॉर्ड (**27** वर्ष और **640** से **730** दिन का) एक अन्य विशाल तारे एप्सिलोन औरिगी के नाम था जो पृथ्वी से **22** सौ प्रकाश वर्ष दूर तथा बेहद चमकीला है।

इसका आकार सूर्य से कुछ बड़ा भी है। टीवाईसी बेहद दूर होने के कारण उसके चित्र आदि लेने की संभावनाएं बेहद सीमित रहीं। लेकिन इसके बावजूद उसके सहयोगी सितारे का तापमान दर्ज करने में विज्ञानी कामयाब रहे, जो सूर्य की सतह से दो हजार डिग्री सेल्सियस अधिक था।

विज्ञानियों का कहना है कि अभी नए तारामंडल के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के लिए और संसाधनों की आवश्यकता है। इस तरह का अगला ग्रहण **2080** में लगेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि तब तक हम साधनों से संपन्न हो जाएंगे तथा विस्तार से विषय पर अनुसंधान करने में सक्षम होंगे।

बंबई उच्च न्यायालय के धीरेंद्र एच. वाघेला ने उड़ीसा के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली है।

## सुदूर ब्रह्मांड में तीव्र विकरणीय दरार की खोज

**26 फरवरी**



पहली बार वैज्ञानिकों के शोध दल ने तीव्र विकरणीय दरार (फास्ट रेडियो बर्स्ट) यानी एफआरबी की खोज की है, जिससे इस बात की पुष्टि हो गई है कि छोटी लेकिन शानदार चमक वाली रेडियो तरंगें सुदूर ब्रह्मांड में उत्पन्न हुई हैं।

इसके लिए कॉमनवेल्थ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (सीएसआईआरओ) के रेडियो टेलीस्कोप और जापान की नेशनल एस्ट्रोनॉमिकल ऑर्ब्जवेटरी ऑफ जापान के सुबारू टेलीस्कोप का उपयोग किया गया था।

एफआरबी एक मिलीसेकंड में जितनी ऊर्जा उत्सर्जित करती है उतनी ही ऊर्जा सूर्य **10** हजार वर्षों में उत्सर्जित करता है।

अब तक केवल **16** विस्फोट ही पाए गए हैं, लेकिन खगोलविदों का अनुमान है कि यह एक दिन में दस हजार बार विस्फोटित होते हैं। इस नई खोज ने मेजबान आकाशगंगा के लगभग छह अरब प्रकाश वर्ष दूर हुए विस्फोट को दर्ज किया है।

खगोल विज्ञान और खगोलीय यांत्रिकी में गुप्त ऊर्जा, ऊर्जा का एक काल्पनिक रूप है, जो सम्पूर्ण अंतरिक्ष में व्याप्त होता है एवं जिसमें ब्रह्माण्ड के विस्तार की दर को बढ़ाने की प्रवृत्ति होती है। वहीं डार्क मैटर एक काल्पनिक पदार्थ है। इसकी विशेषता है कि अन्य पदार्थ अपने द्वारा उत्सर्जित विकिरण से पहचाने जा सकते हैं, मगर डार्क मैटर अपने द्वारा उत्सर्जित विकिरण से पहचाने नहीं जा सकते। इनके अस्तित्व का अनुमान श्यमान पदार्थो पर इनके द्वारा आरोपित गुरुत्वीय प्रभावों से किया जाता है। एफआरबी का उपयोग कर शोध दल सामान्य पदार्थ के आंकड़ों के साथ ही सही, लेकिन ब्रह्मांड का वजन मापने में सक्षम हो गया है। उनका कहना है कि कुछ समय में हम इस पर अत्यधिक प्रकाश डाल पाएंगे।

## चीन दूसरी अंतरिक्ष प्रयोगशाला तियांगोंग-2 प्रक्षेपित करेगा

**29 फरवरी**



रूसी अंतरिक्ष प्रयोगशाला मीर से प्रतिस्पर्धा करते हुए चीन मानवसहित अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण की अपनी योजना की दिशा में आगे बढ़ते हुए इस वर्ष की तीसरी तिमाही में अपनी दूसरी प्रयोगशाला तियांगोंग-2 भेजेगा। चीन के अंतरिक्ष प्रयोगशाला कार्यक्रम के प्रवक्ता के अनुसार इस कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष की आखिर तिमाही में चीन की शेंजझोउ-11 अंतरिक्ष यान भी प्रक्षेपित करने की योजना है जिसपर तियांगोंग-2 पर जाने के लिए दो अंतरक्षित यात्री होंगे। चीन की वर्ष 2022 तक रूसी अंतरिक्ष प्रयोगशाला मीर की प्रतिस्पर्धा में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना भी है ।

दक्षिण चीन में हैनान प्रांत के वेंचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से अपना पहला प्रायोगिक परीक्षण प्रक्षेपण के बाद अगली पीढ़ी का लांग मार्च-7 रॉकेट देश के पहले मालवाहक यान तियानझोउ-1 को वर्ष 2017 की पहली छमाही में अंतरिक्ष में पहुंचाएगा और उसका लक्ष्य तियांगोंगे-2 से जुड़ना और परीक्षण करना है।

## 'वन-ईयर क्रू' मिशन सफलतापूर्वक धरती पर उतरा

**02 मार्च**



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अंतरिक्ष यात्री स्कॉट कैली और रूसी अंतरिक्ष यात्री मिखाइल कोर्निएंको और सर्गेई वोल्कोव को ले जाने वाला एक अंतरिक्ष यान कजाख्स्तान में सफलतापूर्वक उतर गया।

एक अलग तरह के प्रयोग को अंजाम देने के लिए अंतरिक्ष में भेजे गए केली का यह मिशन इस परियोजना पर प्रकाश डालने के लिए किया गया कि इंसान पर अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के दौरान पड़ने वाले प्रभावों को जानने के लिए थे। 'वन-ईयर क्रू' मिशन को अंजाम देकर स्कॉट केली ने रिकॉर्ड कायम कर दिया। यह किसी यूएस अंतरिक्ष विज्ञानी का स्पेस में पहला सबसे लंबा स्टे था। जबकि, किसी रुसी अंतरिक्ष द्वारा किए गए लंबे स्पेस मिशन को अंजाम देने वाले मिखाइल पांचवे अंतरिक्ष विज्ञानी रहे।

## चीन के चंद्रयान ने बनाया रिकॉर्ड

**02 मार्च**



चंद्रमा पर उतरनेवाले चीन के पहले यान चांग ई-3 ने सबसे लंबे समय तक अभियान में रहने का नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। चीनी वैज्ञानिकों ने

संयुक्त राज्य अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन्टोनिन स्केलिया का निधन हो गया।

यह जानकारी दी। यह यान दो वर्षो से चंद्रमा की सतह पर है। यह यान अपने अभियान काल एक वर्ष के समय को पहले ही पूरा कर चुका था और अतिरिक्त **15** महीनों से यह अपनी सेवा दे रहा है, जो किसी यान के लिए सर्वाधिक समय का रिकॉर्ड है। यह चंद्रमा पर **14** दिसंबर, **2013** को उतरा था।

स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन फॉर साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्री फॉर नेशनल डिफेंस (एसएएसटीआईएनडी) ने **18** फरवरी को घोषणा की कि चांग ई-**3** चंद्र रत्रि के बाद स्वतः जाग गया और **28**वें चंद्र दिवस में प्रवेश कर गया।

एसएएसटीआईएनडी ने कहा कि इसका खगोलीय दूरबीन और अन्य निगरानी उपकरण अभी भी अच्छी तरह काम कर रहा है।

## चीन द्वारा 2021 में मंगल पर एक यान उतारने की योजना 05 मार्च

चीन ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना की स्थापना की **100**वीं वर्षगांठ पर और **2011** में अपने पहले मिशन के असफल रहने के **1** दशक बाद **2021** में मंगल ग्रह पर एक यान उतारने की योजना बनाई है। अब तक भारत, अमेरिका, रूस और यूरोपीय संघ को मंगल मिशन में सफलता मिल चुकी है।



चीन के अंतरिक्ष कार्यक्रम के एक शीर्ष अधिकारी ये पीजिआन ने कहा कि ऐसी संभावना है कि चीन **2020** में मंगल ग्रह पर एक यान भेजेगा। महीनों की उड़ान के बाद सीपीसी की **100**वीं वर्षगांठ पर मंगल पर यान के उतरने की उम्मीद है। अगर यह सफल रहा तो अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे लोगों की तरफ से यह एक उपहार होगा।

ये ने कहा कि हमारी टीम ने **2013** में चंद्रमा परियोजना को पूरा किया था। ये ने कहा कि अब तक हमें **400** मिलियन किलोमीटर की दूरी के साथ संचार मुद्दे पर सफलता मिली है। मुख्य कठिनाई मंगल पर उतरने में है। चीन का रूस के साथ एक संयुक्त अभियान के अंतर्गत लाल ग्रह पर एक यान भेजने का पहला मिशन **2011** में असफल हो गया था।

## मंगल पर जीवन की खोज में निकलेंगे यूरोप और रूस 12 मार्च



यूरोप और रूस मिलकर एक ऐसा मानवरहित अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित करने जा रहे हैं जो मंगल पर जीवन की खोज करेगा । यह यान मंगल ग्रह के वातावरण में गैसों की मौजूदगी के सबूत ढूंढने की कोशिश करेगा और यह पता लगाएगा कि क्या वहां कभी जीवन था या अभी भी वहां जीवन है? दो चरणीय मंगल खोज अभियान के पहले चरण ''एक्सोमार्स **2016**'' में रूस के प्रोटोन राकेट से आर्बिटर को कजाखिस्तान प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा।

बेहद उच्च तकनीकी उपकरणों से लैस ट्रेस गैस आर्बिटर या टीजीओ **308** मिलियन मील की दूरी तय कर **19** अक्तूबर को लाल ग्रह पर पहुंच जाना चाहिए। इसका मुख्य कार्य मंगल के फोटो लेना और इसकी हवा का विश्लेषण करना है। टीजीओ अपने साथ एक मार्स लैंडर 'श्चियापारेली' को भी लेकर जाएगा। इसके दूसरे चरण में वर्ष **2018** में मार्स रोवर को प्रक्षेपित किया जाना है लेकिन धन की कमी के चलते इसमें देरी होने की संभावना है।

## लाल ग्रह पर पराग्रही जीवन की खोज में एक्सोमार्स मिशन शुरू 15 मार्च



मंगल पर जीवन के लक्षण ढूंढने के लिए यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ईएसए) और रसियन फेडरल स्पेस एजेंसी (रॉस्कॉसमॉस) ने एक रोबोटिक प्रोब को रवाना किया। ईएसए-रॉस्कॉसमॉस के इस मिशन का नाम 'एक्सोमार्स **2016**' रखा गया है और इस प्रोब को ले जानेवाले रॉकेट को कजाकिस्तान के बैइकोनूर कोस्मोड्राम से छोड़ा गया। इसके साथ ही रूसी प्रोटॉन रॉकेट की लाल ग्रह की सात महीने लंबी यात्रा शुरू हो गई।

इस अभियान में दो उपकरण शामिल है पहला ट्रेस गैस अहरबिटर (टीजीओ) और दूसरा स्चियापारेल्ली जो एक लैंडिंग उपकरण है। टीजीओ जहां मंगल के वातावरण की गैसों का विस्तृत छानबीन करेगा खासतौर से मीथेन जैसी गैसों का, क्योंकि इससे पता चलेगा कि वहां कोई जीवन है। इस दौरान स्चियापारेल्ली लैंडर भविष्य में मंगल अभियान की तैयारियों के लिए वहां नियंत्रित लैंडिंग के लिए कई सारी तकनीकों का प्रदर्शन करेगा। अंतरिक्ष में सात महीने की यात्रा के बाद यह स्चियापारेल्ली लैंडर टीजीओ से **16** अक्टूबर को अलग होकर **19** अक्टूबर को मंगल की सतह पर कई दिनों की गतिविधियां संचालित करने के लिए उतरेगा। यह वहां जीवन की छानबीन के अतिरिक्त अगले 'एक्सोमार्समिशन' के लिए आंकड़े प्रदान करने का काम भी करेगा।

**24**वें राष्ट्रीय होम्योपैथिक कांग्रेस 'होम्यो-विजन **2016**' का नागपुर में उद्घाटन किया गया।




## कमान अस्पताल (पूर्वी कमान) कोलकाता को सर्वश्रेष्ठ सेवा अस्पताल के लिए रक्षा मंत्री ट्रॉफी दी गयी

**19 फरवरी**



रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर ने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं (एएफएमएस) में सर्वश्रेष्ठ एवं द्वितीय सर्वश्रेष्ठ सेवा अस्पतालों के लिए रक्षा मंत्री ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कमान अस्पताल (पूर्वी कमान) कोलकाता को सर्वश्रेष्ठ सेवा अस्पताल के लिए रक्षा मंत्री ट्रॉफी प्रदान की गई, जिसे कमांडेंट मेजर जनरल टी एस अहलुवालिया ने ग्रहण किया। द्वितीय सर्वश्रेष्ठ सेवा अस्पताल के लिए आईएनएचएस अश्विनी, मुंबई को रक्षा मंत्री ट्राफी प्रदान की गई।

रक्षा मंत्री ट्रॉफी का गठन **1989** में सेना के कमान अस्पतालों तथा नौसेना एवं वायुसेना के इसके समतुल्य अस्पतालों के बीच एक स्वास्थ्य प्रतिस्पर्धा को सृजित करने के लिए किया गया था। सर्वश्रेष्ठ एवं द्वितीय सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों का मूल्यांकन स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (सशस्त्र बल) की अध्यक्षता में एक समिति द्वारा कई वस्तुपरक मानदंडों के आधार पर किया जाता है। रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव (ओध्एन) भी इस समिति के एक सदस्य हैं।

## भारतीय गीतकार समीर का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

**19 फरवरी**



मशहूर भारतीय गीतकार समीर अंजान का नाम सबसे अधिक गीत लिखने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। उन्होंने अब तक **3524** से भी अधिक गाने लिखे हैं। समीर ऐसे पहले गीतकार हैं, जिनका नाम गिनीज बुक में सम्मिलित हुआ है। समीर ने **30** वर्ष के सफर में लगभग **650** फिल्मों में **3524** से भी अधिक गाने लिखे हैं।

समीर का जन्म वर्ष **1958** में वाराणसी में हुआ था। उनका मूल नाम 'शीतला पांडे' है। उन्होंने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की।

## मधुमक्खियां दो मिलियन किसानों को खाद्य सुरक्षा प्रदान कर सकती हैं : एफएओ

**19 फरवरी**



संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने एक अध्ययन के अनुसार यह बताया कि किस प्रकार मधुमक्खियां एक फूल से दूसरे फूल पर जाकर उन्हें खाद देने का काम करती हैं जिससे 2 मिलियन किसानों को खाद्य सुरक्षा मिल सकती है। एफएओ ने बताया कि मधुमक्खियों द्वारा दो बिलियन छोटे किसानों द्वारा की जाने वाली खेती को बढ़ावा दिया जा सकता है तथा विश्व की खाद्य संकट की समस्या को सुधारा जा सकता है। यह पत्र, साइंस नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ जिससे पारिस्थितिकी की गहनता पर इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके अनुसार यह खेत की उर्जा को बढ़ाकर प्राकृतिक रूप से फसल की पैदावार बढाती है।

## फिल्म ''ओट्टल'' बर्लिन फिल्मोत्सव में पुरस्कृत

**22 फरवरी**




राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मलयालम फिल्म ''ओट्टल'' को **66**वें बर्लिन इंटरनेशनल फिल्मोत्सव में बाल निर्णायक मंडल का सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला। फिल्म को ''जेनरेशन के प्लस'' वर्ग में क्रिस्टल बियर से नवाजा गया। जयराज राजशेखरन नायर के निर्देशन में बनी यह फिल्म रूसी लेखक एंटोन चेखोव की लघु कहानी पर आधारित है। फिल्म में एक वृद्ध मछुआरे और उनके पोते की कहानी है। फिल्मोत्सव के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर परिणाम की घोषणा की गई। पोस्ट के अनुसार, सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म ''एल इनिशियो डे फेब्रिजियो'' व सर्वश्रेष्ठ फिल्म ''ओट्टल'' समारोह की आधिकारिक साइट पर ''ओट्टल'' को प्रकृति की सम्मोहक तस्वीरों, शानदार संगीत

प्रसिद्ध मलयालम कवि और ज्ञानपीठ विजेता ओएनवी कुरुप का निधन हो गया।

और अद्भुत प्रतिभाशाली कलाकारों के माध्यम से दिल के तारों को छू लेने वाली एक अनूठी फिल्म बताया गया। साइट पर लिखा गया, ''फिल्म निर्माण के खास तरीके ने हमारा दिल जीत लिया। हमें लगता है कि ऐसे गंभीर और दुखद विषय को फिल्म में उठाना जरूरी है। हालांकि फिल्म ने हास्य और जिंदगी के मजे को भी बखूबी बयां किया।'' इस भारतीय फिल्म को बाल निर्णायक मंडल ने जेनरेशन के प्लस वर्ग में पुरस्कार के लिए चुना। समारोह का आयोजन **11-21** फरवरी के बीच किया गया था। ''ओट्टल'' को दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

## निकोल किडमैन ने व्हाट्स ऑन स्टेज पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार जीता 22 फरवरी



निकोल किडमैन ने एक नाटक ''फोटोग्राफ **51**'' में एक वास्तविक जीवन की वैज्ञानिक नायिका के अपने चित्रण के लिए लंदन के व्हाट्स ऑन स्टेज पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान जीता है। किडमैन ने ऐनी जिगलर की फिल्म में रॉसलैंड फ्रेंकलिन की भूमिका निभाई है, जो कि डीएनए की डबल हेलिक्स संरचना की खोज करने वाले सदस्यों में से एक थी, जिसे सर्वश्रेष्ठ नया नाटक भी नामित किया गया था।

बेनेडिक्ट कम्बरबैक को ''हेमलेट'' के लिये, नाटक हेतु सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का नामित किया गया था जिसे सर्वश्रेष्ठ रिवाइवल के रूप में भी नामित किया गया था। जूडी डेंच को ''द विंटर्स टेल'' के लिये सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री नामित किया गया था। संगीत प्रदर्शन पुरस्कार ''जिप्सी'' के लिये इमेल्डा स्टॉन्टन को दिया गया और ''किंकी बूट्स'' के लिये मैट हेनरी को प्रदान किया गया। ये पुरस्कार वेबसाइट व्हाट्स ऑन स्टेज डॉट कॉम द्वारा प्रायोजित किये गये थे और इन्हें जनता के वोट द्वारा तय किया गया था।

## लूसी लियू को हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने सम्मानित किया 22 फरवरी



अभिनेत्री लूसी लियू को इस वर्ष के हार्वर्ड विश्वविद्यालय के कलाकार के रूप में सम्मानित किया गया है। अभिनय और यूनीसेफ के सद्भावना दूत के रूप में मानवीय कार्यों में उनके योगदान को देखते हुए अभिनेत्री को विश्वविद्यालय द्वारा क्ल्चरल रिदम्स उत्सव में सम्मानित किया गया।

हार्वर्ड फाउंडेशन के निर्देशक एस. अलेन काउंटर ने अपने वक्तव्य में कहा कि, ''हार्वर्ड फाउंडेशन के छात्र और अध्यापक मशहूर टीवी एवं फिल्म अदाकारा लूसी लियू को इस वर्ष के हार्वर्ड विश्वविद्यालय के कलाकार के रूप में सम्मानित करके खुश हैं।''

## मुकेश अंबानी सबसे अमीर भारतीय 24 फरवरी

उद्योगपति मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। उनका नेटवर्थ **30** प्रतिशत बढ़कर **26** अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस तरह विश्व के अमीरों की सूची में वे **21**वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में बिल गेट्स पहले स्थान पर हैं।

हुरन ग्लोबल रिच लिस्ट **2016** के अनुसार, भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़कर **111** पर पहुंच गई है। इस तरह अरबपतियों की संख्या के मामले में भारत अब चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर है। **80** अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ बिल गेट्स पहले स्थान पर हैं।

कुल सूची में गेट्स के बाद **68** अरब डॉलर की संपदा के साथ वारेन बफे दूसरे स्थान पर और **64** अरब डालर की नेटवर्थ के साथ अमानसियो आर्टेगा तीसरे स्थान पर हैं। विश्व में पांच शीर्ष अरबपतियों की सूची में जेफ बेजॉस और कालरेस स्लिम हेलु भी सम्मिलित हैं।

विश्व में अरबपतियों की संख्या **99** बढ़कर **2,188** हो गई है, जो नया विश्व रिकॉर्ड है। यह आंकड़ा **2013** से **50** प्रतिशत अधिक है। भारत सूची में **111** अरबपतियों के साथ तीसरे स्थान पर है। यह संख्या पिछले वर्ष से **14** अधिक है।

## बाहुबली 5 वर्गो में सैटर्न अवॉर्ड के लिए नामित 27 फरवरी



एकेडमी ऑफ साइंस फिक्शन, फैंटेसी एंड हॉरर फिल्म्स ने भारत की बड़े बजट की फिल्म 'बाहुबली: द बिगनिंग' को 42वें सैटर्न अवॉर्ड के लिए पांच वर्गो में नामित किया है।

'बाहुबली: द बिगनिंग' दो भागों वाली 'बाहुबली' श्रृंखला की पहली फिल्म थी। एस.एस. राजामौली निर्देशित फिल्म का निर्माण शोभु यरलगड्डा और प्रसाद देविनेनी ने अर्का मीडिया वर्क्स के बैनर तले किया था।

'बाहुबली: द बिगनिंग' को सर्वश्रेष्ठ फैंटेसी फिल्म, सर्वश्रेष्ठ फिल्म प्रोडक्शन डिजाइन (साबू सिरिल), सर्वश्रेष्ठ फिल्म संगीत (एम. एम. किरवानी), सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री (तमन्ना भाटिया) और सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिजाइन (रमा राजामौली और प्रशांति टिपिरनेनी) के वर्गो में नामित किया गया है।

डाइटी और में./ कैनबैंक वेंचर कैपिटल फंड लिमिटेड ने मुंबई में इलेक्ट्रानिक्स विकास कोष का शुभारंभ किया।

## आस्ट्रेलिया में सम्मानित किए गए रणदीप हुड्डा

01 मार्च



हिंदी फिल्मों के सितारे रणदीप हुड्डादक्षिण भारतीय समुदाय के सदस्यों द्वारा एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस मौके पर ''मैं और चार्ल्स' अभिनेता ने यहां अंतर्राष्ट्रीय छात्र के रूप में मिले अपने अनुभवों को साझा किया।

गैर लाभकारी संगठन ''साउथ एशियन पब्लिक अफेयर्स कॉसिल' के सदस्यों ने 39 वर्षीय अभिनेता को सम्मानित किया। उन्हें फिल्म उद्योग में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पुरस्कार हासिल करते हुए हुड्डा ने कहा कि उन्हें बॉलीवुड में पहला मौका उनके ऑस्ट्रेलियाई उच्चारण के कारण ही मिला। उनकी पहली फिल्म 2001 में प्रदर्शित ''मानसून वेडिंग' थी जिसमें उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के एक अनिवासी भारतीय की भूमिका की थी।

## बिल गेट्स सबसे अमीर, मुकेश अंबानी 36वें स्थान परः फोर्ब्स

02 मार्च



माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स 75 अरब डॉलर निवल संपत्ति के साथ विश्व की सबसे धनी हस्ती बने हुए हैं। फोर्ब्स पत्रिका ने वर्ष 2016 के लिए अरबपतियों की अपनी वर्षाना सूची में गेट्स को एक बार फिर पहले स्थान पर रखा है। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अबांनी इस सूची में 36वें स्थान पर आए हैं।

फोर्ब्स की इस वर्ष की सूची में 1810 अरबपति हैं। यह संख्या एक वर्ष पहले 1826 थी। गेट्स लगातार तीसरे वर्ष इस सूची में पहले स्थान पर रहे हैं। बीते 22 वर्ष में वे 17 बार इस सूची में पहले पायदान पर रहे हैं। इस वर्ष की सूची के अनुसार उनकी निवल संपत्ति 75 अरब डॉलर है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 4.2 अरब डॉलर कम है।

मुकेश अंबानी 20.6 अरब डॉलर की निवल संपत्ति के साथ भारत के सबसे धनी व्यक्ति हैं और सूची में उन्हें 36वें स्थान पर रखा गया है। सूची में स्पेन के अरबपति अमानसियो ओर्तेगा दूसरे, बर्कशायर हथवे के सीईओ वारेन बफे तीसरे, मैक्सिको के अरबपति कार्लोस स्लिम चौथे और अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस पांचवें स्थान पर हैं।

## मुंबई विश्व का 17वां सबसे महंगा शहर, लंदन टॉप पर

04 मार्च



देश की आर्थिक राजधानी मुंबई विश्व का 17वां सबसे महंगा शहर है। लंदन इस मामले में पहले नंबर पर है। ऐसा कहना है एक स्टडी का जिसमें विश्वभर के तमाम शहरों को लेकर सर्वे किया गया।

रहने और काम करने के लिहाज से लंदन के बाद जो शहर सबसे महंगे हैं, वे न्यू यॉर्क और हॉन्गकॉन्ग हैं। ब्रिटेन के रियल स्टेट फर्म सविल्स वर्ल्ड रिसर्च की तरफ से यह सर्वे किया गया। इसमें पाया गया कि महंगे शहरों के मामले में भारत से सिर्फ मुंबई ने टॉप 20 में जगह बनाई। टॉप 20 की लिस्ट में मुंबई का नंबर बर्लिन, जोहांसबर्ग और रियो डी जनेरो से पहले है। सर्वे में पाया गया कि पिछले पांच वर्ष के मुकाबले लंदन 18 प्रतिशत ज्यादा महंगा हो गया है। इसके अतिरिक्त लंदन में रहने का खर्चा सिडनी, लॉस एंजिलिस और शिकागो जैसे दूसरे अंग्रेजी बोलने वाले शहरों के मुकाबले दोगुना से ज्यादा है।

इस सर्वे में पाया गया कि लंदन में रहने का औसत खर्च 80,700 पाउंड (लगभग 76 लाख 37 हजार रुपये) वर्षाना है। यह खर्च हाउसिंग और ऑफिस रेंटल लागत को मिलाकर निकाला गया था। लंदन के बाद न्यूयॉर्क के लिए यह खर्च 79,600 पाउंड (75 लाख 33 हजार रुपये) है जबकि हॉन्गकॉन्ग के लिए यह 73,000 पाउंड (लगभग 69 लाख रुपये) है।



भारत के राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में वर्ष 2015 के लिये इन्फोसिस पुरस्कार प्रदान किए।

## अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला नैंसी रीगन का निधन

**07 मार्च**



अमेरिकी की पूर्व प्रथम महिला नैंसी रीगन का लॉस एंजेलिस में उनके घर में निधन हो गया। वह **94** वर्ष की थी। रोनाल्ड रीगन की जून **2004** में मौत हो गई थी।

नैंसी के अंतिम संस्कार से पहले उन्हें लोगों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए लाइब्रेरी में रखा जाएगा।

व्हाइट हाउस ने नैंसी के निधन पर बयान जारी किया, जिसमें अल्जाइमर शोध में उनकी भूमिका की सराहना की गई।

वर्ष **1994** में रोनाल्ड रीगन को अल्जाइमर होने के बाद वह इसके शोध में जुट गई थी।

नैंसी रीगन का जन्म न्यूयॉर्क में हुआ था। वह **1940** और **1950** के दशक में हॉलीवुड में अपनी अभिनय करियर के दौरान शोहरत की बुलंदियों पर पहुंची।

## डोगरी कवयित्री पद्मा सचदेव तित्व समग्र सम्मान से सम्मानित

**07 मार्च**



प्रख्यात डोगरी कवयित्री और लेखिका पद्मा सचदेव को **6** मार्च **2016** को वर्ष **2015** के लिए कृतित्व समग्र सम्मान से सम्मानित किया गया।

- पुरस्कार डोगरी भाषा में साहित्य के महान सेवा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया
- यह पुरस्कार कोलकाता में भारतीय भाषा परिषद के द्वारा दिया गया।
- यह पुरस्कार पश्चिम बंगाल के राज्यपाल केसरी नाथ त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत किया गया था।
- पुरस्कार में एक लाख रुपए, एक शॉल और प्रशस्ति पत्र की राशि दी जाती है।
- वह अपने क्रेडिट करने के लिए डोगरी कविता के छह संग्रह, दो उपन्यास सहित हिन्दी गद्य की आठ पुस्तकों की है।
- वह अखबारों और पत्रिकाओं के लिए भी हिंदी में एक सामयिक लेख लिखती हैं।
- उन्होंने डोगरी कविता मेरे गीत शीर्षक के अपने पहले संग्रह के लिए तीस वर्ष की कम आयु में साहित्य अकादमी पुरस्कार जीता।
- उन्हें सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार, हिन्दी अकादमी पुरस्कार, हिंदी अकादमी पुरस्कार राजा राम मोहन राय पुरस्कार, आदि से सम्मानित किया जा चुका है।

उन्होंने निम्नलिखित डोगरी कवितायें लिखी हैं-

- मेरी कविता, मेरे गीत (**1969**)
- तवी ते चन्हान (**1976**)
- नेहरियाँ गलियां (**1982**)
- पोटा पोटा निम्बल (**1987**)

## यू हटिन क्याव म्यांमार के नए राष्ट्रपति चुने गए

**15 मार्च**



म्यांमार की संसद ने सत्तारूढ़ नेशनल लीग ऑफ डेमोक्रेसी (एनएलडी) के उम्मीदवार यू हटिन क्याव को देश का नया राष्ट्रपति चुना। वह देश में **50** वर्ष तक सैन्य शासन रहने के बाद देश का नेतृत्व करने वाले प्रथम नागरिक हैं।

एनएलडी पार्टी को नवंबर **2015** के ऐतिहासिक चुनाव में शानदार जीत मिली थी। हटिन क्याव ने राष्ट्रपति पद की इस दौड़ में एनएलडी के उम्मीदवार यू हेनरी वैन हती यू और यूनियन सॉलिडैरिटी एंड डवलपमेंट पार्टी (यूएसडीपी) के उम्मीदवार यू मिंट स्वे को हराया है।

सेंट पीटर्सबर्ग में लेडीज ट्रॉफी जीतने के बाद सानिया मिर्जा और मार्टिना हिंगिस ने लगातार **40** मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाया है।



Mahendra's™

Helping Hand

Website

www.mahendras.org
stportal.mahendras.org
myshop.mahendras.org

www.mahendraguru.com
www.mahendraskills.org

# रेल बजट 2016-17




इस वर्ष के रेल बजट में यात्री भाड़े में कोई वृद्धि नहीं की गई है। रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने संसद में वर्ष **2016-17** का रेल बजट पेश करते हुए रेलवे की उपलब्धियों, योजनाओं के निष्पादन और आगामी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी दी। सुरेश प्रभु ने चुनौतियां से निपटने के लिए भारतीय रेल के पुनर्गठन, पुनर्निर्माण पुनरूद्धार के लिए ''चलो, मिलकर कुछ नया करें'' का नारा दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए कार्यनीति के तीन स्तंभों- नव अर्जन, नव मानक, नव संरचना के आधार पर कार्य किया जाएगा।

## वित्तीय निष्पादन

**2015-16** के लिए आठ हजार **720** करोड़ रूपये की बचत होने से राजस्व की अधिकांश कमी को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। **2016-17** के लिए परिचालन अनुपात का निर्धारित लक्ष्य **92%** है। **7**वें वेतन आयोग का तात्कालिक प्रभाव शामिल करने के बाद साधारण संचालन व्यय को **11.6%** तक सीमित रखना, डीजल और बिजली खपत में योजनाबद्ध कटौती, **1,84,820** करोड़ रुपये के राजस्व सृजन का निर्धारित लक्ष्य है।

डिजिटल इंडिया के अंतर्गत ट्रैक प्रबंधन प्रणाली (टीएमएस) एप्लीकेशन शुरू की गई है, इन्वेंटरी प्रबंधन मॉडयूल की इन्वेंटरी में **27,000** एमटी की कमी आई है, जिससे **64** करोड़ रुपए की बचत हुई है और **53** करोड़ रुपए मूल्य के समतुल्य **22,000** एमटी स्क्रैप चिह्नित किया गया है।

रेल मंत्री ने बताया कि यात्रा की गुणवत्ता में सुधार करने के साथ-साथ अनारक्षित यात्रियों के लिए भी निम्न कदम उठाए जाने है-

- अंत्योदय एक्सप्रेस अनारक्षित, सुपरफास्ट सेवा।
- दीन दयालु सवारी डिब्बे- पेयजल और बड़ी संख्या में मोबाइल चार्जिंग के पांइटों वाले अनारक्षित सवारी डिब्बे।

## आरक्षित यात्रियों के लिए

- हमसफर- पूर्णतः वातानुकूलित **3**एसी सेवा जिसमें भोजन के विकल्प की सेवा मौजूद हो।
- तेजस- तेजस भारत में रेलगाड़ी यात्रा के भविष्य को दिखाएगी। **130** किलोमीटर प्रति घंटा और उससे अधिक गति पर चालित, ये जवाबदेही और उन्नत ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए एक सेवा प्रदाता के माध्यम से ऑनबोर्ड सेवाएं पेश करेगी जैसे मनोरंजन, स्थानीय भोजन, वाई-फाई आदि।
- टैरिफ और नॉन-टैरिफ उपायों के माध्यम से लागत की वसूली सुनिश्चित करने के लिए हमसफर और तेजस की शुरूआत
- उदय- सबसे व्यस्त मार्गों पर रात्रिकालीन डबल डेकर, उत्कृष्ट डबल डेकर वातानुकुलित यात्री एक्सप्रेस जिससे वहन क्षमता के लगभग **40%** बढ़ाने की संभावना हैं।

टिकटिंगः टिकटिंग के मामले में, हैंड हैल्ड टर्मिनलों के माध्यम से टिकटों की बिक्रीय विदेशी डेबिट/क्रेडिट कार्डों से ई-टिकटिंग सुविधाय पायलट आधार पर बार कोड वाली टिकटें, स्कैनर और एक्सेस कंट्रोल शुरू किए जाएगें। विकल्प योजना का विस्तार किया जाएगा ताकि प्रतीक्षा सूची के यात्री विनिर्दिष्ट गाड़ियों में यात्रा के लिए अपनी इच्छा दर्ज करा सकें। पत्रकारों के लिए रियायती पासों पर टिकटों की ई-टिकटों की सुविधा उपलब्धय हेल्पलाइन **139** पर यात्रियों को पंजीकृत फोन नंबर पर भेजे गए 'वन टाइम पासवर्ड' का उपयोग करते हुए टिकट रद्द कराने की सुविधा, तत्काल काउंटरों को उत्तरोतर ढंग से सीसीटीवी के दायरे में लाना और पीआरएस वेबसाइट का आवधिक ऑडिट किया जाएगा।

स्वच्छताः स्वच्छता की दिशा में एसएमएस के जरिए 'क्लीन माई कोच' सेवा, नियमित अंतराल पर तीसरी पार्टी ऑडिट और यात्रियों से फीडबैक के आधार पर ए1 और ए श्रेणी के स्टेशनों का रैंक निर्धारण करना, अपशिष्ट पृथकीकरण और पुनर्चक्रण केन्द्र, 'जागरूकता अभियान, **30,000** अतिरिक्त जैव-शौचालय, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और महिला यात्रियों के लिए चुनिंदा स्टेशनों के सभी प्लेटफार्मों पर पोर्टेबल जैव-शौचालय मुहैया कराना, शौचालय बनाने और उनके रखरखाव के लिए विज्ञापन अधिकार, सीएसआर, सामाजिक संगठनों की ओर से स्वैच्छिक सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव भी दिया।

खानपान और स्टॉल सुविधाः स्टेशनों पर खानपान और स्टॉल सुविधा के अंतर्गत चरणबद्ध आधार पर आईआरसीटीसी को खानपान सेवाओं का प्रबंधय खानपान सेवाओं को वैकल्पिक बनाने की संभावना का पता लगाना, आईआरसीटीसी द्वारा परिचालित **10** अन्य बेस किचन की व्यवस्थाय स्थानीय स्वामित्व और सशक्तिकरण के लिए, जिला निवासियों को स्टेशनों पर वाणिज्यिक लाइसेंस देना प्राथमिकता में शामिल है।

रेल मित्र सेवा के अंतर्गत स्टेशनों पर वृद्धों और दिव्यांग यात्रियों की सहायता के लिए कोंकण रेलवे में सारथी सेवा का विस्तार, मौजूदा सेवाओं को सुदृढ़ करने, जिसमें यात्री, मौजूदा पिक अप एंड ड्राप सेवा और व्हील चेयर सेवाओं के अलावा भुगतान आधार पर बैटरी चालित कारें, कुली सेवाएं आदि बुक कर सकते हैं।

दिव्यांगों के लिए उपायों के तहत पुनः विकसित किए जा रहे सभी स्टेशनों का इस प्रकार से तैयार किया जा रहा है कि इनका दिव्यांगों द्वारा इस्तेमाल किया जा सके आगामी वित्त वर्ष के दौरान ए1 श्रेणी स्टेशन के प्रत्येक प्लेटफार्म पर दिव्यांगों के लिए कम-से-कम एक शौचालय उपलब्ध करवाना और इन स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में व्हील चेयरों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करना शामिल है।

यात्रा बीमा : यात्रियों के लिए यात्रा बीमा के अंतर्गत रेल यात्राओं की बुकिंग के समय ही वैकल्पिक यात्रा बीमा उपलब्ध कराना शामिल है। विश्रामालयों की घंटे के आधार पर बुकिंग सुविधा का कार्यभार आईआरसीटीसी को सौंपा जाएगा।

जननी सेवा : जननी सेवा के तहत गाड़ियों में बच्चों के लिए खानपान के पदार्थ, शिशु आहार, गरम दूध और गर्म पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रसिद्ध संगीत निर्देशक राजामणि का निधन हो गया।

## नवारंभ- एक नई शुरूआत

- नवीनीकरण- संरचनागत बदलाव।
- संगठनात्मक पुनर्संरचना- रेलवे बोर्ड का व्यावसायिक तरीके से पुनर्गठन करने और इस संगठन का कुशलतापूर्वक नेतृत्व करने के लिए अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड को समुचित शक्तियां प्रदान करने का प्रस्ताव। शुरुआत में किराए से इतर राजस्व, गति बढ़ाने, चालन शक्ति और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों पर ध्यान देने के लिए रेलवे बोर्ड के भीतर क्रॉस फंक्शनल निदेशालयों की स्थापना की जानी है।

## अवतरण- भारतीय रेल के ट्रांसफॉरमेशन के लिए सात मिशन

- एकीकरण- भारतीय रेलवे के स्वामित्व वाली कंपनियों की होलडिंग कंपनी बनाना।
- शोध और विकास-भविष्य के लिए निवेशः एक शोध और विकास संगठन, स्पेशल रेलवे इस्टेबेलिसमेंट फॉर स्ट्रेटेजिक टेक्नोलॉजी एंड हॉलिसटिक एडवांसमेंट (श्रेष्ठ) का गठन करना, अनुसंधान, अभिकल्प एवं मानक संगठन (अ.अ.मा.सं.) केवल दिन-प्रतिदिन के मामलों पर ही ध्यान केन्द्रित करेगा, जबकि श्रेष्ठ दीर्घकालिक शोध करेगा।
- डाटा विश्लेषणः एक डेडीकेटेड क्रॉस फंक्शनल टीम, जिसे परिवहन अनुसंधान और विश्लेषण विशेष इकाई (सूत्र) कहा जाएगा, का गठन किया जाएगा जो विस्तृत विश्लेषण करेगी ताकि अधिकतम निवेश और प्रक्रिया के संबंध में निर्णय लिए जा सकें।
- नवरचना-इनोवेशनः नवरचना में सहायता प्रदान करने के लिए कर्मचारियों, स्टार्ट अप तथा प्रगति परक छोटे व्यापारियों के लिए **50** करोड़ रुपए अलग से रख रहे हैं।
- प्रत्येक मिशन का प्रधान, एक मिशन निदेशक होगा जो अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड को सीधे रिपोर्ट करेगा। वह एक ऐसे क्रॉस फंक्शनल टीम का प्रधान होगा, जिसे लक्ष्य के अनुसार समय पर कार्य पूरा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए सभी संगत निर्णय लेने का अधिकार होगा। इस मिशन के लिए वार्षिक परिणाम के आधार पर कार्य-निष्पादन के लक्ष्य घोषित किए जाएंगे और अल्पकालिक, मध्यकालिक तथा दीर्घकालिक कार्यान्वयन योजनाओं को अंतिम रूप देंगे और तदनुसार कार्रवाई करेंगे।

## वित्तीय निष्पादन 2015-16

- सकल यातायात प्राप्तियों में **1,83,578** करोड़ रु. के बजट अनुमान लक्ष्य की तुलना में संशोधित अनुमान **2015-16** में **15,744** करोड़ रु. की शुद्ध कमी हुई है। वर्ष **2013-14** से उपनगरीय और अनुपनगरीय दोनों यात्रा के गैर-पीआरएस सेगमेंट में लगातार नकारात्मक वृद्धि के रूख को ध्यान में रखते हुए यात्री आमदनी कम हुई।
- प्रमुख क्षेत्र से कम मांग के कारण इस भाड़ा आमदनी में वृद्धि प्रभावित हुई, जिसके परिणामस्वरूप संशोधित अनुमान **2015-16** में इस लक्ष्य को **1,11,853** करोड़ रुपए पर पुनः निर्धारित करना पड़ा।
- साधारण संचालन व्यय (ओडब्ल्यूई) पर नियंत्रण रखने के लिए कड़े आर्थिक और किफायती उपाय अपनाए गए, जिनके कारण **1,19,410** करोड़ रुपए के बजट में निर्धारित साधारण संचालन व्यय वर्ष **2015-16** के संशोधित अनुमान में घटकर **1,10,690** करोड़ रुपए हो गया अर्थात् इसमें **8,720** करोड़ रुपए की गिरावट आई।
- बजट अनुमान से पेंशन निधि में **34,900** करोड़ रुपए का विनियोजन हुआ। बहरहाल, इस रूख के आधार पर, संशोधित अनुमान में पेंशन भुगतान में **34,500** करोड़ रुपए की मामूली सी कमी हुई है।
- आंतरिक संसाधन सृजन में कमी आई और **7,900** करोड़ रुपए की व्यवस्था करके **2015-16** के बजट अनुमान की तुलना में संशोधित अनुमान में मूल्यह्रास आरक्षित निधि में **5,500** करोड़ रुपए की कमी की गई है। वर्ष **2015-16** के संशोधित अनुमान में व्यय की तुलना में आमदनी का आधिक्य **11,402.40** करोड़ रुपए है।
- वर्ष **2015-16** के लिए योजना आकार अर्थात् बजट अनुमान स्तर पर **1,00,000** करोड़ रुपए आंका गया है।

## बजट अनुमान 2016-17:

- राजस्व में वृद्धि और उपयुक्त निवेश सुनिश्चित करने की इच्छा के तहत **2015-16** में शुरू किए गए भीड़भाड़ कम करने और लाइन क्षमता बढ़ाने संबंधी कार्यों को जारी रखा जा सकेगा। परियोजनाओं को सुनिश्चित धनराशि मुहैया कराने के लिए बढ़े हुए पूंजी व्यय पर बल दिया गया है, जिसमें वित्त व्यवस्था के विभिन्न स्रोतों का मिश्रण है।
- सकल यातायात प्राप्तियां **1,84,820** करोड़ रुपए रखी गई हैं। यात्री यातायात से आमदनियां **12.4%** पर निर्धारित की गई है और तदनुसार आमदनी संबंधी लक्ष्य **51,012** करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र में लाभप्रद वृद्धि की प्रत्याशा में माल यातायात **50** मिलियन टन के वर्धमान यातायात पर निर्धारित किया गया है। तदनुसार, माल यातायात से आमदनी **1,17,933** करोड़ रुपए प्रस्तावित की गई है। अन्य कोचिंग एवं विविध आमदनियां क्रमशः **6,185** करोड़ रुपए और **9,590.3** करोड़ रुपए निर्धारित की गई है।
- साधारण संचालन व्यय के अंतर्गत, 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने के लिए प्रावधान किया गया है।
- वर्ष **2016-17** में पेंशन निकासी **45,500** करोड़ रुपए निर्धारित की गई है।
- उच्चतर कर्मचारी लागत और पेंशन दायिता से रेलों की आंतरिक संसाधन स्थिति प्रभावित होती है। तदनुसार, राजस्व से मू.आ.नि. को विनियोजन **3,200** करोड़ रुपए और उत्पादन इकाइयों से **200** करोड़ रुपए रखा गया है। सकल खर्च के माध्यम से शुद्ध आधार पर मू.आ.नि से **3,160** करोड़ रुपए की निकासी का प्रस्ताव है, यद्यपि वार्षिक योजना, जिसके लिए **7,160** करोड़ रु. का अनुमान लगाया गया है, में मू.आ.नि को सकल खर्च से पूरा किया जाएगा। पूंजी निधि को **5,750** करोड़ रुपए विनियोजित करने का प्रस्ताव है। इस निधि में पूर्ववर्ती शेष से **1,250** करोड़ रुपए निकाल कर आईआरएफसी को पट्टा प्रभारों के मूल घटक के भुगतान के लिए **7,000** करोड़ रुपए की पूर्ति की जाएगी।

जेमिनी अरेबियन्स ने मास्टर्स चैम्पियंस लीग (एमसीएल) का प्रथम संस्करण जीता है।



# आर्थिक सर्वेक्षण 2015-16



वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली द्वारा संसद में पेश की गई आर्थिक समीक्षा **2015-16** में कहा गया है कि कीमतों के मोर्चे पर नरमी की स्थिति और देश में बाह्य चालू खाते के संतोषजनक स्तर को देखते हुए अगले दो वर्षों में **8** प्रतिशत या उससे भी अधिक की विकास दर प्राप्त करना अब संभव नजर आ रहा है।

आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि सरकार सुधार प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस तरह के तीव्र विकास के लिए जो मौजूदा स्थितियां हैं, उनमें वृहत-आर्थिक स्थिरता सहायक साबित हो रही है।

आर्थिक समीक्षा में वर्ष **2016-17** के दौरान आर्थिक विकास दर **7** से लेकर **7.5** प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। वर्ष **2014-15** में **7.2** प्रतिशत और वर्ष **2015-16** में **7.6** प्रतिशत की आर्थिक विकास दर प्राप्त करने के बाद **7** प्रतिशत से अधिक की विकास दर ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से विकास करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था में तब्दील कर दिया है। आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान अब और अधिक मूल्यवान हो गया है, क्योंकि चीन फिलहाल अपने को फिर से संतुलित करने में जुटा हुआ है। आर्थिक समीक्षा में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत में विकास के मोर्चे पर जो तेजी देखी जा रही है, वह मुख्यतः खपत की बदौलत ही संभव हो रही है। आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि जहां एक ओर सेवा क्षेत्र के विकास की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ गई, वहीं विनिर्माण क्षेत्र में आई तेजी ने लगातार दो वर्षों से मानसून के कमजोर रहने के चलते कृषि क्षेत्र में दर्ज की गई निम्न विकास दर की भरपाई कर दी है।

1. जीडीपी की वृद्धि **2016-17** में **7-7.5** प्रतिशत रहेगी
2. चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर **7.6** प्रतिशत रहेगी, अगर निर्यात में तेज बढ़ोतरी हो तो भविष्य में संभावित वृद्धि की क्षमता **8-10** प्रतिशत तक
3. वैश्विक स्तर पर निराशा के वातावरण में भारत स्थिरता की भूमि
4. कच्चे तेल का भाव अगले वित्त वर्ष में **35** डॉलर प्रति बैरल रहेगा जो इस वर्ष **45** डॉलर प्रति बैरल है
5. **2016-17** में खुदरा महंगाई दर **4.5-5** प्रतिशत रहने का अनुमान
6. मुद्रास्फीति में मजबूती के साथ निम्न स्तिर पर, मूल्य स्थिरता बढ़ी है
7. वेतन आयोग की सिफारिश लागू करने से महंगाई नहीं बढ़ेगी
8. टैक्स का दायरा बढ़ाया जाए, **20** प्रतिशत से अधिक लोगों को कर के घेरे में लाया जाए जो फिलहाल आबादी का **5.5** प्रतिशत है
9. चुनौतीपूर्ण बाहरी वातावरण आर्थिक नीतियों के लिए आशंका पैदा करेंगे
10. राजकोषीय घाटा इस वर्ष **3.9** प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य प्राप्त हो जाएगा, आने वाला वर्ष चुनौतीपूर्ण है
11. अगले वित्त वर्ष में सब्सिडी बिल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को दो प्रतिशत से कम रहेगा
12. जीएसटी विधेयक में देरी पर चिंता
13. कंपनियों, बैंकों की वित्तीय स्थिति पर दबाव बरकरार। चारश्श (उपायों)- पहचान, पुनर्पूंजीकरण, समाधान और सुधार पर बल जारी
14. सरकारी क्षेत्र के बैंकों को **2018-19** तक **1.8** लाख करोड़ रुपए की इक्विटी पूंजी की आवश्यकता
15. चालू खाते का घाटा **1-1.5** प्रतिशत, विदेशी मुद्रा भंडार फरवरी मध्य तक **351.5** अरब डॉलर
16. वित्त वर्ष **2015-16** में सर्विस सेक्टर की वृद्धि **9.2** प्रतिशत
17. विदेशी पूंजी निकासी संभव को देखते हुए घरेलू मांग बढ़ाने का सुझाव
18. हालिया सुधार के कारण औद्योगिक, बुनियादी ढांचा, कॉर्पोरेट क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद
19. स्वास्थ्य, शिक्षा में निवेश, कृषि पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता
20. सरकारी टैक्स रेवेन्यू बजट अनुमान से अधिक रहेगा
21. निर्यात में नरमी बरकरार रहेगी, अगले वित्त वर्ष में तेजी आएगी
22. भारत को व्यापार में संरक्षणवादी पहलों के खिलाफ खड़ा होना चाहिए
23. ऊर्वरक क्षेत्र के लिए सुधार पैकेज का सुझाव

रेवनैंट ने 69वें ब्रिटिश अकादमी फिल्म पुरस्कारों (बाफ्टा) में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता।



# आम बजट 2016-17

केंद्रीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली ने 29 फरवरी 2016 को लोकसभा में आम बजट 2016-17 पेश किया।

केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2016-17 का आम बजट पेश करते हुए बताया कि सरकार का मुख्य ध्यान नौ क्षेत्रों पर है और इनमें शीर्ष पर ग्रामीण विकास है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति चमकते सितारे जैसी है।

## बजट 2016-17 की मुख्य विशेषताएं

### प्रस्तावना

- वर्ष 2015-16 में अर्थव्यवस्था की 7.6 प्रतिशत की तेज वृद्धि हुई।
- मंद वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत को देदीप्यमान प्रकाश स्तंभ के रूप में आईएमएफ द्वारा सराहना की गई।
- प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों और लगातार दो वर्ष में मानसून की 13 प्रतिशत कमी के बावजूद महत्तर वृद्धि प्राप्त की गई।
- विदेश विनिमय आरक्षित निधि अभूतपूर्व रूप से लगभग 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंची।
- वर्ष 2015-16 में 14वें वित्त आयोग के अवार्ड में परिणामस्वरूप राज्यों को 55 प्रतिशत अधिक अंतरण के बावजूद आयोजना व्यय पूर्व के वर्षों की तुलना में संशोधित अनुमान स्तर पर वृद्धि हुई।

### 2016-17 में चुनौतियां

- बढ़ती वैश्विक मंदी की जोखिम और अस्त-व्यवस्तता
- 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों और एक रैंक एक पेंशन के कारण अतिरिक्त राजकोषीय बोझ।

### रोडमैप और प्राथमिकताएं

- अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन में महत्तर प्रभाव के लिए ट्रांसफॉर्म इंडिया'।
- सरकार को निम्नलिखित पर ध्यान दिया जाना होगा-
- बृहत आर्थिक स्थायित्व और विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन को सुनिश्चित करना।
- घरेलू मांग को बढ़ावा देना।
- हमारी जनता के कल्याण और जीवन बदलाव के लिए आर्थिक सुधारों और नीतिगत पहलें जारी रखना।
- फर्म और ग्रामीण क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र, अवसंरचना क्षेत्र, रोजगार सृजन और बैंकों का पुनर्पूंजीकरण जैसे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में व्यय बढ़ाने पर ध्यान दिया जाना।

### निम्नलिखित के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाना:

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
- अस्पताल व्यय से बचाव के लिए नई स्वास्थ्य बीमा स्कीम
- बीपीएल परिवारों के लिए रसोई गैस कनेक्शन सुविधा।
- चालू सुधार कार्यक्रम जारी रखना और वस्तु तथा सेवाकर विधेयक एवं शोधन अक्षमता तथा दिवालियापन कानून पारित किया जाना सुनिश्चित करना।

### निम्नलिखित के द्वारा महत्वपूर्ण सुधार कार्यक्रम प्रारंभिक करना:

- 'आधार' मंच को सांविधिक समर्थन प्रदान करना, जिससे पात्र लोगों तक लाभों की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।
- बाधाओं और प्रतिबंधों से परिवहन क्षेत्र को मुक्त करना।
- बाजार स्वतंत्रता प्रदान करते हुए गैस अन्वेषण और पर्यावरण को प्रोत्साहित करना।
- वित्तीय संस्थाओं की समस्याओं के समाधान के लिए समग्र कानून का अधिनियमन।
- पीपीपी परियोजनाओं और लोक उपयोगिता संविदाओं में विवाद समाधान और दोबारा बातचीत करके निर्णय लेने के लिए कानूनी ढांचे प्रदान करना।
- महत्वपूर्ण बैंकिंग क्षेत्र सुधार और साधारण बीमा कंपनियों की पब्लिक लिस्टिंग प्रारंभ करना। एफडीआई नीति में महत्वपूर्ण बदलाव लाना।

### कृषि और किसान कल्याण

- कृषि और किसान कल्याण के लिए 35984 करोड़ रूपये का आवंटन।
- 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' को मिशन मोड में लागू किया जाना। सिंचाई के अधीन 28.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र लाया जायेगा।
- एआईबीपी के अंतर्गत 89 सिंचाई परियोजनाओं, जो काफी समय से आपूर्ण रही हैं, का त्वरित कार्यान्वयन।
- नाबार्ड में लगभग 20000 करोड़ रूपये की प्रारंभिक निधि से एक समर्पित दीर्घावधिक सिंचाई निधि सृजित की जायेगी।
- बहुपक्षीय निधियमन के माध्यम से 6000 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से भू-जल संसाधनों के सतत् प्रबंधन के लिए कार्यक्रम कार्यान्वित किया जायेगा।
- मनरेगा के अंतर्गत वर्षापोषित क्षेत्रों में 5 लाख फार्म तालाबों और कुओं तथा जैविक खाद के उत्पादन के लिए 10 लाख कम्पोस्ट गडढों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा।
- मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम, जिसमें मार्च, 2017 तक सभी 14 करोड़ फार्म जोत को सम्मिलित करेगी।
- उवर्रक कंपनियों के 2000 मॉडल खुदरा केंद्रों को अगले तीन वर्षों में मृदा और बीज परीक्षण सुविधाएं मुहैया कराई जायेंगी।
- 'परम्परागत कृषि विकास योजना' और पूर्वोत्तर क्षेत्र में जैविक मूल्य श्रृंखला विकास के जरिए जैविक खेती को बढ़ावा दिया जायेगा।
- थोक बाजारों के लिए साझे ई-बाजार की व्यवस्था करने के लिए एकीकृत कृषि विपणन ई-प्लेटफार्म।

वेस्टइंडीज ने भारत को पांच विकेट से हराकर अपना पहला अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीता।

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आवंटन बढ़ाकर **19000** करोड़ रूपये। वर्ष **2019** तक शेष **65000** पात्र बस्तियों को सड़कों से जोड़ा जायेगा।
- किसानों पर ऋण अदायगी के बोझ को कम करने के लिए, ब्याज सहायता हेतु बजट अनुमान **2016-17** में **15000** करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत आवंटन **5500** करोड़ रूपये।
- चार डेरी परियोजनाओं- 'पशुधन संजीवनी' 'नकुल स्वास्थ्य पत्र', ई-पशुधन हाट और राष्ट्रीय देशी नस्ल जेनोमिक केंद्र के लिए **850** करोड़ रूपये।

## ग्रामीण क्षेत्र-

- ग्रामीण विकास के लिए **87700** करोड़ रूपये आवंटित
- **14**वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार ग्राम पंचायतों और नगरपालिकाओं को सहायता अनुदान के रूप में **2.87** लाख करोड़ रूपये दिये जायेंगे।
- सूखाग्रस्त और ग्रामीण आपदा से ग्रस्त प्रत्येक ब्लॉक दीनदयाल अन्तयोदय मिशन के अंतर्गत विशिष्ट ब्लॉक के रूप में काम किये जायेंगे।
- मनरेगा के लिए **38500** करोड़ रूपये की राशि आवंटित।
- श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्रामीण शहरी मिशन के अंतर्गत **300** ग्रामीण शहरी क्लस्टर का विकास किया जायेगा।
- **1** मई, **2018** तक **100** प्रतिशत ग्रामीण विद्युतीकरण।
- विनिर्दिष्ट केंद्रीय क्षेत्र की तथा केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों के कार्यान्वयन और मॉनिटरिंग के लिए जिले के वरिष्ठतम लोक सभा सांसद की अध्यक्षता में जिला स्तर की समितियां गठित की जायेंगी।
- खुले में शौच से मुक्त हो जाने वाले गांवों को पुरस्कृत करने के लिए केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों के लिए प्राथमिकता आधार पर आवंटन।
- ग्रामीण भारत के लिए एक नया डिजिटल साक्षरता मिशन जिसमें अगले तीन वर्षों में लगभग **6** करोड़ और परिवार सम्मिलित किए जायेंगे।
- राष्ट्रीय भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम का नवीकरण किया गया है।
- **655** करोड़ रूपये के आवंटन के साथ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान नामक नई स्कीम।

## स्वास्थ्य देखभाल सहित सामाजिक क्षेत्र

- शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सहित सामाजिक क्षेत्र के लिए **151581** करोड़ रूपये का आवंटन।
- बीपीएल परिवारों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए प्रारंभिक लागत के लिए **2000** करोड़ रूपये का प्रावधान।
- नई स्वास्थ्य रक्षा स्कीम प्रत्येक परिवार को एक लाख रूपये तक स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करेगी। इसके अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को **30000** रूपये तक अतिरिक्त टॉप-अप पैकेज का प्रावधान होगा।
- वर्ष **2016-17** के दौरान प्रधानमंत्री की जन-औषधि योजना के अंतर्गत **3000** स्टोर खोला जायेगा।
- पीपीपी मोड के माध्यम से 'राष्ट्रीय डायलसिस सेवा कार्यक्रम' शुरू किया जायेगा।
- प्रत्येक बैंक शाखा में कम से कम दो परियोजनाओं को सुकर बनाने के लिए स्टैण्ड-अप इंडिया स्कीम'। यह कम से कम **2.5** लाख उद्यमियों को लाभ पहुंचायेगी।
- उद्योग संघों की भागीदारी से राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति हब की स्थापना की जायेगी।
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्मशती और गुरू गोविन्द सिंह के जन्म की **350**वीं वर्षगांठ मनाने के लिए प्रत्येक को **100** करोड़ रूपये का आवंटन।

## शिक्षा, कौशल और रोजगार सृजन-

- **62** नये नवोदय विद्यालय प्रारंभ किये जायेंगे।
- गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर अधिक ध्यान देते हुए सर्वशिक्षा अभियान।
- **10** सरकारी और **10** निजी संस्थाओं को विश्वस्तरीय शिक्षण और अनुसंधान संस्थाओं के रूप में विकसित करने के लिए विनियामक ढांचे को तैयार किया जाना।
- **1000** करोड़ रूपये के प्रारंभ पूंजी आधार के साथ उच्चतर शिक्षा वित्तपोषण अभिकरण स्थापित किया जाना।
- स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, कॉलेज उपाधि, अकादमी पुरस्कार और मार्क शीटों के लिए डिजिटल डिपॉजटरी को स्थापित किया जाना।

## कौशल विकास-

- कौशल विकास के लिए **1804** करोड़ रूपये का आवंटन।
- **1500** बहु-कौशल प्रशिक्षण संस्थाओं की स्थापना।
- उद्योग ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम के माध्यम से उद्यमी शिक्षा और प्रशिक्षण।

## रोजगार सृजन-

- भारत सरकार ईपीएफओ में अपना नामांकन करने वाले सभी नये कर्मचारियों के लिए उनके रोजगार के प्रथम तीन वर्षों के लिए **8.33** प्रतिशत के अंशदान का भुगतान करेगी। इस स्कीम हेतु **1000** करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया गया है।
- आयकर अधिनियम की धारा **80** के अंतर्गत कटौती उन सभी करदाताओं के लिए उपलब्ध होगी जो इस अधिनियम के अंतर्गत सांविधिक लेखापरीक्षा के अध्यधीन हैं।
- राष्ट्रीय करियर सेवा के अंतर्गत **2016-17** के अंत तक मॉडल करियर केंद्र शुरू हो जायेंगे।
- मॉडल दुकान और स्थापना विधेयक राज्यों को परिचालित किया जायेगा।

## अवसंरचना और निवेश-

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के आवंटन सहित सड़क क्षेत्र में कुल निवेश **2016-17** के दौरान **97000** करोड़ रूपये होगा।
- वर्ष **2015** में, भारत के नये राजमार्गों के अब तक के सर्वाधिक किलोमीटर का अधिनिर्णय किया गया था। **2016-17** में लगभग **10000** किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग को मंजूरी दी जायेगी।
- सड़कों के लिए बजट में **55000** करोड़ रूपये का आवंटन। एनएएचएआई द्वारा बांडों के माध्यम से अतिरिक्त **15000** करोड़ रूपये जुटाया जायेगा।
- अवसंरचना हेतु कुल परिव्यय **221246** करोड़ रूपये है।
- यात्री परिवहन क्षेत्र में सड़क परिवहन क्षेत्र को खोलने के लिए मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन किया जायेगा।
- राज्य सरकारों की भागीदारी से अप्रयुक्त और कम प्रयुक्त विमान, पत्तनों के पुनरूत्थान हेतु कारवाई योजना तैयार की जायेगी।
- गहरे पानी, अत्यंत गहरे पानी और उच्च दाब उच्च तापमान वाले क्षेत्रों से गैस के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उचित विपणन स्वतंत्रता दी जायेगी।

झारखंड राज्य के पहले मेगा फूड पार्क का रांची में उद्घाटन किया गया।

- नाभिकीय विद्युत उत्पादन में निवेश बढ़ाने के लिए अगले 15 से 20 वर्षों में एक व्यापक योजना तैयार की जायेगी।
- सरकारी निजी भागीदारी में नये प्राण फूंकने के लिए उपायः
- 2016-17 के दौरान सार्वजनिक उपयोगिता (विवाद निपटान) विधेयक लाया जायेगा।
- सरकारी निजी भागीदारी रियायती करारों पर पुनः बातचीत हेतु दिशानिर्देश जारी किये जायेंगे।
- अवसंरचना परियोजनाओं के लिए नई दर्जा निर्धारण प्रणाली शुरू की जायेगी।
- बीमा और पेंशन, आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी, स्टॉक एक्सचेंज के क्षेत्रों में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नीति में सुधार।
- भारत में उत्पादित और विनिर्मित खाद्य उत्पादों के विपणन में एफआईपीबी मार्ग के जरिए 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति।
- सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में विनिवेश और रणनीतिक बिक्री सहित सरकारी निवेश के प्रबंधन में नई नीति को मंजूरी।

### वित्तीय क्षेत्र में सुधार-

- वित्तीय फर्मों के समाधान के संबंध में एक व्यापक संहिता लाई जायेगी।
- वित्त विधेयक, 2016 के माध्यम से एक मौद्रिक नीति फ्रेमवर्क और मौद्रिक नीति समिति हेतु सांविधिक आधार।
- भारतीय रिजर्व बैंक सरकारी प्रतिभूतियों में खुदरा भागीदारी आसान करेगा।
- सेबी द्वारा पण्य व्युत्पाद बाजार में नया व्युत्पाद उत्पाद विकसित किया जायेगा।
- सारफेसी अधिनियम 2002 में संशोधन किया जायेगा ताकि एआरसी का प्रयोजक एआरसी में 100 प्रतिशत हित धारण करने में समर्थ हो सके और गैर-संस्थागत निवेशकों को प्रतिभूतिकरण प्राप्तियों में निवेश करने की अनुमति मिल सके।
- गैर-कानूनी रूप से जमा स्वीकार करने वाली स्कीमों से निपटने के लिए व्यापक केंद्रीय कानून लाया जायेगा।
- प्रतिभूति अपीलीय अधिकरण के सदस्य और पीठ की संख्या बढ़ाना।
- सरकारी क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूंजीकरण हेतु 25000 करोड़ रूपये का आवंटन।
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत मंजूर राशि बढ़ाकर 180000 करोड़ रूपये की गई है।
- सरकार के स्वामित्वाधीन साधारण बीमा कंपनियों को स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया जायेगा।

### अभिशासन और कारोबार करने में आसानीः

- विभिन्न मंत्रालयों में मानव संसाधन युक्तिसंगत बनाने के लिए कार्यबल का गठन किया गया है।
- स्वायत्त निकायों की व्यापक समीक्षा और यौक्तिकीकरण।
- 'आधार' व्यवस्था का प्रयोग करते हुए वित्तीय और अन्य सब्सिडियों, लाभों और सेवाओं की लक्षित सुपुर्दगी हेतु विधेयक पेश किया जायेगा।
- उवर्रकों के लिए प्रायोगिक आधार पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) का प्रारंभ।
- 3 लाख रूपये उचित मूल्य की दुकानों में मार्च, 2017 तक स्वचालित सुविधाएं प्रदान की जायेगी।
- प्रारंभकों के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए कंपनी अधिनियम में संशोधन।
- दालों की कीमतों को स्थिर रखने में सहायता देने के लिए 900 करोड़ रूपये की कॉर्पस निधि के साथ मूल्य स्थिरीकरण निधि।
- 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' राज्यों और जिलों के बीच परस्पर अंतसंबंध स्थापित करने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम जो भाषा, संस्कृति, यात्रा और पर्यटन के क्षेत्रों में आदान-प्रदान के माध्यम से लोगों को परस्पर जोड़ता है।

### राजकोषीय अनुशासनः

- राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमान 2016-16 और बजट अनुमान 2016-17 में क्रमशः 3.9 प्रतिशत और 3.5 प्रतिशत पर बना रहा।
- राजस्व घाटे का लक्ष्य संशोधि अनुमान 2016-16 में 2.8 प्रतिशत से 2.5 प्रतिशत पर आ गया।
- कुल व्यय 19.78 लाख करोड़ रूपये पर पूर्वानुमानित है।
- आयोजना व्यय आयोजना के अधीन 5.50 लाख रूपये पर नियंत्रित रहा, जिसमें 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- आयोजना-भिन्न व्यय 14.28 लाख करोड़ रूपये पर रहा।
- कृषि, सिंचाई, स्वास्थ्य, महिला और बाल विकास, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों तथा अल्पसंख्यकों के कल्याण सहित सामाजिक क्षेत्र और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों पर विशेष बल।
- एनएचएआई, पीएफसी, आरईसी, इरडा, नाबार्ड और अंतर्देशीय जल प्राधिकरण द्वारा बांड जारी करते हुए 31300 करोड़ रूपये तक के अतिरिक्त बिलों को जुटाना।
- आयोजना आयोजन-भिन्न वर्गीकरण को 2017-18 से समाप्त करना।
- मंजूर की गई प्रत्येक नई स्कीम की समापन तारीख और परिणाम समीक्षा होगी।
- 1500 से अधिक केंद्रीय रूप से प्रायोजित स्कीमों को लगभग 300 केंद्रीय क्षेत्र की और 30 केंद्रीय रूप से प्रायोजित स्कीमों में यौक्तिकृत और पुनर्गठित किया गया है।
- एफआरबीएम अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए समिति

### छोटे करदाताओं को राहतः

- 5 लाख रूपये तक की आय वाले व्यक्तियों पर कर का बोझ कम करने के लिए धारा 87क के अंतर्गत कर छूट की उच्चतम सीमा को 2000 रूपये से बढ़ाकर 500 रूपये करना।
- जो किराए के मकानों में रहते हैं उनको राहत देने के लिए धारा 80घ के अंतर्गत अदा किए गये किराए की कटौती की सीमा को 24000 रूपये प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 60000 रूपये प्रतिवर्ष करना।

### रोजगार और विकास को बढ़ावा देनाः

- एमएसएमई श्रेणी में बड़ी संख्या में निर्धारितियों को बड़ी राहत देने के लिए आयकर अधिनियम की धारा 44क के अंतर्गत प्रकल्पित कराधान स्कीम के अंतर्गत पण्यावर्त सीमा को बढ़ाकर 2 करोड़ रूपये करना।
- प्रकल्पित कराधान स्कीम में 50 प्रतिशत के मूल्य लाभ के साथ 50 लाख रूपये तक की सकल प्राप्तियां वाले पेशेवरों को भी सम्मिलित करना।
- आयकर के अंतर्गत कटौतियों को समाप्त करनाः
- आयकर अधिनियम में जहां कहीं उपबंधित हो त्वरित मूल्यह्रास 1.4.2017 से अधिकतम 40 प्रतिशत तक सीमित होगा।

पीएमएल-एन के सदस्य शेख अंसार अजीज को इस्लामाबाद का पहला मेयर निर्वाचित किया गया है।

- नई सेज यूनिटों को धारा 10क का लाभ उन्हीं यूनिटों को मिलेगा जो 31.03.2020 से पहले कार्यकलाप आरंभ करेगी।
- कौशल विकास हेतु धारा ग के अंतर्गत भारित कटौती 1.4.2020 तक जारी रहेगी।

## कारपोरेट कर दर प्रस्तावः

- दिनांक 1.3.2016 को या इसके बाद निगमित नई विनिर्माणकारी कंपनियों को 25 प्रतिशत. अधिभार और उपकर पर कर लगाएं जाने का विकल्प दिया जायेगा बशर्ते कि वे लाभ संबद्ध या निवेश संबद्ध कटौतियों का दावा न करें और निवेश भत्ते और त्वरित मूल्यह्रास का लाभ न उठाएं।
- अपेक्षाकृत छोटे उद्यमों अर्थात 5 करोड़ रूपये (मार्च 2015 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में) से अनधिक के टर्नओवर वाली कंपनियों के लिऐ अगले वित्तीय वर्ष के लिए निगमित कर की दर को कम करके 29 प्रतिशत जमा अधिभार और उपकर तक लाना।
- स्टार्ट-अप के लिए जो अप्रैल, 2016 से मार्च, 2019 तक स्थापित हुई, के लिए 5 वर्षों में से 3 वर्ष के लिए 100 प्रतिशत लाभ कटौती दी जायेगी। ऐसे मामलों में मैट लागू होगा।
- भारत में निवासी व्यक्ति द्वारा विकसित और पंजीकृत पेटेंटों से विश्वभर में लाभ कमाकर हुई आय पर 10 प्रतिशत की दर पर कर लगेगा।
- एआरसी के न्यासों सहित प्रतिभूतिकरण न्यासों को आयकर का पूर्ण पास-थ्रू दिया जायेगा। प्रतिभूतिकरण न्यासों को स्रोत पर कर की कटौती करनी होगी।
- असूचीबद्ध कंपनियों के मामले में दीर्घावधिक पूंजी लाभ की व्यवस्था का लाभ प्राप्त करने की अवधि तीन वर्ष से घटाकर दो वर्ष कर दी जायेगी।
- गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां डूबे और संदेहास्पद ऋण के लिए किये गये प्रावधान के संबंध में अपनी आय के 5 प्रतिशत तक की कटौती के लिए पात्र होंगे।
- प्रभावी प्रबंधन के स्थान (पीओईएम) के आधार पर किसी विदेशी कंपनी की रेजीडेंसी का निर्धारण एक वर्ष और स्थगित किये जाने का प्रस्ताव है।
- सामान्य अपवंचन रोधी नियमावली (जीएएआर) को 01.04.2017 से कार्यान्वित करने के लिए प्रतिबद्धता।
- दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत दी गई सेवाओं तथा कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के पैनल में सम्मिलित मूल्यांकन निकायों द्वारा दी जा रही सेवाओं को सेवा कर से छूट।
- ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदन और बहुल अपंगता वाले व्यक्तियों के कल्याण हेतु राष्ट्रीय न्यास द्वारा शुरू की गई 'निरामय' स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत दी गई साधारण बीमा सेवाओं पर सेवा कर से छूट।
- प्रशीतित कन्टेनरों पर बुनियादी सीमाशुल्क और उत्पाद शुल्क घटाकर क्रमशः 5 प्रतिशत और 6 प्रतिशत।

## मेक इन इंडियाः

- कतिपय वस्तुओं पर सीमाशुल्क और उत्पाद शुल्क दरों में परिवर्तन ताकि लागत घटाई जा सके और सूचना प्रौद्योगिकी, हार्डवेयर, पूंजीगत माल, रक्षा उत्पादन, वस्त्र, खनिज ईंधन और खनिज तेल, रसायन और पेट्रो-रसायन, कागज, गत्ते और न्यूजप्रिंट, वायुयानों का अनुरक्षण, मरम्मत और पूरी जांच (एमआरओ) तथा जहाजों की मरम्मत आदि जैसे क्षेत्रों में घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्धा में सुधार लाया जा सके।

## पेंशन-प्राप्त समाज की ओर बढ़नाः

- राष्ट्रीय पेंशन स्कीम के मामले में, सेवानिवृत्ति के समय संचित निधि से 40 प्रतिशत के आहरण को कर-मुक्त किया जायेगा। कानूनी उत्तराधिकारी को मिलने वाली वार्षिकी निधि, कर योग्य नहीं होगी।
- अधिवर्षिता निधियों और ईपीएफ सहित मान्यता प्राप्त भविष्य निधियों के मामले में 1.4.2016 को अथवा उस तारीख से पश्चात किये गये अंशदानों से सृजित निधियों के संबंध में भी, 40 प्रतिशत के कर-मुक्त होने का वही मानदंड लागू होगा।
- प्रति वर्ष मान्यता प्राप्त भविष्य और अधिवर्षिता निधि में कर्मचारी के अंशदान की सीमा कर लाभ देने के लिए 1.5 लाख रूपये होगी। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली द्वारा उपलब्ध कराई गई वार्षिकी सेवाओं और ईपीएफओ द्वारा कर्मचारियों को प्रदान की गई सेवाओं को सेवा कर से छूट।
- कुछ मामलों में, एकल प्रीमियम वार्षिकी (बीमा) पॉलिसियों के अदा किए गए प्रीमियम पर सेवा कर 3.5 प्रतिशत से घटाकर 1.4 प्रतिशत किया जायेगा।

## सस्ते आवास निर्माण को बढ़ावा देनाः

- जून, 2016 से मार्च, 2019 तक अनुमोदित और तीन वर्ष के भीतर चार मेट्रो शहरों में निर्मित किये जाने वाले 30 वर्ग मीटर और अन्य शहरों में 60 वर्ग मीटर तक के फ्लैटों हेतु आवास परियोजना शुरू करने वाले उपक्रमों को लाभों से 100 प्रतिशत कटौती। न्यूनतम एकांतर कर लागू होगा।
- पहली बार मकान खरीदने वालों के लिए 2016-17 के दौरान स्वीकृत 35 लाख रूपये तक के ऋणों हेतु 50000 रूपये प्रति वर्ष के अतिरिक्त ब्याज के लिए कटौती, जहां मकान की कीमत 50 लाख रूपये से ज्यादा न हो।
- स्थावर संपदा निवेश न्यास और विशिष्ट शेयरधारिता वाले आईएनवीआईटी की विशेष प्रयोजन साधन (एसपीवी) की आय से किये जाने वाला किसी वितरण विनिर्दिष्ट तारीख के बाद वितरित लाभांश के संबंध में लाभांश वितरण कर के अध्यधीन नहीं होगा।
- निर्माण कार्य में उपयोग के लिए निर्माण स्थल पर विनिर्मित कंक्रीट मिश्रण के लिए इस समय उपलब्ध उत्पाद शुल्क छूट को तैयार मिश्रित कंक्रीट के लिए भी दिया जाए।

## कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा स्वच्छ पर्यावरण हेतु अतिरिक्त संसाधन जुटानाः

- प्रतिवर्ष 10 लाख रूपये से अधिक लाभांश प्राप्त करने वाले प्राप्तकर्ताओं द्वारा लाभांश की सकल राशि के 10 प्रतिशत की दर पर अतिरिक्त कर देना होगा।
- कंपनियों, फर्मों और सहकारी समितियों को छोड़कर, 1 करोड़ रूपये से अधिक आय वाले व्यक्तियों पर अधिभार 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया जायेगा।
- दस लाख रूपये से अधिक की लक्जरी कारों की खरीद पर और दो लाख रूपये से अधिक की वस्तुओं और सेवाओं की नकद खरीद पर 1 प्रतिशत की दर से स्रोत पर कर कटौती की जायेगी।

रेल मंत्रालय ने स्वीडन के साथ रेल क्षेत्र में तकनीकी सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

- 'विकल्पों' के मामले में प्रतिभूति लेनदेन कर की दर **.017** प्रतिशत से बढ़ाकर **.05** प्रतिशत करने का प्रस्ताव है।
- बी2बी लेनदेनों के मामले में, **1** लाख रूपये प्रति वर्ष से अधिक का भुगतान अनिवासियों को करने पर सकल राशि के **6** प्रतिशत की समकरण लेवी लगाई जायेगी।
- **1** जून, **2016** से सभी कर-योग्य सेवाओं पर **0.5** प्रतिशत की दर से कृषि कल्याण उपकर नामक उपकर लगाया जायेगा। इससे हुई प्राप्तियों का उपयोग विशिष्ट रूप से कृषि सुधार और किसान कल्याण से संबंधित कार्यकलापों के वित्तपोषण के लिए प्रयुक्त होगा। इस उपका का निविष्ट कर क्रेडिट इस उपकर के भुगतान पर उपलब्ध होगा।
- पेट्रोल, एलपीजी, सीएनजी की छोटी कारों पर **1** प्रतिशत, कतिपय क्षमता वाली डीजल कारों पर **2.5** प्रतिशत और अधिक इंजन क्षमता वाले अन्य वाहनों और एसयूवी पर **4** प्रतिशत अवसंरचना उपकर लगाया जायेगा। इस उपकर के भुगतान के लिए इस उपकर का कोई क्रेडिट नहीं दिया जायेगा न ही किसी अन्य कर या शुल्क का क्रेडिट दिया जायेगा।
- आभूषण की वस्तुओं (हीरा और बेशकीमती पत्थरों से जड़े हुए आभूषणों से इतर, चांदी के आभूषण को छोड़कर) पर 'निविष्ट कर-क्रेडिट के बगैर **1** प्रतिशत या निविष्टि कर-क्रेडिट के साथ **12.5** प्रतिशत' उत्पाद शुल्क लगाया जायेगा, जिस पर अधिक छूट और अर्हता सीमा क्रमशः **6** करोड़ रूपये और **12** करोड़ रूपये होगी।
- **1000** रूपये अथवा अधिक के खुदरा बिक्री मूल्य के तैयार परिधानों पर उत्पाद शुल्क को 'निविष्टि कर-क्रेडिट के बगैर **2** प्रतिशत या निविष्टि कर-क्रेडिट के साथ **12.5** प्रतिशत' किया गया।
- कोयला, लिग्नाइट और पीट पर लगाया गया 'स्वच्छ ऊर्जा उपकर' को 'स्वच्छ पर्यावरण उपकर' का नया नाम दिया गया और इसके साथ ही साथ इसकी दर **200** रूपये प्रतिटन से बढ़ाकर **400** प्रतिटन कर दी गई।
- बीड़ी को छोड़कर, तम्बाकू के विभिन्न उत्पादों पर, उत्पाद शुल्क लगभग **10** प्रतिशत से **15** प्रतिशत बढ़ाया जायेगा।
- स्पेस्ट्रम का उपयोग करने के अधिकार और इसके अंतरण का समनुदेशन को ऐसी सेवा घोषित किया गया है, जिस पर सेवा कर लगाया जा सकता है और यह अमूर्त वस्तुओं की बिक्री नहीं है।

### कराधान में निश्चितता पैदा करना:

- एक स्थिर और सुनिश्चित कराधान व्यवस्था बनाने और काले धन में कमी लाने के लिए प्रतिबद्ध।
- घरेलू करदाता **30** प्रतिशत की दर पर कर अदा करके, **7.5** प्रतिशत की दर पर अधिभार अदा करके और **7.5** प्रतिशत की दर पर दंड का भुगतान करके जो कुल अघोषित आय का **45** प्रतिशत है, किसी भी आस्ति के रूप में दिखाई गई ऐसी आमदनी अथवा अघोषित आय की घोषणा कर सकते हैं। घोषणा करने पर अदालती कारवाई नहीं की जायेगी।
- अघोषित आय पर **7.5** प्रतिशत की दर पर लगाया गया अधिभार कृषि कल्याण अधिभार कहा जायेगा जिसे कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इस्तेमाल किया जायेगा।
- नई विवाद समाधान स्कीम शुरू की जायेगी। **10** लाख रूपये तक के विवादित कर के मामलों में कोई दंड नहीं होगा। **10** लाख रूपये से अधिक के विवादित कर के मामले करने के अध्यधीन होंगे। दंड आदेश के विरूद्ध किसी लंबित अपील को भी न्यूनतम आरोपणीय दंड के केवल **25** प्रतिशत की तथा मात्रा वर्धन पर कर एवं ब्याज अदायगी करके निपटाया जा सकेगा।
- राजस्व सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति ऐसे नये मामलों को देखेगी जहां निर्धारण अधिकारी पूर्व प्रभावी संशोधन लागू करता है।
- पूर्व प्रभावी संशोधन के अंतर्गत चल रहे मामलों के संबंध में विवाद समाधान की एककालिक स्कीम।
- आय कम सूचित के मामले में दंड की दरें कर के **50** प्रतिशत तक और तथ्यों की गलत सूचना देने के मामले में कर के **200** प्रतिशत तक लागू की जायेगी।
- अस्वीकरण आय सर्जित करने वाले निवेशों के औसत मासिक मूल्य के **1** प्रतिशत तक सीमित रहेगा लेकिन आयकर अधिनियम की धारा **14**क के नियम **8**घ के अंतर्गत दावा किये गये वास्तविक व्यय से अधिक नहीं होगा।
- ब्याज और दंड से छूट चाहने वाले करदाताओं की याचिकाओं के निपटान के लिए एक वर्ष की समय-सीमा।
- विवादित मांग का **15** प्रतिशत का भुगतान कर दिये जाने पर निर्धारण अधिकारी द्वारा मांग पर अनिवार्यतः स्थगन आदेश जारी किया जाना होगा, जब तब कि आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील लंबित है।
- आईटीएटी की एकल सदस्य पीठ द्वारा अपील का निर्णय करने की मौद्रिक सीमा **15** लाख रूपये से बढ़ाकर **50** लाख रूपये की गई।
- सीमाशुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय अधिकरण की **11** नई पीठ स्थापित की जायेगी।

### करों का सरलीकरण और यौक्तिकीकरण:

- विभिन्न मंत्रालयों द्वारा लगाये जा रहे **13** उपकर, जिनमें राजस्व संग्रहण एक वर्ष में **50** करोड़ रूपये से कम है, समाप्त किये जायेंगे।
- पैन कार्ड के विकल्प के रूप में दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले अधिनियमों पर उच्चतर टीडीएस लागू नहीं होगा।
- विवरणी में संशोधन करने की सुविधा केंद्रीय उत्पाद निर्धारितियों को भी दी गई।
- बैंकिंग कंपनियों और एनबीएफसी सहित वित्तीय संस्थाओं को, गैर-कर-योग्य सेवाओं के संबंध में निविष्टि कर क्रेडिटों के प्रतिवर्तन हेतु अतिरिक्त विकल्प दिये गये।
- सीमा शुल्क अधिनियम में अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड वाले आयातों व निर्यातकों के लिए सीमा शुल्क के आस्थगित भुगतान की व्यवस्था।
- सीमा शुल्क एकल विंडो परियोजना अगले वित्त वर्ष के आरंभ में प्रमुख पत्तनों और हवाई अड्डों पर लागू की जायेगी।
- अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए निःशुल्क बैगेज संबंधी अनुमति में वृद्धि। केवल शुल्क योग्य वस्तु ले जाने वाले यात्री ही बैगेज संबंधी सूचना देंगे।

### जवाबदेही निश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का प्रयोग:

- आने वाले वर्षों में **7** बड़े शहरों में सभी निर्धारितियों के लिए ई-निर्धारण के कार्य क्षेत्र का विस्तार।
- अपीलीय आदेश को कार्यान्वित करने में **90** दिन से अधिक का विलंब होने पर **6** प्रतिशत प्रति वर्ष की सामान्य दर की तुलना में **9** प्रतिशत प्रति वर्ष की दर पर ब्याज भुगतान।
- विशेषकर छोटे करदाताओं के लिए अनुपालन लागत घटाने हेतु ई-सहयोग का विस्तार किया जायेगा।

गैर-कर रसीद पोर्टल महालेखा नियंत्रक कार्यालय (सीजीए) द्वारा विकसित किया गया है।




# ऑस्कर अवॉर्ड 2016

28 फरवरी 2016 को सम्पन्न हुए 88वें वार्षिक अकादमी पुरस्कार (88th annual Academy Awards) समारोह में ''स्पॉटलाइट'' फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म (Best Picture) के प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया-

- ''स्पॉटलाइट'' ("Spotlight") जोकि टॉम मैकार्थी (Tom McCarthy) द्वारा निर्देशित खोजी पत्रकारिता पर आधारित फिल्म है, ने 88वें अकादमी पुरस्कार में एक बड़ा उलटफेर किया जब उसने इस पुरस्कार की प्रबल दावेदार मानी जा रही फिल्म ''द रेवेनेण्ट'' ('The Revenant') को पछाड़कर यह मुकाम हासिल कर लिया।
- ''स्पॉटलाइट'' ''द बॉस्टन ग्लोब'' समाचारपत्र की खोजी पत्रकारिता पर आधारित ''स्पॉटलाइट'' नामक टीम के उस अभियान पर आधारित है जिसमें उसने बॉस्टन क्षेत्र में काफी लम्बे समय से चल रहे रोमन कैथोलिक पादरियों द्वारा बच्चों के यौन शोषण करने के मामलों का पर्दाफाश किया।
- सुप्रसिद्ध हॉलीवुड स्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो (Leonardo DiCaprio) ने अंततः अपने जीवन का पहला ऑस्कर पुरस्कार जीतने में सफलता हासिल की जब उन्हें 88वें अकादमी पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (Best Actor) का पुरस्कार मिला। उन्हें यह पुरस्कार ''द रेवेनेण्ट'' फिल्म में अभिनय के लिए हासिल हुआ।
- इस फिल्म में ह्युज ग्लास (Hugh Glass) का चरित्र निभाने के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। उल्लेखनीय है कि वे इस पुरस्कार के लिए इससे पहले 6 बार नामित किए जा चुके थे लेकिन हर बार वे असफल रहे थे। वहीं इसी फिल्म के निर्देशक एलेजाण्ड्रो गोन्जालेज इनारितु (Alejandro González Iñárritu) को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (Best Director) का पुरस्कार मिला। यह उनका लगातार दूसरा सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार था। वहीं ''रूम'' ('Room') में भूमिका के लिए ब्रि लार्सन (Brie Larson) को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (Best Actress) का पुरस्कार मिला।

28 फरवरी 2016 को सम्पन्न 88वें अकादमी पुरस्कारों में ''मैड मैक्स : फ्यूरी रोड'' फिल्म सर्वाधिक ऑस्कर पुरस्कार जीतकर सबसे सफल फिल्म के रूप में उभरी-

- ''मैड मैक्सः फ्यूरी रोड'' ('Mad Max: Fury Road') को 88वें अकादमी पुरस्कारों में सर्वाधिक 6 ऑस्कर पुरस्कार हासिल हुए तथा इस प्रकार यह सबसे सफल फिल्म के रूप में सामने आई।
- हालांकि इस फिल्म को महत्वपूर्ण समझे जाने वाले पुरस्कारों में से कोई नहीं मिला तथा इसे सर्वश्रेष्ठ फिल्म सम्पादन, सर्वश्रेष्ठ मेकअप व हेयर स्टाइल, सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिज़ाइन, सर्वश्रेष्ठ परिधान डिज़ाइन, सर्वश्रेष्ठ ध्वनि सम्पादन और सर्वश्रेष्ठ ध्वनि मिश्रण के पुरस्कार हासिल हुए।
- मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस के अकादमी द्वारा 88 वें वार्षिक अकादमी पुरस्कार विजेताओं की सूची प्रस्तुत किया।

| | |
|---|---|
| बेस्ट पिक्चर | ''स्पॉटलाइट'' |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | लियोनार्डो डिकैप्रियो |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | ब्री लार्सन |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | ऐलेजैंड्रो जी इनारित |
| सहायक अभिनेता | मार्क रैलंस, ''ब्रिज ऑफ स्पाइज'' |
| सहायक अभिनेत्री | एलिसिया विकंदर, ''डेनिश गर्ल'' |
| रूपांतरित पटकथा | ''बिग शार्ट'' |
| मूल पटकथा | ''स्पॉटलाइट'' |
| एनिमेटेड फीचर फिल्म | ''इनसाइड आउट'' |
| प्रोडक्शन डिजाइन | ''मैड मैक्सः फ्यूरी रोड'' |
| छायांकन | ''रेवनैंट'' |
| ध्वनि मिश्रण | ''मैड मैक्सः फ्यूरी रोड'' |
| ध्वनि संपादन | ''मैड मैक्सः फ्यूरी रोड'' |
| मूल स्कोर | ''हेटफुल एट'' |
| मूल गीत | ''राइटिंग ओन द वॉल'' |
| कॉस्ट्यूम डिजाइन | ''मैड मैक्सः फ्यूरी रोड''डॉक्यूमेंट्री फीचर ''एमी'' |
| डॉक्यूमेंट्री (लघु विषय) | ''अ गर्ल इन द रिवरः द प्राइस ऑफ फो. गिवनेस'' |
| फिल्म एडिटिंग | ''मैड मैक्सः फ्यूरी रोड'' |
| मेकअप और हेयरस्टाइल | ''मैड मैक्सः फ्यूरी रोड'' |
| एनिमेटेड लघु फिल्म | ''बियर स्टोरी'' |
| विजुअल इफेक्ट्स | ''एक्स मकिना'' |
| विदेशी भाषा फिल्म | ''सन ऑफ शाऊल'' |
| लाइव एक्शन शार्ट | ''स्टटर'' |

लामितये 2016, भारत और सेशेल्स के बीच 7वां संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास है।

# सुकन्या समृद्धि खाता



लड़कों को प्राथमिकता देने वाली रुढि-वादी और गलत मानसिकता के कारण कुछ लोग कन्या भ्रूण हत्या कर देते हैं। इसके कारण देश में लैंगिक अनुपात में असमानता पैदा होती है। **2011** की जनगणना के अनुसार बाल लिंग अनुपात **914** दर्ज किया गया, जो स्वतंत्रता के बाद न्यूनतम है। संयुक्त राष्ट्र ने इसी वर्ष जो रिपोर्ट प्रकाशित की थी, उसमें इस स्थिति को 'आपातकालीन' के रूप में उल्लेखित किया गया है। रिपोर्ट में इसका कारण देश में अवैध रूप से किए जाने वाले गर्भपात को बताया गया था।

जनवरी **2015** में केंद्र सरकार ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू की, जिसका उद्देश्य लड़कियों के प्रति लोगों की मानसिकता में सकारात्ममक परिवर्तन लाना है ताकि लड़कियों के साथ भेद-भाव समाप्त हो सके। इस योजना के जरिये सरकार देश के लोगों को जागरुक कर रही है ताकि लड़कियों और महिलाओं की स्थिति सुधर सके और लैंगिक समानता का लक्ष्ये पूरा हो सके। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के साथ ही 'सुकन्या समृद्धि खाता' योजना भी शुरू की है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के बारे में तो बहुत कुछ लिखा-पढ़ा गया है, लेकिन सुकन्या-समृद्धि खाते के बारे में लोगों को कम जानकारी है।

उल्लेखनीय है कि सुकन्या समृद्धि खाता छोटी बचत योजना है, लेकिन उसमें देश की लड़कियों के जीवन को प्रभावित करके उनमें आत्म सम्मान की भावना पैदा करने की क्षमता है। इस योजना का उद्देश्य लड़कियों को शिक्षित करने और उनका विवाह खर्च मुहैया कराकर उनके सुनहरे भविष्य का निर्माण करना है। योजना के तहत माता-पिता या कानूनी अभिभावक लड़की के नाम से खाता खोल सकते हैं और उसका संचालन लड़की के **10** वर्ष की आयु होने तक कर सकते हैं। योजना के संबंध में सरकारी अधिसूचना के अनुसार यह खाता किसी भी डाकखाने और निर्धारित सरकारी बैंकों में खोला जा सकता है।

